221	conduct rules	(n) - आचारण नियमावली	According to the **conduct rules**, to disobey the orders of superior may attract disciplinary action against the concerned employee.	**आचरण नियमावली** के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने हेतु संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।
222	confer	(v) -1. प्रदान करना 2. विचार-विमर्श करना	1. Dr. A. P. J. Abdul Kalam has been **conferred** honorary doctorates by 40 universities. 2. The Chairman **conferred** with the Board of Directors about the expansion project.	1. डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम को 40 विश्वविद्यालयों ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि **प्रदान की** है। 2. अध्यक्ष ने विस्तार परियोजना के विषय में निदेशक मंडल के साथ **विचार-विमर्श किया**।
223	conference	(n)- 1. सम्मेलन 2. **परामर्श, विचार-विमर्श**	1. A health **conference** was held to discuss infectious diseases. 2. The concerned officer was in **conference** with the lawyers all day.	1. संक्रामक रोगों के बारे में चर्चा हेतु एक स्वास्थ्य **सम्मेलन** आयोजित किया गया। 2. संबंधित अधिकारी पूरे दिन वकीलों के साथ लगातार **परामर्श** करता रहा।
224	confession	(n)- **अपराध स्वीकारना**, इकबाल, संस्वीकृति (विधि)	After hours of questioning by police, the accused made a **confession**.	पुलिस द्वारा कई घंटे की पूछताछ के बाद आरोपी ने **अपराध स्वीकार किया** ।
225	confidence	(n)- **आत्मविश्वास**, विश्वास, भरोसा	1. In-service training to new recruits build up their **confidence** to handle crisis situation. 2. The member has been suspended from the party due to the breach of **confidence**.	1. रंगरूटों को दिया जाने वाला सेवाकालीन प्रशिक्षण उनमें संकट की स्थिति से निपटने का आत्मविश्वास जगाता है। 2. **भरोसा भंग करने के** कारण सदस्य को पार्टी से निलंबित

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
				किया गया है।
226	confidential	(adj) - गोपनीय	Disclosure of **confidential** information will be treated as a breach of trust.	**गोपनीय** जानकारी दूसरों को देना विश्वास भंग माना जाएगा।
227	confirm	(v) - 1. पुष्टि करना 2. स्थायी करना	1. Flights should be **confirmed** 48 hours before departure. 2. Only c**onfirmed** employees will be granted a home loan from the office.	1. रवाना होने से 48 घंटा पहले उड़ानों की **पुष्टि** की जानी चाहिए। 2. केवल **स्थायी** कर्मचारियों को कार्यालय द्वारा गृह ऋण प्रदान किया जाएगा।
228	confiscation	(n) - अधिहरण, जब्ती*	Government will **confiscate** the smuggled goods seized at airport.	सरकार हवाई अड्डे पर पकड़े गए तस्करी के माल को जब्त कर लेगी।
229	conflict	(n)- संघर्ष, विरोध, विरोधिता	Management tried to pacify **conflict** between the labour unions.	प्रबंधन ने श्रमिक संघों के बीच के संघर्ष को शांत करने की कोशिश की।
230	conflict of interest	(adj) - **हित-संघर्ष**	Officer's **conflict of interest** made him ineligible for the post.	**हित-संघर्ष** के कारण अधिकारी इस पद के लिए अयोग्य हो गया ।
231	connection	(n) - 1. संबंध, संयोजन 2. **संपर्क** (v) - जोड़ना	1. In this **connection** the reply has been given earlier. 2. This place does not have rail **connection**. 3. The new metro line would **connect** Mandi House with Central Secretariat.	1. इस **संदर्भ** में जवाब पहले ही दिया जा चुका है। 2. इस स्थान पर रेल **संपर्क** नहीं है। 3. नई मेट्रो लाइन मंडी हाउस को केंद्रीय सचिवालय से **जोड़ेगी** ।
232	consecutive	(adj) - **निरंतर**, क्रमिक, लगातार	Rescue work was hampered as it rained for five **consecutive** days.	**निरंतर** पांच दिनों तक हुई बारिश के कारण बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न हुई ।
233	consensus	(n) - **आम राय**, मतैक्य	The committee failed to arrive at a **consensus** even after two days of meeting.	दो दिनों की बैठक के बाद भी कमेटी **आम राय** नहीं बना पायीं।
234	consequent	(adj) - 1. अनुवर्ती 2. **परिणामस्वरूप,** परिणामी	**Consequent** upon the new initiatives taken by the RBI the rise in the interest rates seems inevitable.	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की नई पहल के **परिणामस्वरूप** ब्याज दरों में बढोत्तरी निश्चित है।
235	conservation	(n) - सरंक्षण	Forest **conservation** steps are being taken by the officials.	अधिकारियों द्वारा वन **संरक्षण** के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।
236	consideration	(n)- 1. विचार,	1. This letter has been released after the	1. यह पत्र उच्च अधिकारी के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		प्रतिफल 2. **उद्देश्य, प्रयोजन**	**consideration** of higher authorities. 2. Ensuring universal access to the elementary education is the main **considerations** of the "Sarva Shiksha Abhiyan".	**विचार** के उपरान्त जारी किया गया है। 2. सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य **उद्देश्य** प्रारंभिक शिक्षा तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना है ।
237	consignment	(n) - **प्रेषण, भेजा गया/हुआ माल**, परेषण	Please keep the **consignment** received safely.	**कृपया भेजे हुए माल** को संभाल कर रखें ।
238	consolidated fund	(n) - समेकित निधि, संचित निधि	In the detailed letter of **consolidated fund** you may get lots of information.	**समेकित निधि** के विवरण पत्र से आपको काफी जानकारी मिल जाएगी ।
239	consolidation	(n) - 1. चकबंदी 2. **एकीकरण**, समेकन 3. **मजबूत**, **ठोस करना**, सुदृढ़ीकरण	1. **Consolidation** of farms has been done in my village. 2. After their **consolidation** the two bills were passed unanimously. 3. The company has **consolidated** its position in the international market.	1. मेरे गाँव के खेतों की **चकबंदी** हो चुकी है। 2. **एकीकरण** के पश्चात दोनों बिल सर्वसम्मति से पास हो गए। 3. कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी स्थिति **मजबूत** कर ली है।
240	conspicuous	(n) - 1. विशिष्ट (adj) - 2. **स्पष्ट**, सुस्पष्ट 3. सहज दृश्य, ध्यानाकर्षण	1. The diploma in computer science makes the selected candidate **conspicuous**. 2. Officer praised the **conspicuous** writing of the assistant. 3. Presence of new born cub in the zoo is very conspicuous.	1. कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा चयनित उम्मीदवार को **विशिष्ट** बनाता है। 2. अधिकारी ने सहायक की **स्पष्ट** लिखाई की प्रशंसा की। 3. चिड़ियाघर में नवजात शावक की उपस्थिति बहुत **ध्यानाकर्षी** है।
241	conspiracy	(n) - षड्यंत्र	A few locals were accused of being involved in a **conspiracy** against the army.	कुछ स्थानीय लोगों पर सेना के खिलाफ **षड्यंत्र** में शामिल होने का आरोप लगाया गया।
242	constituency	(n)- **चुनाव क्षेत्र**, निर्वाचन क्षेत्र	There are about fourteen lakh voters in the **constituency**.	**चुनाव क्षेत्र** में लगभग चौदह लाख मतदाता हैं।
243	constitution	(n) - 1. संघटन, गठन* 2. संविधान	1. The **constitution** of this organization has been done according to rules. 2. The **Constitution** of India is the supreme law of the country.	1. इस संगठन का **गठन** नियमों के अनुसार किया गया है। 2. भारत का **संविधान** देश का सर्वोच्च कानून है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
244	constraint	(n) - मजबूरी	Farmers sold their land to the builder due to financial **constraint**.	किसानों ने वित्तीय **मजबूरी** के कारण बिल्डर को अपनी जमीन बेच दी ।
245	construe	(v) - अर्थ लगाना	The statement made by neighbouring country's diplomat can be **construed** in two different ways.	पड़ोसी देश के राजनयिक द्वारा दिए गए बयान को दो अलग-अलग तरीकों से **अर्थ लगाए** जा सकते हैं।
246	consultation	(n) - परामर्श	The government has drawn the health plan in **consultation** with the World Health Organisation.	सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के **परामर्श** से यह स्वास्थ्य योजना तैयार की है।
247	consumables	(n) - उपभोज्य वस्तुएं	**Consumables** are usually excluded from warranty policies.	**उपभोज्य वस्तुओं** को आमतौर पर वारंटी नीतियों से बाहर रखा गया है।
248	contact	(n) - 1. संपर्क (v) - 2. **संपर्क करना, संपर्क स्थापित करना**	1. The company has maintained trade **contacts** with foreign countries. 2. **Contact** the Tourist Information Centre for further details.	1. कंपनी ने विदेशों के साथ व्यापार **संपर्क** बनाए हैं। 2. अधिक जानकारी के लिए पर्यटक सूचना केंद्र से **संपर्क करें**।
249	contain	(v) - 1. **सम्मिलित करना,** समाविष्ट करना 2. रोकना	1. The bill **contains** several new clauses. 2. Doctors are struggling to **contain** the epidemic.	1. विधेयक में कई नई धाराएं **सम्मिलित** हैं। 2. डॉक्टर महामारी को **रोकने** के लिए संघर्ष कर रहे हैं।
250	contamination	(n) - संदूषण	The **contamination** of food by chemical hazards is a worldwide public health concern.	रासायनिक खतरों से भोजन का **संदूषण** दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंताजनक है।
251	contemplate	(v) - **गहन विचार करना**, ध्यानपूर्वक विचार करना, अनुध्यान करना	**Contemplate** the problem before making a final decision.	अंतिम निर्णय लेने से पहले समस्या पर **गहन विचार करना** चाहिए।
252	contemporary	**(adj)** - समसामयिक, समकालीन	The debate in the seminar was on **contemporary** issues like corruption, terrorism, unemployment and global warming.	सेमीनार में भ्रष्टाचार, आतंकवाद, बेरोजगारी और ग्लोबल वार्मिंग जैसे **समसामयिक** मुद्दों पर बहस हुई।
253	contempt of	(n) - न्यायालय	**Contempt of court** can be	**न्यायालय की अवमानना** के लिए

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
	court	की अवमानना	punished by fine, imprisonment, or both.	जेल या जुर्माने अथवा दोनों की सज़ा दी जा सकती है।
254	contention	(n)- 1. **बहस**, विवाद 2. दावा 3. **तर्क** 4. प्रतिविरोध (विधि)	1. The urban development programme has rapidly become a bone of **contention**. 2. It was the client's **contention** that fire was an accident. 3. Company's main **contention** is that the project would be too expensive.	1. शहरी विकास कार्यक्रम तेजी से **बहस** का कारण बन गया है। 2. यह ग्राहक का **दावा** था कि आग एक दुर्घटना के कारण लगी। 3. कंपनी का मुख्य **तर्क** है कि परियोजना महंगी हो जाएगी।
255	contents	(n) - 1. विषय सूची* 2. अंतर्वस्तु, अंश	1. The **content** of report will be checked by Secretary. 2. Enquiry officer kept the controversial contents of the letter a secret.	1. रिपोर्ट की **विषय सूची** की जाँच सचिव द्वारा की जाएगी। 2. जांच अधिकारी ने पत्र के विवादस्पद अंश को गोपनीय रखा।
256	contest	(n) - 1. प्रतियोगिता* (v) -2. विवाद 3. लड़ना (जैसे चुनाव)	1. Only Indian nationals can participate in this **contest**. 2. There is always a **contest** between the management and the unions. 3. The party has decided not to **contest** this election.	1. केवल भारतीय नागरिक इस **प्रतियोगिता** में भाग ले सकते हैं। 2. प्रबंधन और यूनियनों के मध्य सदा **विवाद** बना रहता है। 3. पार्टी ने इस चुनाव में नहीं **लड़ने** का फैसला किया है।
257	contingencies	(n) - आकस्मिक व्यय	There is a provision of **contingencies** in budget.	बजट में **आकस्मिक व्यय** का प्रावधान है।
258	contingency allowance	(n) - आकस्मिकता भत्ता	**Contingency allowance** is provided in construction contracts to allow for miscellaneous unforeseen costs.	निर्माण ठेके में विविध अप्रत्याशित लागतों का वहन करने के लिए **आकस्मिकता भत्ते** का प्रावधान किया जाता है।
259	contingency grant	(n)- आकस्मिकता अनुदान	The employee was paid the **contingency grant**.	कर्मचारी को **आकस्मिकता अनुदान** दिया गया।
260	contingency plan	(n) - **आपात योजना**, आपात निर्वाह योजना	Companies are making **contingency plans** to deal with terrorist attacks.	कंपनियां आतंकी हमलों से निपटने के लिए **आपात योजनाएं** बना रहीं हैं।
261	continuous service	(n) - **निरंतर सेवा**, सतत सेवा	Superannuation or retiring pension is granted on retirement from service on superannuation or	अधिवर्षिता या सेवानिवृत्ति पेंशन 10 साल या उससे अधिक की **निरंतर सेवा** के बाद सेवानिवृत्ति

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			invalidment after **continuous service** of 10 years or more.	या अशक्तता पर सेवा से सेवानिवृत्ति पर दी जाती है।
262	contract	(n) - ठेका*, संविदा*	The company has submitted a bid for the **contract** to clean the hospital.	कंपनी ने अस्पताल की सफाई के **ठेके** के लिए बोली प्रस्तुत की है।
263	contradict	(v) - खंडन करना	The department **contradicted** baseless accusations made by media.	विभाग ने मीडिया द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों का **खंडन किया**।
264	contradiction	(n) - 1. खंडन 2. **अंतर्विरोध, विरोधाभास**, परस्पर-विरोध	1. **Contradiction** is the immediate solution of neighbouring countries accusations. 2. There are a number of **contradictions** in their foreign policy.	1. पड़ोसी देश के आरोपों का तात्कालिक समाधान उनका **खंडन** करना है। 2. उनकी विदेश नीति में अनेक **विरोधाभास** हैं।
265	contrary	**(adj)** - प्रतिकूल, विपरीत	Two **contrary** views emerged during the meeting.	बैठक के दौरान दो **विपरीत** विचार सामने आए।
266	contribution	(n) - 1. योगदान 2. अंशदान 3. चंदा	1. The non-resident Indians have made significant **contribution** to Indian economy. 2. The officials may make monthly **contributions** for the staff welfare fund. 3. **Contributions** to charities are tax deductible.	1. अनिवासी भारतीयों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण **योगदान** दिया है। 2. अधिकारी कर्मचारी कल्याण निधि के लिए मासिक **अंशदान** दें। 3. धर्मार्थ संगठन को दिए गए **चंदे** पर कर में छूट मिलती है।
267	control	(n) - 1. नियंत्रण 2. रोकथाम	1. The administration of union territory is under direct **control** of the Union. 2. Strict measures have been taken to **control** the spread of dengue.	1. संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन संघ के सीधे **नियंत्रण** में है। 2. डेंगू के फैलने की **रोकथाम** के लिए सख्त उपाय किए गए हैं।
268	controlling authority	(n) - नियंत्रण प्राधिकारी	Director (Human Resource) is the **controlling authority** for all the matters related to the manpower in the PSUs.	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निदेशक (मानव संसाधन) मानवशक्ति से संबंधित सभी मामलों के **नियंत्रण प्राधिकारी** होते हैं।
269	controversial	**(adj)** - विवादास्पद	The establishment of the nuclear plant in that area is highly **controversial**.	उस क्षेत्र में परमाणु संयंत्र की स्थापना बहुत ही **विवादास्पद** है।
270	convene	(v) - **आयोजन**	A meeting was **convened**	नए चैनल की शुरूआत की तारीख

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		करना, संयोजन करना, बुलाना (बैठक)	to finalize the date of launch of the new channel.	को अंतिम रूप देने के लिए एक बैठक का **आयोजन किया** गया।
271	convenience	(n) - सुविधा*	For the **convenience** of the participants, the seminar was organized in the centre of the town.	प्रतिभागियों की **सुविधा** के लिए संगोष्ठी शहर के मध्य में आयोजित की गई।
272	conventional	(adj)- **परंपरागत, पारंपरिक,** रूढ़, रूढ़िगत	Internet connections through **conventional** phone lines are fairly slow.	**पारंपरिक** फोन लाइन के माध्यम से इंटरनेट कनेक्शन काफी धीमी गति से कार्य करते हैं।
273	conversion	(n) - संपरिवर्तन, परिवर्तन	The **conversion** price is Rs. 9.58 a share.	**परिवर्तन** मूल्य 9.58 रुपए प्रति शेयर है।
274	convey	(v) - 1. सूचित करना 2. पहुंचाना	1. The date of visit of the officer may be **conveyed** at the earliest. 2 The reporting officer **conveyed** the employee's view to higher officials.	1. अधिकारी के दौरे की तारीख यथाशीघ्र **सूचित करें**। 2. रिपोर्टिंग अधिकारी ने कर्मचारी की राय को उच्च अधिकारियों तक **पहुंचा दिया**।
275	conveyance	(n) - 1. वाहन, सवारी* 2. हस्तांतरण (विधि)	1. The **conveyance** allowance will be transferred to the bank account. 2. Absolute **conveyance** is the safest method for transferring rights in property.	1. **वाहन** भत्ता बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। 2. संपत्ति का पूर्ण **हस्तांतरण**, स्वामित्व हस्तांतरण की सुरक्षित पद्धति है।
276	conveyance deed	(n) - हस्तांतरण विलेख	The judge asked for the **conveyance deed** as evidence.	न्यायाधीश ने सबूत के तौर पर **हस्तांतरण विलेख** देखना चाहा।
277	conviction	(n) - 1. दोषसिद्धि* 2. **पूर्ण विश्वास**, दृढ़ विश्वास	1. There was not sufficient evidence to secure a **conviction**. 2. The higher voting percentage in this Lok Sabha election shows people's absolute **conviction** in the democracy.	1. **दोषसिद्धि** के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे। 2. इस लोकसभा चुनाव में उच्च मतदान का प्रतिशत लोकतंत्र में जनता के **पूर्ण विश्वास** को दर्शाता है।
278	cooling off period	(n) - 1. **विश्राम अवधि** 2. उपशमन अवधि	1. The **cooling off period** for retired directors of PSUs is one year. 2. **Cooling off period** of 15 days was given to both the	1. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सेवानिवृत्त निदेशकों के लिए **विश्राम अवधि** एक वर्ष है। 2. आगे की कार्रवाई करने से पहले

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			parties to settle the differences before taking further action.	दोनों पक्षों को मतभेद दूर करने के लिए 15 दिनों की **उपशमन अवधि** दी गई।
279	co-operative	(n) - सहकारी	**Co-operative** movement has resulted in white revolution in India.	भारत में **सहकारी** आंदोलन के परिणामस्वरूप दुग्ध क्रांति आई।
280	co-operative society	(n) - सहकारी समिति	**Co-operative societies** are required to be registered under the Cooperative Society act.	**सहकारी समितियों** को सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत होना आवश्यक है।
281	co-opted member	(n) - सहयोजित सदस्य	The officer is being inducted in the committee as **co-opted member**.	अधिकारी को समिति में **सहयोजित सदस्य** के रूप में शामिल किया जा रहा है।
282	co-ordination	(n) - समन्वय, तालमेल, समन्वयन	To achieve success, **co-ordination** is needed amongst various divisions.	सफलता प्राप्त करने के लिए, विभिन्न प्रभागों के बीच **समन्वय** आवश्यक है।
283	co-owner	(n) - सहस्वामी	The landlord is the **co-owner** of the house.	भू-स्वामी मकान का **सहस्वामी** है।
284	co-partner	(n) - सहभागीदार	The chartered accountant is a **co-partner** in the Chartered Accountancy firm.	चार्टर्ड एकांउन्टेन्ट अकाउंटेंसी फर्म में **सहभागीदार** है।
285	copy	(n) - 1. प्रति* 2. प्रतिलिपि*, नक़ल* 3. कॉपी*	1. This is a true **copy** of his experience certificate. 2. A **copy** of important documents should be made for the office record.	1. यह उसके अनुभव प्रमाण-पत्र की सही **प्रति** है। 2. कार्यालय रेकार्ड के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों की **प्रतिलिपि** तैयार की जानी चाहिए।
286	copyright	(n/adj.) - कॉपीराइट, स्वत्वाधिकार, प्रतिलिप्यधिकार (विधि)	In Europe **Copyright** laws are followed rigorously.	यूरोप में **कॉपीराइट** कानून का कड़ाई से अनुपालन किया जाता है।
287	cordial	(adj.) - स्नेहपूर्ण, मित्रतापूर्ण, सौहार्दपूर्ण	**Cordial** relations between management and employee can be developed only through sustained dialogue.	मात्र सतत बातचीत से प्रबंधन और कर्मचारी के बीच **सौहार्दपूर्ण** संबंध विकसित हो सकता है।
288	corporate body	(n) - निगमित निकाय	Only a **corporate body** can raise share capital.	केवल **निगमित निकाय** शेयर पूंजी जुटा सकता है।
289	corporate office	(n) – **निगम कार्यालय**	Meeting of TOLIC was held in the seminar room of SAIL, Corporate Office.	सेल, **निगम कार्यालय** के सेमिनार कक्ष में नराकास की बैठक आयोजित की गई।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
290	corporation	(n) - निगम	Municipal **corporations** are responsible for the maintenance of the roads in their respective cities.	नगर **निगम** अपने-अपने शहरों में सड़कों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार हैं।
291	corporation tax	(n) - निगमकर	Revenue from **Corporation tax** is not substantial enough to run the corporation.	निगम को चलाने के लिए **निगमकर** से प्राप्त राजस्व पर्याप्त नहीं है।
292	corps	(n) - कोर	Artillery is an important **corps** in Army.	सेना में आर्टिलरी एक महत्वपूर्ण **कोर** है।
293	correction	(n) - सुधार, शुद्धि, शोधन	**Correction** in the letter is much needed.	इस पत्र में **सुधार** की बहुत आवश्यकता है।
294	correctional service	(n) - दोष-सुधार सेवा, **सुधार सेवा**	The jail authorities provide **correctional service** to the minor offenders for their rehabilitation.	जेल प्राधिकारी अवयस्क अपराधियों के पुनर्वास के लिए **सुधार सेवा** प्रदान करते हैं।
295	correspond	(v) - 1. पत्र व्यवहार करना, पत्राचार करना 2. **अनुरूप होना**, समरूप होना, मेल खाना, समान होना	1. Both the states are **corresponding** on this project regularly. 2. The statement does not **correspond** to what was actually said. 3. This furniture **corresponds** to the requirement of our office.	1. दोनों राज्य इस परियोजना के विषय में नियमित रूप से **पत्राचार** कर रहे हैं। 2. यह कथन वास्तव में जो कहा गया था उससे **मेल** नहीं खाता। 3. यह फर्नीचर हमारे कार्यालय की आवश्यकताओं के **अनुरूप** है।
296	correspondence	(n) –1. पत्राचार, पत्र -व्यवहार 2. **अनुरूपता***, मेल*	1. The memo should be sent to employee's **correspondence** address. 2. There was no **correspondence** between the statements made by both the culprits.	1. ज्ञापन कर्मचारी के **पत्राचार** के पते पर भेजा जाए। 2. दोनों अपराधियों द्वारा दिए गए ब्यानों में कोई **अनुरूपता** नहीं थी।
297	corresponding	(adj) – 1. **अनुसार,** तदनुरूप, तदनुसार, तत्समान 2. **संगत 3. समान 4. परिणामस्वरूप 5. संबंधित**	1. Assistant editor was asked to give each picture a number **corresponding** to its position on the page. 2. **Corresponding** entry is in the nature of confirming entry. 3. Last year sales are up 10% in the **corresponding** period. 4. Officials of the **corresponding** stature in two states should meet	1. सहायक संपादक को प्रत्येक चित्र को पृष्ठ पर उसकी स्थिति के **अनुसार** संख्या देने के लिए कहा गया। 2. **तदनुरूपी** प्रविष्टि पुष्टि संबंधी प्रविष्टि मानी जाती है। 3. पिछले वर्ष के दौरान **संगत** अवधि में विक्रय 10% अधिक था। 4. दो राज्यों के **समान** स्तर के अधिकारियों को नियमित रूप से मिलना चाहिए। 5. मुद्रास्फीति

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			regularly. 5. The inflation and the **corresponding** fall in trade had a negative effect on the country's economy. 6. Wage increase and **corresponding** impact on the economy has to be evaluated.	और उसके **परिणामस्वरूप** व्यापार में गिरावट का देश की अर्थ-व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। 6. वेतन में बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था पर **संबंधित** प्रभाव का मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
298	corrigendum	(n) - शुद्धि-पत्र, भूल सुधार	A **corrigendum** has been issued regarding this vacancy.	इस रिक्ति के बारे में एक **शुद्धिपत्र** निकाला गया है।
299	corroborate	(v) - **पुष्टि करना, समर्थन करना**, संपुष्टि करना	1. The facts are **corroborated** with the evidence. 2. Circumstantial evidence **corroborates** the prosecution case.	1. तथ्यों की साक्ष्य द्वारा **पुष्टि की** गई थी। 2. परिस्थितिजन्य साक्ष्य अभियोजन पक्ष का **समर्थन** करते हैं।
300	corroboration	(n) – पुष्टि*, समर्थन, संपुष्टि*	With the **corroboration** of the facts, there was little doubt about the real culprit.	तथ्यों के **संपुष्टि** के कारण, वास्तविक अपराधी के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया था।
301	corrupt	(v) – 1. भ्रष्ट करना (adj) - 2. भ्रष्ट	1. Lack of transparency may **corrupt** the system. 2. The Vigilance Commission took stringent action against **corrupt** officers.	1. पारदर्शिता की कमी से तंत्र **भ्रष्ट** हो सकता है। 2. सतर्कता आयोग ने **भ्रष्ट** अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।
302	corrupt practice	(n) - भ्रष्ट आचरण	The new legislation shall curb in **corrupt practices**.	नए कानून से **भ्रष्ट आचारण** पर अंकुश लगेगा।
303	corruption	(n) - भ्रष्टाचार	In our country, **corruption** is the main obstacle in the way to prosperity.	हमारे देश में, **भ्रष्टाचार** समृद्धि के रास्ते की मुख्य बाधा है।
304	cost	(n) - लागत*	The **cost** of the project should not cross the approved amount.	परियोजना की **लागत** मंजूर की गई राशि से अधिक नहीं होनी चाहिए।
305	cost of living	(n) - निर्वाह व्यय	The **cost of living** has gone considerably high due to inflation.	मुद्रास्फीति की वजह से **निर्वाह व्यय** काफी अधिक हो गया है।
306	cottage industry	(n) - कुटीर उद्योग	**Cottage industry** has made a significant contribution to GDP growth.	**कुटीर उद्योग** का सकल घरेलू उत्पाद की बढ़ोत्तरी में महत्वपूर्ण योगदान है।
307	council	(n) - परिषद्*	The **council** has taken the decision unanimously.	**परिषद** ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।
308	council of	(n) - मंत्रिपरिषद्*	The Prime Minister is the	प्रधानमंत्री **मंत्रिपरिषद** के प्रमुख

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
	ministers		head of the **Council of Ministers**.	हैं।
309	counsel	(n) - 1. काउंसेल 2. **सलाह***, परामर्श (v) - 2. **सलाह देना**, **काउंसलिंग***, परामर्श देना, मंत्रणा देना	1. The Consultant gave a right **counsel** in regard to the implementation of the project. 2. **Counseling** for admission to the course has begun.	1. सलाहकार ने परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में सही **सलाह** दी। 2. कोर्स में प्रवेश के लिए **काउंसिलिंग** शुरू हो गई है।
310	count	(v) - गिनना, गणना करना	The **counting** of votes has started.	वोटों की **गिनती** शुरू हो गई।
311	counter	(n) - 1. काउंटर, पटल 2. प्रति 3. गणित्र (v) - 4. **विरोध करना** 5. **रोकना** 6. **जवाब देना** (adj) - 7. जवाबी	1. The ticket may kindly be purchased only from the **counter**. 2. Treasury Benches **countered** the allegations made against the Government. 3. Indian army **countered** the infiltration from Pakistan side. 4. The Prime Minister **countered** the speech of the leader of opposition point by point. 5. The army needs a strong intelligence service to take **counter** action against extremists infiltrating in border area.	1. कृपया टिकट केवल **काउंटर** से खरीदें। 2. सत्ता पक्ष ने सरकार पर लगाए गए आरोपों का **विरोध किया**। 3. भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ को **रोका**। 4. प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नेता द्वारा भाषण में उठाए प्रत्येक मुद्दे का **जवाब दिया**। 5. सेना को सीमावर्ती इलाकों में कार्य कर रहे चरमपंथियों के खिलाफ **जवाबी** कार्रवाई करने के लिए एक मजबूत खुफिया सेवा की जरूरत है।
312	counter action	(n) - जवाबी कार्रवाई	Two terrorists were killed in the **counter action** by the security personnel.	सुरक्षा कार्मिकों की **जवाबी कार्रवाई** में दो आतंकवादी मारे गए।
313	counter affidavit	(n) - **जवाबी हलफनामा,** प्रति-शपथपत्र	The **counter affidavit** has been submitted in the court.	**जवाबी हलफनामा** न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
314	counter charge	(n) - प्रत्यारोप	The **counter charges** of the opposition were motivated more by passion than reasoning.	विपक्ष के **प्रत्यारोप** तर्क से कम भावनाओं से अधिक प्रेरित थे।
315	counter claim	(n) - प्रतिदावा	The **counter claim** of the party was backed by valid reasons.	पार्टी के **प्रतिदावे** के कारण उचित थे।
316	counterfeit coin	(n) - **नकली सिक्का,** खोटा	The **counterfeit** coin will not be acceptable.	***नकली सिक्का*** स्वीकार्य नहीं होगा।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		सिक्का, जाली सिक्का		
317	counterfeit note	(n) - **नकली नोट,** जाली नोट	**Counterfeit notes** are illegal to use.	**नकली नोट** इस्तेमाल करना गैर-कानूनी है।
318	counterfeiting	(n) - कूटकरण, जालसाजी*	The international police organization - Interpol was established primarily to guard against **counterfeiting**.	अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन - इंटरपोल मुख्य रूप से **जालसाजी** से सुरक्षा के लिए स्थापित किया गया था।
319	counterfoil	(n) - प्रतिपर्ण, अधपन्ना	The counter clerk returned the **counterfoil** of the deposit slip after affixing bank stamp and his signature on the same.	काउंटर क्लर्क ने जमा पर्ची का **अधपन्ना** बैंक मुहर लगाकर और हस्ताक्षर करके वापस कर दिया।
320	counterpart	(n) - 1. प्रतिस्थानी, प्रतिरूप, प्रतिलेख 2. समकक्ष	1. The **counterpart** of the deposit slip is to be preserved till the money is credited into account. 2. The Prime Minister met with his **counterpart** of Pakistan at WHO conference.	1. जब तक राशि जमा न हो जाए, तब तक जमापर्ची के **प्रतिलेख** को सावधानी से रखना चाहिए। 2. प्रधानमंत्री अपने पाकिस्तानी **समकक्ष** से संयुक्त राष्ट्र संघ के सम्मेलन में मिले ।
321	counter security	(n) - दोहरी प्रतिभूति*	Obtaining **counter security** is the discretion of the bank.	**दोहरी प्रतिभूति** लेना बैंक के विवेकाधीन है।
322	countersign	(v) - प्रतिहस्ताक्षर करना	All orders must be **countersigned** by one of the directors.	सभी आदेश किसी एक निदेशक द्वारा **प्रतिहस्ताक्षरित** किए जाने चाहिए।
323	course	(n) - 1. मार्ग, दिशा* 2. क्रम 3. प्रक्रिया*, **कार्यविधि*** 4. पाठ्यक्रम 5. **अवधि , के दौरान**	1. The company is on **course** for profits of 200 crore in the next financial year. 2. The Board of Directors is likely to change the course on some key issues. 3. The **course** for study of Post graduation in Hindi is available on Internet. 4. During the **course** of investigation the culprit revealed the truth.	1. कंपनी अगले वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित करने की **दिशा** में अग्रसर है। 2. निदेशक मण्डल द्वारा कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों की **कार्यविधि** बदले जाने की संभावना है। 3. हिंदी में स्नातकोत्तर अध्ययन का **पाठ्यक्रम** इंटरनेट पर उपलब्ध है। 4. जांच **के दौरान** दोषी ने सच-सच कह दिया।
324	court attachment	(n) - अदालती कुर्की*	The lawyer initiated action for **court attachment** of	वकील ने संपत्ति की **अदालती कुर्की** के लिए कार्रवाई शुरू की।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			the property.	
325	court case	(n) - अदालती मामला, न्यायालयी प्रकरण	The next date of hearing of the **court case** is tomorrow.	**अदालती मामले** की अगली सुनवाई की तारीख कल है।
326	court marriage	(n) - अदालती विवाह	**Court marriages** are very common now-a-days.	आजकल **अदालती विवाह** आम हो गए हैं।
327	courtesy	(n) - सौजन्य, शिष्टाचार, **शालीनता***	In the last night party, his **courtesy** impressed everyone.	कल रात की पार्टी में उसने अपनी **शालीनता** से सबको प्रभावित किया।
328	covenant	(n) - प्रसंविदा *,	The **covenant** was signed by both the parties.	दोनों पक्षों ने **प्रसंविदा** पर हस्ताक्षर किए।
329	cover	(n) - 1. आवरण, लिफाफा 2. संरक्षण, **सुरक्षा** *	1. He escaped unhurt by the attack because he had **cover** from the Police. 2. It is advisable to take travel insurance **cover** against theft.	1. उसे हमले में चोट नहीं लगी क्योंकि उसे पुलिस की **सुरक्षा** प्राप्त थी। 2. चोरी से बचने के लिए यात्रा बीमा **सुरक्षा** लेना उचित है।
330	coverage	(n) - 1. व्याप्ति* 2. संरक्षण* 3. समावेशन, कवरेज 4. **प्रसार**	1. This glossary offer total **coverage** of the usages of English and Hindi language. 2. This insurance policy provides **coverage** for all types of accidents. 3. TV news **coverage** has favoured the government. 4. This news got wide **coverage**.	1. यह शब्दावली अंग्रेजी और हिंदी भाषा के प्रयोग की कुल **व्याप्ति** प्रदान करती है। 2. यह बीमा पॉलिसी सभी प्रकार की दुर्घटनाओं के लिए **संरक्षण** प्रदान करता है। 3. टीवी समाचार **कवरेज** ने सरकार का समर्थन किया है। 4. इस समाचार का व्यापक **प्रसार** हुआ।
331	covering letter	(n) - सह-पत्र	The **covering letter** bore vital information about the deal.	**सह पत्र** में व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी थी।
332	crash programme	(n) - द्रुत कार्यक्रम	C.T.B conducts **crash programme** for Hindi staff and employees associated with Hindi in Translation Training.	केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो हिंदी स्टाफ और हिंदी से संबद्ध कर्मचारियों के लिए **द्रुत कार्यक्रम** आयोजित करता है।
333	creamy layer	(n) - **सम्पन्न वर्ग**, **मलाईदार वर्ग, मलाई परत***, नवोन्नत वर्ग	Creamy layer among the Other Backward Classes will not be allowed to take benefit of reservation.	अन्य पिछड़ा वर्ग में **सम्पन्न वर्ग** को आरक्षण के लाभ नहीं दिए जाएंगे।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
334	creation	(n) - सर्जन, रचना*, निर्माण	The new space missile is the **creation** of Indian Scientists.	नई अंतरिक्ष मिसाइल का **निर्माण** भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है।
335	credential	(n) - प्रत्यय-पत्र	The Diplomat presented his **credential** before the President.	राजनयिक ने अपना **प्रत्यय-पत्र** राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया।
336	credibility	(n) - विश्वसनीयता*, साख*	The judge doubted the **credibility** of the witness.	न्यायाधीश को साक्षी की **विश्वसनीयता** पर संदेह हुआ।
337	credit	(n) - 1. ऋण, उधार 2. साख* 3. जमा*	1. A bank can grant **credit** to an employee up to twenty five times of his salary. 2. A trader must care for his **credit** to the market. 3. The employee tendered the amount for **credit** in his SB account.	1. बैंक एक कर्मचारी को उसके वेतने के 25 गुना तक **ऋण** दे सकता है। 2. व्यापारी को बाज़ार में अपनी **साख** की अवश्य चिंता करनी चाहिए। 3. कर्मचारी ने अपने बचत बैंक खाते में **जमा** करने के लिए राशि दी।
338	credit and thrift society	(n) - बचत-उधार समिति*	The **credit and thrift society** has launched a new scheme for loan to employees.	**बचत और उधार समिति** ने कर्मचारियों के लिए ऋण की नई स्कीम शुरू की है।
339	credit balance	(n) - जमा शेष	**Credit balance** in his account is below the prescribed limit.	उसके खाते में **जमा शेष** निश्चित सीमा से कम है।
340	credit note	(n) - जमा पत्र	The bank has issued a **credit note** in favour of the party.	बैंक ने पार्टी के पक्ष में **जमा पत्र** जारी किया।
341	creditor	(n) - ऋणदाता, लेनदार	**Creditor** wants the debtor to mortgage his property.	**लेनदार** चाहता है कि ऋणी अपनी संपत्ति को बंधक रख दे।
342	crew	(n) - कर्मीदल	**Crew** members of the flight are staying in the hotel.	हवाई जहाज का **कर्मीदल** होटल में ठहरा है।
343	crime	(n) - अपराध	Violation of traffic rules is considered a minor **crime**.	ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन एक छोटा **जुर्म** माना जाता है।
344	criminal breach of trust	(n) - आपराधिक विश्वास-भंग	He broke the contract, which was a **criminal breach of trust**.	उसने संविदा तोड़कर **आपराधिक विश्वास भंग** किया।
345	criminal offence	(n) - दांडिक अपराध	Forgery is a **criminal offence**.	जालसाजी एक **दांडिक अपराध** है।
346	criminal procedure	(n) - दंड-प्रक्रिया संहिता*	**Criminal procedure code** describes procedure for	**दंड प्रक्रिया संहिता** में दांडिक अपराधों पर कार्रवाई के लिए

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
	code		process of fraud cases.	प्रक्रिया बताई गई है।
347	crisis	(n) - संकट	Gulf **crisis** resulted in increase in the price of Oil.	खाड़ी के **संकट** से तेल की कीमत बढ़ गई है।
348	criterion	(n) - मानदंड, कसौटी*	Government has laid down a **criterion** to evaluate performance of various ministries.	सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के निष्पादन के मूल्यांकन के लिए **मानदंड** तय किए हैं।
349	criticism	(n) - 1. **समीक्षा** * 2. आलोचना*	1. **Criticism** of the modern poetry cannot be done on the basis of old parameters. 2. The employee lost his temper because of his harsh **criticism** by the officer.	1. आधुनिक कविता की **समीक्षा** पुराने मानदंडों के आधार पर नहीं की जा सकती। 2. अधिकारी द्वारा कड़ी **आलोचना** किए जाने पर कर्मचारी क्रोधित हो गया।
350	cross checking	(n) - दुतरफा पड़ताल*	Please **cross check** the figures before finalising document.	दस्तावेज को अंतिम रूप देने से पहले कृपया आंकड़ों की **दुतरफा जाँच** कर लें।
351	cross claim	(n) - प्रतिदावा	This matter is in dispute because of the **cross claim**.	**प्रति दावे** के कारण यह मामला विवाद में है।
352	cross cheque	(n) - क्रॉस चेक, रेखित चेक	Please issue a **crossed cheque** to avoid its misuse.	कृपया चेक **रेखित चेक** के रूप में ही जारी करें जिससे इसका दुरुपयोग न किया जा सके।
353	cross examination	(n) - प्रतिपरीक्षा*, जिरह*	The witness revealed the truth in **cross examination**.	साक्षी ने **जिरह** के दौरान सच कह दिया।
354	cross reference	(n) - **प्रति संदर्भ,** परस्पर संदर्भ	Please do check the **cross reference** before issuing the letter.	पत्र जारी करने से पहले **प्रति संदर्भ** जरुर चेक कर लें।
355	cross voting	(n) - **दूसरे पक्ष के लिए मतदान,** पक्षांतर मतदान	**Cross voting** by his party members has led to the defeat of the candidate.	अपनी पार्टी के सदस्यों द्वारा **दूसरे पक्ष के लिए मतदान** करने से उम्मीदवार हार गया।
356	crucial date	(n) - **महत्वपूर्ण तारीख***, निर्णायक तिथि*	1. 15th August is a **crucial date** in Indian history. 2. The date of serving charge sheet is the **crucial date** in this case.	1. भारत के इतिहास में 15 अगस्त एक **महत्वपूर्ण तारीख** है। 2. अभियोग पत्र दिए जाने की तारीख इस मामले में **महत्वपूर्ण तारीख** है।
357	crude	(adj) - 1. कच्चा, अपरिष्कृत 2.	1. Now-a-days the price of **crude** oils is not stable. 2. There is a refinery of	1. **कच्चे तेल** के दाम आजकल स्थिर नहीं हैं। 2. जामनगर में **अशोधित** तेल को शुद्ध करने के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		अशोधित 3. (भाषा) **असभ्य,** अशिष्ट	**crude** oil in Jamnagar. 3. The **crude** behaviour of the officer in the meeting was criticised.	लिए तेल शोधक कारखाना है। 3. बैठक में कर्मचारी के **असभ्य** व्यवहार की आलोचना हुई।
358	culprit	(n) - अपराधी, दोषी	The **culprit** was absconding.	**मुजरिम** फरार था ।
359	cultivation	(n) -1. **जुताई *,** खेती*, कृषि* 2. **विकास,** संवर्धन	1. Fertileness of soil decreases due to excessive use of pesticide and **cultivation**. 2. Majority of rural people earn their livelihood through **cultivation**. 3. The company believes in **cultivation** of staff and management relations.	1. अत्यधिक कीटनाशक के प्रयोग और **जुताई** से मिट्ठी की उर्वरक शक्ति कम हो जाती है। 2. अधिकतर ग्रामीण **खेती** से अपनी जीविका अर्जित करते हैं। 3. कंपनी कर्मचारी और प्रबंधन के बीच संबंधों में **विकास** करने में विश्वास रखती है।
360	cultural agreement	(n) - सांस्कृतिक करार	The **cultural agreement** between the two countries will help strengthning relationship.	दोनों देशों के बीच **सांस्कृतिक करार** संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा।
361	cumulative	(adj) - संचयी	**Cumulative** amount in this insurance is the highest.	इस बीमा में **संचयी राशि** सबसे अधिक है।
362	currency	(n) - 1. मुद्रा*, करेंसी 2. **मियाद*, वैधता अवधि*** 3. प्रचलन	1. Presently Indian **Currency** is not strong in International market. 2. The **currency** period of a promissory note is for one year. 3. American English is in **currency** now-a-days.	1. भारतीय **मुद्रा** इस समय अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मजबूतनहीं है। 2. किसी वचन पत्र की **मियाद** एक वर्ष होती है। 3. आजकल अमेरिकन इंगलिश **प्रचलन** में है।
363	current	(adj) - चालू, प्रचलित, वर्तमान	1. Short Circuit was due to high voltage of **current**. 2. The Power Plant of the NTPC is using the **current** of Kosi River. 3. The expenditure of the immediately preceding year may be adjusted in the **current** year.	1. **बिजली** की उच्च वोल्टेज के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ । 2. एन.टी.पी.सी विद्युत संयंत्र में कोसी नदी के **जल प्रवाह** का इस्तेमाल कर रहा है। 3. ठीक पिछले वर्ष के व्यय को **वर्तमान** वर्ष में समायोजित किया जाए।
364	current account	(n) - चालू खाता	This branch has facility to open a **current account**.	इस शाखा में **चालू खाता** खोलने की सुविधा है।
365	current session	(n) - 1. **वर्तमान सत्र**, चालू सत्र 2.	1. Food Security bill was passed in the **current session** of the parliament. 2. There was much	1. खाद्य सुरक्षा बिल संसद के **वर्तमान सत्र** में पारित किया गया। 2. इस बार संसद के **चालू**

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		चालू अधिवेशन	disturbance in the **current session** of the parliament.	**अधिवेशन** में काफी हंगामा हुआ।
366	curtail	(v) - 1. **संक्षिप्त करना** 2. सीमित करना 3. कम करना	1. The draft speech was **curtailed** due to lack of time. 2. The new law will **curtail** powers of the police. 3. The budget was **curtailed** due to shortage of funds.	1. समय की कमी के कारण भाषण को **संक्षिप्त** करना पड़ा। 2. नए कानून से पुलिस की शक्तियाँ **सीमित** हो जाएंगी। 3. धन की कमी के कारण बजट को **कम करना** पड़ा।
367	custody	(n) - 1. अभिरक्षा*, 2. हिरासत*	1. Managers are responsible for the safe custody of records. 2. The drunken driver was in police **custody** for a day.	1. रिकार्डों की सुरक्षित **अभिरक्षा** करने की जिम्मेदारी प्रबंधकों की है। 2. शराब पीकर गाड़ी चलाने वाला ड्राईवर एक दिन तक **हिरासत** में रहा।
368	custom(s)	(n) - सीमा-शुल्क	The passengers were asked to pay the **custom** duty.	यात्रियों को **सीमा-शुल्क** देने को कहा गया।
369	customary	(adj) – **प्रचलित,** रूढ़िगत, प्रथागत,	The officer was not ready to go beyond the **customary** practice.	अधिकारी **प्रचलित** कार्यप्रणाली को छोड़ने को तैयार नहीं था।
370	customer	(n) - ग्राहक, गाहक	At present there is a decrease in the number of **customers** for luxury cars.	आजकल बड़ी गाड़ियों के लिए **ग्राहकों** की संख्या में कमी आई है।
371	customer-friendly	(n) - ग्राहक-हितैषी	**Customer friendly** companies are always liked by all.	**ग्राहक-हितैषी** कम्पनियों को सभी पसंद करते हैं।
372	cut motion	(n) - कटौती-प्रस्ताव	**Cut motion** could not be passed in yesterday's meeting.	कल की बैठक में **कटौती प्रस्ताव** पारित नहीं हो सका ।
373	cut off marks	(n) - **न्यूनतम अंक,** विच्छेदक अंक	The **cut off marks** for Economics were high this year as compared to last year.	इस वर्ष अर्थशास्त्र के लिए **न्यूनतम अंक** पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक रहा।
374	cut off date	(n) - **अंतिम तारीख*, निर्णायक तारीख*,** विच्छेदक तिथि*, निर्दिष्ट तारीख*	1. The **cut off date** for ascertaining the qualification would be the last date of submission of the application. 2. The **cut off date** for submission of tenders is already over.	1. आवेदन को जमा करने करने की अंतिम तारीख ही अर्हता के निर्धारण की **निर्णायक तारीख** होगी। 2. निविदाओं को प्रस्तुत करने की **अंतिम तारीख** पहले ही समाप्त हो चुकी है।

D

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
1.	daily	(n) - 1. **दैनिक समाचार पत्र** (adj) - 2. दैनिक (adv) - 3. **प्रतिदिन**	1. The incident was in all the dailies. 2. The average **daily** turnover of the company is about Rs. 50 lac. 3. The Information Centre is open **daily** 8.30 a.m. to 4.30 p.m.	1. सभी **दैनिक समाचार पत्रों** में इस घटना का जिक्र था। 2. कंपनी की औसत दैनिक कुल बिक्री लगभग 50 लाख रूपए है। 3. सूचना केंद्र **प्रतिदिन** सुबह 8.30 से सायं 4:30 तक खुला रहता है।
2.	daily allowance	(n) - दैनिक भत्ता	The rate of **Daily Allowance** has been increased by 25%.	**दैनिक भत्ते** की दर 25% बढ़ाई गई है ।
3.	daily diary	(n) - **दैनिक डायरी***, दैनिकी*, दैनंदिनी*	**Daily Diary** contains all entries.	सारी प्रविष्टियाँ **दैनिक डायरी** में उपलब्ध हैं।
4.	daily report	(n) - दैनिक रिपोर्ट*	The **daily reports** are being sent regularly.	**दैनिक रिपोर्ट** नियमित रूप से भेजी जा रही हैं।
5.	daily wages	(n) - दैनिक मजदूरी*, दिहाड़ी*	The rates of **daily wages** for skilled labourers and unskilled labourers have been revised.	कुशल मजदूरों और अकुशल मजदूरों के लिए **दैनिक मजदूरी** की दरें संशोधित की गई हैं।
6.	dak book	(n) - **डाक बही***, डाक पुस्तक*	The proper maintenance of **Dak Book** may be ensured.	**डाक बही** का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।
7.	damage	(n) - 1. क्षति*, हानि*, नुकसान (v) - 2. **क्षति पहुंचना/पहुंचाना, हानि पहुंचना/पहुंचाना, नुकसान पहुंचना/पहुंचाना**	1. The devaluation of Rupee could cause serious **damage** to the country's economy. 2. The fire badly **damaged** the town hall.	1. रुपए का अवमूल्यन देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यधिक **नुकसान** का कारण बन सकता है। 2. आग से टाउन हॉल को अत्यधिक **क्षति पहुंची**।
8.	data	(n) - 1. आंकड़े, डाटा 2. आधार सामग्री*	These **data** show that most accidents caused due to drunk driving.	इन **आंकड़ों** से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई हैं।
9.	data analysis	(n) - 1. **डाटा विश्लेषण,** आंकड़ा विश्लेषण 2. आधार	The first phase of **data analysis** has been completed.	**डाटा विश्लेषण** का पहला चरण पूरा हो चुका है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		सामग्री विश्लेषण		
10.	data bank	(n) - **डाटा बैंक**, आंकड़ा बैंक	The department is considering to set up a **data bank** of the beneficiaries.	विभाग लाभार्थियों का **डाटा बैंक** स्थापित करने पर विचार कर रहा है।
11.	data base	(n) - **आधारभूत डाटा, आधारभूत आंकड़े,** आंकड़ा संचय	A **database** for all depositors is being created at the branch.	शाखा में सभी जमाकर्ताओं के बारे में **आधारभूत डाटा** तैयार किया है।
12.	data collection	(n) - 1. **डाटा संग्रहण**, आंकड़ा संग्रहण 2. आधार सामग्री संग्रहण	**Data collection** may be completed in the given time- frame.	**डाटा संग्रहण** निश्चित समय-सीमा में पूरा कर लिया जाए।
13.	data entry	(n) - **डाटा प्रविष्टि***	The work of **data entry** has been outsourced.	**डाटा प्रविष्टि** का काम बाहरी स्रोत से कराया गया है।
14.	data feeding	(n) - **डाटा भरना**, आंकड़ा भरण	Utmost care should be taken during **data feeding**.	**डाटा भरने** के दौरान अत्यंत सावधानी बरती जानी चाहिए।
15.	data processing	(n) - **डाटा संसाधन,** आंकड़ा संसाधन	Nowadays, Super-Computers are used for expeditious **data processing**.	आजकल, तेज गति से **डाटा संसाधन** के लिए सुपर कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है।
16.	date	(n)/(v) - दिनांक, तिथि*, तारीख़*	We need to fix a **date** for the next meeting.	अगली बैठक के लिए हमें तारीख तय करने की जरूरत है।
17.	date of arrival	(n) - आगमन तिथि*, आने की तारीख*	Please mention **date of arrival** in the T.A. Bill.	कृपया यात्रा भत्ता बिल में **आगमन तिथि** का उल्लेख करें।
18.	date of birth	(n) - जन्म-तिथि*, जन्म की तारीख*	**Date of birth** should be mentioned both in words and figures.	**जन्म-तिथि** का उल्लेख शब्दों और अंकों - दोनों में किया जाना चाहिए।
19.	date of departure	(n) - प्रस्थान तिथि*, जाने की तारीख*	The **date of departure** of the Secretary may be conveyed at the earliest.	सचिव के **प्रस्थान की तिथि** यथाशीघ्र सूचित करें।
20.	date of discharge	(n) - कार्यमुक्ति तारीख*	The **date of discharge** has been intimated to his parent office.	**कार्यमुक्ति तारीख** के बारे में उसके मूल कार्यालय को सूचित कर दिया गया है।
21.	date of maturity	(n) - परिपक्वता की तारीख*, पूर्णता	The final payment would be made after the **date of maturity**	बीमा पॉलिसी की **परिपक्वता की तारीख** के बाद अंतिम भुगतान

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		तारीख*	of the insurance policy.	किया जाएगा।
22.	date of receipt	(n) - प्राप्ति तिथि*, प्राप्ति की तारीख*	The **date of receipt** of the letter may be mentioned.	पत्र की **प्राप्ति तिथि** का उल्लेख करें।
23.	date stamp	(n) - तारीख मोहर*	Please put **date stamp** on this document.	कृपया इस दस्तावेज पर **तारीख मोहर** लगाएं।
24.	day Scholar	(n) - अनावासी छात्र	**Day scholars** also may participate in this competition.	**अनावासी छात्र** भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
25.	day shift	(n) - दिन की पारी*	The **day shift** will be of 8 working hours excluding lunch break of half an hour.	**दिन की पारी** में 8 घंटे काम करना होगा जिसमें मध्याह्न भोजन का आधा घंटा शामिल नहीं है।
26.	day-to-day work	(n) - **दैनिक कार्य**, दैनंदिन कार्य, रोजमर्रा का काम	The Government employees should be vigil in their **day-to-day** work.	सरकारी कर्मचारियों को अपने **दैनिक कार्य** में सतर्कता बरतनी चाहिए।
27.	dead account	(n) - निष्क्रिय खाता	The **dead account** should be made operational before any kind of transaction.	किसी भी तरह के लेन - देन से पहले **निष्क्रिय खाते** को चालू करवा लेना चाहिए।
28.	dead line	(n) - **निर्धारित समय-सीमा***, समय सीमा*	The **dead line** for completion of the project has to be observed.	परियोजना **निर्धारित समय-सीमा** में पूरी करनी होगी।
29.	dead lock	(n) - गतिरोध	There has been a **dead lock** in dialogue between the management and the labour union.	प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच बातचीत में **गतिरोध** बना हुआ है।
30.	dead stock register	(n) - जड़ स्टॉक रजिस्टर	Each office should have a **dead stock register**.	प्रत्येक कार्यालय में **जड़ स्टॉक रजिस्टर** होना चाहिए।
31.	dead weight	(n) - कुल भार, **कुल वजन**	The **dead weight** of the container is about 20 ton.	कंटेनर का **कुल वजन** लगभग 20 टन है।
32.	deal	(n) - 1. सौदा 2. **समझौता** 3. **व्यवस्था*** 4. **मात्रा*** (v) - 5. **बांटना** 6. **व्यापार करना**	1.The two sides tried but failed to come to a **deal**. 2.Twelve soldiers were released after a **deal** between the army	1. दोनों पक्षों ने कोशिश की किंतु **सौदा** तय करने में असफल रहे। 2. सेना और गुरिल्लाओं के बीच **समझौते** के बाद बारह सैनिकों को रिहा कर दिया गया।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		7. **कार्रवाई करना** 8. व्यवहार करना 9. **निपटाना**	and the guerillas. 3.The prime minister promised farmers a new **deal**. 4. The job took a great **deal** of time and efforts. 5 The profits were **dealt** out among the investors. 6. The company **deals** in computer software. 7. The office should **deal** properly and fairly with any complaint. 8. The use of force is not a suitable option to **deal** with this crisis.	3. प्रधानमंत्री ने किसानों से एक नई **व्यवस्था** का वादा किया। 4. इस कार्य में अत्यधिक **मात्रा** में समय और प्रयास लगा। 5. निवेशकों के बीच मुनाफा **बांट दिया गया**। 6. कंपनी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का **व्यापार करती** है। 7. कार्यालय को किसी भी शिकायत पर उचित और निष्पक्ष **कार्रवाई करनी** चाहिए। 8. इस संकट से **निपटने** के लिए बल प्रयोग कोई उपयुक्त विकल्प नहीं है।
33.	dealing assistant	(n) - संबंधित सहायक	The **dealing assistant** has prepared the note.	यह नोट **संबंधित सहायक** ने तैयार किया है।
34.	dealing hand	(n) - संबंधित कर्मचारी	The **dealing hand** is on leave.	**संबंधित कर्मचारी** छुट्टी पर है।
35.	dearness allowance	(n) - महंगाई भत्ता	The Government has announced a hike in **Dearness Allowance** for its employees.	सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए **महंगाई भत्ते** में वृद्धि की घोषणा की है।
36.	dearness relief	(n) - महंगाई राहत*	An allowance of 10% would be given as **dearness relief**.	**महँगाई राहत** के रूप में 10 प्रतिशत भत्ता दिया जाएगा।
37.	death benefit	(n) - मृत्यु हितलाभ	In government service, **death benefit** is a major protection cover to the family of deceased.	सरकारी सेवा में मृतक के परिवार को देय **मृत्यु हितलाभ** बड़ा सुरक्षा कवच होता है।
38.	death cum retirement gratuity	(n) - **मृत्यु-सह-सेवा-निवृत्ति उपदान**, मृत्यु-सह-निवृत्ति उपदान	The maximum limit of **death- cum-retirement-gratuity** has been raised for the Government employees.	सरकारी कर्मचारियों के लिए **मृत्यु-सह-सेवा-निवृत्ति उपदान** की अधिकतम सीमा बढ़ा दी गई है।
39.	death in service	सेवा के दौरान मृत्यु	In the office, two incidents of **death in service** have been	कार्यालय में इस साल, **सेवा के दौरान मृत्यु** की दो घटनाओं की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			reported in this year.	रिपोर्ट मिली है।
40.	debar	(v) - रोकना, विवर्जित करना (विधि)	Some employees were **debarred** from promotion.	कुछ कर्मचारियों की पदोन्नति को **रोका गया**।
41.	debarment	(n) - रोक*, विवर्जन	The period of **debarment** would be one year.	**रोक** की अवधि एक वर्ष की होगी।
42.	debate	(n) - **बहस***, वाद-विवाद	There has been a **debate** on the Food Security Bill during the meeting.	बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा बिल पर **बहस** हुई है।
43.	debenture	(n) - डिबेंचर, **ऋण-पत्र**	The company is going to issue **debentures** for its housing project.	कंपनी अपनी आवास परियोजना के लिए **ऋण-पत्र** जारी करने जा रही है।
44.	debenture holder	(n) - डिबेंचरधारक	Payment of interest is made to the **debenture holder**.	**डिबेंचरधारक** को ब्याज का भुगतान किया जाता है।
45.	debit	(n) - 1. नामे, **डेबिट** (v) - 2. नामे डालना, **डेबिट करना**	1. In the balance sheet, the total of **debits** must balance with the total of credits. 2. The sum of Rs. Five thousand has been **debited** from the account.	1. तुलन पत्र में कुल **डेबिट** और कुल कुल क्रेडिट का बराबर होना चाहिए। 2. पांच हजार रुपए की राशि खाते में **नामे डाली गई** है।
46.	debit advice	(n) - **नामे सूचना***, **डेबिट सूचना***, नामे संज्ञापन	The customer has already received the **debit advice**.	ग्राहक को पहले ही **डेबिट सूचना** मिल गई है।
47.	debit balance	(n) - नामे शेष, **डेबिट शेष**	The **debit balance** available in this savings account is Rs. Ten thousand only.	इस बचत खाते में उपलब्ध **डेबिट शेष** दस हजार रुपए है।
48.	debt	(n) - ऋण	Banks should grant more **debt** to the farmers.	बैंकों को चाहिए कि वे किसानों को अधिक **ऋण** दें।
49.	debtor	(n) - देनदार, ऋणी	The **debtors** have to pay more towards interest.	**देनदारों** को अधिक ब्याज का भुगतान करना होगा।
50.	decentralization	(n) - विकेंद्रीकरण	The Government has taken several steps towards	सरकार ने सत्ता के **विकेंद्रीकरण** की दिशा में कई कदम उठाए हैं।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			decentralization of power.	
51.	decide	(v) - **निर्णय लेना**	The department has **decided** to take legal action against the supplier.	विभाग ने आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का **निर्णय लिया** है।
52.	deciding factor	(n) - निर्णायक कारक	The merit is the **deciding factor** for selection of the candidates.	उम्मीदवारों के चयन के लिए योग्यता **निर्णायक कारक** है।
53.	decision	(n) - निर्णय,फैसला, विनिश्चय(विधि)	The farmers are unhappy with the **decision** of withdrawing subsidy on fertilizers.	उर्वरकों पर देय सब्सिडी वापस लेने के **निर्णय** से किसान खुश नहीं हैं।
54.	declaration	(n) - घोषणा*	The Employees Unions are waiting for **declaration** of the constitution of the 7th Pay Commission.	कर्मचारी यूनियन 7 वें वेतन आयोग के गठन की **घोषणा** की प्रतीक्षा कर रहे हैं।
55.	declare	(v) - घोषणा करना, घोषित करना	The court **declared** the strike illegal.	न्यायालय ने हड़ताल को गैर-कानूनी **घोषित किया**।
56.	declared value	(n) - घोषित मूल्य	The **declared value** of the assets is about fifty crore rupees.	परिसंपत्ति का **घोषित मूल्य** लगभग पचास करोड़ रुपए है।
57.	decode	(n) - 1. कूटवाचन (v) - 2. **कूट का अर्थ निकालना** 3. **विकोड करना**	1. The coded message has been decoded by the Technical Officer. 2. The department has special adapters to receive and decode the signals.	1. तकनीकी अधिकारी ने कूट संदेश का **अर्थ निकाल** लिया है। 2. विभाग के पास संकेतों को प्राप्त करने और उन्हें **विकोड करने** के लिए विशेष एडेप्टर हैं।
58.	decontrol	(n) - 1. विनियंत्रण (v) - 2. नियंत्रण हटाना	1. The Government is in favour of **decontrol** of the prices of agricultural products. 2. The government has decided to **decontrol** oil and gas prices.	1. सरकार कृषि उत्पादों की कीमतों के **विनियंत्रण** के पक्ष में है। 2. सरकार ने तेल और गैस की कीमतों से **नियंत्रण हटाने** का निर्णय लिया है।
59.	decorum	(n) - **मर्यादा***, शिष्टता*, शालीनता*	The Chairman has appealed the members to maintain **decorum** in the	अध्यक्ष ने सदस्यों से बैठक में **मर्यादा** बनाए रखने की अपील की है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			meeting.	
60.	decrease	(n) - 1. कमी*, घटती* (v) - 2. **कमी होना, कमी करना, घटना**	1. A **decrease** in the planned expenditure has been recorded this year. 2. The number of trainees **decreased** this quarter.	1. इस साल योजनागत खर्च में **कमी** रिकार्ड की गई है। 2. इस तिमाही में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या **में कमी आई है**।
61.	decree	(n) - 1. डिक्री* 2. **आदेश** (v) - 1. **डिक्री करना** 2. **आदेश देना**	1. The **decree** shall agree with the judgement. 2. The Government issued a **decree** that all political prisoners would be granted amnesty. 3. The court has **decreed** a penalty on the offender company. 4. The UN Security Council has **decreed** that the election must be held by May.	1. **डिक्री** निर्णय के अनुरूप होगी। 2. सरकार ने सभी राजनीतिक कैदियों को आम माफी देने का **आदेश** जारी किया है। 3. न्यायालय ने अपराधी कंपनी पर दंड की **डिक्री की** है। 4. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मई तक चुनाव अवश्य कराने का **आदेश दिया** है।
62.	dedicate	(v) - **समर्पित करना**	The Prime Minister has **dedicated** the Atomic Power Plant to the nation.	प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को परमाणु विद्युत संयंत्र **समर्पित किया** है।
63.	dedication	(n) - समर्पण	The Secretary has admired the hard work and **dedication** of the officer.	सचिव ने अधिकारी की कड़ी मेहनत और **समर्पण** की प्रशंसा की है।
64.	deductible	(n)/ (adj) - कटौती-योग्य	1. The donation has been shown as a **deductible** in income tax form. 2. The income tax is **deductible** from salary.	1. आयकर फार्म में दान को **कटौती-योग्य** दिखाया गया है। 2. आयकर वेतन से **कटौती योग्य** है।
65.	deduction	(n) - कटौती*	Certain other **deductions** are not allowed in determining Gross Income.	सकल आय के निर्धारण में कुछ अन्य **कटौतियों** को शामिल करने की अनुमति नहीं है।
66.	deduction at source	स्रोत पर कटौती*	After certain **deductions** at source, the net income	**स्रोत पर कुछ कटौतियों** के बाद, शुद्ध आय 30,000/- रुपए बनी।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			arrived at Rs. 30,000/-.	
67.	deduction from salary	वेतन से कटौती*	The concerned employee has submitted an undertaking to the effect that **deduction from his salary** may be made towards payment of housing loan installment.	संबंधित कर्मचारी ने आवास ऋण की किस्त की अदायगी के लिए अपने **वेतन से कटौती** के लिए वचनबंध प्रस्तुत किया है।
68.	deed	(n) - 1. **कार्य** 2. विलेख (विधि)	1. The officer is remembered for his good **deeds**. 2. The Title **Deed** has bbeen registered.	1. अधिकारी को उनके अच्छे **कार्यों** के लिए स्मरण किया जाता है। 2. हक **विलेख** को पंजीकृत किया गया है।
69.	deemed university	(n) - मानित विश्वविद्यालय	The institution has been upgraded to a **deemed university**.	संस्थान को उन्नत करके **मानित विश्वविद्यालय** बनाया गया है।
70.	deface	(v) - विरूपित करना, विकृत करना	To **deface** a currency is a punishable offence.	मुद्रा को **विरूपित करना** दंडनीय अपराध है।
71.	defalcation	(n) - ग़बन	A case of **defalcation** has been registered against the treasurer.	कोषाध्यक्ष के खिलाफ **गबन** का मामला दर्ज किया गया है।
72.	defamation	(n) - मानहानि*	The company has sued for **defamation**.	कंपनी ने **मानहानि** का वाद दायर किया है।
73.	defamatory	(adj) - मानहानिकारक	The speech of the Union Leader was highly **defamatory**.	यूनियन नेता का भाषण अत्यंत **मानहानिकारक** था।
74.	default	(n) - 1. चूक*, व्यतिक्रम (adj) - 2. **डिफॉल्ट** 3. बक़ाया (v) - 4. **भुगतान नहीं करना**	1. The incidents of loan **defaults** have risen in the last year. 2. The **default** passwords have been installed on the computers. 3. The borrower has paid the **default** amount. 4. Most of the borrowers are **defaulting** on loan instalments.	1. पिछले वर्ष ऋण चूक की घटनाएं बढ़ी हैं। 2. कंप्यूटरों पर **डिफ़ॉल्ट** पासवर्ड डाले गए। 3. उधारकर्ता ने बक़ाया राशि का **भुगतान** कर दिया है। 4. अधिकांश उधारकर्ता ऋण की किस्तों का **भुगतान नहीं कर** रहे हैं।
75.	defaulter	(n) - **बक़ायादार**, चूक करनेवाला,	The **defaulter** has been asked to deposit	**बक़ायादार** को जुर्माना के रूप में 5000/- रुपए जमा करने को

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		व्यतिक्रमी	Rs. 5000/- as penalty.	कहा गया है।
76.	defective	(adj) - **दोषपूर्ण**, सदोष, त्रुटिपूर्ण	The stores section has identified **defective** computers.	भंडार अनुभाग ने **दोषपूर्ण** कंप्यूटरों की पहचान की है।
77.	defence	(n) - 1. रक्षा*, बचाव 2. प्रतिवाद	1. The nation salutes those soldiers who died in **defence** of our country. 2. What points can be raised in **defence** of this argument?	1. देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों को **राष्ट्र** नमन करता है। 2. इस तर्क के **प्रतिवाद** में कौन से तर्क प्रस्तुत किए जा सकते हैं?
78.	defendant	(n) - प्रतिवादी	The **defendants** were not parties to the settlement.	**प्रतिवादी** समझौते के पक्षकार नहीं थे।
79.	defer	(v) - **स्थगित करना**, आस्थगित करना	The department has **deferred** the decision for six months.	विभाग ने निर्णय छह महीने के लिए **स्थगित कर दिया** है।
80.	deferred payment	(n) - **विलंबित भुगतान**, आस्थगित भुगतान	In case of **deferred payment**, the bank would pay the amount.	**विलंबित भुगतान** के मामले में, बैंक राशि का भुगतान करेगा।
81.	defiance	(n) - अवज्ञा*	Nuclear testing was resumed in **defiance** of an international ban.	अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध की **अवज्ञा** करते हुए परमाणु परीक्षण फिर से प्रारंभ किया गया था।
82.	deficiency	(n) - कमी*	There are certain **deficiencies** in the on-line registration system of beneficiaries.	लाभार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली में कुछ **कमियां** हैं।
83.	deficit	(n) - घाटा, कमी*	The trade balance has been in **deficit** for the past two years.	पिछले दो साल से व्यापार संतुलन **घाटे** में रहा है।
84.	deficit budget	(n) - घाटे का बजट	The Finance Minister has presented a **deficit budget**.	वित्त मंत्री ने **घाटे का बजट** पेश किया है।
85.	define	(v) - 1. निश्चित करना, **निर्धारित करना** 2. परिभाषा देना, **परिभाषित करना**	1. We need to **define** the plan of action very clearly. 2. The term 'mental illness' is difficult to **define**.	1. हमें से कार्य योजना को सुस्पष्ट रूप **निर्धारित करने** की आवश्यकता है। 2. 'मानसिक बीमारी' को **परिभाषित करना** कठिन है।
86.	defunct	(adj) - **निष्क्रिय**	The company has been **defunct** since 2010.	कंपनी 2010 से **निष्क्रिय** हो गई है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
87.	defy	(v) - 1. अवज्ञा करना 2. **विरोध करना**	1. The protestors have **defied** the blockade by breaking the barricade. 2. The members of the Society have **defied** the general body meeting.	1. प्रदर्शनकारियों ने अवरोध तोड़कर नाकाबंदी की **अवज्ञा की** है। 2. सोसायटी के सदस्यों ने आम सभा की बैठक का **विरोध किया** है।
88.	degrade	(v) - 1. **ग्रेड घटाना** 2. **दर्जा घटाना** 3. **मर्यादा कम करना**	1. The post of the Head Clerk has been **degraded** to Upper Division Clerk. 2. The office has been **degraded** to a Service Centre. 3. The banned advertisement is offensive and **degrades** teachers.	1. प्रधान लिपिक के पद का **ग्रेड घटाकर** प्रवर श्रेणी लिपिक कर दिया गया है। 2. कार्यालय का **दर्जा घटाकर** उसे सेवा केंद्र बना दिया गया है। 3. प्रतिबंधित विज्ञापन अपमानजनक है और शिक्षकों की **मर्यादा को कम करता** है।
89.	degradation	(n) - 1. **अपकर्ष**, निम्नीकरण (v) - 2. पद घटाना, ग्रेड घटाना	The Government is concerned over the environmental **degradation** of the coastal areas.	सरकार तटीय क्षेत्रों के पर्यावरण के **अपकर्ष** को लेकर चिंतित है।
90.	degree	(n) - 1. डिग्री*, उपाधि*, उपाधि-पत्र 2. **स्तर,** मात्रा* 3. **स्तर**, कोटि*, घात 4. डिग्री*, अंश, अंशांक	1. The candidate should posses Master **Degree** in Hindi Literature. 2. These man-made barriers will ensure a high **degree** of protection. 3. This job demands a high **degree** of skill. 4. The temperature of the computer laboratory should be maintained at 20 to 24 **degree** Celsius.	1. प्रत्याशी के पास हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर **उपाधि** होनी चाहिए। 2. ये मानव निर्मित अवरोध उच्च **स्तर** की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। 3. इस काम के लिए उच्च **कोटि** की कुशलता अपेक्षित है। 4. कंप्यूटर प्रयोगशाला का तापमान 20 **डिग्री** से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच बनाए रखना चाहिए।
91.	delay	(n) - 1. विलंब, **देरी** (v) - 2. **विलंब करना/होना**, **देर करना/होना**	1. We apologize for the **delay** in answering your letter. 2. The Reserve Bank of India may **delay** the cut in interest rates.	1. आपके पत्र का उत्तर देने में हुई **देरी** के लिए क्षमा करें। 2. भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दर कम करने में **विलंब कर** सकता है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
92.	delayed tender	(n) - विलंबित टेंडर, विलंबित निविदा*	The **delayed tender** will not be considered.	**विलंबित निविदा** पर विचार नहीं किया जाएगा।
93.	delegate	(n) - 1. प्रतिनिधि 2. (V) - **सौंपना**, प्रत्यायोजित करना, दे देना	1. The conference was attended by **delegates** from 56 countries. 2. The job had to be **delegated** to an assistant. 3. The Chairman has been **delegated** the authority of Head of the Department.	1. सम्मेलन में 56 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। 2. यह कार्य किसी सहायक को **सौंपना** था। 3. अध्यक्ष को विभाग प्रमुख का प्राधिकार प्रत्यायोजित किया गया है।
94.	delegation	(n) - प्रतिनिधि मंडल, प्रत्यायोजन	1. A **delegation** of teachers has met the Education Minister. 2. The **delegation** of additional tasks should be rationalized.	1. शिक्षकों का **प्रतिनिधिमंडल** शिक्षा मंत्री से मिला। 2. अतिरिक्त कार्य के **प्रत्यायोजन** को तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए।
95.	delegation of powers	(np) - शक्तियों का प्रत्यायोजन	The Director has **delegated** certain financial **powers** to the Head of the Office.	निदेशक ने कुछ **वित्तीय शक्तियां** कार्यालयाध्यक्ष को **प्रत्यायोजित** की हैं।
96.	delete	(v) - हटाना, निकालना	The names of the retired officers have been **deleted** from the list.	सेवानिवृत्त अधिकारियों के नाम सूची से **हटा दिए** गए हैं।
97.	deletion	(n) - लोप, हटा दिया जाना	The Editor has made some **deletions** to the manuscript.	संपादक ने पांडुलिपि में से कुछ अंश **हटा दिए** हैं।
98.	deliberately	(adv) - जान-बूझकर	The witness has made false statement **deliberately**.	गवाह ने **जानबूझकर झूठा** बयान दिया है।
99.	deliberation	(n) - विचार-विमर्श	The **deliberations** of the committee are completely confidential.	समिति का **विचार-विमर्श** पूरी तरह से गोपनीय है।
100.	delimitation	(n) - परिसीमन	The work of **delimitation** of the municipal area is in progress.	नगर निगम क्षेत्र के **परिसीमन** का कार्य चल रहा है।
101.	delinquency	(n) - **अपराध,** अपचार	There has been an increase in juvenile	गत दो वर्ष से किशोर **अपराध** में वृद्धि हुई है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			delinquency since last two years.	
102.	deliver	(v) - 1.**वितरित करना**, देना, सौंपना 2. **सुनाना** 3. **(व्याख्यान) देना** 4. **हासिल करना** 5. जन्म देना, जनना 6. **प्रसव में सहायता करना**	1.The letter has been **delivered** in time. 2. The Justice finally delivered the verdict. 3. The Prime Minister has **delivered** a lecture on Good Governance. 4. The team **delivered** a stunning victory. 5. She **delivered** a baby this morning. 6. The doctor **delivered** her of twins.	1. पत्र समय से **वितरित किया** गया है। 2. न्यायाधीश ने अंततः अपना फैसला **सुनाया**। 3. प्रधानमंत्री ने सुशासन पर **व्याख्यान दिया** है। 4. टीम ने शानदार जीत **हासिल की**। 5. उसने आज सुबह एक बच्चे को **जन्म दिया**। 6. डॉक्टर ने उसके जुड़वा बच्चों के **प्रसव में सहायता की**।
103.	delivery	(n) - 1.वितरण; सुपुर्दगी*; परिदान 2. **प्रस्तुति***; 3. **प्रदायगी*** 4. प्रसव, **जन्म**	1. The timely **delivery** of the consignment should be ensured. 2. The speech was ruined by his poor **delivery**. 3. The timely **delivery** of public services should be ensured. 4. The **delivery** of an elephant cub has been reported by the zoo authority.	1. प्रेषित माल की समय पर **सुपुर्दगी** सुनिश्चित की जानी चाहिए। 2. दोषपूर्ण **प्रस्तुति** के कारण उनका भाषण प्रभाव नहीं डाल पाया। 3. सार्वजनिक सेवाओं की समय पर **प्रदायगी** सुनिश्चित की जानी चाहिए। 4. चिड़ियाघर प्राधिकरण ने एक हाथी शावक के **जन्म** की सूचना दी है।
104.	demand	(n) - 1. माँग*, अभियाचना* (v) - 2. **माँग करना**	1. There is an increased **demand** for petroleum products these days. 2. The enquiry committee has **demanded** an immediate explanation.	1. इन दिनों पेट्रोलियम उत्पादों की **माँग** बढ़ी है। 2. जांच समिति ने तत्काल स्पष्टीकरण की **मांग की** है।
105.	demarcation	(n) - सीमांकन	Talks are continuing about the **demarcation** of the border between the two countries.	दोनों देशों के बीच **सीमांकन** के लिए वार्ता जारी है।
106.	demerits	(n) - **दोष**, अवगुण	Before making a decision, we should think over the merits	निर्णय लेने से पहले, हमें योजना के गुण और **दोष** पर विचार कर

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			and **demerits** of the scheme.	लेना चाहिए।
107.	demi-official letter (D.O.)	(n) - अर्ध-शासकीय पत्र	The Secretary, DOL has written a **demi-official letter** to the Secretary, External Affairs regarding adoption of Hindi as a language of UNO.	सचिव, राजभाषा विभाग ने संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा के रूप में हिंदी को अपनाने के बारे में विदेश सचिव को **अर्ध-शासकीय पत्र** लिखा है।
108.	democratic	(adj) - लोकतांत्रिक	India is a **democratic** country.	भारत **लोकतांत्रिक** देश है।
109.	demolish	(v) - **ध्वस्त करना**	The Authority has **demolished** the unauthorized buildings.	प्राधिकरण ने अनधिकृत भवनों को **ध्वस्त कर दिया** है।
110.	demolition	(n) - ढहाना	The **demolition** of the old office building is in progress.	पुराने कार्यालय भवन को **ढहाना** जारी है।
111.	demonstration	(n) - प्रदर्शन, निदर्शन, निरुपण	The NIC provides **demonstration** of videoconferencing over the Internet.	एनआईसी इंटरनेट पर वीडियो कांफ्रेंसिंग का **प्रदर्शन** करता है।
112.	demoralize	(v) - **मनोबल गिराना**	Constant criticism by the higher officers is enough to **demoralize** the subordinate staff.	उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार आलोचना, अधीनस्थ कर्मचारियों का **मनोबल गिराने** के लिए पर्याप्त है।
113.	demoralization	(n) - **मनोबल गिरना,** मनोबल-ह्रास, नैतिक पतन	The lack of career progression in the institution resulted in the **demoralization** of its staff.	संस्था में कॅरिअर उन्नयन की कमी के कारण कर्मचारियों का **मनोबल गिरा** है।
114.	demote	(v) - पदावनत करना	The employee has been **demoted** as a measure of punishment.	कर्मचारी को दंड के रूप में **पदावनत किया** गया है।
115.	demotion	(n) - **पदावनति***	The employee has filed a case in CAT against his **demotion**.	कर्मचारी ने अपनी **पदावनति** के खिलाफ कैट में मामला दायर किया है।
116.	demurrage	(n) - विलंब-शुल्क, डेमरेज	The company has paid **demurrage** to the Railway.	कंपनी ने रेलवे को **विलंब शुल्क** का भुगतान किया है।
117.	denial	(n) - इनकार, नकार,	The terrorists issued a **denial** of	आतंकवादियों ने हमले की जिम्मेदारी लेने से **इनकार** किया।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		प्रत्याख्यान(विधि)	responsibility for the attack.	
118.	denomination	(n) -1. मूल्य वर्ग 2. अंकित मूल्य 3. अभिधान	The Department of Posts has released a new stamp of Rs. 10/- **denomination**.	डाक विभाग ने 10/- रूपए **मूल्य वर्ग** की एक नई डाक टिकट जारी की है।
119.	deny	(v) - **इनकार करना**, नकारना, प्रत्याख्यान करना(विधि)	1. The police have **denied** responsibility for the incident occurred. 2. The reporters were **denied** access to the information.	1. पुलिस ने घटना की जिम्मेदारी लेने से **इनकार किया** है। 2. पत्रकारों को जानकारी उपलब्ध कराने से **इनकार किया** गया।
120.	depart	(v) - 1. प्रस्थान करना, रवाना होना 2. विचलित होना, **हटना** 3. हटाना 4. दिवंगत होना 5. **छोड़ देना**	1. Flight No. AI 502 will **depart** from Terminal - 3. 2. **Departing** from his usual routine, the officer took a bus to the office. 3. The part-time worker **departed** his job.	1. उड़ान संख्या एआई 502 टर्मिनल - 3 से **प्रस्थान करेगी**। 2. सामान्य दिनचर्या से **हटकर**, अधिकारी ने कार्यालय जाने के लिए बस ले ली। 3. अंशकालिक कामगार ने अपना काम **छोड़ दिया**।
121.	department	(n) - विभाग	The **department** has initiated action against the supplier.	**विभाग** ने आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।
122.	departmental	(adj) - विभागीय	A **departmental examination** is proposed for promotion of the employees.	कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए **विभागीय** परीक्षा प्रस्तावित है।
123.	departmental enquiry	(n) - विभागीय जांच*	A **departmental enquiry** was conducted for the train accident.	रेल दुर्घटना की **विभागीय जांच** की गई।
124.	departure	(n) - 1.प्रस्थान, **रवाना** 2. विचलन	1. Flights should be confirmed 48 hours before **departure**. 2. This incident is a radical departure from the established law.	1. **रवाना** होने से 48 घंटे पहले उड़ानों की पुष्टि की जानी चाहिए। 2. यह घटना स्थापित कानून से आमूल विचलन है ।
125.	dependent	(adj) - आश्रित, **निर्भर**	1. A government employee can avail LTC for his **dependent** parents. 2. The local economy	1. सरकारी कर्मचारी अपने **आश्रित** माता - पिता के लिए एल.टी.सी. का लाभ ले सकता है। 2. **स्थानीय अर्थव्यवस्था**

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			is **dependent** on tourism.	पर्यटन पर **निर्भर** है।
126.	deploy	(v) - **तैनात करना,** परिनियोजित करना	The Government has **deployed** Rapid Action Force in the disturbed area of the city.	सरकार ने शहर के उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई बल **तैनात किया** है।
127.	deployment	(n) - **तैनाती*,** परिनियोजन	The Government is considering the **deployment** of additional troops along with the border.	सरकार सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों की **तैनाती** पर विचार कर रही है।
128.	deponent	(n) - अभिसाक्षी, **बयान देने वाला**	The **deponent** has been cross-examined.	अदालत में **बयान देने वाले** व्यक्ति से जिरह की गई है।
129.	deport	(v) - **देश निकाला देना, निर्वासित करना**	All illegal immigrants were **deported** earlier this month.	सभी अवैध आप्रवासियों को इस महीने के शुरू में **देश निकाला दे दिया गया**।
130.	deportation	(n) - **निर्वासन**, देशनिकाला, विवासन(विधि)	Several of the asylum seekers now face **deportation**.	शरण चाहने वालों में से अनेक अब **निर्वासन** का सामना कर रहे हैं।
131.	depose	(v) - 1. अभिसाक्ष्य देना, **गवाही देना, बयान देना** 2. **अपदस्थ करना, पदच्युत करना**	1. The employee **deposed** that he was innocent. 2. The President of the neighbouring state was **deposed** in a military coup.	1. कर्मचारी ने **गवाही दी** कि वह निर्दोष है। 2. पड़ोसी राज्य के राष्ट्रपति को सैन्य तख्तापलट में **अपदस्थ** किया गया था।
132.	deposit	(n) - 1. जमा 2. **भंडार**, निक्षेप (v) - **जमा करना**	1. **Deposits** can be made at any branch of SBI. 2. A huge iron **deposit** has been found near Bailadila. 3. Guests may **deposit** their valuables in the hotel safe. 4. The employee has **deposited** the penal interest.	1. भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में राशि **जमा** कराई जा सकती है। 2. बैलाडिला के पास लोहे का विशाल **भंडार** मिला है। 3. अतिथि होटल की तिजोरी में अपने क़ीमती सामान **जमा कर** सकते हैं। 4. कर्मचारी ने दंड ब्याज **जमा कर दिया** है।
133.	depot	(n) - डिपो, आगार	The number of bus **depot** of Delhi Transport Corporation should	बसों के सुचारु संचालन के लिए दिल्ली परिवहन निगम के बस **डिपो** की संख्या में वृद्धि की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			be increased for smooth functioning.	जानी चाहिए।
134.	depreciation	(n) - मूल्यह्रास, अवक्षय	There has been a gradual **depreciation** in value of the assets of the company.	कंपनी की परिसंपत्ति का क्रमिक **मूल्यह्रास** हुआ है।
135.	depressed class	(n) - **शोषित वर्ग**, दलित वर्ग	The Government is committed to uplift the **depressed class** of the society.	सरकार समाज के **शोषित वर्ग** के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।
136.	deprive	(v) - वंचित करना, वंचित होना	The slum dwellers are **deprived** of their basic needs.	झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोग बुनियादी जरूरतों से **वंचित** हैं।
137.	depute	(v) - 1. **प्रतिनियुक्ति पर भेजना** 2. **प्रतिनिधित्व के लिए भेजना**	1. The officer has been **deputed** for 1 year training. 2. The General Secretary of the Employee's Union was **deputed** to put the employee's views to the committee.	1. अधिकारी को एक वर्ष के प्रशिक्षण के लिए **प्रतिनियुक्त पर भेजा गया** है। 2. कर्मचारियों के विचारों को समिति के सामने प्रस्तुत करने हेतु कर्मचारी संघ के महासचिव को **प्रतिनिधित्व के लिए भेजा** गया।
138.	deputation	(n) - 1. प्रतिनियुक्ति 2. **प्रतिनिधि मंडल**, शिष्टमंडल	1. The officer is on **deputation** for three years. 2. A **deputation** of senior citizens has met the Police Commissioner.	1. अधिकारी तीन साल के लिए **प्रतिनियुक्ति** पर है। 2. वरिष्ठ नागरिकों के **प्रतिनिधि मंडल** ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की है।
139.	deputation allowance	(n) - प्रतिनियुक्ति भत्ता	5% **deputation** allowance is allowed in addition to bad climate allowance.	विषम जलवायु भत्ते के अलावा 5% **प्रतिनियुक्ति** भत्ते की अनुमति है।
140.	deputy	(n) - उप	The two posts of **Deputy** Director are vacant since last two years.	**उप** निदेशक के दो पद पिछले दो सालों से खाली पड़े हैं।
141.	dereliction	(n) - **लापरवाही***, अवहेलना*,	The police officers were found guilty of serious **dereliction** of duty.	पुलिस अधिकारियों को कर्तव्य में गंभीर **लापरवाही** का दोषी पाया गया।
142.	dereservation	(n) - वि-आरक्षण, आरक्षण हटाना	A proposal for **dereservation** of some reserved posts is being considered.	कुछ आरक्षित पदों से **आरक्षण हटाने** के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।
143.	derogation	(n) - **अवमानना***,	Any **derogation** of	कानून की किसी **अवमानना** की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		अनादर, अल्पीकरण	the law is to be dealt with strictly.	घटना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
144.	derogatory remarks	(n) - **अपमानजनक टिप्पणी***, अनादरसूचक अभ्युक्ति*	The employee has withdrawn the **derogatory remarks** made about his officer.	कर्मचारी ने अपने अधिकारी के बारे में की गई **अपमानजनक टिप्पणी** को वापस ले लिया है।
145.	description	(n) - वर्णन, विवरण	Police has issued a **description** of the suspect.	पुलिस ने संदिग्ध का **विवरण** जारी किया है।
146.	deserving	सुपात्र, **उचित**	The fund could be used for more **deserving** causes.	निधि का इस्तेमाल अधिक **उचित** प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है।
147.	design	(n) - 1. अभिकल्प, डिजाइन (v) - 2. **डिजाइन करना**	1. The basic **design** of the power plant is very similar to that of the earlier power plants. 2. A rehabilitation plan has been **designed** for the flood affected areas.	1. बिजली संयंत्र का मूल **डिजाइन** पहले के बिजली संयंत्रों के समान है। 2. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पुनर्वास योजना **डिजाइन की** गई है।
148.	designate	(adj) - 1. **मनोनीत**, नामोद्दिष्ट (v) - 2. **नामित करना**, मनोनीत करना, अभिहित करना, 3. नामोद्दिष्ट करना	1. The **designate** Prime Minister has addressed the Press. 2. The Media Advisor has been **designated** as Spokesperson.	1. **मनोनीत** प्रधानमंत्री ने प्रेस को संबोधित किया है। 2. मीडिया सलाहकार को प्रवक्ता के रूप में **नामित किया** गया है।
149.	designation	(n) - पदनाम	A proposal has been moved for change of the **designation** of Senior Translator.	वरिष्ठ अनुवादक के **पदनाम** को बदलने के लिए एक प्रस्ताव भेजा गया है।
150.	despatch	(v) - प्रेषण, रवानगी*; प्रेषित करना, रवाना करना, भेजना	The letter has been **despatched** in time.	पत्र समय पर **भेज** दिया गया है।
151.	despatcher	(n) - प्रेषक, भेजनेवाला	The **despatcher** should ensure proper address on the envelope before despatching it.	**प्रेषक** को लिफाफा भेजने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस पर ठीक पता लिखा गया है।
152.	despatch register	(n) - प्रेषण रजिस्टर	**Despatch register** should be checked	नियंत्रण अधिकारी द्वारा **प्रेषण रजिस्टर** की साप्ताहिक जाँच की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			weekly by the controlling officer.	जानी चाहिए।
153.	destination	(n)/(adj) - गंतव्य स्थल, लक्ष्य	The plane has reached the **destination**.	विमान **गंतव्य स्थल** पर पहुँच गया है।
154.	destitute	(adj) - निराश्रित, **बेसहारा**	The villagers were left completely **destitute** due to flood.	बाढ़ की वजह से ग्रामीण पूरी तरह से **बेसहारा** हो गए।
155.	detail	(n) - 1. ब्योरा, **विवरण** (v) - 2. **विवरण देना,** काम पर भेजना	1. The fine **detail** of the plan has yet to be worked out. 2. The brochure **details** all the hotels in the area and their facilities.	1. योजना का सूक्ष्म **विवरण** अभी तैयार किया जाना है। 2. विवरणिका में क्षेत्र के सभी होटल और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का **विवरण दिया गया** है।
156.	detailed	(adj) - विस्तृत, ब्योरेवार	The letter contains a **detailed** account of the decision.	पत्र में निर्णय का **विस्तृत** ब्योरा दिया गया है।
157.	detailed statement	(n) - विस्तृत विवरण	A **detailed** statement is attached with this letter.	इस पत्र के साथ **विस्तृत विवरण** संलग्न है।
158.	detain	(v) - **हवालात में रखना**, रोकना, निरुद्ध करना,	The suspect has been **detained** for questioning.	संदिग्ध को पूछताछ के लिए **हवालात में रखा** गया है।
159.	detainee	(n) - **बंदी**, नजरबंद, निरुद्ध व्यक्ति	The **detainee** has been released.	**बंदी** को रिहा कर दिया गया है।
160.	detect	(v) - 1. **खोजना, ढूंढना** 2. पता लगाना, पकड़ना,	1. The fault of the machine has been **detected**. 2. The tests are designed to **detect** the disease early.	1. मशीन की खराबी **ढूंढ ली** गई है। 2. प्रारंभ में ही बीमारी का **पता लगाने** के लिए इन परीक्षणों को डिजाइन किया गया है।
161.	detection	(n) - 1. **खोज** (v) - 2. पता लगाना	Last year the **detection** rate for car theft was just 16%.	पिछले साल कार चोरी का **पता लगाने** की दर मात्र 16% थी।
162.	detective	(n) - गुप्तचर, जासूस	The **detectives** from the anti-terrorist squad are investigating the blast case.	आतंकवाद निरोधी दस्ते के **जासूस** विस्फोट मामले की जांच कर रहे हैं।
163.	detention	(n) - निरोध, (रेल को) रोक देना, **कैद**	The suspect was held in **detention** for five days.	संदिग्ध को पांच दिनों के लिए **कैद** में रखा गया था।
164.	determine	(v) -1. **पता लगाना,**	1. An inquiry	1. दुर्घटना के कारण का **पता**

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		निर्धारित करना 2. **प्रतिबद्ध होना**	committee was constitued to **determine** the cause of the accident. 2. The committee has **determined** the norms for the induction training. 3. The Government is **determined** to eradicate the poverty.	**लगाने** के लिए जांच समिति गठित की गई थी। 2. समिति ने प्रवेश प्रशिक्षण के लिए मानदंड **निर्धारित किए** हैं। 3. सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए **प्रतिबद्ध** है।
165.	determination	(n) - 1. निर्धारण 2. अवधारण 3. संकल्प	1. The economic factors have influenced the **determination** of future policy. 2. The social activist fought the legal battle with courage and firm **determination**.	1. आर्थिक कारकों ने भावी नीति के **निर्धारण** को प्रभावित किया है। 2. सामाजिक कार्यकर्ता ने साहस और दृढ़ **संकल्प** के साथ कानूनी लड़ाई लड़ी।
166.	deterrence	(n) - **निवारण**, प्रतिवारण	The nuclear **deterrence** is not enough for security and peace.	परमाणु **निवारण** सुरक्षा और शांति के लिए पर्याप्त नहीं है।
167.	deterrent	(n)/(adj) - **निवारक**, प्रतिवारक	1. Punishment is not necessarily a **deterrent** to crime. 2. The nuclear **deterrent** capacity is still an effective factor in the balance of power.	1. यह जरूरी नहीं है कि सजा अपराध के लिए **निवारक** हो। 2. परमाणु **निवारक** क्षमता अभी भी शक्ति संतुलन में एक प्रभावी कारक है।
168.	detriment	(n) - अहित	The excessive intake of tobacco may cause **detriment** one's life.	तंबाकू का अत्यधिक सेवन जीवन का **अहित** कर सकता है।
169.	detrimental	(adj) - अहितकर	The policy will be **detrimental** to the peace process.	यह नीति शांति प्रक्रिया के लिए **अहितकर** होगी।
170.	devalue	(v) - **अवमूल्यन करना, मूल्य गिराना**	The neighbouring country has **devalued** its currency by 10 percent to meet out the financial crisis.	पड़ोसी देश ने वित्तीय संकट से बाहर निकलने के लिए अपनी मुद्रा का 10 प्रतिशत **मूल्य गिराया है**।
171.	devaluation	(n) - अवमूल्यन	There has been a further small	डॉलर के मुकाबले रुपए का थोड़ा और **अवमूल्यन** हुआ है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			devaluation of the rupee against the dollar.	
172.	devastate	(v) - **विनाश करना**, **विनाश होना**, **तबाह करना**, **तबाह होना**	The bomb has **devastated** the railway station.	बम से रेलवे स्टेशन **तबाह हो गया** है।
173.	devastation	(n) - **तबाही**, विध्वंस, विनाश	The explosion caused widespread **devastation**.	विस्फोट बड़े पैमाने पर **तबाही** का कारण बना।
174.	develop	(v) - 1. **विकसित होना** 2. **विकसित करना** 3. **तैयार करना** 4. **बढ़ना**, **बढ़ाना** 5. **(शुरू) होना, आना** 6. **फैलना**, **फैलाना** 7. **(फिल्म) धोना** 8. **विस्तार करना**	1.The place has rapidly **developed** from a small fishermen's village into a thriving tourist resort. 2. The site is being **developed** by a French company. 3. The company **develops** and markets new softwares. 4. The relationship between the two countries has **developed** over a number of years. 5. The lift **developed** a trouble and it stopped. 6. A crisis was rapidly **developing** in the Gulf. 7. The photographer had the film **developed** yesterday. 8. The writer has **developed** the theme more widely in her later books.	1. यह स्थान मछुआरों के एक छोटे से गांव से तेजी से एक संपन्न पर्यटन स्थल के रूप में **विकसित हुआ** है। 2. इस स्थल को एक फ्रांसीसी कंपनी द्वारा **विकसित किया** जा रहा है। 3. कंपनी नए सॉफ्टवेयर **तैयार करती** है और बाजार में बेचती है। 4. वर्षों से दोनों देशों के बीच संबंध **बढ़ा** है। 5. लिफ्ट में खराबी **आई** और यह बंद हो गई। 6. खाड़ी में संकट तेजी से **फैल रहा** था। 7. फोटोग्राफर ने कल फिल्म **धोई** थी। 8. लेखिका ने अपनी परवर्ती किताबों में विषय का और अधिक **विस्तार किया** है।
175.	developed country	(n) - **विकसित देश**	The **developed countries** should provide financial and technical assistance to the underdeveloped countries.	**विकसित देशों** को चाहिए कि वे अविकसित देशों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करें।
176.	developing	(n) - **विकासशील**	Being a **developing**	**विकासशील देश** होने के नाते

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
	country	**देश**	**country**, India is trying to make its industry and economy more advanced.	भारत अपने उद्योग और अर्थ व्यवस्था को और अधिक उन्नत बनाने के लिए प्रयास कर रहा है।
177.	development	(n) - 1. **प्रगति*** 2. विकास	1. Police said there had been a significant development in the case. 2. The talks will focus on economic **development** of the region.	1. पुलिस ने कहा कि मामले में महत्वपूर्ण **प्रगति** हुई है। 2. यह वार्ता क्षेत्र के आर्थिक **विकास** पर केंद्रित होगी।
178.	deviate	(v) - **हटना**, विचलित होना	The flight had to **deviate** from its usual route because of a bad weather.	खराब मौसम की वजह से विमान को अपने सामान्य मार्ग से **हटना** पड़ा।
179.	deviation	(n) - विचलन, अंतर	This is a case of **deviation** from the original plan.	यह मूल योजना से **विचलन** का मामला है।
180.	device	(n) - 1. **उपकरण**, **यंत्र** 2. **बम** 3. युक्ति*, साधन	1. A water-saving **device** is being developed by the engineers. 2. A powerful **device** exploded outside the station. 3. The report was a **device**, used to hide rather than reveal problems.	1. इंजीनियर पानी की बचत के **उपकरण** ईजाद कर रहे हैं। 2. स्टेशन के बाहर एक शक्तिशाली **बम** विस्फोट हुआ। 3. रिपोर्ट का इस्तेमाल समस्याओं को उजागर करने के बजाय उन्हें छिपाने के **साधन** के रूप में किया गया था।
181.	devise	(v) - **विकसित करना**, **तैयार करना**	A new system has been **devised** to control the traffic in the city.	शहर में यातायात को नियंत्रित करने के लिए नई प्रणाली **विकसित** की गई है।
182.	devolve	(v) - **सौंपना**	The state government has **devolved** the most of the tax-raising powers to the regional authorities.	राज्य सरकार ने कर उगाही की अधिकांश शक्तियां क्षेत्रीय प्राधिकरणों को **सौंपी** हैं।
183.	devote	(v) - 1.**समर्पित करना**, **अर्पित करना** 2. **केंद्रित करना**, **केंद्रित होना**	1. The engineer has decided to devovte the rest of his life to scientific investigation. 2. The meeting will be	1. इंजीनियर ने अपना शेष जीवन वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए **समर्पित करने** का फैसला किया है। 2. बैठक स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों पर **केंद्रित होगी**।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			devoted to health and safety issues.	
184.	devotion	(n) - **समर्पण**, निष्ठा*	The scientist has been rewarded for his **devotion** to the research work.	वैज्ञानिक को अनुसंधान कार्य के प्रति **समर्पण** के लिए पुरस्कृत किया गया है।
185.	diagram	(n) - आरेख	The results are shown in **diagram**-2.	परिणाम **आरेख**-2 में दिखाए गए हैं।
186.	dial	(n) - **डायल** (v) - **डायल करना**	1. Check the air pressure on the **dial**. 2. For police help, please **dial** 100.	1. **डायल** पर हवा के दबाव की जाँच करें। 2. पुलिस की मदद के लिए 100 नंबर **डायल करें**।
187.	dialogue	(n) - **बातचीत***, संवाद	The spokesperson told the reporters that there had been a constructive **dialogue** between the two countries.	प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि दोनों देशों के बीच रचनात्मक **बातचीत** हुई।
188.	diarize	(v) - डायरी करना	The Assistant has **diarized** all the documents.	सहायक ने सभी दस्तावेजों को **डायरी किया** है।
189.	diary	(n) - डायरी*, दैनिकी*, दैनंदिनी*	The Private Secretary has put the meeting date in his **diary**.	निजी सचिव ने अपनी **डायरी** में बैठक की तारीख दर्ज की है।
190.	diaspora	(n) - **डायास्पोरा**, **प्रवासी**	The Indian diaspora has contributed a lot in the economic development of India.	भारतीय **डायास्पोरा** ने भारत के आर्थिक विकास में बहुत योगदान दिया है।
191.	dictate	(v) - 1. बोलकर लिखाना 2. **आदेश देना**, हुक्म चलाना	1. The Director has **dictated** a letter to his Personal Assistant. 2. The Manager has **dictated** the Supervisors to continue the production.	1. निदेशक ने अपने निजी सहायक से **बोलकर पत्र लिखाया** है। 2. प्रबन्धक ने सुपरवाइजरों को उत्पादन जारी रखने के लिए **आदेश दिया** है।
192.	dictation	(n) - श्रुतलेख	There were no private secretaries available to take **dictation**.	**श्रुतलेख** के लिए कोई भी निजी सचिव उपलब्ध नहीं था।
193.	dies non	(n) - अकार्य दिवस, अदिन	The unauthorized absence from duty will be treated as	ड्यूटी से अनधिकृत अनुपस्थिति को **अकार्य दिवस** माना जाएगा।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			dies non.	
194.	differ	(v) - 1. **भिन्न होना**, **अंतर होना**, **अलग होना** 2. **मतभेद होना**, **असहमत होना**	1.Medical opinion differs as to how to treat the disease. 2. The experts **differ** in this matter.	1. इस बीमारी का इलाज किस तरह किया जाए - इस पर चिकत्सीय राय में **अंतर** है। 2. इस मामले पर विशेषज्ञों में **मतभेद** हैं।
195.	difference	(n) - 1. **भिन्नता***, **अंतर** 2. **मतभेद**	1. There are no significant differences between the education systems of the two countries. 2. The management and the workers have settled their **differences**.	1. दोनों देशों की शिक्षा प्रणालियों में कोई महत्वपूर्ण **अंतर** नहीं हैं। 2. प्रबंधन और श्रमिकों ने अपने **मतभेदों** को सुलझा लिया हैं।
196.	different	(adj) - **पृथक, अलग, भिन्न**	The members have expressed diffe*rent views.	सदस्यों ने **अलग-अलग** विचार व्यक्त किए हैं।
197.	differential rate	(n) - **भिन्न दर***, विभेदक दर*	There exist differential rates of pay according to the experience in the organization.	संगठन में अनुभव के अनुरूप वेतन की **भिन्न दरें** मौजूद हैं।
198.	differentiate	(v) - **भेद होना, भेद करना, अंतर करना**	It is difficult to **differentiate** between the two varieties of the crop.	फसल की इन दो किस्मों के बीच **भेद करना** मुश्किल है।
199.	differently abled	(adj) - **अन्यथा सक्षम**, **भिन्न रूप से सक्षम**	5% percent seats are reserved for the **differently abled** persons.	5% प्रतिशत सीटें **अन्यथा सक्षम** व्यक्तियों के लिए आरक्षित हैं।
200.	difficult	(adj) - **मुश्किल**, **कठिन**	Due to bad weather, it is **difficult** to continue the rescue operation.	खराब मौसम के कारण बचाव अभियान को जारी रखना **कठिन** है।
201.	difficult station	(n) - **असुविधाजनक स्टेशन**, **कठिन स्टेशन**	The employee has been posted to a **difficult station**.	कर्मचारी को **असुविधाजनक स्टेशन** में तैनात किया गया है।
202.	difficulty	(n) - **कठिनाई***	The committee has discussed the **difficulty** of the situation and suggested an action plan.	समिति ने परिस्थिति की **कठिनाई** पर चर्चा की और एक कार्ययोजना प्रस्तावित की।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
203.	digit	(n) - **अंक**	The savings bank account number contains eleven digits.	बचत बैंक खाता संख्या में ग्यारह **अंक** होते हैं।
204.	digital divide	(n) - **डिजिटल अंतर**	The Government is trying to fill the **digital divide** existing in the country.	सरकार देश में मौजूद **डिजिटल अंतर** को पाटने की कोशिश कर रही है।
205.	digital signature	(n) - **डिजिटल हस्ताक्षर**	The **digital signature** of the assessee should be registered with the Income Tax Department for e-filing of the Income Tax Return.	आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग के लिए निर्धारिती का **डिजिटल हस्ताक्षर** आयकर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए।
206.	digitize	(v) - **डिजिटीकरण करना**, **अंकीयकरण करना**	The Government is going to **digitize** all the cable connections in a phased manner.	सरकार सभी केबल कनेक्शनों का चरणबद्ध तरीके से **डिजिटीकरण करने** जा रही है।
207.	diglot edition	(n) - द्विभाषिक संस्करण	The **diglot edition** of the manual has been published.	मैनुअल का **द्विभाषिक संस्करण** प्रकाशित किया गया है।
208.	dignified	(adj) - **गरिमामय**, गरिमापूर्ण	Throughout the celebration, the chief guest maintained a **dignified** presence.	समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने **गरिमामय** उपस्थिति बनाए रखी।
209.	dignitary	(n) - गण्यमान्य, **गणमान्य व्यक्ति**	The **dignitaries** have arrived at the parade ground.	सभी **गणमान्य व्यक्ति** परेड मैदान में पधार चुके हैं।
210.	dignity	(n) - गौरव, मर्यादा*, गरिमा*	The volunteers should maintain their **dignity** under difficult circumstances.	स्वयंसेवकों को कठिन परिस्थितियों में भी अपनी **मर्यादा** बनाए रखनी चाहिए।
211.	digress	(v) - **विषयांतर करना**, **विषयांतर होना**, **भटक जाना**	The member **digressed** from his prepared speech.	सदस्य अपने भाषण में मूल विषय से **भटक गए**।
212.	digression	(n) - **भटकाव**, विषयांतरण	After several **digressions**, the member finally got to the point.	कई बार **भटकने** के बाद, आखिर सदस्य मुद्दे पर आ गए।
213.	dilatory	(adj) - **सुस्त**, विलंबकारी	The role of police department has been **dilatory** in dealing	उपद्रव से निपटने में पुलिस विभाग की भूमिका **सुस्त** रही है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			with the unrest.	
214.	dilemma	(n) - **असमंजस**, दुविधा*	The Reserve Bank Of India faces **dilemma** whether to raise interest rates and slow the economy or lower them and risk serious inflation.	भारतीय रिजर्व बैंक इस बात को लेकर **असमंजस** में है कि क्या ब्याज दरें बढ़ाई जाएं और अर्थव्यवस्था धीमी हो जाए या ब्याज दरें घटाई जाएं और गंभीर मुद्रास्फीति का जोखिम लिया जाए।
215.	diligence	(n) - **परिश्रम**, **कर्मठता**	The police are pursuing inquiries with great **diligence**.	पुलिस अत्यधिक **परिश्रम** के साथ जांच कर रही हैं।
216.	diligent	(adj) - **कर्मठ, मेहनती**, अध्यवसायी, परिश्रमी,	The chief guest has appreciated all the **diligent** and dedicated workers of the organization.	मुख्य अतिथि ने संगठन के सभी **कर्मठ** और समर्पित कार्यकर्ताओं की सराहना की है।
217.	diminish	(v) - **कम होना**, **घटना**, कम करना, घटाना,	The world's natural resources are rapidly **diminishing**.	दुनिया के प्राकृतिक संसाधन तेजी से **घट रहे** हैं।
218.	diplomacy	(n) - राजनय, कूटनीति*	The ambassador has used great **diplomacy** in handling the awkward situation.	राजदूत ने नाजुक स्थिति से निपटने में असाधारण **कूटनीति** का इस्तेमाल किया है।
219.	diplomat	(n) - राजनयिक	Being a **diplomat**, he enjoys diplomatic immunity.	**राजनयिक** होने के नाते उन्हें राजनयिक विशेषाधिकार प्राप्त है।
220.	diplomatic	(adj) - **कूटनीतिक**, राजनयिक	Attempts are being made to settle the dispute by **diplomatic** means.	**कूटनीतिक** माध्यम से विवाद को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
221.	direct	(adj) - 1. प्रत्यक्ष, सीधा (v) - 2. **भेजना** 3. **संचालन करना** 4. **निर्देशन करना** 5. निदेश देना (adv) - 6. **सीधा**	1. **Direct** taxation is a system in which a government raises money by means of direct taxes. 2. The suspects were in **direct** contact with the hijackers. 3. **Direct** any complaints to the Customer Services department. 4. A police officer was	1. **प्रत्यक्ष** कराधान ऐसी प्रणाली है जिसके अंतर्गत सरकार प्रत्यक्ष करों के माध्यम से धन जुटाती है। 2. संदिग्ध, अपहरणकर्ताओं के **सीधे** संपर्क में थे। 3. ग्राहक सेवा विभाग को शिकायत **भेजें**। 4. पुलिस अधिकारी यातायात **संचालित कर रहा** था। 5. स्टीवन स्पीलबर्ग ने फिल्म का **निर्देशन किया** था। 6.

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			directing the traffic. 5. The movie was **directed** by Steven Spielberg. 6. The judge **directed** that the mother should be given custody of the children. 7. The delegation flew **direct** to Delhi.	न्यायाधीश ने **निदेश** दिया कि बच्चा मां को सौंपा जाए। 7. प्रतिनिधिमंडल ने **सीधे** दिल्ली के लिए उड़ान भरी।
222.	direct action	(n) - प्रत्यक्ष कार्रवाई*, सीधी कार्रवाई*	Environmental groups have threatened for **direct action** if the plans for the new dam go ahead.	नए बांध के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाए जाने की स्थिति में पर्यावरण समूह ने **सीधी कार्रवाई** की धमकी दी हैं।
223.	direct election	(n) - प्रत्यक्ष निर्वाचन, सीधा निर्वाचन	The members of the society are elected by **direct election**.	समिति के सदस्य **प्रत्यक्ष निर्वाचन** के माध्यम से चुने जाते हैं।
224.	direct nomination	(n) - **सीधा नामांकन**, प्रत्यक्ष नामांकन, प्रत्यक्ष नामन,	Two seats of executive members are filled by **direct nomination**.	कार्यकारिणी सदस्यों के दो पद **सीधे नामांकन** से भरे जाते हैं।
225.	direct recruitment	(n) - सीधी भर्ती*	50% posts of Joint Director are to be filled by **direct recruitment**.	संयुक्त निदेशक के 50% पद **सीधी भर्ती** से भरे जाने हैं।
226.	direct taxation	(n) - प्रत्यक्ष कराधान	**Direct taxation** is a system in which a government raises money by means of direct taxes.	**प्रत्यक्ष कराधान** एक ऐसी प्रणाली है जिसके अंतर्गत सरकार प्रत्यक्ष करों के माध्यम से धन जुटाती है।
227.	direction	(n) - 1. **दिशा*** 2. **आयाम** 3. **दृष्टिकोण** 4. निदेश; निदेशन	1. When the police arrived, the crowd scattered in all **directions**. 2. The research provides several new **directions** in the field of poverty alleviation. 3. The committee should adopt a different **direction** for implementing the	1. पुलिस के पहुंचने पर भीड़ सभी **दिशाओं** में बिखर गई। 2. इस अनुसंधान से गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कई नए **आयाम** सामने आए हैं। 3. समिति को इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए अलग **दृष्टिकोण** अपनाना होगा। 4. प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रोफेसर के **निदेशन** में शोधपत्र तैयार किए।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			plan. 4. The research papers were prepared by the trainee officers under the **direction** of the Professor.	
228.	directive	(n) - 1. निदेश (adj) - 2. निदेशात्मक	1. The European Union has issued a new set of **directives** on pollution. 2. The committee is seeking a central, **directive** role in the national energy policy.	1. यूरोपीय संघ ने प्रदूषण पर नए **निदेश** जारी किए हैं। 2. समिति राष्ट्रीय ऊर्जा नीति में केंद्रीय और **निदेशात्मक** भूमिका की मांग कर रही है।
229.	directory	(n) - निर्देशिका*, निदेशिका*	The **directory** has been published.	नई **निर्देशिका** प्रकाशित की गई है।
230.	disable	(v) - 1. **निष्क्रिय करना** 2. **अशक्त हो जाना**, **शक्त कर देना**	1. The burglars gained entry to the office building after **disabling** the alarm. 2. The employee was **disabled** in a car accident.	1. चोरों ने अलार्म **निष्क्रिय** करने के बाद कार्यालय भवन में प्रवेश किया। 2. कर्मचारी एक कार दुर्घटना में **अशक्त हो गया** था।
231.	disability	(n) - **अशक्तता***, निर्योग्यता*, निःशक्तता*, अपंगता*, अपांगता*	The **disability** of the employee prevents him to perform normal job.	**अशक्तता** के कारण कर्मचारी सामान्य कार्य नहीं कर पाता है।
232.	disability allowance	(n) - **अशक्तता भत्ता,** निःशक्तता भत्ता	There is a provision for **disability allowance** for disabled personnel.	अशक्त कार्मिकों के लिए **अशक्तता भत्ते** का प्रावधान है।
233.	disability benefit	(n) - **अशक्तता लाभ**, अपंगता हितलाभ, अपांगता हितलाभ	**Disability benefit** has been granted to the disabled employee.	अशक्त कर्मचारी को **अशक्तता लाभ** स्वीकृत किया गया है।
234.	disabled person	(n) - **अशक्त व्यक्ति**, निःअशक्त व्यक्ति	The office has special facilities for **disabled persons**.	कार्यालय में **अशक्त व्यक्तियों** के लिए विशेष सुविधाएं हैं।
235.	disadvantage	(n) - **असुविधा***, **कमी***, **नुकसान***, अपहित	One major **disadvantage** of the area is the lack of public transport.	क्षेत्र की एक प्रमुख **कमी** यह है कि यहां सार्वजनिक परिवहन अपर्याप्त है।
236.	disagree	(v) - असहमत होना	Some members **disagree** with this	कुछ सदस्य इस तर्क से **असहमत**

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			argument.	हैं।
237.	disagreement	(n) - **मतभेद**, असहमति*	There is a **disagreement** between the two states on the distribution of river water.	नदी के पानी के वितरण पर दोनों राज्यों के बीच **मतभेद** है।
238.	disallow	(v) - **अस्वीकृत करना, नामंजूर करना**	The bank sought to **disallow** the payments.	बैंक ने भुगतान **अस्वीकृत** करने की मांग की।
239.	disaster	(n) - **आपदा***, **विपदा***, विपद	Thousands died in the **disaster**.	हजारों लोग **आपदा** में मारे गए।
240.	disband	(v) - तोड़ देना, भंग करना	The committee formally has been **disbanded** in August, 2013.	अगस्त, 2013 में समिति औपचारिक रूप से भंग कर दी गई है।
241.	disbursement	(n) - **वितरण, भुगतान**, संवितरण	The **disbursement** of salary has been delayed.	वेतन के **वितरण** में देरी की गई है।
242.	discard	(v) - **खारिज करना**, अलग करना हटा देना, निकाल देना, व्यक्त करना,	20% of the data was **discarded** as unreliable.	20% डाटा को अविश्वसनीय मानते हुए **खारिज कर** दिया गया था।
243.	discharge	(n) - 1. **डिस्चार्ज** (v) - 2. (ड्यूटी) **निभाना, पूरा करना**, निर्वहन, पालन, 3. **चुकाना**, (ऋण का) उन्मोचन 4. **सेवा-मुक्त करना**, सेवा-मुक्ति*, कार्य-मुक्ति* 5. (अस्पताल ले) छुट्टी* 6. **बहाना**	1. There is a ban on the toxic **discharge**. 2. The officer **discharged** his duties with devotion. 3. The goods will be auctioned in order to **discharge** the debt. 4. The police man was **discharged** from the police force for misconduct. 5. The employee has been **discharged** from the hospital too early. 6. The factory was fined for **discharging** toxic waste into the river.	1. विषैले **डिस्चार्ज** पर प्रतिबंध है। 2. अधिकारी ने समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी **पूरी की**। 3. कर्ज **चुकाने** के लिए माल नीलाम किया जाएगा। 4. पुलिसकर्मी को कदाचार के लिए पुलिस बल से **सेवा-मुक्त किया** गया। 5. कर्मचारी को अस्पताल से जल्दी **छुट्टी** दे दी गई। 6. नदी में विषाक्त अपशिष्ट **बहाने** के लिए कारखाने पर जुर्माना लगाया गया था।
244.	discharge slip	(n) - छुट्टी की पर्ची*	The **discharge slip** should be enclosed	छुट्टी के आवेदन के साथ **छुट्टी की पर्ची** संलग्न की जानी चाहिए।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			with the leave application.	
245.	disciplinary action	(n) - **अनुशासनात्मक कार्रवाई***, अनुशासनिक कार्रवाई*	The company will be taking **disciplinary action** against the employee for misconduct.	कंपनी कदाचार के लिए कर्मचारी के खिलाफ **अनुशासनात्मक कार्रवाई** करेगी।
246.	discipline	(n) - 1. अनुशासन (v) - 2. **अनुशासित करना**	1. Strict **discipline** is imposed on army recruits. 2. The cadet was **disciplined** for using uncivilized language.	1. सेना के रंगरूटों को सख्त **अनुशासन** में रखा जाता है। 2. असभ्य भाषा बोलने के लिए कैडेट को **अनुशासित किया गया**।
247.	disclaim	(v) - 1. दावा छोड़ना; दावा त्यागना 2. **इंकार करना**, अस्वीकार करना	1. The company has **disclaimed** the ownership right on the land. 2. The operator has **disclaimed** responsibility for the accident.	1. कंपनी ने जमीन पर स्वामित्व अधिकार का **दावा छोड़** दिया है। 2. ऑपरेटर ने दुर्घटना की जिम्मेदारी लेने से **इंकार किया** है।
248.	disclose	(v) - **उजागर करना, खुलासा करना**, प्रकट करना	The report **discloses** that human error was to blame for the accident.	रिपोर्ट में यह **खुलासा किया गया** है कि दुर्घटना मानवीय गलती के करण हुई।
249.	disclosure	(n) - **उजागर**, **खुलासा**, प्रकटन, प्रकटीकरण	The newspaper has been charged for **disclosure** of official secrets.	अखबार पर सरकारी गोपनीय सूचनाओं को **उजागर** करने का आरोप लगाया गया है।
250.	discontent	(n) - असंतोष	There is widespread **discontent** among the staff at the MACP Scheme.	एम.ए.सी.पी. स्कीम को लेकर कर्मचारियों के बीच व्यापक **असंतोष** है।
251.	discontinuance	(n) - समापन, समाप्ति*, रोक*	There is **discontinuance** of supply due to lack of fund.	निधि की कमी के कारण आपूर्ति **रोक** दी गई है।
252.	discontinue	(v) - बंद करना, रोकना, समाप्त करना	It was decided to **discontinue** the scheme after six months.	इस योजना को छह महीने के बाद **बंद करने** का निर्णय लिया गया।
253.	discord	(n) - अनबन, मतभेद	A note of **discord** surfaced during the proceedings.	कार्यवाही के दौरान **मतभेद** सामने आया था।
254.	discount	(n) - 1. बट्टा, छूट*	1. The company has	1. कंपनी ने इस महीने सभी

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		(v) - 2. **उपेक्षा करना**	offered a 10% **discount** on all items this month. 2. The news reports have been **discounted** as propaganda.	वस्तुओं पर 10% **छूट** की पेशकश की है। 2. प्रचार का हथकंडा मानते हुए समाचार रिपोर्टों की **उपेक्षा की गई**।
255.	discover	(v) - पता लगाना, खोजना	Scientists around the world are working to **discover** a cure for AIDS.	दुनिया भर के वैज्ञानिक एड्स का इलाज **खोजने** के लिए काम कर रहे हैं।
256.	discovery	(n) - खोज*	There are some doubts among the researchers about the new **discovery**.	नई **खोज** के बारे में शोधकर्ताओं की कुछ संदेह हैं।
257.	discredit	(n) - 1. **बदनामी*** (v) - 2. अविश्वसनीय मानना, साख गिराना	1. The incidents of atrocities cause **discredit** on the police department. 2. These theories are now largely **discredited** among scientists.	1. अत्याचार की घटनाएं पुलिस विभाग की **बदनामी** का कारण बनीं। 2. अब वैज्ञानिक इन सिद्धांतों को काफी हद तक **अविश्वसनीय** मानने लगे हैं।
258.	discrepancy	(n) - विसंगति*	The committee has found **discrepancies** in the two reports.	समिति ने दो रिपोर्टों में **विसंगतियां** पाई हैं।
259.	discretion	(n) - विवेक	The awards are made at the **discretion** of the committee.	समिति अपने **विवेक** से पुरस्कारों पर निर्णय लेती हैं।
260.	discretionary grant	(n) - विवेकानुदान	The N.G.O. may be eligible for a **discretionary grant** for its work.	गैर-सरकारी संगठन को उसके काम के लिए **विवेकानुदान** दिया जा सकता है।
261.	discretionary power	(n) - विवेकाधिकार	Magistrates were given wider **discretionary powers**.	मजिस्ट्रेटों को व्यापक **विवेकाधिकार** प्रदान किए गए थे।
262.	discriminate	(v) - **भेदभाव करना**, **विभेद करना**	It is illegal to **discriminate** on grounds of race, sex or religion.	जाति, लिंग या धर्म के आधार पर **विभेद करना** गैर-कानूनी है।
263.	discrimination	(n) - भेदभाव, विभेद	According to the conduct rules, the practice of **discrimination** on grounds of race, sex or religion is an	आचरण नियमावली के अनुसार, जाति, लिंग या धर्म के आधार पर **भेदभाव** करना अपराध है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			offence.	
264.	discuss	(v) - **विचार-विमर्श करना**, **चर्चा करना**	The matter has been **discussed** in the meeting.	बैठक में इस मामले पर **विचार-विमर्श किया गया** है।
265.	discussion	(n) - 1. विचार-विमर्श, चर्चा 2. बहस*	After a considerable **discussion**, the committee has decided to accept the proposal.	काफी **चर्चा** के बाद समिति ने प्रस्ताव को स्वीकार करने का फैसला किया है।
266.	dishonest	(adj) - बेईमान	Beware of **dishonest** traders in the tourist areas.	पर्यटन स्थलों में **बेईमान** व्यापारियों से सावधान रहें।
267.	dishonour	(v) - 1. अस्वीकार करना, नकारना 2. **अवमानना करना**, अनादर करना,	1. The cheque has been **dishonoured** by the bank. 2. The employee has **dishonoured** the order of his superior officer.	1. बैंक ने चेक **अस्वीकार** कर दिया है। 2. कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश की **अवमानना की**।
268.	disintegrate	(v) - **विघटित करना**, **विखंडित करना**	The state has been **disintegrated** in two parts.	राज्य को दो भागों में **विखंडित कर दिया गया** है।
269.	disintegration	(n) - विघटन	The gradual **disintegration** of social values is a cause of concern.	सामाजिक मूल्यों का क्रमिक **विघटन** चिंता का विषय है।
270.	disinvest	(v) - **विनिवेश करना**	The Government has **disinvested** some of its PSUs.	सरकार ने अपने कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का **विनिवेश किया** है।
271.	disinvestment	(n) - विनिवेश	The Government has reconsidered the proposal of **disinvestment** of PSUs.	सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के **विनिवेश** के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया है।
272.	dislocate	(v) - **विस्थापित करना**, **विस्थापित होना**	Thousands of people have been **dislocated** due to flood.	बाढ़ के कारण हजारों लोग **विस्थापित हो** गए हैं।
273.	dislocation	(n) - विस्थापन, विस्थानन	Millions of refugees have suffered a **dislocation** due to war.	युद्ध के कारण लाखों शरणार्थियों को **विस्थापन** का सामना करना पड़ा है।
274.	dismiss	(v) - 1.पदच्युत करना, बर्ख़ास्त करना 2. खारिज	1. The employee has been **dismissed** from the service due to his	1. कर्मचारी को कदाचार के कारण सेवा से **बर्खास्त** कर दिया गया है। 2. मंत्री ने केंद्र सरकार

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		करना	misconduct. 2. The Minister has **dismissed** any change in retirement age of Central Government servants.	के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु में किसी भी बदलाव को **खारिज** कर दिया है।
275.	dismissal	(n) - 1. पदच्युति*, बर्ख़ास्तगी* 2. **खारिज**	1. The **dismissal** of workers was heavily protested against. 2. No **dismissals** of the statement have been announced yet.	1. श्रमिकों की **बर्खास्तगी** का भारी विरोध किया गया था। 2. अब तक बयान को **खारिज** करने की घोषणा नहीं की गई है।
276.	disobedience	(n) - **अवहेलना***, अवज्ञा*	The employee has been punished for disobedience of order.	कर्मचारी को आदेश की **अवहेलना** के लिए सजा दी गई है।
277.	disobey	(v) - **अवहेलना करना**, आज्ञा न मानना, अवज्ञा करना	According to the conduct rules, to **disobey** the orders of superior may attract disciplinary action aginst the concerned.	आचरण नियमावली के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की **अवहेलना करने** वाले कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।
278.	disorder	(n) -1. अव्यवस्था*, गड़बड़ी* 2. शांतिभंग	1. The financial affairs of the company were in complete **disorder**. 2. There has been a sudden outbreak of a public **disorder** due to some rumour.	1. कंपनी के वित्तीय मामलों में पूरी तरह गड़**बड़ी** पाई गई। 2. किसी अफवाह के कारण अचानक सार्वजनिक **अव्यवस्था** फैली है।
279.	disparity	(n) - **विषमता***, असमानता*	The Government is concerned over the regional **disparities** in economic growth.	सरकार आर्थिक विकास में क्षेत्रीय **विषमताओं** को लेकर चिंतित है।
280.	dispensable	(adj) - **अनावश्यक**, **गैर-जरूरी**, परिहार्य	The **dispensable** items should be shortlisted.	**अनावश्यक** मदों की सूची तैयार की जानी चाहिए।
281.	dispensary	(n) - औषधालय, डिस्पेन्सरी	The working time has been changed in the CGHS **dispensaries**.	सी.जी.एच.एस. **औषधालयों** का कार्य-समय बदल दिया गया है।
282.	dispense	(v) - **देना, उपलब्ध करना**	The organization **dispenses** free health service to the poor.	संगठन गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा **उपलब्ध करता** है।
283.	disperse	(v) - विसर्जित	Police **dispersed** the	पुलिस ने आंसू गैस के जरिए

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		होना; तितर-बितर करना या होना	protesters with tear gas.	प्रदर्शनकारियों को **तितर-बितर किया**।
284.	displace	(v) - **स्थान लेना**, **विस्थापित करना**, **विस्थापित होना**, **निकाल देना**	1. Gradually factory workers have been **displaced** by the machines. 2. Around 10 000 people have been **displaced** due to flood. 3. The Colonists **displaced** the natives.	1. कारखानों में धीरे-धीरे मशीनों ने कामगारों का **स्थान ले लिया** है। 2. बाढ़ की वजह से लगभग 10000 लोग **विस्थापित हो** गए हैं। 3. उपनिवेशवादियों ने मूल निवासियों को **निकाल दिया**।
285.	displaced	(adj) - विस्थापित	The Government has provided shelter and food to the **displaced** persons.	सरकार ने **विस्थापित** लोगों को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराया है।
286.	display	(n) - 1. **डिस्प्ले** 2. **प्रदर्शनी***, सजावट (v) - **प्रदर्शित होना**, प्रदर्शित करना, **दिखाना**, **दिखना**	1. A hard copy of the screen display can also be obtained from a printer. 2. There is a beautiful floral **display** outside the Town Hall. 3. The computer screen will **display** the username in the top right-hand corner.	1. प्रिंटर से स्क्रीन **डिस्प्ले** की मुद्रित प्रति भी प्राप्त की जा सकती है। 2. टाउन हॉल के बाहर फूलों की सुंदर **प्रदर्शनी** लगी है। 3. कंप्यूटर स्क्रीन के शीर्ष पर दाएँ हाथ के कोने में उपयोगकर्ता का नाम **प्रदर्शित होगा**।
287.	displeasure	(n) - **अप्रसन्नता***, अप्रसाद, नाखुशी*, **नाराजगी***	1. The Minister has to demit his office due to **displeasure** of the President. 2. The incident has heightened public **displeasure** with the authorities.	1. राष्ट्रपति के **अप्रसाद** के कारण मंत्री को अपना पद त्यागना पड़ा है। 2. इस घटना के कारण प्राधिकारियों के प्रति जनता की **नाराज़गी** बढ़ गई है।
288.	disposable	(n) - **प्रयोज्य वस्तु**, (adj) - 1. निपटानयोग्य 2. फेंकनेयोग्य 3. प्रयोज्य	1. The **disposables** used should be bio-degradable. 2. The **disposable** resources of the company are limited.	1. इस्तेमाल की जाने वाली **प्रयोज्य वस्तुएं** प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जानी चाहिए। 2. कंपनी की **प्रयोज्य** संसाधन सीमित हैं।
289.	disposal	(n) -1. निपटान, निवर्तन 2. **अधिकार** 3. व्ययन	1. The **disposal** of nuclear waste is a challenging task. 2. The OSD will have a	1. परमाणु कचरे का **निपटान** चुनौती भरा काम है। 2. पूरे महीने के लिए ओएसडी के

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			staff car at his **disposal** for the whole month.	**अधिकार** में स्टाफ कार होगी।
290.	dispose	(v) - 1. निपटाना 2. बेचना 3. **चाहना**	1. The **disposing** of nuclear waste should be environment friendly. 2. The store department has **disposed** the condemned furniture. 3. The committee was not **disposed** to hold another meeting.	1. परमाणु कचरे का **निपटान** पर्यावरण अनुकूल होना चाहिए। 2. स्टोर विभाग ने अनुपयोगी फर्नीचर **बेच** दिया। 3. समिति एक और बैठक आयोजित नहीं करना **चाहती** थी।
291.	disposition	(n) - 1. **वितरण** 2. प्रवृत्ति*; स्वभाव 3. **अवसर**	1. The officer was appointed to oversee the **disposition** of funds. 2. The Gondola rides are unsuitable for people of a nervous **disposition**. 3. This has given the reviewer a **disposition** to evaluate the work.	1. निधियों के **वितरण** के लिए अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। 2. घबराने के **स्वभाव** वाले लोगों के लिए गोंडला की सवारी अनुपयुक्त हैं। 3. इससे समीक्षक को काम का मूल्यांकन करने का **अवसर** मिला है।
292.	dispossess	(v) - **बेदखल करना**, **ले लेना**, बेकब्जा करना, कब्जा छुड़ाना	Due to construction of dam, people were **dispossessed** of their land.	बांध के निर्माण के कारण, लोगों को उनकी जमीन से **बेदखल किया गया**।
293.	dispute	(n) - विवाद, झगड़ा, **मतभेद** (v) - **विवाद करना, विवाद होना**	1. The cause of the accident is still in **dispute**. 2. These figures have been **disputed**.	1. दुर्घटना के कारण को लेकर अभी भी **मतभेद** है। 2. ये आंकड़े **विवादित रहे** हैं।
294.	disputed	(adj) - **विवादित**	Both the neighbouring countries agreed for a dialogue over the **disputed** territory.	दोनों पड़ोसी देश **विवादित** क्षेत्र के संबंध में बातचीत के लिए सहमत हो गए।
295.	disqualification	(n) - **अयोग्यता***, निरर्हता*	The member is liable to **disqualification** from all official events.	सदस्य सभी सरकारी आयोजनों से **अयोग्यता** के लिए उत्तरदायी है।
296.	disqualify	(v) - **अयोग्य ठहराना**, **अयोग्य**	The player was **disqualified** from the	दवाओं का उपयोग करने के कारण खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा के लिए

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		होना, निरर्ह करना, निरर्ह होना	competition for using drugs.	**अयोग्य ठहराया गया** था।
297.	disregard	(n) - 1. **उपेक्षा***, अवहेलना* (v) - 2. **अवहेलना करना, उपेक्षा करना**	1. The anomaly committee has shown a total **disregard** for employees demand regarding MACP Scheme. 2. Safety rules were **disregarded** during the parade.	1. विसंगति समिति ने कर्मचारियों की एमएसीपी स्कीम संबंधी मांग की पूरी तरह **उपेक्षा** की है। 2. परेड के दौरान, सुरक्षा नियमों की **अवहेलना** की गई।
298.	disrespect	(n) - **निरादर**, **असम्मान**, अनादर	**Disrespect** to superiors should be treated as bad conduct.	वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति **निरादर** दुराचरण माना जाएगा।
299.	disrupt	(v) - **बाधित करना**, **बाधित होना**	Metro Train services will be **disrupted** tomorrow because of security reason.	सुरक्षा कारणों से मेट्रो ट्रेन सेवाएं कल **बाधित होंगी**।
300.	disruption	(n) -1. विछिन्नता* 2. बाधा 3. भंग 4. **अस्त-व्यस्त**	The strike caused serious **disruptions** of public life.	हड़ताल के कारण जन-जीवन गंभीर रूप से **अस्त-व्यस्त** हो गया।
301.	dissatisfaction	(n) - **अप्रसन्नता***, असंतोष	The members of the committee have expressed their **dissatisfaction** with the arrangement.	समिति के सदस्यों ने व्यवस्था के संबंध में अपनी **अप्रसन्नता** व्यक्त की है ।
302.	dissent	(n) -1. **असंतोष**, विमति*, विसम्मति*, असहमति* (v) - 2. **असहमत होना**	1. **Dissent** has been suppressed in the neighbouring country. 2. Only two members of the committee **dissented** from the official view.	1. पड़ोसी देश में **असंतोष** को दबा दिया गया है। 2. समिति के केवल दो सदस्य आधिकारिक दृष्टिकोण से **असहमत थे**।
303.	disservice	(n) - **नुकसान**, अपकार, कुसेवा*	The spokesperson said the protesters were doing a **disservice** to the nation.	प्रवक्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारी देश का **नुकसान** कर रहे थे।
304.	dissociate	(v) - **अलग करना**, वियोजित करना, असम्बद्ध होना, अलग होना	Few countries were determined to **dissociate** the UN from any agreement to impose sanctions.	कुछ देश प्रतिबंधों को लागू करने के किसी भी समझौते से संयुक्त राष्ट्र को **अलग करने** के लिए प्रतिबद्ध थे।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
305.	dissolution	(n) - भंग, विघटन	The President of the neighbouring country announced the **dissolution** of the National Assembly.	पड़ोसी देश के राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय असेंबली को **भंग** करने की घोषणा की।
306.	dissolve	(v) - विघटित करना, भंग करना	The election was announced and the parliament was **dissolved**.	चुनाव की घोषणा की गई और संसद को **भंग** कर दिया गया।
307.	distant education	(n) - **दूरस्थ शिक्षा***	Our country has made a considerable progress in the field of **distant education**.	हमारे देश ने **दूरस्थ शिक्षा** के क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति की है।
308.	distinct	(adj) -1. भिन्न; अलग, सुभिन्न 2. **प्रमुख**, सुस्पष्ट, सुव्यक्त 3. **निश्चित**	1. The learning needs of the two groups are quite **distinct** from each other. 2. Please, furnish the **distinct** features of this project. 3. A strike is now a **distinct** possibility.	1. दोनों समूहों के सीखने की जरूरत एक दूसरे से काफी **अलग** हैं। 2. कृपया, इस परियोजना की **प्रमुख** विशेषताओं का उल्लेख करें। 3. अब हड़ताल की संभावना **निश्चित** है।
309.	distinction	(n) - 1. **भेद**, विभेद 2. विशेष योग्यता*	1. The new law makes no **distinction** between adults and children. 2. The candidate has graduated with **distinction**.	1. नए कानून में वयस्कों और बच्चों के बीच कोई **भेद** नहीं किया गया है। 2. उम्मीदवार **विशेष योग्यता** के साथ स्नातक किया है।
310.	distinctive	(adj) - विशिष्ट, पृथक्, भिन्न, सुभिन्न	The present scheme is **distinctive** from earlier schemes.	वर्तमान स्कीम पहले की स्कीमों से **विशिष्ट** है।
311.	distinguish	(v) - 1. **अंतर करना, भेद निकालना**, भेद करना 2. **प्रतिष्ठित होना**, विशिष्टता पाना	1. It is necessary to **distinguish** the policies of two successive governments. 2. Havlok island has been **distinguished** as a tourist place.	1. दो उत्तरोत्तर सरकारों की नीतियों में **अंतर करने** की जरूरत है। 2. हैवलॉक द्वीप पर्यटन स्थल के रूप में **प्रतिष्ठित हुआ** है।
312.	distinguished	(adj) - **प्रतिष्ठित**, विशिष्ट	The award went to a **distinguished** Social activist.	**प्रतिष्ठित** सामाजिक कार्यकर्ता को पुरस्कार मिला है।
313.	distort	(v) - **गलत बयानी करना, विकृत करना,**	Newspapers are often guilty of **distorting** the truth.	समाचार पत्र अकसर सच्चाई को **विकृत करने** के दोषी होते हैं।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		तोड़-मरोड़ करना		
314.	distortion	(n) -1. विकृति* (विधि) 2. तोड़-मरोड़	It is a case of **distortion** of facts.	1. यह तथ्यों की **विकृति** का मामला है। 2. यह तथ्यों के **तोड़-मरोड़** का मामला है।
315.	distress	(n) - **कठिनाई***, **संकट**, विपत्ति* (v) - **दुःखी होना**, **व्यथित होना**	1. The charity aims to relieve **distress** caused by natural disasters. 2. The news of the natural calamity and large scale casualties **distressed** all the members present in the house.	1. चैरिटी का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से आए **संकट** से राहत देना है। 2. प्राकृतिक आपदा में बड़े पैमाने पर लोगों के हताहत होने की खबर सुनकर सदन में मौजूद सभी सदस्य **दुःखी हो गए** ।
316.	distribute	(v) - वितरण करना, बाँटना	The N.G.O. has **distributed** food to the flood victims.	गैर-सरकारी संगठन ने बाढ़ पीड़ितों को भोजन **वितरित** किया है।
317.	distribution	(n) - वितरण, बंटन	The advertising branch dealt with the **distribution** of brouchers.	विज्ञापन शाखा विवरण पुस्तिका के **वितरण** का कार्य देखती है।
318.	district	(n) - जिला, जनपद	All the **districts** of the country are connected with internet.	देश के सभी **जिलें** इंटरनेट से जुड़े हुए हैं।
319.	disturb	(v) - **परेशान करना**, **परेशान होना**	The deep unrest **disturbs** the public life.	गहरी अशांति से जन-जीवन **परेशान** है।
320.	disturbance	(n) -1. उपद्रव 2. गड़बड़ी*, अशांति* 3. बाधा*	The **disturbances** spread to more than five cities.	पांच से अधिक शहरों में **उपद्रव** फैल गया।
321.	disturbed area	(n) - **अशांत क्षेत्र**, उपद्रवग्रस्त क्षेत्र	Army has been **deployed** in the disturbed area.	**अशांत क्षेत्र** में सेना तैनात की गई है।
322.	diversify	(v) - 1.**विविधता लाना**, **विविधता आना** 2. **बदलाव आना**	1. Farmers are being encouraged to **diversify** into new crops. 2. The culture has been **diversified** with the arrival of immigrants.	1. किसानों को नई फसलों में **विविधता लाने** के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2. आप्रवासियों के आगमन से संस्कृति में **बदलाव आया** है।
323.	diversification	(n) - विविधीकरण	The **diversification** of the company could be dangerous to it.	कंपनी का **विविधीकरण**, कंपनी के लिए खतरनाक हो सकता है।
324.	diversion	(n) - 1. **ध्यान**	1.The proxy war was	1. छद्म युद्ध, देश की आर्थिक

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		हटाना, विषयांतर 2. (निधि) अपयोजन 3. पथांतर	a means for **diversion** from the country's economic problems. 2. **Diversion** of investment was having a bad effect. 3. **Diversions** will be signposted.	समस्याओं से **ध्यान हटाने** का साधन था। 2. निवेश के **अपयोजन** का गलत प्रभाव पड़ा था। 3. **पथांतर** के लिए संकेत-चिह्न लगाए जाएंगे।
325.	divide	(n) - 1. **अंतर** (v) - 2. **विभाजित करना**, **विभाजित होना** 3. **बांटना**	1. The committee has suggested few economic measures to bridge the **divide** between rich and poor. 2. The issue has **divided** the committee. 3. For smooth functioning of the work, it is **divided** into three phases.	1. समिति ने अमीर और गरीब के बीच के **अंतर** को पाटने के लिए कुछ आर्थिक उपाय सुझाए हैं। 2. इस मुद्दे पर समिति **विभाजित** है। 3. कार्य के सुचारू संचालन के लिए, इसे तीन चरणों में **बांटा गया** है।
326.	dividend	(n) - लाभांश	The dividend has been distributed to the shareholders.	लाभांश शेयरधारकों को वितरित किया गया है।
327.	division	(n) - 1.विभाजन 2. **मतभेद** 3. डिवीज़न 4.**सीमा-रेखा*** 5. **मत-विभाजन** 6. श्रेणी*, 7. मंडल, डिवीज़न 8. प्रभाग	1. The survey is intended for the **division** of the population into age groups. 2. There are deep **divisions** in the committee over the new education policy. 3. A **division** of para-military forces has been deployed in the border area. 4. The river forms the **division** between the two states. 5. The Bill has been passed without a division. 6. The candidate should posseses a Master Degree in first **division**. 7. The State Government has	1. जनसंख्या का आयु वर्ग के अनुसार **विभाजन** सर्वेक्षण का उद्देश्य है। 2. नई शिक्षा नीति पर समिति में गहरे **मतभेद** हैं। 3. अर्ध सैनिक बलों का एक **डिवीजन** सीमा क्षेत्र में तैनात किया गया है। 4. दो राज्यों के बीच नदी **सीमा-रेखा** है। 5. **मत-विभाजन** के बिना विधेयक पारित किया गया है। 6. उम्मीदवार के पास प्रथम श्रेणी की मास्टर डिग्री होनी चाहिए। 7. राज्य सरकार ने प्रशासन के सुचारू संचालन के लिए एक नया **मंडल** सृजित किया है। 8. आकाशवाणी का समाचार सेवा **प्रभाग** आज रात 9.30 बजे अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर एक

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			created a new **division** for smooth functioning of administration. 8. The News Service **Division** of All India Radio is going to broadcast a feature programme on international relations today at 9.30 P.M.	फीचर कार्यक्रम प्रसारित करने जा रहा है।
328.	division bench	(n) - खंड (न्याय) पीठ*	A **division bench** of High Court has been established in Raipur.	उच्च न्यायालय की **खंडपीठ** रायपुर में स्थापित की गई है।
329.	divorce	(n) - 1. तलाक़, विवाह-विच्छेद (v) - 2. **विवाह-विच्छेद होना**, तलाक़ देना, विवाह-विच्छेद करना	1. The mother is usually the custodial parent of the children after a **divorce**. 2. The employee has intimated that he **divorced** his wife.	1. **विवाह-विच्छेद** के बाद, मां आमतौर पर बच्चों की अभिरक्षक होती है। 2. कर्मचारी ने सूचित किया है कि उसका अपनी पत्नी से **विवाह-विच्छेद हो गया** है।
330.	document	(n) - 1. दस्तावेज़, प्रलेख (v) - 2. **दर्ज करना**, **दर्ज होना**	1. The economic ideas in the **document** are much bolder than current policies. 2. The terms and conditions are **documented** in considerable detail.	1. **दस्तावेज** में उल्लिखित आर्थिक विचार, वर्तमान नीतियों से ज्यादा सुस्पष्ट हैं। 2. निबंधन और शर्तें काफी विस्तार से **दर्ज हैं**।
331.	documentary evidence	(n) - दस्तावेजी साक्ष्य	The complainant should furnish the **documentary evidence** in support of his complaint.	शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के समर्थन में **दस्तावेजी साक्ष्य** प्रस्तुत करना चाहिए।
332.	documentary film	(n) - वृत्तचित्र	The **documentary** film is based on the adult education.	यह **वृत्तचित्र** प्रौढ़ शिक्षा पर आधारित है।
333.	documentation	(n) - 1. **दस्तावेज** 2. प्रलेखीकरण, प्रलेखन	1. Applicants must provide supporting **documentation**. 2. The **documentation** of the agreement has been completed.	1. आवेदकों को चाहिए कि वे सहायक **दस्तावेज** अवश्य उपलब्ध कराएं। 2. समझौते के **दस्तावेज** का प्रलेखन हो चुका है।
334.	domicile	(n) - अधिवास	As a proof of **domicile**, the	अधिवास के सबूत के रूप में, कर्मचारी को सक्षम प्राधिकारी

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			employee should furnish domicile certificate issued by the competent authority.	द्वारा जारी **अधिवास** प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए।
335.	dominant	(adj) - **प्रमुख**, प्रभावी, प्रबल	India has achieved a **dominant** position in the world market.	भारत ने दुनिया के बाजार में **प्रमुख** स्थान हासिल किया है।
336.	donate	(v) - दान करना	The company **donated** Rs. Two crore to charity.	कंपनी ने परोपकार के काम के लिए दो करोड़ रुपए **दान किए**।
337.	donation	(n) - दान, चंदा	The work of the charity is funded by voluntary **donations**.	परोपकार स्वैच्छिक दान की राशि से किया जाता है।
338.	donor	(n) - दाता, संदाता	The kidney transplant will take place as soon as a suitable **donor** can be found.	उपयुक्त **दाता** मिलते ही गुर्दा प्रत्यारोपण किया जाएगा।
339.	double account system	(n) - दोहरा लेखा पद्धति	The **double account system** is a safe and transparent system for accounting.	लेखाकार्य के लिए **दोहरी लेखा प्रणाली** सुरक्षित और पारदर्शी प्रणाली है।
340.	doubt	(n) - 1. **संदेह** (v) - 2. **संदेह करना**	1. After seeing the facts, **doubts** have been removed. 2. There seems no reason to **doubt** the statement of the employee.	1. तथ्यों को देखने के बाद, **संदेह** दूर हो गए। 2. कर्मचारी के बयान पर **संदेह करने** का कोई कारण नहीं है।
341.	doubtful	(adj) - **अनिश्चित**, संदिग्ध	It's **doubtful** whether the market will recover soon.	जल्द ही बाजार की स्थिति सुधरेगी यह **अनिश्चित** है ।
342.	down payment	(n) - **तत्काल भुगतान**, तत्काल अदायगी	The employee has withdrawn Rs. One lac from his GPF account for a **down payment** on a house.	कर्मचारी ने मकान खरीदने हेतु **तत्काल भुगतान** के लिए अपने सामान्य भविष्य निधि खाते से एक लाख रुपए निकाले हैं।
343.	draft	(n) - 1. प्रारूप, मसौदा 2. (बैंक) ड्राफ्ट 3. दस्ता, टुकड़ी (v) - 1. **मसौदा तैयार करना** 2. **टुकड़ी तैयार करना**	1. The **draft** is submitted for approval. 2. Please, send a Demand **Draft** worth Rs. 200/- along with the application form. 3. A **draft** of	1. **मसौदा** अनुमोदन के लिए प्रस्तुत है। 2. कृपया, आवेदन पत्र के साथ 200/- रुपए का डिमांड **ड्राफ्ट** भेजें। 3. स्वयंसेवकों की एक टुकड़ी राहत कार्य में जुटी हुई है। 4. सहायक पत्र का **मसौदा तैयार करेगा**। 5.

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			volunteers is engaged in relief work. 4. The Assistant will **draft** the letter. 5. Additional police are being **drafted** in to control the crowds.	भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की अतिरिक्त **टुकड़ी तैयार की जा रही** है।
344.	draft reply	(n) - उत्तर का मसौदा	The **draft reply** has been prepared by the Assistant.	सहायक ने उत्तर का **मसौदा तैयार** किया है।
345.	drastic action	(n) - कठोर कार्रवाई*	The police department has initiated **drastic action** against the violators of the traffic rules.	पुलिस विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ **कठोर कार्रवाई** शुरू की है।
346.	drastic measure	(n) - कठोर उपाय	The Government has decided to adopt a **drastic measure** to curb the inflation.	सरकार ने मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए **कठोर उपाय** करने का फैसला किया है।
347.	draw	(n) - 1. **ड्रा**, **बराबरी*** (v) - 2. (लाटरी) निकालना 3. चेक काटना 4. **प्रस्तुत करना** 5. **आहरित करना**, (धन) **निकालना**, (वेतन का) आहरण 6. (निष्कर्ष) **निकालना**, (निष्कर्ष) **पर पहुंचना** 7. (ध्यान) **आकर्षित करना** 8. **दर्शाना/दिखाना** 9. **तैयार करना** 10. (समाप्त) **करना**	1. The cricket match ended in a **draw**. 2. The cheque was **drawn** on the employee's salary account. 3. The report **drew** a grim picture of inefficiency and corruption. 4. The cashier has **drawn** the salary from the bank. 5. It would be unwise to **draw** firm conclusions from the results of a single survey. 6. The case **drew** international attention. 7. The report **draws** a distinction between various forms of health care. 8. The army has **drawn** an elaborate plan of attack. 9. The	1. क्रिकेट मैच **बराबरी** पर समाप्त हुआ। 2. **चेक** कर्मचारी के वेतन खाते के लिए काटा गया था। 3. रिपोर्ट अक्षमता और भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर **प्रस्तुत करती** है। 4. कैशियर ने बैंक से वेतन **आहरित किया** है। 5. एकल सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर स्पष्ट निष्कर्ष **निकालना** अक्लमंदी नहीं होगी। 6. इस मामले ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान **आकर्षित किया**। 7. रिपोर्ट स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न तरीकों के बीच अंतर **दर्शाती** है। 8. सेना ने हमले की व्यापक योजना **तैयार की** है। 9. बैठक समाप्त **की गई**।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			meeting was **drawn** to a close.	
348.	drawee	(n) - अदाकर्ता	The **drawee** should mention his PAN Number.	**अदाकर्ता** को अपनी स्थायी लेखा संख्या का उल्लेख करना चाहिए।
349.	drawing	(n) - ड्राइंग, रेखाचित्र	Please, attach a **drawing** of the building along with the renovation proposal.	कृपया, नवीकरण प्रस्ताव के साथ भवन का **ड्राइंग** संलग्न करें।
350.	drill	(n) - 1. कवायद, अभ्यास (v) - 2. **कवायद करना**, **अभ्यास करना**	1. The department has organized a disaster rescue **drill**. 2. The employees were **drilled** to leave the office quickly when the fire bell rang.	1. विभाग ने आपदा बचाव **अभ्यास** का आयोजन किया है। 2. आग की घंटी बजते ही सभी कर्मचारियों ने जल्दी से कार्यालय से बाहर निकलने का **अभ्यास किया**।
351.	drought area	(n) - **सूखाप्रभावित क्षेत्र**, सूखाग्रस्त क्षेत्र	The Government has released an additional fund for the **drought areas**.	सरकार ने **सूखाप्रभावित क्षेत्रों** के लिए अतिरिक्त निधि जारी की है।
352.	drought prone area	(n) - **सूखा-संभावित क्षेत्र, सूखा-प्रवण क्षेत्र**	The department has identified the **drought prone areas**.	विभाग ने **सूखा-संभावित क्षेत्रों** की पहचान की है।
353.	dry promotion	(n) - निर्लाभ पदोन्नति*	The promotion has been proved a **dry promotion** for the officer.	अधिकारी के लिए यह पदोन्नति **निर्लाभ पदोन्नति** साबित हुई है।
354.	dual charge	(n) - 1. दोहरा प्रभार 2. दोहरा कार्यभार	The officer has been assigned **dual charge**.	अधिकारी को **दोहरा प्रभार** सौंपा गया है।
355.	dual citizenship	(n) - दोहरी नागरिकता*	Mother Teresa had enjoyed **dual citizenship**.	मदर टेरेसा को **दोहरी नागरिकता** प्राप्त थी।
356.	due	(n) - देय; प्राप्य (adj) - **निर्धारित**, नियत (adv) - 1. **कारण** 2. **(दूरी) पर**	1. The promotion of the officer is **due** since last four years. 2. The project should be completed by the **due** time-limit. 3. The project had to be abandoned **due** to a lack of government funding.	1. अधिकारी की पदोन्नति पिछले चार वर्षों से देय है। 2. **निर्धारित** समय-सीमा में परियोजना पूरी हो जानी चाहिए। 3. सरकारी निधि की कमी के **कारण** परियोजना बंद करनी पड़ी। 4. आपदा प्रबंधन केंद्र शहर के उत्तर में पाँच मील की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			2. The Disaster Management Centre lies five miles **due** north of the city.	**दूरी पर** स्थित है।
357.	due date	(n) - **देय तिथि***, नियत तिथि*, नियत तारीख़*	If payment is not made by the **due date**, 10% of the bill amount will be added to the bill.	यदि भुगतान **देय तिथि** तक नहीं किया गया तो बिल राशि का 10% बिल में जोड़ दिया जाएगा।
358.	dues	(n) - देय राशि*	The trainees have been asked to clear their **dues**.	प्रशिक्षणार्थियों को उन पर **देय राशि** का भुगतान करने के लिए कहा गया है।
359.	duly	(adv) - विधिवत्, यथाविधि	The document was **duly** signed by the officer.	अधिकारी ने दस्तावेज़ पर **विधिवत** हस्ताक्षर किए थे।
360.	dummy	(n)/(adj) -- **नक़ली**, डमी	1. During parade, the warheads in the missiles will be **dummies**. 2. During security drill a **dummy** bomb has been detected.	1. परेड के दौरान मिसाइलों में लगे हथियार **नक़ली** होंगे। 2. सुरक्षा अभ्यास के दौरान एक **नक़ली** बम मिला।
361.	dumping	(n) - 1. ढेर लगाना 2. पाटना	A ban on the **dumping** of radioactive waste at sea has been imposed by the U.N.O.	समुद्र में रेडियोधर्मी कचरे के **ढेर लगाने** पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है।
362.	duplicate	(n) - 1. **दो प्रति*** (adj) - दूसरी प्रति*, अनुलिपि* (v) - 2. **डुप्लिकेट तैयार करना**	1. The proposal should be sent in **duplicate**. 2. A **duplicate** copy should be made for the office record. 3. The video of the meeting had been **duplicated** illegally.	1. प्रस्ताव **दो प्रतियों** में भेजा जाना चाहिए। 2. कार्यालय रिकार्ड के लिए **दूसरी प्रति** तैयार की जानी चाहिए। 3. बैठक के वीडियो का अवैध रूप से **डुप्लिकेट तैयार किया** गया था।
363.	duration	(n) - अवधि*	In-service Translation Training Course is of three months' **duration**.	सेवाकालीन अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तीन महीने की **अवधि** का है।
364.	duress	(n) - दबाव	The confession was obtained under **duress**.	स्वीकारोक्ति **दबाव** में ली गई थी।
365.	duty	(n) - 1. ड्यूटी* 2. कार्य, काम 3.	1. Staff must report for **duty** at their normal place of	1. कर्मचारी **ड्यूटी** के लिए अपने सामान्य कार्य-स्थल पर अवश्य

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		कर्तव्य 4. शुल्क	work. 2. The **duties** will include setting up a new computer system. 3. I consider it my **duty** to write to you and thank you. 4. The supplier should pay the excise **duty**.	रिपोर्ट करेगा। 2. **कार्य** में नई कंप्यूटर प्रणाली की स्थापना शामिल होगी। 3. यह मेरा **कर्तव्य** है कि आपको पत्र लिखूं और धन्यवाद दूं। 4. आपूर्तिकर्ता उत्पाद **शुल्क** का भुगतान करेगा।
366.	duty Chart	(n) - ड्यूटी चार्ट*	The **duty chart** has been prepared by the duty officer in-charge.	प्रभारी ड्यूटी अधिकारी ने **ड्यूटी चार्ट** तैयार की है।
367.	duty leave	(n) - **ड्यूटी छुट्टी***, इतर कार्यार्थ छुट्टी*	The employee has applied for **duty leave**.	कर्मचारी ने **ड्यूटी छुट्टी** के लिए आवेदन किया है।
368.	duty room	(n) - **ड्यूटी रूम**, ड्यूटी कक्ष	The **duty room** is equipped with a surveillance system.	**ड्यूटी रूम** निगरानी प्रणाली से लैस है।
369.	duty roster	(n) - ड्यूटी रोस्टर	The controlling officer has made changes in the **duty roster**.	नियंत्रक अधिकारी ने **ड्यूटी रोस्टर** में परिवर्तन किया है।
370.	dynamic	(n) - 1. **गतिशीलता*** (adj) - 2. **गतिशील,** गत्यात्मक	1. The **dynamic** of the market demands depends on the buying power of the people. 2. India has a **dynamic** market of computer software.	1. बाजार मांग की **गतिशीलता**, लोगों की क्रय-शक्ति पर निर्भर है। 2. भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का **गतिशील** बाजार है।

E

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
1.	e-governance	(n) -ई- शासन, इलेक्ट्रनिक शासन	**E-governance** has the major role in providing good governance to the people.	जनता को सुशासन मुहैया कराने में **ई-शासन** की मुख्य भूमिका है।
2.	earliest possible	(adj) - यथाशीघ्र	The report may kindly be sent at the **earliest possible**.	कृपया रिपोर्ट **यथाशीघ्र** भेजें ।
3.	early retirement	(n) - **समय से पहले सेवा-निवृति***, समयपूर्व सेवा-निवृति*	The officer has taken early retirement due to his personal reasons.	अधिकारी ने अपने निजी कारणों से **समय से पहले सेवानिवृत्ति** ले ली ।
4.	earmark	(v) - **चिह्नित करना,** उद्दिष्ट करना	The government has **earmarked** sufficient fund for this scheme.	सरकार ने इस योजना के लिए पर्याप्त निधि **चिह्नित** की है।
5.	earned leave	(n) -अर्जित छुट्टी*	The Officials can take **earned leave** for going on LTC tour.	कर्मचारी छुट्टी यात्रा रियायत दौरे पर जाने के लिए **अर्जित छुट्टी** ले सकते हैं।
6.	earnest money	(n) -बयाना	The Dealer was given **earnest money** of Rs. 5000/- after finalization of the deal.	सौदा पक्का हो जाने के बाद विक्रेता को 5000 रुपए की **बयाना** राशि दी गई।
7.	earning capacity	(n) -अर्जन क्षमता*	High economic growth has enhanced the **earning capacity** of the people.	उच्च आर्थिक विकास से लोगों की **अर्जन क्षमता** में वृद्धि हुई है।
8.	eco-friendly	(adj) -पर्यावरण - अनुकूल	The project may be sanctioned for having eco-friendly design.	प**र्यावरण-अनुकूल** डिजाइन होने के कारण इस परियोजना को मंजूर किया जा सकता है।
9.	ecology	(n) -पारिस्थितिकी*	The forest dwelling tribal people have been given forest rights keeping in view the **ecology** of the place.	वन में रहने वाले जनजातीय लोगों को उस स्थान की **पारिस्थितिकी** को ध्यान में रखकर वन अधिकार दिए गए हैं।
10.	economical	(adj) - 1.**कम खर्चीला, सस्ता,** मितव्ययी, किफायती,	Under the **economical** measure, more than one official may be provided transport facility by the same	**मितव्ययी** उपाय के तहत, एक से अधिक अधिकारियों को एक ही वाहन से यातायात की सुविधा मुहैया कराई जाए।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			vehicle.	
11.	economy	(n) - अर्थव्यवस्था* 2. **इकॉनामी*** 3. **बचत***	1. Indian **economy** has successfully coped with the present economic crisis. 2. The office will make economies by employing a few part-time workers.	1. भारतीय **अर्थव्यवस्था** ने वर्तमान आर्थिक संकट का सफलता से सामना किया है। 2. कार्यालय कुछ अंशकालिक कामगारों की सेवा लेकर **बचत** कर करेगा।
12.	editing	(n) -संपादन	This collection of office- orders has been **edited** by an experienced administrator.	कार्यालय-आदेशों के इस संकलन का **संपादन** अनुभवी प्रशासक द्वारा किया गया है।
13.	education	(n) - शिक्षा*	**Education** is the most effective medium for women empowerment.	**शिक्षा** महिला सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है।
14.	effect	(n) - 1. प्रभाव, **लागू** 2. **आशय** 3. परिणाम (v) -4. **होना**	1. The 6th Pay Commission has come into **effect** since 01.01.2006. 2. The candidate has submitted an undertaking to the **effect** that he will submit the documents in original within the stipulated period. 3. The **effect** of the new economic policies has been perceived in a short time. 4. The new legislation has **effected** some important changes in tax- assessment.	1. छठा वेतन आयोग 01.01.2006 से **लागू किया गया** है। 2. उम्मीदवार ने इस **आशय** का वचनबंध प्रस्तुत किया है कि वह निर्धारित अवधि के भीतर मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर देगा। 3. नई आर्थिक नीतियों का **प्रभाव** कम समय में ही देखा गया है। 4. नए विधान से कर निर्धारण में महत्वपूर्ण बदलाव **हुए** हैं।
15.	effects	(n) - **सामान**	The actual cost of transportation of personal **effects** shall admissible subject to the prescribed limits.	निजी **सामान** के परिवहन की वास्तविक लागत निर्धारित सीमा के अधीन देय होगी
16.	efficiency	(n) - **(कार्य) क्षमता*, कार्य (कुशलता)*** दक्षता*, कार्यकुशलता*	The training has included the **efficiency** of the workers.	प्रशिक्षण से कर्मचारियों की **कार्यक्षमता** बढ़ गई है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
17.	elected representative	(n) -**चुने गए प्रतिनिधि**, निर्वाचित प्रतिनिधि	All the **elected representatives** participated in the oath ceremony.	सभी **चुने गए प्रतिनिधियों** ने शपथग्रहण समारोह में भाग लिया ।
18.	electoral roll	(n) -**मतदाता सूची***, निर्वाचक नामावली*	All eligible voters must enroll their names in the **electoral rolls**.	सभी पात्र मतदाताओं को अपने नाम **मतदाता सूची** में शामिल करवाने चाहिए।
19.	electorate	(n) - **निर्वाचन क्षेत्र**, निर्वाचक मंडल	India's **electorate** has witnessed a nearly five-fold increase since the first general elections.	भारत के **निर्वाचन क्षेत्र** में पहले आम चुनाव के बाद लगभग पांच गुना वृद्धि हुई है।
20.	eligibility	(n) - पात्रता*	The **eligibility** of the candidates may kindly be checked before issuing letters for interview.	साक्षात्कार के लिए पत्र भेजने से पहले उम्मीदवारों की **पात्रता** की जांच की जाए।
21.	eliminate	(v) - **बाहर हो जाना**, निकाल देना	All the candidates, but two, were **eliminated** before the final round of election.	चुनाव के अंतिम चरण से पहले दो को छोड़कर सभी उम्मीदवार **बाहर हो गए**।
22.	embarrass	(v) -उलझन में डालना	Late arrival of the convener of the meeting **embarrassed** all the representatives.	बैठक के संयोजक के देर से पहुंचने के कारण सभी प्रतिनिधि **उलझन** में पड़ गए।
23.	embassy	(n) - राजदूतावास	The Government asked the Indian **embassy** in Kenya to extend all helps to the Indians, who are victims of the recent terrorist attack.	सरकार ने केन्या स्थित भारतीय **राजदूतावास** से कहा है कि वह हाल के आंतकवादी हमले में पीड़ित भारतीयों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराए ।
24.	emergency	(adj) - 1.आपात (n) - 2. आपातकाल	1. The government had to take **emergency** means. 2. The state government has declared a state of **emergency** following the earthquake.	1. सरकार को **आपात** कार्रवाई करनी पड़ी। 2. राज्य सरकार ने भूकंप के बाद **आपातकाल** घोषित कर दिया है।
25.	emigrant	(n) - उत्प्रवासी	The Indian emigrant workers formed an association to protect their interests.	भारतीय **उत्प्रवासी** कामगारों ने अपने हितों की रक्षा के लिए एक संगठन बनाया ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
26.	empanelled officer	(n) - **सूचीबद्ध अधिकारी,** नामिकागत अधिकारी	The helps of **empanelled officer** may be secured for early preparation of the draft.	मसौदे को शीघ्र तैयार करने के लिए **सूचीबद्ध अधिकारियों** की सहायता ली जाए।
27.	employ	(v) - 1. **काम पर रखना,** नियोजित करना, सेवायोजित करना 2. प्रयोग करना, काम में लाना	1. Some casual labourers have been **employed** in the office. 2. The management has **employed** a new mechanism for higher production.	1. कार्यालय में कुछ अनियत मजदूर **काम पर रखे** गए हैं। 2. प्रबंधन ने उच्च उत्पादकता के लिए नए तंत्र का **प्रयोग किया** है।
28.	employee	(n) -कर्मचारी	All the **employees** may mark their attendance through electronic machine.	सभी **कर्मचारी** अपनी उपस्थिति इलेक्ट्रानिक मशीन से दर्ज करें।
29.	employment	(n) - रोजगार, सेवायोजन	The MANREGA scheme has provided 100 days guaranteed **employment** to the persons in rural areas.	मनरेगा स्कीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को 100 दिनों के **रोजगार** की गारंटी दी गई है।
30.	empower	(v) - सशक्त करना	The Government has started a scheme of employment generation for women to **empower** them.	सरकार ने महिलाओं को **सशक्त** करने के उद्देश्य से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक योजना की शुरुआत की है।
31.	enact	(v) - अधिनियम बनाना, अधिनियमित करना	The bill of Right to Education has been **enacted** by the Parliament of India.	'शिक्षा का अधिकार' विधेयक भारतीय संसद द्वारा **अधिनियमित** कर दिया गया है।
32.	encash	(v) - (चेक) भुनाना, नकदीकरण	Penalties may be charged, as per the rules, for early **encashment** of the policy.	समय से पहले पॉलिसी के **नकदीकरण** के लिए नियमानुसार अर्थदंड देना होगा।
33.	enclose	(v).- 1. साथ लगाना, अनुलग्न करना, 2. बंद करना	1. The attested copies of the documents are **enclosed** with the application. 2. The rules state that samples must be **enclosed** in two watertight containers.	1. दस्तावेजों की साक्ष्यांकित प्रतियां इस आवेदन के **साथ लगाई** गई हैं। 2. नियमानुसार, नमूनों को दो जलरोधी कंटेनरों में **बंद करना** आवश्यक है।
34.	encourage	(v).- उत्साहित करना	The officer may **encourage** the employees to perform	अधिकारी कर्मचारियों को सर्वोत्तम निष्पादन के लिए **उत्साहित** करें।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			their best.	
35.	encroachment	(n) - **गैर- कानूनी कब्जा,** अधिक्रमण	The **encroachment** of the government land is a punishable offence.	सरकारी जमीन पर **गैर- कानूनी कब्जा** एक दंडनीय अपराध है।
36.	encumbrance	(n) - 1.**भार, बोझा,ऋण, 2. ऋण भारग्रस्तता***, भारग्रस्तता*	1. Both the countries decided to solve all the outstanding issues leaving behind the **encumberance** of the past. 2. As per the House Building rules, the house should be free from all **encumbrances**.	1. दोनों देशों ने अतीत के **बोझ** को नज़र अंदाज़ करते हुए सभी बाकी मसलों का हल निकालने का फैसला किया। 2. गृह निर्माण अग्रिम के नियमों के अनुसार, मकान सभी प्रकार की **ऋण भारग्रस्तता** से मुक्त होना चाहिए।
37.	endorse	**(v) -** 1 **पीछे हस्ताक्षर करना**, **बेचान करना,** पृष्ठांकन करना 2 समर्थन करना	1. The payee of the cheque must **endorse** it. 2. Members of all political parties **endorsed** a ban on tobacco products.	1. आदाता चेक के **पीछे हस्ताक्षर** अवश्य करें। 2. सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों ने तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने का **समर्थन किया**।
38.	endowment	**(n) - 1. दान**, अक्षय निधि* 2. **प्रतिभा***	1. This trust is run with the **endowments** by rich persons. 2. The members of this academic council are gifted with persons of high level of mental **endowments**.	1. यह न्यास समृद्ध व्यक्तियों द्वारा दिए गए **दान** से चलाया जाता है । 2. इस विद्या परिषद के सदस्य उच्च **प्रतिभा** के धनी हैं।
39.	enforce	**(v) -1. लागू करना,** प्रवर्तन करना, प्रवर्तन कराना 2. **विवश करना, मजबूर करना**	1. This legislation will be **enforced** in the State. 2. If the official is **enforced** to stay at station for non-availability of transport, the period spent thus may be treated as journey time.	1. यह कानून राज्य में **लागू** किया जाएगा । 2. यदि सरकारी कर्मचारी परिवहन की अनुपलब्धता के कारण किसी स्टेशन पर रुकने के लिए **मजबूर** हो तो इस अवधि को यात्रा-समय माना जाए।
40.	engage	**(v) -** काम पर लगाना, नियुक्त करना	Five casual labourers were **engaged** in the office.	कार्यालय में पांच अनियत मजदूर **काम पर रखे** गए थे ।
41.	enhancement	(n) -वृद्धि*, बढ़ोतरी*	After constitution of the Central Pay Commission government	केंद्रीय वेतन आयोग के गठन के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारी वेतन **वृद्धि** होने की प्रतीक्षा कर

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			employees are looking forward for salary **enhancement**.	रहे हैं।
42.	enjoin	1 आदेश देना 2 व्यादेश देना (विधि)	The officer **enjoined** the officials strictly not to disclose the secret facts of the document.	अधिकारी ने दस्तावेज के तथ्यों का खुलासा नहीं करने के लिए अपने अधीनस्थों को सख्त **आदेश दिया** ।
43.	enlist	**(v) - (सहायता) लेना 2.** भर्ती करना भर्ती होना 3.नाम लिखना **(दर्ज करना)** 4. सूचीबद्ध करना, सूची में चढ़ाना	1. The District Administration has **enlisted** the help of the public in solving the crime. 2. He was **enlisted** into the Indian Navy. 3. The names of the voters were **enlisted** in the voter list. 4. The experts of different disciplines were **enlisted**.	1. जिला प्रशासन ने अपराध को नियंत्रित करने के लिए जनता की **सहायता ली** । 2. उसे भारतीय नौसेना में **भर्ती** किया गया । 3. मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में **दर्ज किए गए**। 4. विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के नाम **सूचीबद्ध** किए गए।
44.	enquiry	(n) - 1 पूछताछ* 2 जांच* **3. पूछताछ*** **(की खिड़की)**	1. All **enquiries** related to internet service should be addressed to the customer services department. 2. Two persons have been helping police with their **enquiries** beginning. 3. You may contact **enquiries** for information about arrival and departure of the train.	1. इंटरनेट से संबंधित सभी प्रकार की **पूछताछ** के लिए ग्राहक सेवा विभाग से संपर्क करें। 2. दो व्यक्ति पुलिस को **जांच** में शुरु से ही मदद कर रहे हैं । 3. गाड़ी के आगमन और प्रस्थान की जानकारी के लिए कृपया **पूछताछ** से संपर्क करें ।
45.	enroll	**(v) - नाम लिखना, नाम लिखाना (पाठ्यक्रम आदि में)** भर्ती करना भर्ती होना	Students may **enroll** themselves in this course before the end of August.	विद्यार्थी अगस्त में ही इस पाठ्यक्रम में अपना **नाम लिखा** सकते हैं।
46.	ensuing	(adj) -1. **(घटना) के बाद का 2.** आगामी	1. The **ensuing** arguments after rejection of leave were uncalled for. 2. The two companies are expected to grow	1. छुट्टी की अस्वीकृति **के बाद** की गई बहस अनुचित थी । 2. दोनों कंपनियों में **आगामी** दस साल में पांच गुना वृद्धि होने का अनुमान है ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			fivefold in the **ensuing** ten years.	
47.	ensure	**(v)** - सुनिश्चित करना, आश्वस्त करना	Please **ensure** early compliance of the office order.	कार्यालय आदेश का शीघ्र अनुपालन **सुनिश्चित करें** ।
48.	enter	**(v)** - 1 दर्ज करना 2 **प्रवेश करना,** प्रविष्टि करना 3. **(समझौता) करना**	1. The names of the new employees may be **entered** in the register. 2. He **entered** the All India Radio Service as a general trainee. 3.Both the countries **entered** into an agreement.	1. नए कर्मचारियों के नाम रजिस्टर में **दर्ज किए** जाएं। 2. उसने एक सामान्य प्रशिक्षु के रूप में आकाशवाणी सेवा में **प्रवेश किया**। 3. दोनों देशों ने एक **समझौता किया** ।
49.	enterpreneur	(n) - उद्यमी, उद्यमकर्ता	The Scheme is being implemented to help the **entrepreneurs** in the field of small scale industries.	योजना लघु उद्योग के क्षेत्र में **उद्यमियों** की मदद करने के लिए लागू की जा रही है ।
50.	enterprise	(n) - उद्यम	The new **enterprises** may thrive in the age of liberalization.	उदारीकरण के युग में नए **उद्यम** कामयाब हो सकते हैं ।
51.	entertain	**(v)** - 1 सत्कार करना 2. मनोरंजन करना 3.ग्रहण करना	The Public Relation Officer **entertained** the official guest.	जन संपर्क अधिकारी ने सरकारी अतिथियों का **सत्कार किया**।
52.	entitle	**(v)** - हकदार होना, हकदार बनाना	The group 'B' officers are **entitled** to travel in the AC Tier II by rail.	समूह 'ख' के अधिकारी रेल की ए.सी. द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने के **हकदार** हैं ।
53.	entitled amount	(n) - हकदारी राशि*	The entitled amount was distributed among all the five successors.	**हकदारी राशि** पांचों उत्तराधिकारियों में वितरित की गई।
54.	enterpreneurship	(n) - उद्यमिता*	The enterpreneurship of J. R. D Tata **enabled** India to march on the path of Industrial development.	जे आर डी टाटा की **उद्यमिता** ने भारत को औद्योगिक विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाया।
55.	entrust	(v) - सौंपना	The Asstt. Manager (Admn) was **entrusted** with the work of new recruitments in the	सहायक प्रबंधक (प्रशासन) को कार्यालय में नई भर्तियों का कार्य **सौंपा** गया ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			office.	
56.	entry	(n) - 1.प्रविष्टि*, इंदराज 2 प्रवेश	1. In the balance sheet , all the **entries** of debit should match with those of credit. 2. **Entry** to the National Museum is free on Sunday.	1. तुलन पत्र में डेबिट की सभी **प्रविष्टियां** क्रेडिट की सभी प्रविष्टियों के साथ मेल खानी चाहिए। 2. रविवार को संग्रहालय में **प्रवेश** नि: शुल्क है।
57.	enumeration	(n) - गणना*, गिनना	Teachers of Primary schools are entrusted with the work of **enumeration** of drop -outs.	प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को विद्यालय छोड़ने वाले छात्रों की **गणना** का कार्य सौंपा गया है।
58.	envoy	(n) - दूत	The Prime Minister has ordered to send a special **envoy** to represent India at the UN conference.	प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक विशेष **दूत** भेजने का आदेश दिया।
59.	ephemeral file	(n) - **अल्पकालिक फाइल***, अल्पकालिक पंजी*	The complaints of a general nature are disposed in **ephemeral** files.	सामान्य प्रकृति की शिकायतों का निपटान **अल्पकालिक फाइलों** में किया जाता है।
60.	equitable	(adj) - **समान, निष्पक्ष, समतापूर्ण,** साम्यापूर्ण	The government has stressed the need of **equitable** social justice.	सरकार ने **समान** सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर बल दिया है।
61.	equivalent	(adj) - 1 **बराबर,** तुल्य, समतुल्य 2 **समान अर्थ का**, समानार्थी	1. The employee may be granted the loan of the amount **equivalent** to ten times of his/her monthly salary. 2. In the official correspondence, simple **equivalents** of difficult words may be used.	1. कर्मचारी को उसके मासिक वेतन के दस गुना के **बराबर** राशि का ऋण दिया जा सकता है। 2.कार्यालयी पत्राचार में कठिन शब्दों के स्थान पर **समान अर्थ** के सरल शब्दों का प्रयोग करें।
62.	eradicate	**(v) - हटाना, समाप्त करना,** उन्मूलन करना	Polio has been virtually **eradicated** from India.	पोलियो वस्तुतः भारत से **समाप्त कर** दिया गया है।
63.	errata	(n) - शुद्धि-पत्र	The **errata** were issued in regard to the advertisement published in the newspapers.	समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के बारे में **शुद्धि-पत्र** जारी किया गया।
64.	error	(n) - त्रुटि*, भूल*,	It was just a clerical **error**.	यह मात्र एक लिपिकीय **त्रुटि** थी।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
		गलती*		
65.	errors and omissions	(n) - भूल-चूक*	The names of some officials have been left by **errors and omissions**.	कुछ कर्मचारियों के नाम **भूल-चूक** के कारण छूट गए हैं।
66.	escalation	(n) -वृद्धि*, बढ़ोतरी*, **बढ़ना**	An **escalation** in oil prices leads to a further increase in fiscal deficit.	तेल की कीमतों में वृद्धि से वित्तीय घाटा और **बढ़ता** है।
67.	escort	(n) -**मार्गरक्षक,** अनुरक्षक	A heavy cash amount may not be brought to the office without an **escort**.	**मार्गरक्षक** के बिना बड़ी मात्रा में नकद राशि कार्यालय में नहीं लाई जानी चाहिए।
68.	essential	अनिवार्य	The candidates must fulfill the **essential** qualification for the post as mentioned in the advertisement.	उम्मीदवारों को इस पद के लिए विज्ञापन में उल्लिखित **अनिवार्य** योग्यता को पूरा करना होगा।
69.	establishment	(v).- 1 स्थापना* 2 **प्रतिष्ठान** (संस्था*) अधिष्ठान,	1. The Chief Minister announced the **establishment** of a hospital in each district headquarter. 2. The officer joined the service in this **establishment** ten years ago.	1. मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक अस्पताल की **स्थापना** करने की घोषणा की। 2. अधिकारी ने दस साल पहले इस **प्रतिष्ठान** में कार्यभार ग्रहण किया था।
70.	estate	(n).- 1. **जायदाद*,संपत्ति*** संपदा* 2. **(व्यवस्था का) स्तंभ, वर्ग**	1.The **estate** of the landlord was left to his only daughter. 2. The press is the fourth **estate** of democracy.	1. भूस्वामी की **संपत्ति** उनके बाद उनकी इकलौती पुत्री को मिली। 2. प्रेस जनतंत्र का चौथा **स्तंभ** है।
71.	estimate	(n).- 1**. अनुमान,** प्राक्कलन (v).-2. **अनुमान करना,** आंकना	1. We got **estimates** from three firms and accepted the lowest. 2. The GDP growth is **estimated** to be about 5% in the year.	1. हमें तीन फर्मों से **अनुमान** मिले थे और हमने सबसे कम वाले को स्वीकार किया। 2. इस साल सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 5% के आस-पास होने का **अनुमान** है।
72.	ethics	(n).- 1 नीतिशास्त्र 2. नैतिकता*, आचारनीति*	1. **Ethics** has also been introduced in Management Courses in some universities. 2. There were no **ethics** in the verdict.	1. कुछ विश्वविद्यालयों में प्रबंधन पाठ्यक्रम में **नीतिशास्त्र** को भी शामिल किया गया है। 2. फैसले में कोई **नैतिकता** नहीं थी।
73.	evacuation	(n)**.- निकासी*,**	The state government	राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
		निकास, बाहर करना, बाहर निकालना, निष्क्रमण	has launched a massive operation for the **evacuation** of the victims from the flood affected areas.	से पीड़ितों की **निकासी** के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया है।
74.	evade	(v).- 1. **(कर आदि) चोरी करना, छिपाना,** अपवंचन करना, 2. टालना	1. He has been booked for **evading** taxes. 2. The party spokesman **evaded** some serious questions about the new political developments.	1. उनके खिलाफ **कर चोरी** करने का मामला दर्ज किया गया है। 2.पार्टी प्रवक्ता ने नए राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में कुछ गंभीर सवालों को **टाल दिया**।
75.	evaluation	(v).- **जांच-परख,** मूल्यांकन	Some samples of the product were taken for **evaluation**.	उत्पाद के कुछ नमूने **जांच-परख** के लिए ले जाए गए।
76.	even number	(n).-सम संख्या, **समसंख्यक**	The letter of **even number** of an earlier date was also received in the office.	पहले की तारीख का **समसंख्यक** पत्र भी कार्यालय में प्राप्त हुआ।
77.	eventual	(adj) - **अंतिम, फलस्वरुप,** संभावित	It is impossible to predict the eventual outcome of global warming.	ग्लोबल वार्मिंग के **अंतिम** परिणाम के विषय में भविष्यवाणी करना असंभव है।
78.	eviction	(n) - बेदखली	Due to power project, a number of families had to face **eviction**.	बिजली परियोजना के कारण बहुत से परिवारों को **बेदखली** का सामना करना पड़ा।
79.	evidence	(n) - सबूत,साक्ष्य	The complainant could not produce proper **evidence**.	शिकायतकर्ता उचित **साक्ष्य** प्रस्तुत नहीं कर सका ।
80.	ex-	(adj) - पूर्व-	The **Ex**-Directors of the institution were also invited to the annual day function.	इस संस्थान के **पूर्व** निदेशकों को भी वार्षिक दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था।
81.	exact	(adj) - 1 **सही,** यथार्थ 2 **सटीक,** बिल्कुल ठीक 3 निश्चित	1. The police want to know the **exact** time of the incident. 2. The victim gave to the media an **exact** description of the attacker.	1. पुलिस घटना का **सही** समय जानना चाहती है। 2. उन्होंने मीडिया को हमलावर का **सटीक** विवरण दिया ।
82.	examination	(n) - परीक्षा*	The departmental **examination** for the posts of Section	अनुभाग अधिकारियों के पद के लिए विभागीय **परीक्षा** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			Officers will be conducted by the UPSC.	जाएगी।
83.	example	(n) - उदाहरण	Such kind of **examples** may be given in support of the arguments in the file.	इस तरह के **उदाहरण** फाइल में उल्लिखित तर्कों के समर्थन में दिए जा सकते हैं।
84.	excellence	(n) - उत्कृष्ट	IITs are the institutions of **excellence**.	आई.आई.टी. **उत्कृष्ट** संस्थान हैं।
85.	exception	(n) - अपवाद	With a very few **exceptions**, government schools get the best exam results in the city.	कुछ **अपवादों** को छोड़कर, शहर में सरकारी स्कूलों के परीक्षा परिणाम सबसे अच्छे हैं।
86.	excess	(n) - 1 **ज्यादती*, अतिवादिता*,** अति*, अधिकता* (adj) - 2.**ज्यादा** अधिक	1. A free press curbs **excesses** in society. 2. The complaint has been lodged against **excess** billing of electricity.	1. स्वतंत्र प्रेस समाज में **ज्यादतियों** पर रोक लगाती है। 2. बिजली के **ज्यादा** बिल के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है।
87.	exchange	(n) -1. **आदान- प्रदान, अदला- बदली*,** विनिमय (v) **- 2. बहस करना, आदान-प्रदान करना ,अदला-बदली करना*, विनिमय करना**	1. The **exchange** of the prisoners took place today. 2. The Minister was involved in a heated **exchange** with the benches of opposition MPs.	1. आज कैदियों की **अदली-बदली** की गई। 2. मंत्री की विपक्षी सांसदों के साथ गरमागरम **बहस** हुई।
88.	exchequer	(n) - **सरकारी खजाना,** राजकोष	The amount spent on subsidy is a huge burden on the public **exchequer**.	सब्सिडी पर खर्च की गई राशि **सरकारी खजाने** पर भारी बोझ है ।
89.	excise duty	(n) - उत्पाद शुल्क	The government may cut in the **excise duty**.	सरकार **उत्पाद शुल्क** में कटौती कर सकती है ।
90.	exclude	(v) - **शामिल नहीं करना,** निकालना अपवर्जित करना,	The persons, who have got regular promotions, may be **excluded** from the list of MACP.	नियमित प्रोन्नति प्राप्त व्यक्तियों को एम. ए. सी. पी. की सूची में **शामिल नहीं किया** जाएगा।
91.	exclusive	(adj) - **विशिष्ट**, **एकमात्र,** अनन्य	This is an **exclusive** scheme meant for women.	यह योजना **विशिष्ट** रुप से महिलाओं के लिए है।
92.	excuse	(v).- 1. माफ करना,	1. The offenders were	1. शिकायतकर्ता ने अंत में

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
		क्षमा करना (n) - 2. बहाना	finally **excused** by the complainant. 2. The Manager told the worker not to make a lame **excuse**.	अपराधियों को **माफ कर** दिया। 2. प्रबंधक ने कामगार को झूठा **बहाना** बनाने से मना किया।
93.	execute	(v).- **(काम) पूरा करना,** निष्पादन करना	The officer **executed** his official duty despite his personal problems.	अधिकारी ने निजी समस्याओं के बाद भी अपनी सरकारी ड्यूटी **पूरी की**।
94.	executive	(n) - 1 कार्यपालिका* 2 (पदनाम) कार्यपालक 3 **अधिकारी,** (रेडियो) निष्पादक 4. (समिति)* कार्यकारिणी*	1. The **executive** is one of the most important pillars of democracy. 2. The Chief-**Executive** Officer of the company has announced some new initiative. 3. The Programme **Executive** reviewed the programme before broadcast. 4. The **executive** of the Employees Union has not yet taken a decision in this regard.	1. **कार्यपालिका** जनतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। 2. कंपनी के मुख्य **कार्यपालक** अधिकारी ने कुछ नई पहलों की घोषणा की है। 3.प्रोग्राम **अधिकारी** ने कार्यक्रम के प्रसारण से पहले इसकी समीक्षा की। 4. कर्मचारी यूनियन की **कार्यकारिणी** ने अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं किया है।
95.	executor	(n) - निष्पादक	The landlord appointed him the **executor** of her will.	मकान मालिक ने उसे अपनी वसीयत का **निष्पादक** नियुक्त किया।
96.	exemplary behaviour	अनुकरणीय व्यवहार	The Manager praised the subordinate of his **exemplary** behaviour.	प्रबंधक ने अपने अधिनस्थ अधिकारी के **अनुकरणीय व्यवहार** की सराहना की।
97.	exempt	(v).- 1 छूट देना (adj) - 2 छूट-प्राप्त	1. Donations for National Disaster are **exempted** from income tax. 2. The income upto Rs. 180,000/- is **exempt** from income tax.	1. राष्ट्रीय आपदा के लिए दिए गए दान को आयकर से **छूट दी** गई है। 2. 180,000 रुपए तक की राशि आयकर से **छूट प्राप्त** है।
98.	exercise	(n).- 1.प्रयोग 2. **अभ्यास** (v).-3. प्रयोग करना	1. Leadership does not rest on the **exercise** of force alone. 2. Both the countries have agreed	1. नेतृत्व मात्र बल **प्रयोग** पर निर्भर नहीं करता है। 2. दोनों देश संयुक्त सैनिक **अभ्यास** के लिए सहमत हैं। 3. मीडिया में अपना वक्तव्य देकर

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			for a joint military **exercise**. 3. He has only **exercised** his right to free speech making his statement to the media.	उसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का ही **प्रयोग किया** है।
99.	exhaustive	(adj) - **संपूर्ण, पूरा,** सर्वांगीण	The file was put up with **exhaustive** details of the case.	फाइल मामले के **पूरे** विवरणों के साथ प्रस्तुत की गई।
100.	exigency	(n) - तात्कालिक* आवश्यकता	An appropriate fund is provided to meet the **exigency** in the office.	कार्यालय की **तात्कालिक आवश्यकता** की पूर्ति के लिए समुचित निधि की व्यवस्था है।
101.	Exim policy	(n) - आयात-निर्यात नीति*	The **exim policy** of the government is quite conducive for promotion of trade.	सरकार की **आयात-निर्यात नीति** व्यापार को बढ़ावा देने के लिए काफी अनुकूल है।
102.	ex-india	(adj) - भारत से बाहर, भारत - बाह्य	The official may avail of **ex-india** leave after completion of his assignment abroad with prior approval of the Ministry	कर्मचारी विदेश में अपना कार्य पूरा करने के बाद मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से **भारत-बाह्य** छुट्टी ले सकता है।
103.	exit	(n).-1. निकास, निर्गम 2. **निकास द्वार,** बहिर्गमन द्वार (v) - 3. **बाहर जाना, बाहर होना, बाहर जाना,** बहिर्गमन 4. **हटना**	1. The emergency **exit** is at the back of the metro train. 2. This is the **exit** of the office building. 3. With his **exit** of the scheme, he has forgone all his rights to avail the benefits. 4. The insured may **exit** the policy only after 10 years.	1. आपातकालीन **निकास** द्वार मेट्रो ट्रेन के पीछे की ओर है। 2. यह कार्यालय भवन का **निकास** द्वार है। 3. योजना से **बाहर जाने** के कारण वह लाभ उठाने के अपने सभी अधिकार छोड़ चुका है। 4. बीमाकृत व्यक्ति 10 साल के बाद ही इस पॉलिसी से **बाहर निकल** सकता है।
104.	exit policy	(n).- बहिर्गमन नीति*	The **exit policy** of the scheme is unfavourable to the clients.	इस स्कीम की **बहिर्गमन नीति** ग्राहकों के अनुकूल नहीं है।
105.	exonerate	(v).- **दोषमुक्त करना**, माफी देना	After departmental inquiry, he was **exonerated** from all the charges.	विभागीय जांच के बाद, उसे सभी आरोपों से **दोषमुक्त कर** दिया गया।
106.	expansion	(n).-विस्तार, प्रसार	With the **expansion** of the social schemes to the women and	सामाजिक योजनाओं का **विस्तार** करके महिलाओं और बच्चों को

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			children, there has been an increase in social index.	शामिल करने से सामाजिक सूचकांक में वृद्धि हुई है।
107.	expatriation	(n) -1. देश-निकाला, देश-निष्कासन 2. देश-त्याग 3, देश-निष्ठात्याग	His radical views led to his **expatriation** from the country of his origin.	उसके अतिवादी विचारों के कारण उसे **देश निकाला** दे दिया गया।
108.	expedite	(v) - शीघ्र कार्रवाई करना	The process may be **expedited**.	**शीघ्र कार्रवाई करें**।
109.	expel	(v).- **बाहर निकाल देना,** निष्कासित करना	The examinee was **expelled** from the exam for resorting to unfair means.	परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के कारण परीक्षा से **बाहर निकाल दिया** गया।
110.	expenditure	(n).-व्यय, खर्च	The **expenditure** on the scheme was within the approved limit.	इस योजना पर अनुमोदित सीमा के भीतर ही **व्यय** किया गया है।
111.	experience	(n).-अनुभव	The candidate must have **experience** of 3 years in the field of translation.	उम्मीदवार के पास अनुवाद के क्षेत्र में 3 वर्ष का **अनुभव** होना अनिवार्य है।
112.	experiment	(n).-प्रयोग, परीक्षण	The **experiment** of the new software for reservation system has been successful.	आरक्षण प्रणाली के लिए नए सॉफ्टवेयर का **प्रयोग** सफल रहा है।
113.	expert	(n).-विशेषज्ञ	The opinion of the legal **expert** may be sought in this case.	इस मामले में कानूनी **विशेषज्ञ** की सलाह ली जाए।
114.	expertise	(n).-विशेषज्ञता*	The **expertise** of the officer proved useful in resolving the case.	इस मामले को सुलझाने में अधिकारी की **विशेषज्ञता** उपयोगी साबित हुई।
115.	expiration	(n).-समापन	The letter received at the **expiration** of the period shall not be accepted.	इस अवधि के **समापन** के बाद प्राप्त पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
116.	explanation	(n).-1. स्पष्टीकरण 2. व्याख्या*	The official submitted his **explanation** just before the expiration of the time-limit.	अधिकारी ने समय-सीमा के समापन से कुछ ही पहले अपना **स्पष्टीकरण** प्रस्तुत किया ।
117.	explicit	(adj) - **साफ,** स्पष्ट	He was explicit about his intention to make the internal system of the party more democratic.	पार्टी की आंतरिक प्रणाली को और प्रजातांत्रिक बनाने की उसकी मंशा विल्कुल **साफ** थी।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
118.	exploitation	(n).-1 शोषण, दोहन, **उपयोग** 2. समुपयोजन	1. **Exploitation** of the poor cannot be allowed in a democratic set up. 2. The government is trying for proper **exploitation** of the resources.	1. प्रजातांत्रिक व्यवस्था में गरीबों के **शोषण** की अनुमति नहीं दी जा सकती है। 2. सरकार संसाधनों के उचित **उपयोग** का प्रयास कर रही है।
119.	exploration	(n).- खोज,* समन्वेषण	The oil company has been accorded approval for **exploration** of oil and natural gas in the Krishna Godavari basin.	कृष्णा- गोदावरी बेसिन में तेल और प्राकृतिक गैस की **खोज** करने के लिए तेल कंपनी को अनुमोदन दिया गया।
120.	explore	(v) - खोज करना, पता लगाना	The IT industry of India is **exploring** new overseas market.	भारत का आईटी उद्योग विदेशों में नए बाजार की **खोज कर** है।
121.	export	(n).- निर्यात (v) - **निर्यात करना**	1. Indian **export** grows at the steady. 2. Indian goods are **exported** to the different parts of the world.	1.भारतीय **निर्यात** स्थिर दर से बढ़ रहा है। 2.भारतीय सामान दुनिया के विभिन्न भागों में **निर्यात किया** जाता है।
122.	export-import (Exim)	(n).- आयात-निर्यात	The government has amended its **Export-Import** policy.	सरकार ने अपनी **आयात- निर्यात** नीति में संशोधन किया है ।
123.	express	(adj) -1.एक्सप्रेस (adv) -2.तुरंत (v) - 3. अभिव्यक्त करना , व्यक्त करना	1. This is an **express** train. 2. Send the document **express**. 3. Teachers have **expressed** concern about the new evaluation system.	1 यह **एक्सप्रेस** ट्रेन है। **2.** दस्तावेज **तुरंत** भेजें। 3.शिक्षकों ने नई **मूल्यांकन** प्रणाली के बारे में चिंता व्यक्त की है।
124.	expression	(n) -1. अभिव्यक्ति* 2. वाक्यांश, पद	1. Indian citizens enjoys the freedom of **expression**. 2. This **expression** is well defined in the note.	1. भारतीय नागरिकों को **अभिव्यक्ति** की स्वतंत्रता प्राप्त है । 2. टिप्पण में इस **पद** को सुपरिभाषित किया गया है।
125.	expulsion	(n).- **निकालना,** निष्कासन	His indiscipline led to his **expulsion** from the party.	उन्हें अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से **निकाला** गया।
126.	extend	(v).- बढ़ाना, विस्तार करना	The scope of the scheme has been **extended** to accommodate a greater number of	इस योजना के दायरे को बड़ी संख्या में लाभार्थियों को समायोजित करने के लिए **बढ़ाया** गया है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hind
			beneficiaries.	
127.	extensive	(adj) - व्यापक, विस्तृत	The report has got **extensive** coverage.	रिपोर्ट को **व्यापक** कवरेज मिला है।
128.	external	(adj) - 1 **बाहरी,** बाह्य 2 विदेशी, विदेश	The country is facing **external** and internal threat to its security.	देश की सुरक्षा को **बाहरी** और आंतरिक खतरे का सामना करना पड़ रहा है।
129.	extortion	(n).- धन ऐंठना	The accused is charged of **extortion** of money.	अभियुक्त पर **धन ऐंठने** का आरोप है।
130.	extra	(adj) - अतिरिक्त	**Extra** staff has been deployed to complete the work in time.	काम को समय से पूरा करने के लिए **अतिरिक्त** स्टाफ लगाया गया है।
131.	extraordinary	(adj) - असाधारण	India has made an **extraordinary** progress in the field of Information Technology.	भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में **असाधारण** प्रगति की है।
132.	extravagant	(n) -1. फिजूलखर्च 2. अपव्ययी	1. The government has issued new directives to curb in **extravagant** expenditure. 2. The official was in habitual indebtedness only for his **extravagant** nature.	1.सरकार ने **फिजूलखर्च** पर अंकुश लगाने के लिए नए निदेश जारी किए हैं। 2.कर्मचारी **अपव्ययी** होने के कारण ही आदतन कर्ज में था।
133.	extremist	(n) - उग्रवादी (adj) - **चरमपंथी**, अतिवादी	1.The country needs a strong intelligence service to counter **extremists**. 2.The Government official should not have **extremist** views.	1. देश को **उग्रवादियों** का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत खुफिया सेवा की जरूरत है। 2. सरकारी कर्मचारी के विचार **चरमपंथी** नहीं होने चाहिए।
134.	eye-witness	(n) -प्रत्यक्षदर्शी, साक्षी चश्मदीद गवाह	The Judge granted the bail after hearing the **eye- witness**.	न्यायाधीश ने **चश्मदीद** गवाह को सुनने के बाद जमानत दे दी।

F

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
1.	fabricate	(v) -1. गढ़ना 2. निर्माण करना	The defence had fabricated the evidence.	बचाव पक्ष ने साक्ष्य गढ़ा था।
2.	fabricated	(adj) - **गढ़ा हुआ**, **मनगढ़ंत**	The enquiry officer has found it a fabricated case.	जांच अधिकारी ने इस मामले को **मनगढ़ंत** पाया है।
3.	fabrication	(n) – **गढ़ा होना**, संविरचन	The statement of the convict was a complete fabrication from start to finish.	अपराधी का बयान शुरू से लेकर अंत तक पूरी तरह **गढ़ा हुआ** था।
4.	face value	(n) – अंकित मूल्य	The shares of the company were selling at twice their face value.	कंपनी के शेयर उनके अंकित मूल्य से दो गुणा मूल्य पर बेचे जा रहे थे।
5.	facilitate	(v) - **बढ़ावा देना**, सुकर बनाना	The new trade agreement should facilitate rapid economic growth.	नए व्यापार समझौते से तेज आर्थिक विकास को **बढ़ावा** मिलेगा।
6.	facility	(n) – सुविधा*	It is very useful to have an overdraft facility.	ओवरड्राफ्ट सुविधा का होना अत्यंत उपयोगी है।
7.	facsimile	(n) – 1. अनुलिपि* 2. प्रतिकृति*	Please, attach a facsimile signature of the borrower duly attested by a gazetted officer.	कृपया, उधारकर्ता का राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित अनुलिपि हस्ताक्षर संलग्न करें।
8.	fact	(n) – तथ्य	The judge instructed both lawyers to stick to the facts of the case.	न्यायाधीश ने दोनों वकीलों को मामले के तथ्यों पर केंद्रित रहने का निदेश दिया।
9.	fact-finding	(adj) – **तथ्यान्वेषी**, तथ्यान्वेषण	A fact-finding committee has been constituted to probe the stampede.	भगदड़ की घटना की जांच के लिए **तथ्यान्वेषी** समिति गठित की गई है।
10.	factionalism	(n) – 1. **गुटबाजी***, गुटबंदी* 2. गुटवाद	There is factionalism within the Student movement.	इस छात्र आंदोलन में **गुटबाजी** मौजूद है।
11.	factor	(n) - कारक (v) – **शामिल करना**	(n) - The rise in crime is mainly due to social and economic factors. (v) – Remember to factor in staffing costs while planning	(n) - अपराध में वृद्धि के लिए मुख्यतः सामाजिक और आर्थिक कारक जिम्मेदार हैं। (v) - परियोजना को तैयार करते समय स्टाफ पर आने वाली लागत

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			the project.	को भी **शामिल करें**।
12.	factory	(n) – कारखाना, फैक्टरी*, निर्माणी*	The Government has decided to shift the factories to the newly established industrial area.	सरकार ने कारखानों को हाल ही में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।
13.	factual	(adj) – तथ्यपूर्ण, तथ्यात्मक	The inquiry officer has sought for factual information regarding the case.	जांच अधिकारी ने मामले के बारे में तथ्यात्मक जानकारी मांगी है।
14.	faculty	(n) – 1. संकाय 2. शिक्षण-स्टाफ 3. **क्षमता***, शक्ति*	1. Faculty of science has been established in the college. 2. A faculty meeting was held to discuss the matter. 3. The employee had a faculty for seeing his own mistakes.	1. कॉलेज में विज्ञान संकाय स्थापित किया गया है। 2. मामले पर चर्चा करने के लिए शिक्षण-स्टाफ की बैठक आयोजित की गई थी। 3. कर्मचारी के पास अपनी गलतियों को पहचानने की **क्षमता** थी।
15.	fail	(v) – 1. **विफल होना**, **नाकाम होना**, असफल होना 2. चूकना 3. **फेल होना**, अनुत्तीर्ण होना 4. **नष्ट होना, खराब होना** 5. दिवालिया हो जाना	1. The committee has failed to submit its report in time. 2. The companies which fail to take advantage of the new technology will go out of business. 3. The candidate has failed in the written test. 4. In fact many crops failed because of the drought. 5. The engine of the Air Bus failed on take-off. 6. A number of banks failed due to recession.	1. समिति समय पर अपनी रिपोर्ट पेश करने में **विफल** रही है। 2. जो कंपनियां नई तकनीक का लाभ लेने से चूक जाएंगी, उन्हें कारोबार छोड़ना होगा। 3. उम्मीदवार लिखित परीक्षा में **फेल हो गया** है। 4. वास्तव में, सूखे के कारण कई फसलें **नष्ट हो** गईं। 5. उड़ान भरते समय एयर बस का इंजन **खराब हो गया**। 6. मंदी के कारण कई बैंक दिवालिया हो गए।
16.	fair	(n) – मेला (adj) – 1. स्वच्छ 2. उचित 3. निष्पक्ष 4. पर्याप्त 5. (गोपनीय रिपोर्ट) साधारण	(n) – The World Trade Fair is being organized in Delhi. (adj) – 1. The draft has been approved and the fair copies are to be prepared. 2. The candidates	(n) – दिल्ली में विश्व व्यापार मेला आयोजित किया जा रहा है। (adj) – 1.मसौदा अनुमोदित हो गया है, स्वच्छ प्रतियां तैयार की जानी हैं। 2. उम्मीदवारों को कंप्यूटर का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			should have fair knowledge of computer. 3. The Magistrate has ordered a fair enquiry.	3. मजिस्ट्रेट ने निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है।
17.	fair copy	(n) – स्वच्छ प्रति*	Please, attach a fair copy of the proposal.	कृपया, प्रस्ताव की स्वच्छ प्रति संलग्न करें।
18.	fairness	(n) – 1. निष्पक्षता* 2. औचित्य	The members have questioned the fairness of the enquiry.	सदस्यों ने जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है।
19.	fair price	(n) – **उचित मूल्य**, उचित कीमत*	The consumers have made a lot of complaints against the fair price shops.	उपभोक्ताओं ने **उचित मूल्य** की दुकानों के खिलाफ ढेर सारी शिकायतें की हैं।
20.	fair selection	(n) – निष्पक्ष चयन	The candidates have questioned the selection procedure and demanded for a fair selection.	उम्मीदवारों ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और निष्पक्ष चयन की मांग की है।
21.	fair treatment	(n) – **उचित व्यवहार**, उचित बर्ताव	The delegation has received fair treatment from the protestors.	प्रदर्शनकारियों ने प्रतिनिधिमंडल के साथ **उचित व्यवहार** किया है।
22.	faith	(n) – 1. विश्वास 2. आस्था	People have lost faith in the British Parliament.	जनता ने ब्रिटिश संसद के प्रति विश्वास खो दिया है।
23.	faithful	(n)/ (adj) – **वफादार**, **विश्वसनीय**, विश्वासपात्र	1. The party leader thanked the faithful of the party for their support. 2. The employee was rewarded for his 30 years' faithful service with the company.	1. पार्टी नेता ने पार्टी के **वफादारों** को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 2. कर्मचारी को कंपनी में 30 साल की **विश्वसनीय** सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया।
24.	fake	(n) , (adj) – **फर्जी**, नकली जाली, (v) - **नकल करना**	(n) - All the documents proved to be fakes. (adj) – The bank manager is said to have issued fake certificates. (v) - The employee has faked his employer's signature on the document.	(n) - सभी दस्तावेज **फर्जी** साबित हुए। (adj) – पता चला है कि बैंक प्रबंधक ने जाली प्रमाण पत्र जारी किए हैं। (v) - कर्मचारी ने दस्तावेज पर अपने नियोक्ता के हस्ताक्षर की **नकल की** है ।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
25.	fake currency	(n) - **नकली नोट**, जाली मुद्रा, जाली नोट	The police have seized a consignment of fake currency.	पुलिस ने **नकली नोटों** की खेप जब्त की है।
26.	false	(adj) – **मिथ्या, झूठा**	The employee has been charged for giving false information to the office.	कर्मचारी पर कार्यालय को **मिथ्या** जानकारी देने का आरोप लगाया गया है।
27.	fallacious	(adj) – **भ्रामक, झूठा**	The arguments presented by the social activists are fallacious and baseless.	सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्क **भ्रामक** और निराधार हैं।
28.	falsification	(n) – **हेराफेरी**, मिथ्याकरण	The company has been proved guilty for falsification of accounts.	लेखा में **हेराफेरी** के लिए कंपनी दोषी साबित हुई है।
29.	family pension	(n) – परिवार पेंशन*	The rates of family pension have been increased according to the 6th CPC recommendations.	छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार परिवार पेंशन की दरें बढ़ा दी गई हैं।
30.	family planning	(n) – परिवार नियोजन	The Government has emphasized the need of family planning.	सरकार ने परिवार नियोजन की जरूरत पर बल दिया है।
31.	family welfare	(n) – परिवार कल्याण	The Government has announced new family welfare schemes for the rural population.	सरकार ने ग्रामीण आबादी के लिए नई परिवार कल्याण स्कीमों की घोषणा की है।
32.	famine relief	(n) – अकाल राहत	The State Government has demanded an additional fund for famine relief.	राज्य सरकार ने अकाल राहत के लिए अतिरिक्त निधि की मांग की है।
33.	fare	(n) – किराया	The air fare has been increased due to increase in fuel charges.	ईंधन की कीमतों में वृद्धि की वजह से हवाई किराया बढ़ा दिया गया है।
34.	farewell	(n) – विदाई*	The members have gathered to bid farewell to the Chairman.	सदस्य अध्यक्ष की विदाई के लिए इकट्ठे हुए हैं।
35.	farming	(n) – खेती*, कृषि*	The experts have suggested to adopt organic farming.	विशेषज्ञों ने जैविक खेती को अपनाने का सुझाव दिया है।
36.	fault	(n) – 1. **खराबी***, दोष	1. The captain knew	1. कप्तान को पता था कि इंजन में

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		2. चूक* 3. त्रुटि*	there was an engine fault but didn't want to alarm the passengers. 2. In this case, there was a fault at the Assistant's end. 3. The accident occurred due to a human fault.	**खराबी** है, लेकिन वह यात्रियों को सचेत नहीं करना चाहता था। 2. इस मामले में सहायक से चूक हुई। 3. दुर्घटना मानवीय त्रुटि के कारण हुई।
37.	fault finding	(n) – **गलती खोजना**, छिद्रान्वेषण, दोष निकालना	The excessive fault-finding tendency of the management is good neither for the organization nor for its productive work force.	प्रबंधन द्वारा अत्यधिक **गलती खोजने** की प्रवृत्ति न तो संगठन के लिए अच्छी है और न ही उसके उत्पादक कार्य बल के लिए अच्छी है।
38.	faultless	(adj) – दोषरहित, त्रुटिरहित	The officer is known for his faultless performance.	यह अधिकारी अपने त्रुटिरहित निष्पादन के लिए जाने जाते हैं।
39.	faulty	(adj) – **खराब**, दोषपूर्ण, सदोष	The accident was caused by the faulty traffic signal.	दुर्घटना **खराब** यातायात सिग्नल की वजह से हुई।
40.	favour	(n) – 1. **सहायता***, अनुग्रह, कृपा* 2. पक्षपात 3. पक्ष 4. प्राथमिकता* 5. **समर्थन** 6. **सहायक**, **अनुकूल** (v) – 7. **प्राथमिकता देना** 8. **पक्ष में होना** 9. **समर्थन करना** 10. **लाभ पहुंचाना** 11. **अनुकूल होना, सहायक होना** 12 13. **अनुग्रह करना, सहायता करना, मदद करना**, **एहसान करना** 14. **पक्षपात करना**	(n) – 1.The family of the deceased employee has urged for a favour. 2. Invigilators should not show favour to any candidate in the examination. 3. The government is in favour of reforming the tax laws. 4. Employers are more likely to look with favour on experienced candidates. 5. Senior ministers spoke in favour of the proposal. 6. Low interest rates don't do savers any favours. (v) – 1. Many	(n) – 1. मृतक कर्मचारी के परिवार ने **सहायता** के लिए निवेदन किया है। 2. निरीक्षक को परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार के साथ पक्षपात नहीं करना चाहिए। 3. सरकार कर कानूनों में सुधार के पक्ष में है। 4. नियोक्ता अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं। 5. वरिष्ठ मंत्रियों ने इस प्रस्ताव का **समर्थन किया**। 6. निम्न ब्याज दरें बचत करनेवालों के **अनुकूल** नहीं हैं। (v) – 1. कई देश राष्ट्रपति प्रणाली की सरकार को **प्राथमिकता देते** हैं। 2. दोनों देश समझौते के **पक्ष में** लग रहे हैं। 3. अधिकांश सदस्यों ने तंबाकू

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			countries favour a presidential system of government. 2. Both the countries seem to favour the agreement. 3. Most of the members favoured the ban on tobacco products. 4. The treaty seems to favour the USA. 5. The current economy does not favour the development of small businesses. 6. The officer did a favour to the employee to help him come out from the crisis. 7. The board-member has been charged for doing a favour in selection of the candidate.	उत्पादों पर प्रतिबंध का **समर्थन किया**। 4. ऐसा लगता है कि इस संधि से अमेरिका को **लाभ पहुंचेगा**। 5. वर्तमान अर्थव्यवस्था छोटे व्यवसायों के विकास के **अनुकूल** नहीं है। 6. अधिकारी ने कर्मचारी को संकट से बाहर निकलने में **सहायता** की। 7. बोर्ड के सदस्य पर उम्मीदवार के चयन में **पक्षपात करने** का आरोप लगाया गया है।
41.	favourable	(adj) – 1. अनुकूल 2. लाभदायक	1. In this regard, a favourable action will be highly appreciated. 2. The terms of the agreement are favourable to both sides.	1. इस संबंध में अनुकूल कार्रवाई अपेक्षित है। 2. समझौते की शर्तें दोनों पक्षों के लिए **लाभदायक** हैं।
42.	favouritism	(n) - पक्षपात	The members have accused the chairman of favouritism.	सदस्यों ने अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाया।
43.	feasible	(adj) – **व्यवहार्य, संभव**	It was no longer financially feasible to keep the community centre open.	सामुदायिक केंद्र को चलाना, आर्थिक रूप से **व्यवहार्य** नहीं था।
44.	feasibility	(n) – **व्यवहार्यता***, साध्यता*	The committee will study the feasibility of setting up a national computer network.	समिति राष्ट्रीय कंप्यूटर नेटवर्क स्थापित करने की **व्यवहार्यता** का अध्ययन करेगी।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
45.	feasibility report	(n) - **व्यवहार्यता रिपोर्ट***, साध्यता रिपोर्ट*	The feasibility report has been submitted for further action.	**व्यवहार्यता रिपोर्ट** आगे की कार्रवाई के लिए प्रस्तुत की गई है।
46.	federation	(n) – **महासंघ**, परिसंघ	The sports federation is going to organize a 5 day talent hunt workshop.	खेल **महासंघ** पांच दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यशाला का आयोजन कर रहा है।
47.	fee	(n) - शुल्क, फीस	The fee will be accepted by cheque only.	शुल्क केवल चेक के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।
48.	feed	(n) – **फ़ीड** (v) - **देना**	1. The automatic paper feed of the printer has developed a problem. 2. USA intelligence agency had been feeding false information to a KGB agent.	1. प्रिंटर के स्वचालित कागज **फ़ीड** में खराबी आ गई है। 2. अमेरिकी खुफिया एजेंसी के.जी.बी. एजेंट को झूठी सूचना **दे रही** थी।
49.	feed back	(n) – 1. **फीडबैक** 2. पुनर्भरण 3. प्रतिपुष्टि*	The department has invited feedback from the trainees.	विभाग ने प्रशिक्षणार्थियों से **फीडबैक** मांगा है।
50.	feeder post	(n) - **स्रोत पद**, **फीडर पद**, प्रदायक पद	No candidate in the feeder post is eligible for promotion.	**स्रोत पद** का कोई भी उम्मीदवार पदोन्नति के लिए पात्र नहीं है।
51.	fellow	(n) - 1. अध्येता 2. **सदस्य**, अधि सदस्य (adj) - साथी	(n) - 1. The Research Fellow has presented a research paper. 2. The scientist is a fellow of International Science Congress. (adj) - The victim has alleged one of his fellow passengers responsible for the crime.	(n) - 1. अनुसंधान अध्येता ने शोध पत्र प्रस्तुत किया है। 2. वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस का **सदस्य** है। (adj) - पीड़ित ने अपने एक साथी यात्री पर अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया है।
52.	fellowship	(n) - 1. **फैलोशिप**, अध्येतावृत्ति* 2. **सदस्यता***, **फैलोशिप**, अधि-सदस्यता*	1. The scientist was offered a research fellowship at Bhabha Atomic Research Institute. 2. During this period 54 new members were brought into the fellowship.	1. वैज्ञानिक को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में शोध **फैलोशिप** का प्रस्ताव दिया गया था। 2. इस अवधि के दौरान 54 नए सदस्यों को **सदस्यता** दी गई।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
53.	female foeticide	(n) - कन्या भ्रूणहत्या*	The Government is considering to make some stringent provision in law to check the incidents of female foeticide.	सरकार कन्या भ्रूणहत्या की घटनाओं को रोकने के लिए कानून में कुछ कड़े प्रावधान करने पर विचार कर रही है।
54.	fertility rate	(n) - प्रजनन दर*	According to a survey report, fertility rate in the young population is going down due to excessive use of drugs.	सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, दवाओं के अत्यधिक उपयोग के कारण युवा आबादी की प्रजनन दर में गिरावट आ रही है।
55.	festival advance	(n) - त्योहार अग्रिम, त्योहार पेशगी*	The rate of festival advance has been increased.	त्योहार अग्रिम की दर बढ़ा दी गई है।
56.	fictitious	(adj) - **फर्जी**, कल्पित, बनावटी	To avoid a punishment, the employee has withdrawn his fictitious claim of Leave Travel Concession.	सजा से बचने के लिए कर्मचारी ने अपने छुट्टी यात्रा रियायत के **फर्जी** दावे को वापस ले लिया है।
57.	fidelity	(n) – निष्ठा*	The fidelity of the employee to his work paid a lot to him.	कर्मचारी को कार्य के प्रति निष्ठा का अच्छा प्रतिफल मिला है।
58.	fidelity guarantee policy	(n) - निष्ठा गारंटी पॉलिसी*	The insurance company has launched an innovative fidelity guarantee policy for its clients.	बीमा कंपनी ने अपने ग्राहकों के लिए अभिनव निष्ठा गारंटी पॉलिसी की शुरुआत की है।
59.	field	(n) – 1. **मैदान** 2. क्षेत्र 3. **कार्य-क्षेत्र** 4. **स्थान** (v) -1. **मैदान में उतारना** 2. **क्षेत्र रक्षण करना**	(n) - 1.The rescue team camped in a field near the village. 2. This discovery has opened up a whole new field of research. 3. In this regard, a field study has been suggested by the experts. 4. Data Operator will need to create separate fields for first name, surname and address. (v) - 1. Each of the	(n) – 1. बचाव दल ने गांव के निकट **मैदान** में डेरा डाला। 2. इस खोज ने अनुसंधान का नया क्षेत्र खोल दिया है। 3. इस संबंध में विशेषज्ञों ने **कार्यक्षेत्र** अध्ययन का सुझाव दिया है। 4. डाटा ऑपरेटर को पहले नाम, उपनाम और पते के लिए अलग-अलग **स्थान** बनाने होंगे। (v) -1. मुख्य दलों में से प्रत्येक ने 300 से अधिक उम्मीदवारों को

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			main parties fielded more than 300 candidates. 2. The Indian Cricket team won the toss and chose to field first.	**मैदान में उतारा**। 2. भारतीय क्रिकेट टीम ने टॉस जीता और पहले **क्षेत्र-रक्षण करने** का फैसला किया।
60.	field duty	(n) - **फील्ड ड्यूटी***, क्षेत्र ड्यूटी*	The employee has been deployed on field duty.	कर्मचारी को **फील्ड ड्यूटी** पर तैनात किया गया है।
61.	field publicity	(n) - क्षेत्र प्रचार	There is a separate division for field publicity.	क्षेत्र प्रचार के लिए अलग प्रभाग है।
62.	field staff	(n) - फील्ड स्टाफ, क्षेत्र अमला	Most of the field staff is on leave.	अधिकांश फील्ड स्टाफ छुट्टी पर हैं।
63.	field survey	(n) - क्षेत्र सर्वेक्षण	The expert committee has submitted its report on the basis of field survey.	विशेषज्ञ समिति ने क्षेत्र सर्वेक्षण के आधार पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।
64.	field work	(n) - **फील्ड कार्य**, क्षेत्र कार्य	The company has initiated the field work for its new project.	कंपनी ने अपनी नई परियोजना के लिए **फील्ड कार्य** शुरू किया है।
65.	figure	(n) -1. अंक 2. **आंकड़ा** 3. आकृति 4. **व्यक्तित्व** (v) – 1. **शामिल करना**, **प्रस्तुत करना** 2. **गणना करना**	(n) - 1. The employee's salary is now in five figures. 2. By 2012, this figure had risen to 14 million. 3. The spokesperson is an eminent political figure. (v) – 1. The question of the peace settlement is likely to figure prominently in the talks. 2. The attendance of the meeting has been figured at 1500.	(n) - 1. कर्मचारी का वेतन अब पांच अंकों में है। 2. वर्ष 2012 तक यह **आंकड़ा** 14 मिलियन तक पहुंच गया था। 3. प्रवक्ता प्रतिष्ठित राजनीतिक **व्यक्तित्व** है। (v) – 1. वार्ता में शांति समझौते का सवाल प्रमुखता से **शामिल किए जाने** की संभावना है। 2. बैठक में उपस्थिति की **गणना** 1500 की गई।
66.	file	(n) -1. मिसिल, फाइल 2. (कंप्यू) संचिका (v) - 1. फाइल करना	(n) -1. The file has been sent for approval. 2. Every file on the same disk must have	(n) -1. फाइल अनुमोदन के लिए भेज दी गई है। 2. एक डिस्क पर रखी गई प्रत्येक फ़ाइल को अवश्य ही अलग नाम

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		2. **दर्ज करना**, दाखिल करना	a different name. (v) - 1. The application forms should be filed alphabetically. 2. The office has filed a complaint against the supplier.	दिया जाना चाहिए। (v) - 1. आवेदनपत्र वर्ण क्रम के अनुसार फाइल किए जाने चाहिए। 2. कार्यालय ने आपूर्तिकर्ता के खिलाफ शिकायत **दर्ज कराई** है।
67.	file charges	दस्तावेजी खर्च, फाइल खर्च	File charges have been exempted for a period of six months by the bank.	बैंक ने छह महीने की अवधि के लिए फ़ाइल खर्च में छूट दे दी है।
68.	file movement register	(n) - **फ़ाइल आवाजाही रजिस्टर**, फाइल संचलन रजिस्टर	The file movement register may be seen to track the file.	फ़ाइल का पता लगाने के लिए **फ़ाइल आवाजाही रजिस्टर** देखा जा सकता है।
69.	fill	(v) - भरना	The vacancy has already been filled.	रिक्ति को पहले ही भर लिया गया है।
70.	filthy language	(adj) – **अभद्र भाषा***,गंदी भाषा*	The employee has been charged for using filthy language against his colleague.	कर्मचारी पर अपने सहयोगी के खिलाफ **अभद्र भाषा** का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है।
71.	final	(adj) - अंतिम	The project is in its final stages.	परियोजना अपने अंतिम चरण में है।
72.	finalize	(v) - अंतिम रुप देना	The department has finalized the terms of the agreement.	विभाग ने समझौते की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है।
73.	finance	(n) – 1. **धन,** वित्त 2. वित्तपोषण (v) – **धन उपलब्ध करना**, **वित्त उपलब्ध करना**	(n) – 1. Finance for education comes from taxpayers. 2. The report has recommended a review of public finances. (v) – The housing project will be financed by the government.	(n) – 1. शिक्षा के लिए **धन** करदाताओं से प्राप्त होता है। 2. रिपोर्ट में सार्वजनिक वित्तपोषण की समीक्षा की सिफारिश की गई है। (v) – सरकार आवासीय परियोजना के लिए **धन उपलब्ध** करेगी।
74.	finance bill	(n) – वित्त विधेयक	The Parliament has passed the Finance Bill.	संसद ने वित्त विधेयक पारित कर दिया है।
75.	financial	(adj) - वित्तीय, वित्त संबंधी	Organic farmers should be encouraged with financial incentives.	जैविक खेती करने वाले किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन के जरिए बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
76.	financial	(n) – वित्तीय	The State	राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
	assistance	सहायता*	Government has sought more financial assistance from the Central Government.	और अधिक वित्तीय सहायता की मांग की है।
77.	financial concurrence	(n) – वित्तीय सहमति*	The financial concurrence has been obtained for the project.	परियोजना के लिए वित्तीय सहमति प्राप्त कर ली गई है।
78.	financial crisis	(n) – वित्तीय संकट	The Government has adopted some austerity measures to face the financial crisis.	सरकार ने वित्तीय संकट का सामना करने के लिए कुछ मितव्ययिता के कुछ उपाय अपनाए हैं।
79.	financial gain	(n) – वित्तीय लाभ	The report reflects the financial gain achieved by the PSUs in 2011-12.	रिपोर्ट में वर्ष 2011-12 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को हुआ वित्तीय लाभ दर्शाया गया है।
80.	financial implications	(n) – **वित्तीय प्रभाव**, वित्तीय पहलू, वित्तीय विवक्षाएं	There is no financial implication in upgrading 2 posts of Joint Director.	संयुक्त निदेशक के 2 पदों के उन्नयन से कोई **वित्तीय प्रभाव** नहीं पड़ेगा।
81.	financial legislation	(n) – वित्तीय विधान	The Government intends to bring a financial legislation to curb the black money.	सरकार काले धन पर अंकुश लगाने के लिए वित्तीय विधान लाना चाहती है।
82.	financial loss	(n) – **वित्तीय नुकसान**, वित्तीय हानि*	The company had to face a financial loss due to recession.	कंपनी को मंदी के कारण **वित्तीय नुकसान** उठाना पड़ा।
83.	financial obligation	(n) – **वित्तीय भार**, वित्तीय दायित्व	There is sufficient fund to bear the financial obligation of the project.	परियोजना का **वित्तीय भार** वहन करने के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध है।
84.	financial powers	(n) – वित्तीय शक्तियां	The financial powers have been delegated to the Head of the Department.	विभागाध्यक्ष को वित्तीय शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं।
85.	financial provision	(n) – वित्तीय प्रावधान	A financial provision has been made for the additional expenditure.	अतिरिक्त व्यय के लिए वित्तीय प्रावधान किया गया है।
86.	financial review	(n) – वित्तीय समीक्षा	A financial review has been carried out by the Financial Advisor for making a provision for additional fund in the	वित्त सलाहकार ने संशोधित बजट अनुमान में अतिरिक्त निधि का प्रावधान करने के लिए वित्तीय समीक्षा की है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			revised budget estimate.	
87.	financial sanction	(n) – 1.वित्तीय मंजूरी, वित्तीय संस्वीकृति* 2. **वित्तीय प्रतिबंध**	1. The financial sanction has been accorded to purchase a staff car. 2. The Security Council has imposed a financial sanction against Iran for violating the UNO guidelines on nuclear non-proliferation.	1. स्टाफ कार खरीदने के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। 2. सुरक्षा परिषद ने परमाणु अप्रसार के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संघ के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए ईरान के खिलाफ **वित्तीय प्रतिबंध** लगाया है।
88.	financial statement	(n) – वित्तीय विवरण	The financial statement of the company for the year 2011-12 has been received by the department.	विभाग को कंपनी के वर्ष 2011-12 का वित्तीय विवरण प्राप्त हो गया है।
89.	financial year	(n) – वित्त-वर्ष	The rate of interest on GPF has been fixed at 8.5% for the current financial year.	चालू वित्त वर्ष के लिए सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज की दर 8.5% तय की गई है।
90.	find	(n) – **खोज** (v) – 1. **खोजना** 2. **पता चलना, निष्कर्ष निकालना** 3. **पाया जाना** 4. **पाना**	(n) – It is an important archaeological find. (v) – 1.The scientists are trying to find a cure for cancer. 2. The report found that 30% of the crops have failed due to excessive rain. 3. This mineral is found only in Madhya Pradesh. 4. The committee has not found any proof against the employee.	(n) – यह एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक **खोज** है। (v) – 1. वैज्ञानिक कैंसर का इलाज **खोजने** की कोशिश कर रहे हैं। 2. रिपोर्ट से यह **पता चला** है कि अत्यधिक बारिश के कारण 30% फसल नष्ट हो गई। 3. यह खनिज केवल मध्यप्रदेश में पाया जाता है। 4. जांच समिति को कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रमाण नहीं मिला।
91.	findings	(n) – निष्कर्ष	The findings of the committee have yet not been disclosed.	समिति के निष्कर्षों का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है।
92.	fine	(n) – जुर्माना (adj) – **सूक्ष्म** (v) – **जुर्माना लगाना**	(n) – Offenders will be liable to a heavy fine. (adj) – There's no need to make such fine distinctions.	(n) – दोषियों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। (adj) – इस तरह **सूक्ष्म** भेद करने की कोई ज़रूरत नहीं है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			(v) – The company was fined Rs. 20, 000 for breaching safety regulations.	(v) – सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के लिए कंपनी पर 20, 000 रूपए का **जुर्माना लगाया** गया।
93.	fingerprint	(n) – **उंगलियों के निशान**, अंगुलिछाप	According to the police sources, the fingerprints found at the spot, have been matched with those of the suspect.	पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मौके पर पाए गए **उंगलियों के निशान** का संदिग्ध की **उंगलियों के निशान** के साथ मिलान किया गया है।
94.	finished goods	(n) – तैयार माल	The VAT will be levied on the finished goods.	तैयार माल पर वैट वसूला जाएगा।
95.	fire	(n) - आग (v) -1. **गोली चलाना** 2. **दागना** 3. **नौकरी से बरखास्त करना**, नौकरी से निकालना	(n) - 1. The warehouse has been badly damaged by fire. (v) – 1.The gunmen fired on the police. 2. Missiles were fired at the enemy. 3. The employee got fired from his job for dishonesty.	(n) - गोदाम आग से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। (v) – 1. बंदूकधारियों ने पुलिस पर **गोली चलाई**। 2. दुश्मन पर मिसाइलें **दागी** गईं। 3. कर्मचारी को बेईमानी के कारण **नौकरी से बरखास्त कर** दिया गया।
96.	fire brigade	(n) - दमकल दल, **फायर ब्रिगेड**	The fire brigade was there in minutes.	**फायर ब्रिगेड** मिनटों में वहां पहुंच गया था।
97.	fire control instrument	(n) - अग्नि-नियंत्रण उपकरण	The fire brigade is equipped with fire control instruments.	दमकल दल अग्नि-नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित है।
98.	fire drill	(n) - **आग बुझाने का अभ्यास**,**ड्रिल***	The fire brigade has arranged a fire drill.	दमकल दल ने **आग बुझाने के अभ्यास** का आयोजन किया है।
99.	fire extinguisher	(n) - अग्निशामक	The fire brigade has put out the fire with the help of fire extinguishers.	दमकल दल ने अग्निशामक की मदद से आग बुझा दी है।
100.	firefighting equipment	(n) - **अग्निशमन उपकरण**	Report revealed that there was no fire-fighting equipment available on the spot.	रिपोर्ट से पता चलता है कि घटना-स्थल पर कोई **अग्निशमन उपकरण** उपलब्ध नहीं था।
101.	fire service	(n) – अग्निशमन सेवा*	In case of fire, don't be panic and inform the fire service immediately.	आग लगने पर घबराएं नहीं और तुरंत अग्निशमन सेवा को सूचित करें।
102.	fire station	(n) – दमकल केंद्र	The fire station was very far from the place of fire.	दमकल केंद्र आग लगने की जगह से बहुत दूर था।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
103.	firing	(n) – **गोलीबारी***,गोलीकांड, गोली चलाना, गोली चलना	There was continuous firing throughout the night along the LOC.	नियंत्रण रेखा पर रात भर निरंतर **गोलीबारी** हुई।
104.	firm	(n) – फर्म*, व्यवसाय-प्रतिष्ठान (adj) – **ठोस** (v) – **अंतिम रूप देना** (adv) - **दृढ़**	(n) – The Computer firm has submitted its quotation for the supply of computers. (adj) – There was no firm evidence to support the case. (v) – The company has not yet firmed up its plans for expansion. 4. The employee held firm to his principles.	(n) – कंप्यूटर फर्म ने कंप्यूटरों की आपूर्ति के लिए अपना कोटेशन प्रस्तुत किया है। (adj) – मामले के पक्ष में कोई **ठोस** सबूत नहीं था। (v) – कंपनी ने अभी तक अपने विस्तार के लिए योजनाओं को **अंतिम रूप** नहीं **दिया** है। (adv) - कर्मचारी अपने सिद्धांतों के प्रति **दृढ़** है।
105.	first aid	(n) – **प्राथमिक उपचार**, प्रथम उपचार	After giving first aid, the employee has been discharged from the hospital.	**प्राथमिक उपचार** के बाद, कर्मचारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।
106.	first class	(n) , (adj) , (adv) - प्रथम श्रेणी*, उत्तम	1. There are more rooms in the first class. 2. The candidate was awarded a first-class degree in English. 3. The officer has travelled in first class.	1. प्रथम श्रेणी में और अधिक कमरे हैं। 2. उम्मीदवार को अंग्रेजी में प्रथम श्रेणी की डिग्री मिली। 3. अधिकारी ने प्रथम श्रेणी में यात्रा की है।
107.	first come, first served	पहले आओ, पहले पाओ	The application forms are available on first come, first served basis.	आवेदन फॉर्म, पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं।
108.	first degree	(n) - **पहली डिग्री*, पहली उपाधि*** (adj) – **गंभीर**	(n) - The candidate completed his first degree in economics. (adj) – It was a case of first degree robbery.	(n) - उम्मीदवार ने अर्थशास्त्र में अपनी **पहली डिग्री** पूरी की। (adj) – यह डकैती का **गंभीर** मामला था।
109.	first generation	(n)/(adj) – **पहली पीढ़ी***	(n) - This is a first generation of note pad. (adj) – This is a first generation nuclear reactor.	(n) - यह नोटपैड की **पहली पीढ़ी** है। (adj) – यह **पहली पीढ़ी** का नाभिकीय रिएक्टर है।
110.	first half	(n) – पूर्वार्ध	There has been a considerable progress	इस तिमाही के पूर्वार्ध में आर्थिक वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			in the economic growth during the first half of the quarter.	
111.	first information report(FIR)	(n) – प्रथम सूचना रिपोर्ट*	The police registered first information report of the theft case.	पुलिस ने चोरी के मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की।
112.	first quarter	(n) – पहली तिमाही*	The report should be submitted by the last working day of the first quarter.	रिपोर्ट पहली तिमाही के अंतिम कार्य दिवस तक प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए।
113.	fiscal	(adj) – राजकोषीय	The fiscal deficit has reached beyond the estimation this quarter.	इस तिमाही में राजकोषीय घाटा अनुमान से परे पहुँच गया है।
114.	fiscal policy	(n) – राजकोषीय नीति*	The Government is going to review the fiscal policy to mitigate the crisis of inflation.	सरकार मुद्रास्फीति के संकट को कम करने के लिए राजकोषीय नीति की समीक्षा करने जा रही है।
115.	fiscal reform	(n) – राजकोषीय सुधार	The Government has announced more measures for fiscal reform.	सरकार ने राजकोषीय सुधार के लिए कुछ और उपायों की घोषणा की है।
116.	fishy	(adj) – **संदेहजनक, संदेहास्पद**	There was something fishy going on in the camp.	शिविर में कुछ **संदेहजनक** गतिविधियां चल रही थीं।
117.	fit	(n) – **तालमेल** (adj) – 1. योग्य, उपयुक्त 2. स्वस्थ (v) – 1.**संगत होना, संगत बनाना** 2. **उपयुक्त होना, उपयुक्त बनाना** 3. **लगा/सज्जित होना**	1. Marketing is a dynamic process of ensuring a best fit between the capabilities of an organization and the demands placed upon it by its external environment. (adj) – 1.The place was not fit for school building. 2. The candidate is physically fit for the job. (v) – 1.The candidate's experience fitted him perfectly for the job. 2. The rooms were all	1. विपणन एक संगठन की क्षमताओं और उसके बाहरी वातावरण की मांगों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने की गतिशील प्रक्रिया है। (adj) – 1. स्थान स्कूल भवन के लिए उपयुक्त नहीं था। 2. उम्मीदवार सरकारी सेवा के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ है। (v) – 1. उम्मीदवार अनुभव की दृष्टि से सेवा के लिए पूरी तरह से **उपयुक्त** है। 2. सभी कमरों में स्मोक अलार्म लगे हुए थे।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			fitted with smoke alarms.	
118.	fitment	(n) – **निर्धारण**	The fitment benefit should be given during fixation of pay.	वेतन नियतन के दौरान **निर्धारण** लाभ दिया जाना चाहिए।
119.	fitness	(n) - 1. उपयुक्तता*, योग्यता* 2. स्वस्थता* 3 दुरुस्ती	1. There was doubt about the candidate's fitness to hold office. 2. A high level of physical fitness is required for the job.	1. पद के लिए उम्मीदवार की योग्यता पर संदेह था। 2. इस कार्य के लिए उच्च स्तर की शारीरिक स्वस्थता की आवश्यकता है।
120.	fitness certificate	(n) - 1. स्वस्थता प्रमाणपत्र 2. दुरुस्ती प्रमाणपत्र	The employee has submitted fitness certificate along with the leave application.	कर्मचारी ने छुट्टी के आवेदन के साथ स्वस्थता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है।
121.	fix	(n) – 1.**समाधान** 2. **अनैतिक तरीका** (v) - 1. **तय करना**, निर्धारित करना 2. नियत करना	(n) – 1.There is no quick fix for the inflation. 2. The selection of the candidate was a fix. (v) – 1. Has the date of the next meeting been fixed? 2. The interest rate has been fixed at 6.5% on the fixed deposit.	(n) - 1. मुद्रास्फीति के लिए कोई त्वरित **समाधान** उपलब्ध नहीं है। 2. उम्मीदवार का चयन **अनैतिक तरीके** से किया गया था। (v) – 1. क्या अगली बैठक की तारीख **तय की गई** है? 2. सावधि जमा पर ब्याज दर 6.5% नियत की गई है।
122.	fixation	(n) – 1. निर्धारण 2. नियतन 3. स्थिर करना	The DOPT has issued guidelines for fixation of pay.	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने वेतन निर्धारण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
123.	fixed assets	(n) - **अचल परिसंपत्ति***,स्थायी परिसंपत्ति*	The value of the fixed assets of the company is about 500 crore rupees.	कंपनी की **अचल परिसंपत्तियों** का मूल्य लगभग 500 करोड़ रुपए है।
124.	fixed deposit	(n) - **सावधि जमा**, मियादी जमा	The bank has announced the modified rates of interest for fixed deposits.	बैंक ने **सावधि जमाओं** के लिए संशोधित ब्याज दरों की घोषणा की है।
125.	fixed price	(n) - **निर्धारित मूल्य**, नियत कीमत*	The supplier has quoted fixed prices for a period of six months.	आपूर्तिकर्ता ने छह महीने की अवधि के लिए **निर्धारित मूल्य** की कोटेशन दी है।
126.	flag	(n) – पताका*, ध्वज (v) – 1. **निशान**	(n)- The peace-keeping force was working under the	(n)- शांति सेना संयुक्त राष्ट्र के ध्वज के अधीन कार्य कर रही थी।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		लगाना 2. **कम होना, मंद पड़ना, फीका पड़ना**	flag of the United Nations. (v) - 1.The paragraphs have been flagged that we need to look at in more detail. 2. The confidence of Indian Army had never flagged.	(v) – 1. जिन पैराओं को विस्तार से देखने की जरूरत है, उन पर **निशान लगा दिया** गया है। 2. भारतीय सेना का मनोबल कभी भी **कम नहीं हुआ**।
127.	flag march	(n) – **फ्लैगमार्च** (v) – **फ्लैगमार्च करना**	(n) – The army began their flag march to the border area. (v) -The army flag marched in the disturbed area.	(n) – सेना ने सीमाक्षेत्र में **फ्लैगमार्च** आरंभ किया। (v) - सेना ने अशांत क्षेत्र में **फ्लैगमार्च किया**।
128.	flag off	(v) – **रवाना करना**	The DG has flagged off the expedition team.	महानिदेशक ने अभियान दल को **रवाना किया**।
129.	flash	(n) – **कौंध*, चमक*** (adj) – **अचानक** (v) – 1. **दिखाना** 2. **तत्काल प्रसारित करना**	(n) – Eyewitnesses spoke of a flash followed by an explosion. (adj) - The campsite was deluged by a flash flood. (v) – 1. The employee flashed his identification card at the security officer. 2. The news of terrorist attack has been flashed all over the world. 3. A message was flashing on the screen.	(n) – चश्मदीद गवाहों ने **कौंध** के बाद धमाका होने की बात कही। (adj) – **अचानक** आई बाढ़ के कारण शिविर स्थल जलमग्न हो गया। (v) – 1. कर्मचारी ने सुरक्षा अधिकारी को अपना पहचान पत्र **दिखाया**। 2. आतंकवादी हमले का समाचार **तत्काल** दुनियाभर में **प्रसारित किया गया**। 3. स्क्रीन पर संदेश **चमक रहा** था।
130.	flashpoint	(n) - **चरम बिंदु**	Tension in the city was rapidly reaching flashpoint.	शहर में तनाव तेजी से **चरम बिंदु** पर पहुंच रहा था।
131.	flat	(n) – फ्लैट (adj) -1. **स्पष्ट, साफ** 2. सपाट, एकसमान 3. **मंदा**	(n) – Many large old government quarters have been converted into flats. (adj) – 1. The police have issued a flat denial of any	(n) – कई बड़े पुराने सरकारी क्वार्टरों को फ्लैटों में बदल दिया गया है। (adj) - 1. पुलिस ने क्रूरता के मामले में किसी भी तरह शामिल होने से

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			involvement in the atrocity case. 2. Fees are charged at a flat rate, rather than on a percentage basis. 3. The housing market has been flat for months.	**स्पष्ट** इनकार किया है। 2. प्रतिशत आधार के बजाए एकसमान दर से शुल्क प्रभारित किया जाता है। 3. आवास बाजार महीनों से **मंदा** है।
132.	flaw	(n) – **खामी***, **त्रुटि***	The report reveals fatal flaws in security at the airport.	रिपोर्ट से पता चला है कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर **त्रुटियां** हैं।
133.	fleet	(n) - बेड़ा	A fleet of aircrafts was deployed for evacuation of Indian citizens from the war affected country.	युद्ध प्रभावित देश से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए विमानों के एक बेड़े को तैनात किया गया था।
134.	flexible	(adj) - **लचीला**	Our plans need to be flexible enough to cater for the needs of everyone.	हमारी योजना हर किसी की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी **लचीली** होनी चाहिए।
135.	flexibility	(n) - लचीलापन	The excessive flexibility in the workplace could damage the working environment.	कार्यस्थल में अत्यधिक लचीलापन काम के माहौल को नुकसान पहुंचा सकता है।
136.	flexible working hours	(n) - लचीले कार्य घंटे	The Employee's Union has demanded for a flexible working hours.	कर्मचारी संघ ने लचीले कार्य घंटों की मांग की है।
137.	flexible rules	(n) - लचीले नियम	The committee has emphasized a need for flexible rules to attract the foreign investment.	समिति ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए लचीले नियमों की जरूरत पर बल दिया है।
138.	flexi time	(n) - **लचीला कार्य-समय**	A proposal for flexi time is being considered by the company.	कंपनी **लचीले कार्य-समय** के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।
139.	flight	(n) – 1.फ्लाइट, उड़ान* 2. **भागना**	1. A number of flights have been cancelled due to fog. 2. The refugees were in flight in search of safe shelters.	1. कोहरे की वजह से अनेक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। 2. शरणार्थी सुरक्षित आश्रयों की खोज में **भाग रहे** थे।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
140.	flimsy excuse	(n) - थोथा बहाना	The employee has submitted a flimsy excuse for being late.	कर्मचारी ने देर से आने के लिए थोथा बहाना पेश किया है।
141.	flimsy ground	(n) - सारहीन आधार	The proposal has been turned down on flimsy ground.	प्रस्ताव को सारहीन आधार पर ठुकरा दिया गया है।
142.	flip-flop	(v) – **बार-बार राय बदलना**	The member was criticized of flip-flopping on several major issues.	कई प्रमुख मुद्दों पर **बार-बार राय बदलने** के लिए सदस्य की आलोचना की गई।
143.	float	(v) – 1. **सुझाव देना** 2. **आरंभ करना**, कंपनी आदि प्रवर्तन करना, चालू करना, 3. **उपलब्ध होना**	1. The committee floated the idea of increased taxes on tobacco products. 2. The company was floated in 2001. 3. There's a lot of cash floating around in the economy at the moment.	1. समिति ने तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने का **सुझाव दिया** है। 2. कंपनी वर्ष 2001 में **आरंभ की** गई। 3. इस समय अर्थव्यवस्था में भारी मात्रा में नकदी **उपलब्ध है**।
144.	floating capital	(n) - चल पूंजी*	The floating capital of the company is around 100 million rupees.	कंपनी की चल पूंजी लगभग 100 मिलियन रुपए है।
145.	floating rate	(n) - **अस्थिर दर***	The banks also offer floating rate of interest for housing loan.	बैंक आवास ऋण के लिए ब्याज की **अस्थिर दर** की भी पेशकश करते हैं।
146.	floating liability	(n) - चल देयता*	Floating liability can be converted into fixed one at behest of the lender.	ऋणदाता की इच्छा पर चल देयता को स्थिर अचल देयता में बदला जा सकता है।
147.	floating population	(n) - **चल आबादी***	The accuracy of the census could be affected due to the floating population.	जनगणना की सटीकता **चल आबादी** की वजह से प्रभावित हो सकती है।
148.	floating voter	(n) - **अस्थिर मतदाता**	The news report is silent over the floating voters.	समाचार रिपोर्ट **अस्थिर मतदाताओं** के बारे में मौन है।
149.	flock	(n) – **समूह** (v) - **अधिक संख्या में आना**	(n) – The reporters came in flocks to cover the ceremony. (v) - The public have flocked to the Independence Day Celebration.	(n) – पत्रकार समारोह को कवर करने के लिए **समूह** में आए थे। (v) - जनता स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए **अधिक संख्या में आई** हैं।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
150.	flood	(n) –1. **बाढ़*** 2. **भारी संख्या** (v) -1. **पानी भर जाना** 2. **बाढ़ आना** 3. **अंबार लगना** 4. **प्रसार करना** **5. बहुतायत में उपलब्ध होना**	(n) – 1. The remote areas were cut off by flood. 2. A flood of complaints have been received by the MTNL. (v) -1. Due to heavy rain fall, the city has been flooded. 2. There are now fears that the river could flood. 3. Donations have been flooding in since the Prime Minister launched the appeal. 4. A conspiracy to flood the country with forged banknotes has been unearthed by the police. 5. Cheap imported goods are flooding the market.	(n) – 1. **बाढ़** के कारण दूरदराज के क्षेत्र कट गए थे। 2. एमटीएनएल को **भारी संख्या** में शिकायतें मिलीं। (v) -1. भारी वर्षा के कारण, शहर में **पानी भर गया** है। 2. अब आशंका है कि नदी में **बाढ़ आ सकती है**। 3. प्रधानमंत्री की अपील के बाद दान का **अंबार लग गया** है। 4. पुलिस ने देश में जाली नोटों का **प्रसार करने** की साजिश का पता लगाया है। 5. सस्ते आयातित माल बाजार में **बहुतायत में उपलब्ध हो** रहे हैं।
151.	flood relief	(n) - बाढ़ राहत	The army has been deployed for flood relief.	बाढ़ राहत के लिए सेना तैनात की गई है।
152.	floor	(n) – 1. फर्श 2. तल, **मंजिल*** 3. **निम्नतम स्तर** 4. मंच (v) – 1. **भ्रमित करना, भ्रमित होना** 2. **मार गिराना**	(n) – 1. The floor of the conference hall should be repaired. 2. CTB is on the eighth floor of the Paryavaran Bhawan. 3. Prices of the shares have gone through the floor. 4. The floor has been designed by the floor manager. (v) – 1. A couple of the questions completely floored the member. 2. The police have	(n) – 1. सम्मेलन हॉल के फर्श की मरम्मत की जानी चाहिए। 2. केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो पर्यावरण भवन की आठवीं **मंजिल** पर है। 3. शेयरों की कीमतें **निम्नतम स्तर** पर पहुंच गई हैं। 4. मंच प्रबंधक ने मंच का डिजाइन किया है। (v) – 1. कतिपय सवालों से सदस्य पूरी तरह से **भ्रमित हो गए**। 2. पुलिस ने हमलावरों को **मार गिराया** है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			floored the attackers.	
153.	floor of the House	(np) - **सदन**	Opposition members registered their protest on the floor of the House.	विपक्षी सदस्यों ने **सदन** में अपना विरोध दर्ज कराया।
154.	flow	(n) – 1. **आपूर्ति*** 2. **उपलब्धता*** 3. प्रवाह, **गति*** (v) – 1. **प्रवाहित होना, बहना** 2. **आता रहना** 3. **आना** 4. **उपलब्ध करवाना** 5. **चलना**	(n) – 1.The Prime Minister's Rural Road Scheme will ensure the flow of goods and services to remote areas. 2. The new traffic control system will improve the traffic flow in peak hours. (v) – 1. The dam constructed along the river bank will prevent the flood water from flowing to the villages. 2. Election results flowed in throughout the night. 3. Large numbers of refugees continue to flow from the troubled region into the no-man's land. 4. An interest rate reduction is needed to get more money flowing *in to the market* and create jobs. 5. The new one-way system should help the traffic to flow better.	(n) - 1. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना दूरदराज के क्षेत्रों में माल की **आपूर्ति** और सेवाओं की **उपलब्धता** को सुनिश्चित करेगी। 2. नई यातायात नियंत्रण प्रणाली से व्यस्त समय में यातायात की **गति** में सुधार होगा। (v) - 1. नदी किनारे निर्मित बांध बाढ़ के पानी को गांवों में **बहने** से रोकेगा। 2. चुनाव परिणाम रात भर **आते रहे**। 3. अशांत क्षेत्र से बड़ी संख्या में शरणार्थियों का नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र में **आना** जारी है। 4. बाजार के लिए और अधिक धन **उपलब्ध करवाने** तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए ब्याज दर में कमी करने की जरूरत है। 5. नई एकल मार्ग प्रणाली से यातायात के बेहतर रूप से **चलने** में मदद मिलेगी।
155.	flow chart	(n) - प्रवाह-चार्ट	The flow chart of the procedure is attached for ready reference.	कार्यप्रणाली का प्रवाह चार्ट संदर्भ के लिए संलग्न है।
156.	fluctuate	(v) – 1. **घटना - बढ़ना** 2. **उतार - चढ़ाव** **3. बदलता रहना**	1. Temperatures can fluctuate by as much as 5 degrees. 2. During the crisis, oil prices fluctuated	1. तापमान अधिकतम 5 डिग्री तक **घट-बढ़** सकता है। तापमान में अधिकतम 5 डिग्री तक **उतार-चढ़ाव** हो सकता है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			between $60 and $100 a barrel.	2. संकट के दौरान तेल की कीमतें $ 60 और $100 प्रति बैरल के बीच **बदलती रहीं**।
157.	fluctuation	(n) – 1. **बदलाव** 2. घट-बढ़ 3. उतार-चढ़ाव	1. Prices are subject to fluctuation. 2. The fluctuation in interest rates may affect the EMI.	1. कीमतों में **बदलाव** हो सकता है। 2. ब्याज दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव से ई.एम.आई. प्रभावित हो सकती है।
158.	fluency	(n) - **धाराप्रवाह**	Fluency in English and Hindi is required for the job of interpreter.	दुभाषिया के काम के लिए अंग्रेजी और हिंदी बोलने में **धाराप्रवाह** योग्यता आवश्यक है।
159.	fluent	(adj) - **निर्बाध**	Fluent movements of troops have been noticed across the border.	सीमा पार सैनिकों की **निर्बाध** आवाजाही देखी गई है।
160.	fluid	(n) – **तरल पदार्थ** (adj) – 1. **अस्थिर** 2. **अस्पष्ट**	(n) – The suspicious container was filled with blue fluid. (adj) -The political situation of the country will continue to be fluid till the election result is declared.	(n) – संदिग्ध कंटेनर में नीला **तरल पदार्थ** भरा हुआ था। (adj) - देश की राजनीतिक स्थिति चुनाव परिणाम घोषित होने तक **अस्पष्ट** बनी रहेगी।
161.	fluidity	(n) – **तरलता***, **प्रवाहिता***	The economists are in favour of greater fluidity of cash.	अर्थशास्त्री नकदी के अधिक से अधिक **तरलता** के पक्ष में हैं।
162.	fly	(v) – 1. **विमान से जाना** 2. **लहराना** 3. **उड़ना** 4. **विमान उड़ाना** 5. **भाग निकलना** 6. **सफल होना**	(v) – 1. The Prime Minister will be flying to Tokyo today for a three-day visit. 2. A quarantine flag was flying on the ship. 3. The plane was attacked as it flew over restricted airspace. 4. Due to the bad weather, the pilot was instructed to fly the plane to Jaipur airport. 5. Both suspects have	(v) -1. प्रधानमंत्री आज **विमान से** टोक्यो के तीन दिवसीय दौरे पर **जाएंगे**। 2. जहाज पर संगरोध झंडा **लहरा रहा** था। 3. विमान पर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के ऊपर **उड़ने** के कारण हमला किया गया था। 4. खराब मौसम के कारण, पायलट को **विमान** जयपुर हवाई अड्डे ले जाने का निदेश दिया गया था। 5. दोनों संदिग्ध, देश से **भाग निकले** हैं। 6. अब यह देखना है कि क्या

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			flown the country. 6. It remains to be seen whether the project will fly.	परियोजना **सफल हो** पाएगी।
163.	flyer	(n) - **हवाईयात्री**	The flyers have to pay the airport development fee in addition to airfare.	**हवाईयात्रियों** को विमान किराए के अलावा हवाई अड्डा विकास शुल्क का भुगतान करना होगा।
164.	flying squad	(n) - उड़न दस्ता	The flying squad of the police department has raided the firm's offices.	पुलिस विभाग के उड़न दस्ते ने फर्म के कार्यालयों पर छापा मारा है।
165.	flying visit	(n) – **संक्षिप्त दौरा**	The commission has planned to pay a flying visit to the riot affected area.	आयोग ने दंगा प्रभावित क्षेत्र का **संक्षिप्त दौरा** करने की योजना बनाई है।
166.	fly leaf	(n) - कोरा पन्ना	The librarian noticed some written comments on the fly leaf of the book.	पुस्तकाध्यक्ष ने किताब के कोरे पन्ने पर कुछ टिप्पणियां देखी।
167.	fly past	(n) - **सलामी उड़ान**	The dignitaries enjoyed the fly past on the occasion of the Republic Day Parade.	गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने **सलामी उड़ान** का आनंद लिया।
168.	focus	(n) – 1. **ध्यान** 2. **स्पष्ट, फोकस** (v) – 1. **केंद्रित होना, केंद्रित करना** 2. **फोकस होना, फोकस करना**	(n) –1. In today's meeting, the focus will be on inflation. 2. In CCTV footage the faces of the suspects are out of focus. (v) – 1. The discussion focused on law and order situation of the city. 2. In this photograph, the camera focuses on the dignitaries.	(n) –1. आज की बैठक में, मुद्रास्फीति पर **ध्यान** केंद्रित किया जाएगा। 2. सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों के चेहरे **स्पष्ट** नहीं हैं। (v) -1. चर्चा शहर की कानून व्यवस्था की स्थिति पर **केंद्रित** थी। 2. इस तस्वीर में, कैमरा गणमान्य व्यक्तियों पर **फोकस** है।
169.	foeticide	(n) – 1. गर्भनाश, भ्रूणहत्या 2. (वि)गर्भनाशी	The social activists have demanded for a stringent legislation against girl foeticide.	सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ कड़े कानून बनाने की मांग की है।
170.	folder	(n) - फोल्डर	The folder contains all the files related to this project.	इस फ़ोल्डर में परियोजना से संबंधित सभी फ़ाइलें हैं।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
171.	follow	(v) – 1. अनुसरण करना 2. पालन करना 3. पीछा करना 4. **परिणाम होना** 5. **जारी रखना** 6. **बाद में आना**	1. The other police vehicles were following the pilot car. 2. Follow the instructions very carefully when filling in the form. 3. The patrol car followed the criminal's car and then caught it. 4. The agreement followed months of negotiation. 5. It is not feasible to follow the project. 6. A detailed news report will follow.	1. अन्य पुलिस वाहन पायलट कार का अनुसरण कर रहे थे। 2. फॉर्म भरते समय निदेशों का ध्यानपूर्वक पालन करें। 3. गश्ती कार ने कुछ मील तक अपराधी की कार का पीछा किया और उसे धर दबोचा। 4. यह समझौता महीनों की वार्ता का **परिणाम** है। 5. इस परियोजना को **जारी रखना** व्यावहारिक नहीं है। 6. विस्तृत समाचार **बाद में आएगा**।
172.	following	(n) – 1. **समर्थक, अनुयायी** (adj) - निम्नलिखित,नीचे लिखा,नीचे दिया (prep) - के बाद	(n) –The cricket has a big following in India. (adj) - Payment may be made in any of the following ways: cheque, cash, or net banking. (prep) - Following the speech, there will be a few minutes for questions.	(n) –1. भारत में क्रिकेट के काफी **समर्थक** हैं। (adj) - भुगतान निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से किया जा सकता है: चैक, नकद, या नेट बैंकिंग। (prep) - भाषण के बाद सवाल पूछने के लिए कुछ मिनट दिए जाएंगे।
173.	follow-through	(n) – **पूर्ण कवायद**	The project could fail if there is inadequate follow-through.	अगर **पूर्ण कवायद** नहीं की गई तो परियोजना असफल हो सकती है।
174.	follow-up	(n) – **आगे की कड़ी**, अनुवर्तन (adj) – **अनुवर्ती, आगे**	(n) – The report is follow-up to the previous one. (adj) - One man was arrested during the raid and another during a follow-up operation.	(n) – यह रिपोर्ट पिछली रिपोर्ट की **आगे की कड़ी** है। (adj) - एक व्यक्ति को छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था और दूसरे व्यक्ति को **आगे की** कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया था।
175.	follow up action	(n) - **आगे की कार्रवाई***, अनुवर्ती कार्रवाई*	The office is requested to inform about the follow up action has been taken in this regard.	कार्यालय से अनुरोध है कि इस संबंध में की गई **आगे की कार्रवाई** के बारे में सूचित करें।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
176.	foment	(v) – **भड़काना**, उकसाना	The local people have been accused of fomenting political unrest.	स्थानीय लोगों पर राजनीतिक अशांति **भड़काने** का आरोप लगाया गया है।
177.	food processing	(n) – खाद्य प्रसंस्करण	SISI has organized a food processing workshop for new entrepreneurs.	लघु उद्योग सेवा संस्थान ने नए उद्यमियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण कार्यशाला का आयोजन किया है।
178.	food security	(n) - **खाद्य सुरक्षा***	The committee has reviewed the ongoing schemes on food security.	समिति ने **खाद्य सुरक्षा** की चालू योजनाओं की समीक्षा की।
179.	foolproof	(adj) - **विश्वसनीय और आसान**	The net banking system is not 100 per cent foolproof.	नेट बैंकिंग प्रणाली 100 प्रतिशत **विश्वसनीय और आसान** नहीं है।
180.	footage	(n) - **तस्वीर, फुटेज**	The police got a clue from the CCTV footage about the suspects.	पुलिस को सीसीटीवी **तस्वीरों** से संदिग्ध लोगों के बारे में सुराग मिला।
181.	foothold	(n) – **पकड़(बनाना), आधार(बनाना), स्थापित (होना)**	The company is eager to gain a foothold in foreign markets.	कंपनी विदेशी बाजारों में **पकड़ बनाने** के लिए उत्सुक है।
182.	footing	(n) – 1.**स्थिति, आधार** 2. **स्तर**	1. The company is now on a sound financial footing. 2. The new law puts women on an equal legak footing with men.	1. अब कंपनी की वित्तीय **स्थिति अच्छी है।** अब कंपनी का वित्तीय **आधार** अच्छा है। 2. नया कानून महिलाओं और पुरुषों को कानून की दृष्टि से समान स्तर पर रखता है।
183.	foot note	(n) - पाद टिप्पणी	Please, add appropriate foot notes for reference.	कृपया, संदर्भ के लिए उपयुक्त पाद टिप्पणी दें।
184.	footwork	(n) - **कदम**	The Government is going to take some deft political footwork to save the situation.	सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ कुशल राजनीतिक **कदम** उठाने जा रही है।
185.	forbear	(v) - **अपने आप को रोकना, (से) बचना**	The police forbore from lathi charge on protesters.	पुलिस प्रदर्शनकारियों पर लाठी चलाने से **अपने आप को रोका**।
186.	forbid	(v) - निषेध करना	The law forbids racial or gender discrimination.	कानून में नस्लीय या लिंग आधारित भेदभाव का निषेध किया गया है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
187.	forbidden	(adj) – **निषिद्ध, वर्जित**	This was a forbidden area for tourists.	यह पर्यटकों के लिए **वर्जित** क्षेत्र था।
188.	force	(n) – 1. **बल** 2. **दबाव** 3. **शक्ति*** (v) -1. **विवश कर देना** 2. **दबाव डालना**	(n) – 1. The release of the hostages could not be achieved without the use of force. 2. The shopping centre took the full force of the blast. 3. The expansion of education should be a guiding force for social change. (v) – 1. Ill health forced the employee into early retirement. 2. The spokesperson was forced to resign.	(n) - 1. बंधकों की रिहाई **बल** प्रयोग के बिना संभव नहीं थी। 2. शॉपिंग सेंटर विस्फोट का पूरा **दबाव** झेल गया। 3. सामाजिक बदलाव के लिए शिक्षा का विस्तार एक मार्गदर्शी **शक्ति** होना चाहिए। (v) - 1. अस्वास्थता ने कर्मचारी को जल्दी सेवानिवृत्ति लेने पर **विवश कर दिया**। 2. प्रवक्ता पर इस्तीफा देने के लिए **दबाव डाला** गया था।
189.	forced	(adj) – **बलात्**	The mines were manned by forced labour from colonial countries.	इन खानों में औपनिवेशिक देशों से लाए गए **बलात्** मजदूर काम करते थे।
190.	forcible	(adj) – **बलपूर्वक, जबरन**	The police lodged a complaint against the demonstrators for forcible entry in to the restricted area.	पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र में **बलपूर्वक** प्रवेश के लिए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।
191.	forcibly	(adv) - **बलपूर्वक, जबरन**	The supporters of the accused were forcibly removed from the court.	अभियुक्त के समर्थकों को **बलपूर्वक** न्यायालय से हटा दिया गया।
192.	forecast	(n) – **भविष्यवाणी**, पूर्वानुमान (v) - **पूर्वानुमान लगाना**, **भविष्यवाणी करना**	(n) - The forecast said there would be rise in prices of commodities in coming months. (v) - Experts are forecasting a recovery in the economy.	(n) –आने वाले महीनों में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने की **भविष्यवाणी** की गई है। (v) - विशेषज्ञ अर्थव्यवस्था में सुधार की का **पूर्वानुमान लगा रहे हैं**।
193.	foreclose	(v) – 1. **कब्ज़ा करना** 2. **रोकना**	1. The bank may foreclose on the	1. ऋण राशि की अदायगी में चूक के मामले में बैंक बंधक पर **कब्ज़ा कर**

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		3. **मना करना**	mortgage in case of default in payment of loan amount. 2. The judge's decision foreclosed any possibility of an early release.	सकता है। 2. जज के निर्णय से जल्दी रिहाई की किसी भी संभावना पर **रोक** लग गई।
194.	foreclosure	(n) – 1. **पहले चुकाना, पूर्वमोचन** 2. **पुरोबंध** 3. **निषेध**	In case of foreclosure of loan, the Bank will charge additional 2% on balance amount.	ऋण **पहले चुकाने** के मामले में, बैंक शेष राशि पर अतिरिक्त 2% शुल्क लेगा।
195.	foregoing	(adj) – **पहले**, पूर्ववर्ती	The foregoing examples illustrate this point.	**पहले** के उदाहरण इस बात को स्पष्ट करते हैं।
196.	foreground	(n) – **केंद्र बिंदु, चर्चा का विषय, प्रमुख मुद्दा** (v) – **ध्यान दिलाना, ध्यान आकर्षित करना**	(n) - Inflation and interest rates will be in the foreground of the meeting. (v) - The incident foregrounds the relationship between corrupt employees and businessmen.	(n) – मुद्रास्फीति और ब्याज दर, बैठक में **प्रमुख मुद्दे** होंगे। (v) – यह घटना भ्रष्ट कर्मचारियों और व्यापारियों के बीच के रिश्ते की ओर **ध्यान दिलाती** है।
197.	foreign	(adj) – 1. **विदेश** , विदेशी 2. बाह्य, **बाहरी** **3. अपरिचित**	1. India's foreign policy is based on the peaceful coexistence. 2. Custom Duty is levied on foreign goods. 3.The country will not tolerate foreign interference. 4. The language of computer is quite foreign to the trainees.	1. भारत की **विदेश** नीति शांतिपूर्ण सह - अस्तित्व पर आधारित है। 2. विदेशी वस्तुओं पर सीमा शुल्क की उगाही की जाती है। 3. देश **बाहरी** हस्तक्षेप को बरदास्त नहीं करेगा। 4. कंप्यूटर की भाषा प्रशिक्षणार्थियों के लिए काफी **अपरिचित** है।
198.	foreign affairs	(n) - विदेशी मामले	The advisory committee on foreign affairs has suggested some diplomatic measures to curb the cross border terrorism.	विदेशी मामलों की सलाहकार समिति ने सीमा पार आतंकवाद पर अंकुश लगाने के लिए कुछ कूटनीतिक उपायों का सुझाव दिया है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
199.	foreign capital	(n) - विदेशी पूंजी	A large amount of foreign capital is invested in the insurance sector.	बीमा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में विदेशी पूंजी का निवेश किया गया है।
200.	foreign collaboration	(n) - विदेशी सहयोग	The Government is considering a proposal on foreign collaboration in the field of higher education.	सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी सहयोग के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।
201.	foreign direct investment	(n) - विदेशी प्रत्यक्ष निवेश	The Government is considering some flexible legislation to attract foreign direct investment.	सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए कुछ लचीले कानून बनाने पर विचार कर रही है।
202.	foreign exchange	(n) – 1. **विदेशी एक्सचेंज** 2. विदेशी मुद्रा*	1. The euro fell on the foreign exchanges yesterday. 2. Tourism is an important source of foreign exchange.	1. कल **विदेशी एक्सचेंजों** में यूरो का मूल्य गिर गया। 2. पर्यटन विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।
203.	foreign posting	(n) - विदेश (में) तैनाती*	The officer has requested to cut short the tenure of his foreign posting.	अधिकारी ने अपनी विदेश में तैनाती के कार्यकाल को कम करने का अनुरोध किया है।
204.	foreign service	(n) – 1. विदेश सेवा* 2. **विभागेतर सेवा***, अन्यत्र सेवा*	1. The officer has joined the foreign service. 2. Service rendered by a government servant in foreign service on regular basis will be treated as regular service.	1. अधिकारी ने विदेश सेवा में कार्यभार ग्रहण किया है। 2. किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा नियमित आधार पर की गई **विभागेतर सेवा** को नियमित सेवा माना जाएगा।
205.	foreign trade	(n) - विदेशी व्यापार	The Government is trying to balance in foreign trade.	सरकार विदेश व्यापार में संतुलन लाने की कोशिश कर रही है।
206.	foremost	(adj) - **सबसे पहले**, **सबसे आगे**	The Prime Minister was foremost among those who condemned the violence.	हिंसा की निंदा करने वालों में प्रधानमंत्री **सबसे आगे** थे।
207.	forename	(n) - **पूर्वनाम**	Please check that your surname and forenames have been correctly entered.	कृपया अपना उपनाम और **पूर्वनाम** सटीक रूप से दर्ज करें।
208.	forenoon	(n) - पूर्वाह्न, दोपहर	The meeting will be	बैठक पूर्वाह्न में आयोजित की

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		से पहले	held in the forenoon.	जाएगी।
209.	forensic	(adj) - न्यायिक	The police have submitted some forensic evidence to the special bench of the court.	पुलिस ने न्यायालय की विशेष पीठ के समक्ष कोई न्यायिक साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं।
210.	foresee	(v) - **पूर्वानुमान लगाना**	The extent of the damage caused by the cyclone could not have been foreseen.	चक्रवात की वजह से कितना नुकसान हुआ इसका **पूर्वानुमान लगाना** संभव नहीं था।
211.	foresight	(n) – दूरदर्शिता*	The decision was an example of the lack of foresight.	यह निर्णय दूरदर्शिता की कमी का उदाहरण था।
212.	foretaste	(n) - **पूर्वानुभव**	The police were unaware that the street violence was just a foretaste of what was to come.	पुलिस इस बात से अनजान थी कि सड़कों पर हुई हिंसा सिर्फ आगे होने वाली घटना का **पूर्वानुभव** था।
213.	foretell	(v) - **पहले से बताना**	The economists have foretold that the market would recover soon.	अर्थशास्त्रियों ने **पहले बता** दिया है कि बाजार में जल्द ही सुधार होगा।
214.	forethought	(n) – **पूर्व-चिंतन**	Some forethought and preparation is necessary before we embark on the project.	इस परियोजना को प्रारंभ करने से पहले कुछ **पूर्व-चिंतन** और तैयारी जरूरी है।
215.	forewarn	(v) - **पहले से सचेत करना, खबरदार करना**	The commander had been forewarned of the attack.	कमांडर को हमले के बारे में **पहले से सचेत किया गया** था।
216.	foreword	(n) - प्राक्कथन	Foreword often may influence the reader's interpretation of the book.	प्राक्कथन अक्सर पुस्तक के बारे में पाठक की व्याख्या को प्रभावित कर सकता है।
217.	forfeit	(n) – **जुर्माना, अर्थदंड** (adj) - **जब्त** (v) – 1. खो देना 2. जब्त करना	(n) – The borrower will has to pay a forfeit if he fails to repay the loan. (adj) - The company's property may even be forfeit. (v) – 1. By being absent from the trial, the company forfeited the right to appeal.	(n) – यदि उधारकर्ता ऋण नहीं चुकाता है तो उसे **अर्थदंड** का भुगतान करना होगा। (adj) - कंपनी की संपत्ति **जब्त** भी की जा सकती है। (v) – 1. विचारण से अनुपस्थित रहने के कारण, कंपनी ने अपील करने का अधिकार खो दिया। 2. परिवहन फर्म पर जुर्माना लगाया

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			2. The transport firm was fined and ordered to forfeit its fleet of vehicles.	गया और उसके वाहनों के बेड़े को जब्त करने का आदेश दिया गया।
218.	forfeiture	(n) – जब्ती*	The forfeiture of the property of the company has been challenged in the court.	कंपनी की संपत्ति की जब्ती को अदालत में चुनौती दी गई है।
219.	forge	(n) – **भट्टी*, फोर्ज** (v) – 1. **विकसित करना** 2. **आगे बढ़ना** 3. **जाली बनाना**	(n) – The company has decided to replace the old forges with new ones. (v) – 1. The Prime Minister is determined to forge a good relationship with neighboring countries. 2. Crowds of people were forging through the streets towards the India Gate. 3. The officer alleged that the supplier had forged his signature.	(n) – कंपनी ने पुरानी **भट्टियों** के बदले नई **भट्टी** लगाने का फैसला किया है। (v) - 1. प्रधानमंत्री पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध **विकसित करने** के लिए दृढ़प्रतिज्ञ हैं। 2. लोगों की भीड़ सड़कों से होकर इंडिया गेट की ओर **बढ़ रही** थी। 3. अधिकारी ने आपूर्तिकर्ता पर अपना हस्ताक्षर **जाली बनाने** का आरोप लगाया।
220.	forged	(adj) – **फर्जी**, जाली	A number of forged passports have been seized from the tourist.	पर्यटक से बड़ी संख्या में **फर्जी** पासपोर्ट जब्त किए गए हैं।
221.	forgery	(n) – जालसाजी*	The police have registered a forgery case against the company.	पुलिस ने कंपनी के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया है।
222.	forgive	(v) - **माफ करना**	The Government has agreed to forgive a large part of the agricultural debt.	सरकार कृषि ऋण का बड़ा हिस्सा **माफ करने** के लिए सहमत हो गई है।
223.	forgo	(v) – **छोड़ना**, **छोड़ देना**, **न लेना**	The employee has decided to forgo his promotion.	कर्मचारी ने अपनी पदोन्नति **न लेने** का निर्णय लिया है।
224.	form	(n) –1. **प्रकार** 2. रुप 3. **आकार**	(n) – 1. There are different forms of softwares for accounting.	(n) –1. लेखाकार्य के लिए विभिन्न **प्रकार** के सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। 2. वैज्ञानिक ने परिवहन का

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		4. फॉर्म, प्रपत्र, **पत्र** 5. **फॉर्म(प्रदर्शन)** 6. **ढाँचा** (v) – 1.**स्थापित करना** 2. **बनाना** 3. **गठित करना**	2. The scientist has developed an environment-friendly form of transport. 3. The main building was in the form of a big 'Y'. 4. Application forms are available on the website of the UPSC. 5. The whole team was on good form and deserved the win. 6. The building stood in its original form until 1980. (v) – 1. CARE was formed in 1946 and helps the poor in 38 countries. 2. The river forms a natural boundary between the two countries. 3. The alliance hopes to form the new government.	पर्यावरण- अनुकूल रुप विकसित किया है। 3. मुख्य भवन अंग्रेजी के बड़े 'Y' अक्षर के **आकार** का था। 4. आवेदन **पत्र** संघ लोक सेवा आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। 5. पूरी टीम अच्छे **फॉर्म** में थी और जीत की हकदार थी। 6. यह भवन 1980 तक अपने मूल **ढाँचे** में था। (v) - 1. केअर 1946 में **स्थापित किया गया** और यह 38 देशों में गरीबों की मदद करता है। 2. नदी दोनों देशों के बीच एक प्राकृतिक सीमा **बनाती** है। 3. गठबंधन को नई सरकार **गठित करने** की उम्मीद है।
225.	formal	(adj) - औपचारिक	No formal announcement has been made yet in this regard.	इस संबंध में, अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।
226.	formality	(n) - औपचारिकता	The applicant should complete all the formalities necessary in order to get a passport.	आवेदक को पासपोर्ट के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करना चाहिए।
227.	formally	(adv) - **विधिवत् रूप से**	The report was formally approved by the board.	बोर्ड ने रिपोर्ट **विधिवत् रूप से** अनुमोदित कर दी।
228.	format	(n) – 1. **प्रारूप**, संरुप, फॉर्मेट 2. **स्वरूप** (v) – 1.**व्यवस्थित करना, रूप देना** 2. **फॉर्मेट करना**	(n) – 1.The requisite information may be furnished in prescribed format. 2. The images are stored in a digital format within the	(n) -1. अपेक्षित जानकारी निर्धारित **प्रारूप** में प्रस्तुत की जाए। 2. तस्वीरें डेटाबेस के भीतर डिजिटल **स्वरूप** में रहती है। (v) - 1. आयोजक ने सम्मेलन को इस तरह **व्यवस्थित किया कि**

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			database. (v) – 1.The organizer formatted the conference so that each speaker had 15 minutes to deliver a research paper. 2. The computer has been formatted.	प्रत्येक वक्ता के पास शोध-पत्र प्रस्तुत करने के लिए 15 मिनट का समय था। 2. कंप्यूटर को **फॉर्मेट किया** गया है।
229.	formation	(n) – 1. **गठन**, निर्माण 2. **संरचना**	1. The regional parties had played a major role in the formation of the Government. 2. During the Republic Day Parade fighter jets were flying in various formations.	1. क्षेत्रीय दलों ने सरकार के **गठन** में प्रमुख भूमिका निभाई थीं। 2. गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, लड़ाकू जेट विमान विभिन्न **संरचनाओं** में उड़ रहे थे।
230.	former	(adj) – 1. पहला, पूर्व 2. पूर्ववर्ती	1. The former option would be much more cost effective. 2. The employee has joined his former service.	1. पहला विकल्प बहुत अधिक लागत प्रभावी होगा। 2. कर्मचारी अपनी पूर्ववर्ती सेवा में शामिल हो गया है।
231.	formidable	(adj) - **विकट**	Finance Minister said that we have to overcome the formidable economic crisis.	वित्त मंत्री ने कहा कि हमें **विकट** आर्थिक संकट से उबरना होगा।
232.	formula	(n) – सूत्र, **फार्मूला**	The two countries are trying to work out a peace formula acceptable to both sides.	दोनों देश दोनों पक्षों को स्वीकार्य शांति **फार्मूला** तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं।
233.	formulate	(v) – बनाना, रुप देना	The Crisis Management Group is studying the situation but has not formulated any plan yet.	आपदा प्रबंधन समूह स्थिति का अध्ययन कर रहा है, लेकिन अब तक योजना को कोई रूप नहीं दिया गया है।
234.	formulation	(n) – **निर्माण, तैयार(करना)**	The Government is considering formulation of new policy on foreign investment.	सरकार विदेशी निवेश पर नई नीति **तैयार करने** पर विचार कर रही है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
235.	forswear	(v) – 1. **इंकार करना** 2. **शपथ लेकर अस्वीकार करना**, **झूठ बोलना** 3. **त्याग देना**, **छोड़ देना**	1. Few countries have yet not forsworn the use of chemical weapons. 2. The witness forswore his previous Testimony. 3. The ultras were offered an aminity if they forswore violence.	1. कुछ देशों ने अब तक रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल से **इंकार नहीं किया** है। 2. गवाह ने अपने पूर्ववर्ती साक्ष्य को **शपथ लेकर अस्वीकार किया**। गवाह ने अपने पूर्ववर्ती साक्ष्य के बारे में **शपथ लेकर झूठ बोला**। 3. चरमपंथियों को हिंसा छोड़ देने की शर्त पर माफी का प्रस्ताव दिया गया।
236.	forthcoming	(adj) – 1. आगामी 2. **उपलब्ध** **3. जानकारी देने में इच्छुक**	1. Given the forthcoming elections, the security arrangements have been reviewed. 2. Financial support was not forthcoming for the project. 3. The officer is never very forthcoming about his plans.	1. आगामी चुनावों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है। 2. परियोजना के लिए वित्तीय सहायता **उपलब्ध** नहीं थी। 3. अधिकारी कभी भी अपनी योजनाओं के बारे में **जानकारी देने में इच्छुक** नहीं रहे।
237.	forthright	(adj) – **स्पष्टवादी** (adv) – **स्पष्ट रूप से**	Please, convey forthright what you think of the action plan.	कृपया, कार्य योजना के बारे में अपने विचार **स्पष्ट रूप से** बताएं।
238.	forthwith	(adv) - **तत्काल**	This is to inform you that the agreement between us is terminated forthwith.	आपको सूचित किया जाता है कि हमारे बीच का समझौता **तत्काल** समाप्त होता है।
239.	fortnight	(n) - पक्ष, पखवाड़ा	Hindi fortnight was celebrated in the Central Govt. offices.	केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया।
240.	fortnightly	(adj)- पाक्षिक (adv) – **पाक्षिक रूप से**	(adj)- Reports are being sent at fortnightly intervals. (adv) - The committee meets fortnightly.	(adj) - रिपोर्ट पाक्षिक अंतराल पर भेजी जा रही हैं। (adv) – समिति की बैठक **पाक्षिक रूप से** होती है।
241.	forum	(n) - मंच, फोरम	The journal aims to provide a forum for discussion and debate on social issues.	पत्रिका का उद्देश्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा और बहस के लिए मंच प्रदान करना है।
242.	forward	(adj) –1. अग्रवर्ती,	(adj) - 1.The snowfall	(adj) - 1. बर्फबारी के कारण बचाव

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
		आगे 2. **पूर्वकालिक, पूर्व** (v) – 1. **भेजना** 2. अग्रेषित करना 3. **आगे बढ़ाना** (adv) – 1. **जारी** 2. **आगे** 3. **सामने**	has blocked the forward movement of the rescue team. 2. A forward planning can save a lot of expense. (v) – 1. We will be forwarding you new training programme next week. 2. The application has been forwarded to UPSC. 3. The officer saw the assignment as a way to forward his career. (adv) – 1.The project will go forward as planned. 3. The main cabin is situated forward of the mast.	दल का **आगे** नहीं बढ़ पाया। 2. **पूर्व** योजना से खर्च कम किया जा सकता है। (v) - 1. हम आपको अगले सप्ताह नया प्रशिक्षण कार्यक्रम **भेजेंगे**। 2. आवेदन संघ लोक सेवा आयोग को अग्रेषित किया गया है। 3. अधिकारी ने कार्यभार को अपने कैरियर को **आगे बढ़ाने** के साधन के रूप में देखा। (adv) – 1. योजना के अनुसार, परियोजना **जारी** रहेगी। 3. मुख्य कैबिन मस्तूल के **सामने** है।
243.	forwarding charges	(n) - अग्रेषण प्रभार	Forwarding charges have been deposited by the applicant.	आवेदक ने अग्रेषण प्रभार जमा कर दिया है।
244.	forwarding letter	(n) - अग्रेषण पत्र	The representation is attached with the forwarding letter.	अग्रेषण पत्र के साथ अभ्यावेदन संलग्न है।
245.	forward-looking	(adj) – 1. **दूरदर्शी** 2. **आधुनिक विचारधारा वाला**	We need dynamic and forward-looking engineers for this project.	हमें इस परियोजना के लिए कर्मठ और **दूरदर्शी** इंजीनियरों की जरूरत है।
246.	foul play	(n) – 1. **गड़बड़ी*** 2. **हत्या***	1. Police has suspected some foul play in the cricket match. 2. Police immediately began an investigation, but did not suspect foul play.	1. पुलिस को क्रिकेट मैच में **गड़बड़ी** होने की आशंका किया है। 2. पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की, लेकिन **हत्या** का शक नहीं किया।
247.	found	(v) - 1. **स्थापित करना** 2. **आधारित होना**	1. BHU was founded by Pandit Madan Mohan Malviya. 2. The treaty was founded on mutual cooperation.	1. पंडित मदन मोहन मालवीय ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय **स्थापित किया** थी। 2. यह संधि आपसी सहयोग पर **आधारित था**।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
248.	foundation	(n) -1. नींव, आधार 2. (संस्था) प्रतिष्ठान, **फाउंडेशन** 3. **स्थापना***	1. The Minister has laid foundation of the school building. 2. The money will go to the AIDS Foundation. 3. The CTB has grown enormously since its foundation in 1971.	1. मंत्री ने स्कूल की इमारत की नींव रखी है। 2. धनराशि एड्स **फाउंडेशन** को दी जाएगी। 3. 1971 में **स्थापना** के बाद से केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का काफी विस्तार हुआ है।
249.	founder	(n) – संस्थापक (v) – 1. **असफल हो जाना** 2. **डूब जाना**	(n) – In his speech, the chairperson recalled the contribution of the founders of our democracy. (v) – 1.The peace talks foundered on a basic lack of trust. 2. The surveillance boat foundered on a reef.	(n) – अपने भाषण में, अध्यक्ष ने हमारे लोकतंत्र के संस्थापकों के योगदान को याद किया। (v) - 1. शांति वार्ता विश्वास की बुनियादी कमी के कारण **असफल हो गई**। 2. निगरानी नाव रीफ पर **डूब गई**।
250.	fraction	(n) - **हिस्सा**, खंड, अंश	A fraction of the population never votes.	आबादी का एक **हिस्सा** कभी भी मतदान नहीं करता है।
251.	fragment	(n) – **अंश, हिस्सा** (v) - **खंडित करना**	(n) – Doordarshan has telecast a fragment of the ceremony. (v) - The erstwhile USSR has been fragmented into small independent states.	(n) – दूरदर्शन ने समारोह के एक **अंश** का प्रसारण किया है। (v) - तत्कालीन सोवियत संघ को छोटे-छोटे स्वतंत्र राष्ट्रों में **खंडित कर** दिया गया है।
252.	frame	(n) – 1. **मूलभूत अवधारणा*, मूल विचार** 2. **ढाँचा, रूपरेखा*** (v) – 1. **फंसाना** 2. **तैयार करना**	(n) – 1. We should look at the crisis in the frame of its social and economic context. 2. The study provides an explicit frame for the research project. (v) – 1.The employee says he was framed in this case. 2. We will have to be	(n) – 1. हमें इस संकट को अपने सामाजिक और आर्थिक संदर्भ की **मूलभूत अवधारणा** के अनुसार देखना चाहिए। 2. यह अध्ययन अनुसंधान परियोजना के लिए एक स्पष्ट **रूपरेखा** प्रदान करता है। (v) -1. कर्मचारी का कहना है कि उसे **फंसाया गया** था। 2. नई नीति **तैयार करते** समय हमें सावधान रहना होगा।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			careful in framing the new policy.	
253.	framework	(n) – **रूपरेखा***,ढांचा	1. The report provides a framework for further research. 2. We need to establish a legal framework for the protection of the environment.	1. रिपोर्ट भावी अनुसंधान के लिए **रूपरेखा** उपलब्ध कराती है। 2. हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा स्थापित करने की जरूरत है।
254.	franchise	(n) –1. **मतदान का अधिकार**, मताधिकार 2. **विशेष बिक्री अधिकार**, नामाधिकार (v) - **विशेष बिक्री अधिकार देना**	(n) – 1. In India, the franchise is restricted to age group of 18 or above. 2. The company operates its business under franchise. 3. The Railway has franchised the catering service to the private companies.	(n) – 1. भारत में 18 या इससे अधिक आयु वर्ग तक ही **मतदान का अधिकार** सीमित है। 2. कंपनी **विशेष बिक्री अधिकार** के तहत अपने कारोबार चला रही है। 3. रेलवे ने निजी कंपनियों को खानपान सेवा का **विशेष बिक्री अधिकार दिया** है।
255.	fraud	(n) – **छल**, **धोखाधड़ी**, कपट	The bank employee was charged with credit card fraud.	बैंक कर्मचारी पर क्रेडिट कार्ड के जरिए **धोखाधड़ी** करने का आरोप लगाया गया।
256.	fraudulent	(adj) – **छलपूर्ण**, कपटपूर्ण	The police have registered complaints against fraudulent insurance claims.	पुलिस ने **छलपूर्ण** बीमा दावों के खिलाफ शिकायतें दर्ज की हैं।
257.	free	(adj) – 1. **मुफ्त**, नि:शुल्क 2. मुक्त 3. **आजाद**, स्वतंत्र 4. **निर्बाध** (v) – 1. **छोड़ना** 2. **छुड़ाना** 3. **मुक्त करना** 4. **उपलब्ध करना** (adv) - **मुफ्त**, नि:शुल्क	(adj) – 1. All delegates are offered free accommodation. 2. A free trade agreement would be advantageous to both countries. 3. Women are struggling to break free from tradition. 4. Ensure there is a free flow of air around the machine. (v) – 1. The terrorists have at last agreed to free the hostages. 2. 10 child labours had been freed by the police.	(adj) - 1. सभी प्रतिनिधियों को **मुफ्त** आवास का प्रस्ताव दिया गया है। 2. मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। 3. महिलाएं रूढ़िगत परंपराओं से आजाद होने के लिए संघर्ष कर रही हैं। 4. मशीन के चारों ओर हवा का **निर्बाध** प्रवाह सुनिश्चित करें। (v) – 1. अंततः, आतंकवादी बंधकों को **मुक्त करने** के लिए सहमत हो गए हैं। 2. पुलिस ने 10 बाल मजदूरों को **छुड़ाया**।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			3. The police are determined to free the town of crime. 4. The Government has decided to free up more resources for education. (adv) - Children under five are allowed to travel free by train.	3. पुलिस शहर को अपराध से **मुक्त करने** के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं। 4. सरकार ने शिक्षा के लिए और अधिक संसाधन **उपलब्ध करने** का निर्णय लिया है। (adv) – पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ट्रेन में **मुफ्त** यात्रा करने की अनुमति है।
258.	free delivery	(n) - नि:शुल्क वितरण	The company has offered a free delivery of goods.	कंपनी ने माल के नि:शुल्क वितरण की पेशकश की है।
259.	freedom	(n) – 1. स्वातंत्र्य, स्वतंत्रता*, आजादी* 2. मुक्ति* 3. **अवसर**	1. The United Nations Secretary-General has underlined the need for individual freedoms and human rights. 2. The committee has advocated the freedom of the Press. 3. According to the agreement worked out by the UN, all hostages and detainees would gain their freedom. 4. The new satellite TV channels offer viewers greater freedom of choice.	1. संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की जरूरत पर बल दिया है। 2. समिति ने प्रेस की आजादी की वकालत की है। 3. संयुक्त राष्ट्र द्वारा तैयार किए गए समझौते के अनुसार, सभी बंधकों और बंदियों को मुक्ति मिलेगी। 4. नए उपग्रह टीवी चैनल दर्शकों के लिए चयन के अधिक **अवसर** देते हैं।
260.	freedom fighter	(n) - स्वतंत्रता सेनानी	Nation salutes all the freedom fighters who sacrificed their lives for the sake of our independence.	राष्ट्र आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता है।
261.	free education	(n) - नि:शुल्क शिक्षा*	The Government schools provide free education to all.	सरकारी स्कूल सभी के लिए नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं।
262.	freehold	(n) - पूर्ण स्वामित्व (adj) - पूर्ण स्वामित्व वाला	(n) - People owning leasehold houses will be given a right to buy the freehold of their property.	(n) - पट्टेदारी घरों के मालिकों को अपनी संपत्ति का पूर्ण स्वामित्व खरीदने का अधिकार दिया जाएगा। (adj) - बैंक केवल पूर्ण स्वामित्व

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			(adj) - The banks provide loan against freehold properties only.	वाली संपत्तियों के लिए ऋण देते हैं।
263.	freelance	(adj) - **स्वतंत्र**	A freelance journalist has also been included in the delegation.	प्रतिनिधिमंडल में एक **स्वतंत्र** पत्रकार को भी शामिल किया गया है।
264.	free market economy	(n) - मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था*	The traders have opposed the proposed free market economy.	व्यापारियों ने प्रस्तावित मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था का विरोध किया है।
265.	free of charge	(adj) - नि:शुल्क, मुफ्त	All these services are available to the public free of charge.	ये सभी सेवाएं जनता के लिए नि:शुल्कउपलब्ध हैं।
266.	free on board (F.O.B)	**पोत पर नि:शुल्क**, पोतपर्यंत नि:शुल्क	The supplier has quoted a price that covers all costs up to and including free on board.	आपूर्तिकर्ता ने जो कीमत उद्धृत की है, उसमें **पोत पर नि:शुल्क** सहित सभी लागत शामिल हैं।
267.	free on rail(F.O.R)	**रेल पर नि:शुल्क**, रेलपर्यंत नि:शुल्क	The price is ex-factory and excluding free on rail.	यह कारखाने पर कीमत है और **रेल पर नि:शुल्क** इसमें शामिल नहीं है।
268.	freeze	(n) – **रोक*** (v) – 1. **स्थिर करना** 2. **बंद होना** 3. **रोक लगाना** 4. **जम जाना** 5. कीलित करना	(n) - The Government has imposed a freeze on fresh recruitments. (v) – 1. The opposition wants the Government to freeze prices. 4. The water pipes have frozen.	(n) - सरकार ने नई नियुक्तियों पर **रोक** लगाई है। (v) – 1. विपक्ष चाहता है कि सरकार कीमतें **स्थिर करे**। 4. पानी के पाइपों में पानी **जम गया** है।
269.	freight	(n) - 1. **माल ढुलाई*** 2. **माल भाड़ा,** भाड़ा 3. माल (v) – **(माल) लादना**	(n) - 1. The Indian Railways earn most of their profit from freight. 2. The freight rate of Indian Railway is usually cheaper than other mode of freight transportation. 3. The Indian Railway is expecting more freight carried by rail this year in comparison to the	(n) - 1. भारतीय रेलवे **माल ढुलाई** से सबसे अधिक लाभ कमाती है। 2. भारतीय रेलवे के **माल भाड़े** की दर माल परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में आमतौर पर किफायती है। 3. भारतीय रेलवे को पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष रेल द्वारा और अधिक माल की ढुलाई की उम्मीद है। (v) - जहाज पर मशीनरी और

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			previous year. (v) - The ship was freighted with machinery and grain.	अनाज लादा गया था।
270.	friendly country	(n) - मित्र देश	The Government has extended cooperation to the friendly countries.	सरकार ने मित्र देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है।
271.	frequency	(n) - 1.बारंबारता* 2. **आवृत्ति***	1. The increased frequency of road accidents is a major concern. 2. There is only a limited number of broadcasting frequencies available.	1. सड़क दुर्घटनाओं की बारंबारता में वृद्धि, चिंता का प्रमुख कारण है। 2. प्रसारण **आवृत्तियां** सीमित संख्या में ही उपलब्ध हैं।
272.	frequent	(adj) – **नियमित** (v) – **बार-बार जाना, अक्सर जाना**	(adj) – The meetings were organized at frequent intervals. (v) - The enquiry report reveals that the hotel was frequented by the suspect.	(adj) – बैठकें **नियमित** अंतराल पर आयोजित की गईं। (v) - जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि संदिग्ध होटल में **अकसर जाता** था।
273.	fresh vacancy	(n) - नई रिक्ति*	Due to retirement of incumbents, two fresh vacancies of Assistant Directors have been created.	पदधारियों की सेवानिवृत्ति के कारण, सहायक निदेशक की दो नई रिक्तियां हैं।
274.	fresh receipt	(n) - नई आवती*	Please, put up the fresh receipts on the file.	कृपया, नई आवतियों को फ़ाइल पर प्रस्तुत करें।
275.	full and final payment	(n) - पूरा और अंतिम भुगतान	The full and final payment has been made to the supplier.	आपूर्तिकर्ता को पूरा और अंतिम भुगतान कर दिया गया है।
276.	full bench	(n) - पूर्ण न्यायपीठ*	The case will be heard by the full bench of the Supreme Court.	उच्चतम न्यायालय की पूर्ण न्यायपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।
277.	full cover	(n) - पूर्ण संरक्षण	The insurance company will provide full insurance cover of the project.	बीमा कंपनी परियोजना को पूर्ण बीमा संरक्षण प्रदान करेगी।
278.	full-fledged	(adj) - **पूर्ण विकसित, संपूर्ण**	The economists are expecting the emergence of a full-fledged market economy in near	अर्थशास्त्री निकट भविष्य में **पूर्ण विकसित** बाजार अर्थव्यवस्था के उभरने की उम्मीद कर रहे हैं।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			future.	
279.	fulltime	(adj) - पूर्णकालिक	A 5 days fulltime induction training programme is being conducted for fresh recruits.	नए रंगरूटों के लिए 5 दिवसीय पूर्णकालिक प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
280.	function	(n) – 1. **कार्य**, प्रकार्य, कृत्य 2. समारोह (v) - **कार्य करना**	(n) – 1. The function of the facilitation centre is to provide information to the tourists. 2. The office has arranged a function to honour the medal winner personnel. (v) - Despite the power cuts, the office continued to function normally.	(n) – 1. सुविधा केन्द्र का **कार्य** पर्यटकों को जानकारी प्रदान करना है। 2. कार्यालय ने पदक विजेता कर्मियों को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन किया है। (v) - बिजली कटौती के बावजूद, कार्यालय सामान्य रूप से **कार्य करता** रहा।
281.	functional	(adj) – 1. प्रयोजनमूलक 2.**कार्यात्मक**, प्रकार्यात्मक 3. **चालू(होना)**	1. The report emphasized to adopt a functional approach to Hindi learning as a second language. 2. The proposal of restructuring of the technical cadre is purely based on the functional needs of the organization. 3. The hospital will soon be fully functional.	1. रिपोर्ट में दूसरी भाषा के रूप में हिंदी सीखने के लिए प्रयोजनमूलक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया गया। 2. तकनीकी संवर्ग के पुनर्गठन का प्रस्ताव विशुद्ध रूप से संगठन की **कार्यात्मक** आवश्यकताओं पर आधारित है। 3. अस्पताल जल्दी ही पूरी तरह से **चालू हो** जाएगा।
282.	functionality	(n) – 1.**व्यावहारिकता* 2. **कार्यक्षमता***	1. Marketing processes may be aceelerated by the functionality of the product. 2. We need new software with additional functionality for this project.	1. उत्पाद की **व्यावहारिकता** के कारण विपणन प्रक्रिया में गति आ सकती है। 2. हमें इस परियोजना के लिए अतिरिक्त **कार्यक्षमता** वाले नए सॉफ्टवेयर की जरूरत है।
283.	functionary	(n) – पदधारी	The government functionaries have been advised to keep distance from any	सरकारी पदधारियों को किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

Sl. No.	Words	Meaning	Usages in English	Usages in Hindi
			type of political activities.	
284.	fund	(n) – **धन**, निधि (v) - **निधि देना**, **धन देना, वित्त पोषण करना**	(n) – The project has been cancelled because of lack of funds. (v) -The Pulse Polio Programme has been funded by the WHO.	(n) – **धन** की कमी की वजह से परियोजना को रद्द कर दिया गया है। (v) – पल्स पोलियो कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा **वित्तपोषित किया** गया है।
285.	fundamental	(n) – **मूलभूत तत्व, बुनियादी तत्व** (adj) - **मूलभूत, बुनियादी**	(n) – The trainees have been taught the fundamentals of the job. (adj) - A fundamental change in the education system is required.	(n) – प्रशिक्षणार्थियों को कार्य के **बुनियादी तत्व** सिखाए गए हैं। (adj) - शिक्षा प्रणाली में **मूलभूत** परिवर्तन की आवश्यकता है।
286.	fundamentalism	(n) - कट्टरवाद	The religious fundamentalism is still a challenge for our society.	धार्मिक कट्टरवाद अभी भी हमारे समाज के लिए चुनौती है।
287.	fundamental principle	(n) - मूलभूत सिद्धांत	The committee found that the charge of diverting from the fundamental principle is baseless.	समिति ने मूलभूत सिद्धांत से हटने के आरोप को निराधार पाया।
288.	fundamental rules	(n) - मूल नियमावली	Please refer the relevant fundamental rules in this regard.	इस संबंध में संगत मूल नियमावली देखें।
289.	fundamentally	(adv) - **मूल रूप से**	The two approaches are fundamentally different.	दोनों दृष्टिकोण **मूल रूप से** अलग हैं।
290.	funding	(n) – **निधीयन, धन (देना)**, **वित्त पोषण**	There have been cuts in government funding for scientific research.	वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए सरकारी **वित्त पोषण** में कटौती की गई है।
291.	fund raising	(n) - **धन जुटाना**	The NGO has organized a charity show for fund raising.	गैर-सरकारी संगठन ने **धन जुटाने** के लिए चैरिटी शो का आयोजन किया है।
204.	grievance	(n) -1. कष्ट 2. शिकायत	1. These talks aim to deal with individual grievances. 2. The workers demanded a committee to handle their grievances.	1. इस बातचीत का उद्देश्य व्यक्तिगत कष्ट को दूर करना है। 2. श्रमिकों ने अपनी शिकायतें सुनने के लिए एक समिति के गठन की मांग की।
205.	grievance procedure	(n) - शिकायत (निवारण) पद्धति	A grievance procedure has been implemented at the head quarter.	मुख्यालय में शिकायत (निवारण) पद्धति लागू की गई है।
206.	grievous	(adj) - घोर,गंभीर	The officer has been the victim of a grievous injustice.	अधिकारी घोर अन्याय का शिकार हुआ है।
207.	gross	(n) – **कुल जोड़** (adj) – 1.घोर, भारी 2. सकल (adv) – **सकल रूप से**	(n) – Please, mention the gross of your earnings in column 3. (adj) – The commission has found the conduct of the police officer as a gross violation of human rights. (adv) – The employee earns Rs. 400000 a year gross.	(n) – कृपया, कॉलम 3 में अपनी आय के **कुल जोड़** का उल्लेख करें। (adj) - आयोग ने पुलिस अधिकारी के आचरण को मानव अधिकारों का घोर उल्लंघन माना है। (adv) – कर्मचारी एक वर्ष में **सकल रूप से** 400000 रुपये अर्जित करता है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
208.	gross abuse	(n) – घोर दुरुपयोग	The officer was charged with gross abuse of power.	अधिकारी पर शक्ति का घोर दुरुपयोग करने का आरोप था।
209.	gross amount	(n) – सकल राशि*, सकल रकम	The gross amount of savings bank accounts should be written here.	बचत बैंक खातों की सकल राशि यहाँ लिखी जानी चाहिए।
210.	gross assets	(n) – सकल परिसंपत्ति*	The gross assets of the company are being evaluated.	कंपनी की सकल परिसंपत्तियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।
211.	gross domestic product	(n) – **सकल घरेलू उत्पाद**	The first quarter of 2014-15 has seen *India's gross domestic product* growing by seven per cent.	2014-15 की पहली तिमाही में भारत का **सकल घरेलू उत्पाद** सात फीसदी बढ़ा है।
212.	gross earning	(n) – सकल अर्जन	The company's gross earnings have dropped by 5% in the last fiscal year.	पिछले वित्त वर्ष में कंपनी के सकल अर्जन में 5% की गिरावट आई है।
213.	gross error	(n) – घोर त्रुटि*, भारी गलती*	No payments were made because of gross error on the part of the cashier.	खजांची की भारी गलती के कारण कोई भुगतान नहीं किया गया।
214.	gross misconduct	(n) – घोर कदाचार	The employee accused of gross misconduct.	कर्मचारी पर घोर कदाचार का आरोप लगाया गया।
215.	gross mistake	(n) – भारी भूल*	There was a gross mistake on the part of the employee.	कर्मचारी की ओर से भारी भूल हुई थी।
216.	gross negligence	(n) – घोर लापरवाही, घोर प्रमाद	The accident was caused by gross negligence on the part of the operator.	दुर्घटना ऑपरेटर की घोर लापरवाही की वजह से हुई।
217.	gross pay	(n) – सकल वेतन	At the time of retirement, the gross pay of the employee was Rs. 49,560/-.	सेवानिवृत्ति के समय, कर्मचारी का सकल वेतन 49,560 रुपये था।
218.	gross profit	(n) – सकल लाभ	Gross Profit from exports has been rose by 7.5%.	निर्यात से होने वाले सकल लाभ में 7.5% की वृद्धि हुई है।
219.	gross receipts	(n) – सकल प्राप्तियां	The gross receipts of the current month may be carried forward to the next month's account.	चालू माह की सकल प्राप्तियों को अगले माह के लेखा में शामिल किया जाए।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
220.	gross revenue	(n) – सकल राजस्व	The Municipal Corporation's gross revenues rose by 5%.	नगर निगम के सकल राजस्व में 5% की वृद्धि हुई।
221.	gross total	(n) – सकल योग	The gross total of the employee's income is more than five lacs.	कर्मचारी की आय का सकल योग पांच लाख रूपये से ऊपर है।
222.	gross value	(n) – सकल मूल्य	Gross value of the asset yet to be calculated.	परिसंपत्ति के सकल मूल्य की गणना की जानी है।
223.	ground	(n) – 1. **मैदान** 2. आधार, मूल कारण (adj) – 1. **थल** 2. **ज़मीनी** (v) - **ज़मीन पर उतारना**	(n) – 1. Protest was organized at the Ramleela ground. 2. The proposal was rejected on environmental grounds. (adj) – 1. The Ground Force was assisted by Air Force. 2. While the media talks of peace, the ground situation remains tense. (v) - All planes are grounded until the fog clears.	(n) – 1. रामलीला **मैदान** में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। 2. प्रस्ताव पर्यावरण के आधार पर निरस्त कर दिया गया था। (adj) – 1. वायु सेना ने **थल** सेना की सहायता की थी। 2. यद्यपि मीडिया शांति की बात करता है, किंतु **जमीनी** स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। (v) – कोहरे साफ होने तक सभी विमानों को **ज़मीन पर उतार** लिया गया है।
224.	ground-breaking	(adj) – **अभिनव**	The scientist has been rewarded for his ground-breaking invention.	वैज्ञानिक को अपने **अभिनव** आविष्कार के लिए पुरस्कृत किया गया है।
225.	groundless	(adj) – **आधारहीन**, निराधार	The official described the report as groundless.	अधिकारी ने रिपोर्ट को **आधारहीन** बताया।
226.	ground rent	(n) –1. **जमीन का किराया**, भूमि का किराया 2. लगान	The ground rent should be deposited in time.	**जमीन का किराया** समय पर जमा किया जाना चाहिए।
227.	ground rule	(n) – **मूल सिद्धांत**	The panel says the ground rules for the current talks should be maintained.	पैनल का कहना है कि सामयिक वार्ता के लिए **मूल सिद्धांत** पर अडिग रहना चाहिए।
228.	ground zero	(n) – **घटना स्थल**, **ग्राउंड ज़ीरो**	Villages within 25 km of ground zero would be evacuated.	**घटना स्थल** के 25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को खाली

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
				करा दिया जाएगा।
229.	group	(n) – **समूह** (v) – **समूह में बांटना**	(n) – In the past, various groups were formed for community service. (v) - Contestants were grouped according to age and experience.	(n) – अतीत में, सामुदायिक सेवा के लिए विभिन्न **समूहों** का गठन किया गया। (v) - प्रतियोगियों को उम्र और अनुभव के अनुसार **समूह में बांटा** गया।
230.	grouping	(n) – **समूह**, समूहन	Various NGOs have constituted a grouping to fight against illiteracy.	विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों ने निरक्षरता के विरुद्ध लड़ने के लिए एक **समूह** का गठन किया है।
231.	group insurance scheme	(n) – समूह बीमा योजना	The contribution of group insurance scheme has been deducted from the salary of concerned employees.	संबंधित कर्मचारियों के वेतन से समूह बीमा योजना के अंशदान की कटौती की गई है।
232.	group interview	(n) - समूह साक्षात्कार	Candidates have appeared in the group interview.	उम्मीदवारों ने समूह साक्षात्कार में भाग लिया है।
233.	groupism	(n) - गुटबाजी	Groupism in the team should not be tolerated.	टीम में गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी|
234.	group pension plan	(n) - समूह पेंशन योजना	A group pension plan is being considered for unorganized sector.	असंगठित क्षेत्र के लिए समूह पेंशन योजना पर विचार किया जा रहा है।
235.	group selection method	(n) - समूह चयन पद्धति*	Group selection method has been adopted in the survey.	सर्वेक्षण में समूह चयन पद्धति अपनाई गई है।
236.	group-wise	(adv) - समूहवार	Before arrived at a conclusion, a group-wise evaluation should be done.	निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले, समूहवार मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
237.	grow	(v) – 1. **बढ़ना, वृद्धि होना** 2. **विकसित होना** 3. **पनपना** 4. **उपजाना**, **उगाना, पैदा होना/करना**	1. India's software exports are expected to grow at a quicker pace next fiscal year. 2. This political row threatens to grow into a full blown crisis. 3. The region is too dry for plants to grow.	1. अगले वित्त वर्ष में, भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात तेज गति से **बढ़ने** की उम्मीद है। 2. इस राजनीतिक विवाद के किसी गंभीर संकट के रूप में **विकसित होने** का खतरा है। 3. यह प्रदेश इतना शुष्क है कि पौधे **पनप** नहीं सकते|

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			4. The farmers could not grow rabi crops due to lack of sufficient irrigation.	4. पर्याप्त सिंचाई की सुविधा न होने से किसान रबी फसल नहीं **उपजा** सकें।
238.	growth	(n) – संवृद्धि*, वृद्धि*	The state has seen a rapid economic growth.	राज्य में तीव्र आर्थिक वृद्धि देखी गई है।
239.	growth engine	(n) – **विकास-साधन**	We have to activate various growth engines to accelerate the economy.	अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए हमें विभिन्न **विकास-साधनों** को सक्रिय करना होगा।
240.	growth rate	(n) - **विकास दर**, संवृद्धि दर*, वृद्धि दर*	The economists have expressed their concern over the growth rate of market economy.	अर्थशास्त्रियों ने बाजार अर्थव्यवस्था की **विकास दर** को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।
241.	guarantee	(n) – गारंटी*, प्रत्याभूति* (v) - **गारंटी देना**	(n) – Both the countries are demanding certain guarantees before they sign the treaty. (v) - The manufacturer has guaranteed the new Power plant for five years.	(n) - संधि पर हस्ताक्षर करने से पहले दोनों देश कुछ गारंटी की मांग कर रहे हैं। (v) – विनिर्माता ने नए बिजली संयंत्र के लिए पांच साल की **गारंटी दी** है।
242.	guarantor	(n) - गारंटीकर्ता, प्रत्याभूतिदाता	The United Nations will act as guarantor of the peace settlement.	संयुक्त राष्ट्र शांति समझौते के गारंटीकर्ता के रूप में कार्य करेगा।
243.	guard	(n) - गार्ड, रक्षक (v) - **पहरा देना**	(n) - Ten guards were deployed outside the building. (v) -The prison was guarded by police.	(n) - दस **गार्ड** भवन के बाहर तैनात किए गए थे। (v) - कारागार पर पुलिस **पहरे दे** रही थी।
244.	guard file	(n) - गार्ड फाइल	The order should be kept in the guard file.	आदेश गार्ड फाइल में रखा जाना चाहिए।
245.	guardian	(n) - 1. अभिभावक 2. संरक्षक	1. In case of minor, signature of the guardian should be obtained in the application form. 2. The police are guardians of law and order.	1. अवयस्क के मामले में, आवेदन पत्र पर अभिभावक के हस्ताक्षर लिए जाने चाहिए। 2. पुलिस कानून और व्यवस्था के संरक्षक है।
246.	guardianship	(n) - अभिभावकता	The court has asked	न्यायालय ने बच्चे का

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
	certificate	प्रमाणपत्र	to produce the guardianship certificate of the child.	अभिभावकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा है।
247.	guard of honour	(np) - सम्मान गारद, सलामी गारद	The guard of honour has been provided to the visiting Prime Minister.	दौरे पर आए प्रधानमंत्री को सम्मान गारद दिया गया है।
248.	guidance	(n) - 1. मार्गदर्शन 2. निर्देशन	All the activities took place under the guidance of an expert.	सभी गतिविधियां विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं।
249.	guide	(n) - 1. (व्यक्ति) गाइड, परिदर्शक 2. (पुस्तक) मार्गदर्शिका*, परिदर्शिका (v) – **मार्गदर्शन करना**	(n) - 1. The tourists may have the service of the government approved guides. 2. The Department has published a guide on Community Health. (v)- The safety officer will guide the trainees through the safety procedures.	(n) - 1. पर्यटक सरकार द्वारा अनुमोदित गाइडों की सेवा ले सकते हैं। 2. विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य पर मार्गदर्शिका प्रकाशित की है। (v)- सुरक्षा अधिकारी सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षार्थियों का **मार्गदर्शन करेंगे**।
250.	guided	(adj) - **निर्देशित**	The scientists have developed a new series of guided missile.	वैज्ञानिकों ने **निर्देशित** मिसाइल की नई शृंखला विकसित की है।
251.	guiding principles	(n) - मार्गदर्शी सिद्धांत	Peaceful co-existence is the guiding principles of our foreign policy.	शांतिपूर्ण सहअस्तित्व हमारी विदेश नीति का मार्गदर्शी सिद्धांत है।
252.	guild	(n) – **गिल्ड**, श्रेणी*	A spokesman of the guild said the Government is reviewing the matter.	**गिल्ड** के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार इस मामले की समीक्षा कर रही है।
253.	guilt	(n) - अपराध, दोष	The prosecuting attorney tried to establish the suspect's guilt.	अभियोजन पक्ष के वकील ने संदिग्ध का अपराध साबित करने की कोशिश की।
254.	guilty conscience	(n) – **अपराधबोध**, अपराधबोध-ग्रस्त	The offender has a guilty conscience.	अपराधी को **अपराधबोध** है।
255.	guilty	(adj) - दोषी	The Judge found the defendant guilty of the offence.	न्यायाधीश ने प्रतिवादी को अपराध के लिए दोषी पाया।
256.	guiltless	(adj) - निरपराध,	The Media was not	इस मामले में मीडिया पूरी तरह से

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		निर्दोष	entirely guiltless in the matter.	निर्दोष नहीं था।
257.	gun	(n) - **तोप** (v) – **तेज गति से चलाना**	(n) – Anti-aircraft guns were deployed during the Republic Day Parade.	(n) – गणतंत्र दिवस परेड के दौरान विमान भेदी **तोपें** तैनात की गई थीं|
258.	gun battle	(n) - **मुठभेड़**	Two terrorists were killed in a gun battle with the police last night.	कल रात पुलिस के साथ **मुठभेड़** में दो आतंकवादी मारे गए।
259.	gunboat diplomacy	(n) – **सैन्य कूटनीति***	The gunboat diplomacy is still an accepted tool of world super powers.	**सैन्य कूटनीति** विश्व महाशक्तियों के लिए अभी भी मान्य उपाय है।
260.	gunfire	(n) – **गोलीबारी***	Two robbers were shot in an exchange of gunfire with the police.	पुलिस के साथ **गोलीबारी** में दो लुटेरे मारे गए।
261.	gunman	(n) – **बंदूकधारी**	A gunman opened fire on passersby at a market place killing four innocents.	एक **बंदूकधारी** ने बाजार में राहगीरों पर गोलीबारी करके चार निर्दोष लोगों की हत्या कर दी।
262.	gunpoint	(n) – **बंदूक की नोंक**	The cash van was robbed at gunpoint.	कैश वैन को **बंदूक की नोंक** पर लूट लिया गया।
263.	gunpowder	(n) – **बारूद**	The police have recovered arms and gunpowder from a hideout of terrorists.	पुलिस ने आतंकवादियों के छुपने के ठिकाने से हथियार और **बारूद** बरामद किए हैं|
264.	gunship	(n) – **जंगी हेलीकॉप्टर, युद्धक वाहन, गनशिप**	The gunships were deployed to support troops and provide fire cover.	सैनिकों की सहायता और सुरक्षा के लिए **जंगी हेलीकॉप्टर** तैनात किए गए थे।

H

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
1.	habit	(n) - आदत, अभ्यास, स्वभाव	The employee has been advised to get rid of the **habit** of late coming in duty.	कर्मचारी को ड्यूटी में देर से आने की **आदत** छोड़ने की सलाह दी गई है।
2.	habitable	(adj)- 1. **बसने योग्य** 2. **रहने योग्य, निवास योग्य**	1. The Government is planning to make the area habitable. 2. The house would be habitable by the next month.	1. सरकार इस क्षेत्र को **बसने योग्य** बनाने की योजना बना रही है। 2. मकान अगले महीने तक **रहने योग्य** बन जाएगा।
3.	habitat	(n)- **प्राकृतिक आवास, पर्यावास**	The Government has done a lot to protect the wildlife habitat.	सरकार ने वन्यजीवों के **प्राकृतिक आवास** की रक्षा के लिए बहुत कुछ किया है।
4.	habitation	(n)- **आवास**, **बसाहट, निवास**	There was no sign of human habitation in the area.	इस क्षेत्र में मानव **आवास** का कोई अता-पता नहीं था।
5.	habit-forming	(adj) – **व्यसनकारी**	According to a report the drug may become habit-forming.	रिपोर्ट के अनुसार यह दवा **आदत व्यसनकारी** हो सकती है।
6.	habitual	(adj) – 1. आदी, अभ्यस्त 2. आदतन	1. The employee is habitual of late coming. 2. The police suspicion goes to the habitual criminal.	1. कर्मचारी देर से आने का अभ्यस्त है। 2. पुलिस को आदतन अपराधी पर संदेह है।
7.	habitual defaulter	(n)- **आदतन बकायादार**, आदतन चूककर्ता	The bank has prepared a list of habitual defaulters.	बैंक ने **आदतन बकायादारों** की सूची तैयार की है।
8.	habitual indebtedness	(n) - आदतन ऋणग्रस्तता*	The habitual indebtedness should be discouraged.	आदतन ऋणग्रस्तता को हतोत्साहित किया जाना चाहिए।
9.	habitual offender	(n) - आदतन अपराधी, **अभ्यासिक अपराधी**	The Government will penalize habitual offenders.	सरकार आदतन अपराधियों को दंडित करेगी।
10.	habituated	(adj) – **आदी**, **अभ्यस्त**	The trainees have become habituated to thinking and reacting in certain ways.	प्रशिक्षार्थी विशिष्ट तरीके से सोचने और प्रतिक्रिया करने के **अभ्यस्त** हो गए हैं।
11.	hack	(v) – **हैक करना**	Somebody hacked the company's secret data.	किसी ने कंपनी का गोपनीय डेटा **हैक कर लिया**।
12.	hacker	(n) – **हैकर**	Hackers again hacked the company's website.	**हैकरों** ने कंपनी की वेबसाइट फिर से हैक कर ली।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
13.	hail	(n) –1. **ओला** (v) – 2. **सराहना करना** 3. **अभिवादन करना**	1. Hail can damage crops and property. 2. The conference was hailed as a success. 3. The people lined the streets to hail the returning military men.	1. **ओले** फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं। 2. सम्मेलन की सफलता की **सराहना की गई**। 3. लोग लौट रहे सैनिकों का **अभिवादन करने** के लिए सड़कों के किनारे खड़े हो गए।
14.	hail storm	(n) – **ओला-वृष्टि***	The hail storm caused heavy damage to the crops.	**ओला-वृष्टि** से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा।
15.	hairpin bend	(n) – **दोहरा मोड़**	The hairpin bend of the road is an accident prone zone.	सड़क का **दोहरा मोड़** दुर्घटना प्रवण क्षेत्र है।
16.	half	(n) –1. **आधा** (adj) – 2. **आधा** (adv) - 3. **आधा**	1. We will need to cut the expenditure by half. 2. The technician did only a half job. 3. The job is half done.	1. हमें खर्च में **आधी** कटौती करनी होगी। 2. तकनीशियन ने केवल **आधा** काम किया। 3. काम **आधा** हुआ है।
17.	half-century	(n)- 1. **अर्धशती**, **आधी सदी** 2. **अर्धशतक**	1. In a mere half-century the country has more than tripled its urban status. 2. The cricketer scored half-century.	1. मात्र **आधी सदी** में देश में शहरी क्षेत्र तीन गुना से भी अधिक हो गई है। 2. क्रिकेट खिलाड़ी ने **अर्धशतक** बनाया।
18.	half day leave	(n) – आधे दिन की छुट्टी	The employee has applied for half day leave.	कर्मचारी ने आधे दिन की छुट्टी के लिए आवेदन दिया है।
19.	half holiday	(n)- **आधे दिन का अवकाश,** आधा अवकाश	The Government has declared half holiday for the rehearsal of Republic Day Parade.	सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के लिए **आधे दिन का अवकाश** अवकाश घोषित किया है।
20.	half hourly	(adj) – 1. **आधा घंटा** (adv) – **2. आधे घंटे में**	1. There is a half-hourly Metro train service from the railway station to the airport. 2. The buses run half-hourly for the trade fair.	1. रेलवे स्टेशन से हवाई अड्डे के लिए प्रत्येक **आधे घंटे** पर की मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध है। 2. व्यापार मेले के लिए प्रत्येक **आधे घंटे में** बसें चलती है।
21.	half mast	(n) – आधा झुका हुआ	Flags were flown at half mast during the national mourn.	राष्ट्रीय शोक के दौरान झंडे आधे झुके हुए थे।
22.	half measures	(n) – **अप्रभावी उपाय***, **आधे अधूरे**	Half measures will not fix the health care	**आधे अधूरे उपाय** से स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को कोई लाभ

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		उपाय*	system.	नहीं होगा।
23.	half pay	(n) – आधा वेतन, अर्ध वेतन	The employee has been paid half pay.	कर्मचारी को आधे वेतन का भुगतान किया गया है।
24.	half pay leave	(n) – अर्ध वेतन छुट्टी	The employee has been sanctioned half pay leave.	कर्मचारी को अर्ध वेतन छुट्टी स्वीकृत की गई है।
25.	half price	(n) – 1. **आधी कीमत** (adj) –2. **आधा-मूल्य** (adv) –3. **आधे मूल्य पर**	1. Many items are at half price or less. 2. Half-price tickets are being sold by the aviation companies. 3. Children aged under five go half-price.	1. कई वस्तुएं **आधी कीमत** या उससे कम पर उपलब्ध हैं। 2. विमानन कंपनियां **आधा-मूल्य** टिकटें बेच रही हैं। 3. पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे **आधे मूल्य पर** सफर कर सकते हैं।
26.	half term	(n) – **आधा कार्यकाल, आधी अवधि**	The Government has completed half-term.	सरकार ने **आधा कार्यकाल** पूरा कर लिया है।
27.	half truth	(n) – **आधा सच, अर्धसत्य**	The newspaper reports are based on half truth.	समाचार पत्र की रिपोर्ट आधे सत्य पर आधारित है।
28.	half way	(adv) – 1. **आधा रास्ता** 2. **आंशिक रूप से**	1. The flight has reached about halfway between Delhi and Chennai. 2. This goes only halfway to solve the problem.	1. उड़ान दिल्ली और चेन्नई के बीच करीब **आधे रास्ते** तक पहुँची है। 2. इससे समस्या को केवल **आंशिक रूप से** सुलझाया जा सकेगा।
29.	half yearly	(adj) –1. अर्धवार्षिक, छमाही (adv) – 2. **छमाही रूप से, अर्धवार्षिक रूप से**	1. The half yearly meeting of the TOLIC has been organized. 2. Interest will be paid half-yearly in June and December.	1. नराकास की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया है। 2.ब्याज का भुगतान जून और दिसंबर में **छमाही रूप से** किया जाएगा।
30.	half yearly report	(n) – अर्धवार्षिक रिपोर्ट, छमाही रिपोर्ट	The half yearly report has been submitted.	अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है।
31.	hall mark	(n) – 1. **विशेषता*** 2. **प्रमाण चिह्न**, **हॉल मार्क** (v) -2. **प्रमाण चिन्ह अंकित करना**, **हॉल मार्क अंकित करना**	1. Police said the explosion bore all the hallmarks of a terrorist attack. 2. There are no hall marks engraved on the seized gold bars. 3. All the ornaments	1. पुलिस ने कहा कि विस्फोट में आतंकवादी हमले की सभी **विशेषताएं** मौजूद हैं। 2. जब्त सोने की छड़ों पर कोई **प्रमाण चिन्ह** उत्कीर्ण नहीं है। 3. सभी गहनों पर **प्रमाण चिन्ह अंकित** किया गया।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			were hall marked.	
32.	halt	(n) –1. **ठहराव**, **रोक**, विराम (v) –2. **रोक लगाना**	1. Heavy snowfalls brought traffic to a halt. 2. Safety concerns have led the Government to halt work on the dam.	1. भारी हिमपात के कारण यातायात **रुक** गया। 2. सुरक्षा कारणों से सरकार को बांध का काम **रोकना पड़ा** है।
33.	halting allowance	(n) – विराम-भत्ता	Halting allowance is admissible as per rules.	**विराम - भत्ता** नियमानुसार देय है।
34.	halve	(v) – **आधा करना**	The company is halving the prices of its products.	कंपनी अपने उत्पादों की कीमतें **आधा कर रही** है।
35.	hammer blow	(n) – **जोर का झटका, भारी झटका, गंभीर आघात,**	The decision is a hammer blow for the steel industry.	यह निर्णय इस्पात उद्योग के लिए एक **भारी झटका** है।
36.	hamper	(v) – **बाधा उत्पन्न करना**, **बाधा डालना**, **रुकावट पैदा करना**	The bad weather hampered rescue operations.	खराब मौसम से बचाव कार्य में **बाधा आई**।
37.	hand	(n) – 1. **हाथ** 2. **सहायता** 3. **भूमिका** 4. हस्तलेख, लिखावट 5. कर्मचारी 6. **नियंत्रण** (v) –7. **सौंपना**	1. The bank said its hands are tied by federal regulators. 2. The nation needs hands of youths in the process of reform. 3. Early reports indicate the hand of terrorists in the blast. 4. He writes a beautiful hand. 5. The office hired one new hand for cleaning office complex. 6. The matter should be left in the hands of the head quarter. 7. The bank handed the client a letter.	1. बैंक ने कहा कि उसके **हाथ** संघीय नियामकों से बंधे हैं। 2. राष्ट्र को सुधार की प्रक्रिया में युवकों की **सहायता** की जरूरत है। 3. प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विस्फोट में आतंकवादियों की **भूमिका** है। 4. उसकी लिखावट सुंदर है। 5. कार्यालय ने परिसर की सफाई के लिए एक नए कर्मचारी को काम पर रखा। 6. इस मामले को मुख्यालय के **नियंत्रण** में सौंप देना चाहिए। 7. बैंक ने ग्राहक को एक पत्र **सौंपा**।
38.	handbill	(n) – पर्चा, इश्तहार	The department distributed handbills calling for better participation of youths.	विभाग ने युवकों की बेहतर भागीदारी के लिए इश्तहार वितरित किए।
39.	handbook	(n) – पुस्तिका, गुटका	Please, refer the	कृपया, इस संबंध में चिकित्सा

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			handbook on Medical Attendance Rules in this regard.	उपस्थिति नियम संबंधी पुस्तिका का संदर्भ लें।
40.	handcuff	(n) – **1.** हथकड़ी (v) – 2. **हथकड़ी लगाना**	1. The suspect was led away to jail in handcuffs. 2. The prisoners were handcuffed.	1. संदिग्ध को हथकड़ी में जेल ले जाया गया। 2. कैदियों को **हथकड़ी लगायी** गई।
41.	handful	(n) – **बहुत कम**, **थोड़े से**, **मुट्ठी भर**	A handful of people attended the meeting.	बैठक में **बहुत कम** लोगों ने भाग लिया।
42.	handicap	(n) – 1. बाधा 2. **विकलांगता*** (v) – 3. **बाधित होना**	1. In this job, lack of experience is no real handicap. 2. Despite his handicap, the employee is able to hold down a full-time job. 3. The project is handicapped by lack of funds.	1. इस काम में अनुभव की कमी, कोई वास्तविक बाधा नहीं है। 2. अपनी **विकलांगता** के बावजूद, कर्मचारी पूर्णकालिक नौकरी करने में सक्षम है। 3. धन की कमी के कारण परियोजना **बाधित हुई** है।
43.	handicapped	(n) – **1.** विकलांग (adj) – 2. विकलांग 3. बाधाग्रस्त, बाधित	1. The report emphasized a need for schools for the handicapped. 2. The accident left the employee handicapped.	**1.** रिपोर्ट में विकलांगों के लिए स्कूलों की जरूरत पर बल दिया गया। 2. दुर्घटना के कारण कर्मचारी विकलांग हो गया।
44.	handicraft	(n) – दस्तकारी, हस्तशिल्प	The Government is promoting handicraft and cottage industries.	सरकार हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों बढ़ावा दे रही है।
45.	handle	(n) – 1. दस्ता, हत्था (v) – 2. **रखना**, संभालना 3. **निपटाना, निपटना** 4. **समाधान करना**	1. The policeman turned the handle and went in. 2 . The finance department handles all the accounts. 3. An expert agency was appointed to handle the crisis. 4. Most customers were satisfied with the way their complaints were handled.	1. पुलिसकर्मी ने हत्थे को घुमाया और अंदर चला गया। 2. वित्त विभाग सारे लेखा **रखता** है। 3. संकट से **निपटने** के लिए एक विशेषज्ञ एजेंसी को नियुक्त किया गया था। 4. अधिकांश ग्राहक शिकायतों के **समाधान से** संतुष्ट थे।
46.	handling	(n) – 1. कार्रवाई करना 2. **रख-रखाव**	1. Such a situation needs very careful	1. ऐसी परिस्थिति में बहुत सावधान कार्रवाई की जरूरत है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			handling.2. A special license is required for the manufacture and handling of any dangerous chemical.	2. किसी भी खतरनाक रसायन के निर्माण और **रख-रखाव** के लिए विशेष लाइसेंस की आवश्यकता है।
47.	handling charges	(n) – **चढ़ाई-उतराई प्रभार**, संभलाई प्रभार, चढ़ाई-उतराई खर्च	The Railway has increased the handling charges of the goods.	रेलवे ने माल की **चढ़ाई-उतराई प्रभार** में वृद्धि की है।
48.	handling facilities	(n) – संभलाई सुविधाएं, चढ़ाई-उतराई सुविधाएं	The handling facilities of goods are available with the port.	बंदरगाह में माल की चढ़ाई-उतराई सुविधाएं उपलब्ध हैं।
49.	handloom	(n) – हथकरघा	The Government has promoted the handloom sector a lot.	सरकार ने हथकरघा क्षेत्र को बहुत बढ़ावा दिया है।
50.	hand-operated	(adj) - हस्त-चालित	The hand-operated machines are being replaced by automatic ones.	हस्त-चालित मशीनों को स्वचालित मशीनों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।
51.	handout	(n) – **पर्चा**	A handout on tourism has been distributed during the meeting.	बैठक के दौरान पर्यटन संबंधी **पर्चे** वितरित किए गए।
52.	handover	(v) - सौंपना	The retiring officer has handed over his charge to the Additional Director.	सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी ने अपर निदेशक को अपना प्रभार सौंप दिया है।
53.	handwritten	(adj) - हस्तलिखित	A handwritten representation has been received about the grievance of the employees.	कर्मचारियों की शिकायतों के बारे में एक हस्तलिखित अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है।
54.	handy	(adj)-1. **सुविधाजनक** 2. **सुविधाजनक स्थान** 3. छोटा-सा	1. It's quite a handy tool. 2. Always keep a first-aid kit handy.	1. यह अत्यधिक **सुविधाजनक** उपकरण है। 2. हमेशा प्राथमिक चिकित्सा किट किसी **सुविधाजनक स्थान** पर रखें।
55.	harassment	(n) – उत्पीड़न, परेशानी	The reporter has accused the police of harassment.	पत्रकार ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।
56.	harbor	(n) – 1. बंदरगाह (v) - 2. **शरण देना, संश्रय देना**	1. The disabled submarine has been towed into harbor. 2. The suspect is accused of harboring	1. खराब पनडुब्बी को खींच कर बंदरगाह में लाया गया है। 2. संदिग्ध पर एक भगोड़ा अपराधी को **शरण देने** का आरोप है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			an escaped convict.	
57.	hard and fast rules	(n) – पक्के नियम	There are no hard and fast rules in this regard.	इस संबंध में कोई पक्के नियम नहीं हैं।
58.	hard bargain	(n) – कड़ी सौदेबाजी	The Management and unions have concluded an agreement after a hard bargain over wage increases.	प्रबंधन और यूनियन वेतन वृद्धि पर कड़ी सौदेबाजी के बाद समझौते पर पहुंचे हैं।
59.	hard cash	(n) – नकदी	Payment should be accepted in hard cash too.	भुगतान नकदी में भी स्वीकार किया जाना चाहिए।
60.	hard currency	(n) – **दुर्लभ मुद्रा**	The company is running short of hard currency to pay for imports.	कंपनी के पास आयात के लिए भुगतान करने हेतु **दुर्लभ मुद्रा** की कमी चल रही है।
61.	hard currency area	(n) – दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र	According to a report, India's financial position in the region has been strengthened by its improvement in the access to hard currency area.	रिपोर्ट के अनुसार दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र में भारत की पहुंच में सुधार के कारण, क्षेत्र में इसकी वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है।
62.	hard disk	(n) – हार्ड डिस्क	The hard disk of the computer is out of order.	कंप्यूटर की हार्ड डिस्क खराब है।
63.	hard labour	(n)- **कठिन परिश्रम**, कड़ी मेहनत, कठोर श्रम	This success is the result of hard labour.	यह सफलता **कठिन परिश्रम** का परिणाम है।
64.	hard line	(n) – **कड़ा रुख**	The Government took a hard line on the strike.	सरकार ने हड़ताल पर **कड़ा रुख** ले लिया।
65.	hard loan	(n)- **अति ब्याजी ऋण, दुर्वह ऋण**	The common man cannot afford hard loan.	आम आदमी **अति ब्याजी ऋण** का बोझ नहीं उठा सकता है।
66.	hardness test	(n) – कठोरता-परीक्षण	The hardness test of water has to be carried out by the laboratory.	पानी का कठोरता- परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा किया जाना है।
67.	hardship allowance	(n) – कठिनाई भत्ता	The hardship allowance has been increased by 25%.	कठिनाई भत्ता 25% बढ़ा दिया गया है।
68.	hardware	(n) – हार्डवेयर, यंत्र-	The computer hardware has been	कंप्यूटर हार्डवेयर खरीदी गई है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		सामग्री	purchased.	
69.	hard-working	(adj) - मेहनती, परिश्रमी	The employee is hardworking and energetic.	कर्मचारी मेहनती और ऊर्जावान है।
70.	haulage	(n) – ढुलाई	We have to increase our road haulage capacity.	हमें अपनी सड़क ढुलाई क्षमता में वृद्धि करनी होगी।
71.	hawker	(n) – फेरीवाला	A survey has been conducted to evaluate the socio-economic condition of the hawkers and street vendors.	फेरीवालों और पथ-विक्रेताओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के मूल्यांकन के लिए सर्वेक्षण किया गया है।
72.	hazard	(n)- खतरा, संकट, जोखिम	Smoking is a serious health hazard.	धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।
73.	hazardous	(adj)-1. संकटपूर्ण, खतरनाक 2. जोखिम वाला	A list of products that are potentially hazardous to health has been displayed.	स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरनाक उत्पादों की सूची प्रदर्शित की गई है।
74.	hazardous goods	(n) – खतरनाक सामान	The hazardous goods should be kept in a safe place.	खतरनाक सामान सुरक्षित जगह पर रखे जाने चाहिए।
75.	hazardous occupation	(n) – **संकटपूर्ण व्यवसाय**, **संकटपूर्ण धंधा,**	A special medical care unit should be established for those employees who are engaged in the hazardous occupation.	**संकटपूर्ण व्यवसाय** में लगे कर्मचारियों के लिए एक विशेष चिकित्सा यूनिट स्थापित किया जाना चाहिए।
76.	hazardous waste	(n) – **खतरनाक कचरा, अपशिष्ट,**	The hazardous waste should be disposed in an environment-friendly manner.	**खतरनाक कचरे** को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटाया जाना चाहिए।
77.	hazard pay	(n) – जोखिम वेतन	The Pay Commission has increased the hazard pay.	वेतन आयोग ने जोखिम वेतन में वृद्धि की है।
78.	head	(n) – 1. **अध्यक्ष**, प्रधान, प्रमुख, मुखिया 2. शीर्ष, मद	1. Heads of Government from more than hundred countries will gather in Geneva tomorrow. 2. The expenditure will be incurred from the Head "Office Expenses".	1. सौ से अधिक देशों के **शासनाध्यक्ष** कल जिनेवा में एकत्रित होंगे। 2. यह भुगतान "कार्यालय व्यय" शीर्ष से किया जाएगा।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
79.	heading	(n) – शीर्षक	The report can be grouped under three main headings.	रिपोर्ट को तीन मुख्य शीर्षकों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है।
80.	head note	(n) – शीर्ष टिप्पणी	The head note is submitted along with the report.	रिपोर्ट के साथ शीर्ष टिप्पणी प्रस्तुत है।
81.	head of account	(n) – लेखा-शीर्ष	Please mention related head of account in this regard.	इस संबंध में संबंधित लेखा-शीर्ष का उल्लेख करें।
82.	head office	(n) – प्रधान कार्यालय	The final report may be submitted to the head office.	अंतिम रिपोर्ट प्रधान कार्यालय को प्रस्तुत की जाए।
83.	headquarter	(n) – मुख्यालय	The employee has been posted in the headquarters.	कर्मचारी को मुख्यालय में तैनात किया गया है।
84.	headquarter allowance	(n) – मुख्यालय भत्ता	The headquarter allowance is permissible as per rules.	मुख्यालय भत्ता नियमानुसार अनुमत्य है।
85.	health care	(n) – **स्वास्थ्य देखभाल**, स्वास्थ्य रक्षा	The Government has launched a child health care scheme for rural areas.	सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए शिशु **स्वास्थ्य देखभाल** योजना शुरू की है।
86.	health certificate	(n) – स्वास्थ्य प्रमाणपत्र	The health certificate has been issued by the Chief Medical Officer.	मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया गया है।
87.	health insurance	(n) – स्वास्थ्य बीमा	A health insurance policy is being considered for the workers of the unorganized sector.	असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा नीति पर विचार किया जा रहा है।
88.	health services	(n) – स्वास्थ्य सेवाएं	The scheme aims to provide health services to the poor peoples.	इस योजना का उद्देश्य गरीब लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।
89.	hearing	(n) – 1. सुनवाई 2. **सुनने की क्षमता**, **श्रवण क्षमता**	1. The judge adjourned the hearing until next Monday. 2. The explosion damaged the hearing of the employee.	1. न्यायाधीश ने अगले सोमवार तक सुनवाई स्थगित कर दी। 2. विस्फोट से कर्मचारी की **सुनने की क्षमता** चली गई।
90.	hearing aid	(n) – **श्रवण यंत्र**	The hospital has distributed the hearing aids to the	अस्पताल ने गरीब मरीजों को **श्रवण यंत्र** वितरित किए हैं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			poor patients.	
91.	hearing-impaired	(n)- **श्रवण बाधित, कम सुनना**	One post is reserved for hearing-impaired.	एक पद **कम सुनने वालों** के लिए आरक्षित है।
92.	hearsay	(n) – **अनुश्रुति** (adj) - सुनी-सुनाई	1. We can't make a decision based on hearsay. 2. It is hearsay information.	1. हम **अनुश्रुति** के आधार पर निर्णय नहीं कर सकते। 2. यह सुनी-सुनाई जानकारी है।
93.	heavy industry	(n) – भारी उद्योग	The policy will encourage the heavy industries.	यह नीति भारी उद्योगों को प्रोत्साहित करेगी।
94.	heavy vehicle	(n) – भारी वाहन	The entries of heavy vehicles are prohibited.	भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है।
95.	heir	(n) – **उत्तराधिकारी**, वारिस	The benefit in this regard will go to the legal heir.	इस संबंध में लाभ कानूनी **उत्तराधिकारी** को मिलेगा।
96.	heir apparent	(n) - **निर्विवाद उत्तराधिकारी**, प्रत्यक्ष वारिस	The heir apparent has been asked to produce the documents.	**निर्विवाद उत्तराधिकारी** को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।
97.	heirless	(adj) – लावारिस, उत्तराधिकारी-विहीन	The acquisition of the heirless property is in process.	लावारिस संपत्ति के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।
98.	help	(n) – 1. **सहायता**, **मदद** (v) – 2. **सहायता करना**, **मदद करना**	1. The police needs the help of the local people. 2. This charity show aims to help the poor people.	1. पुलिस को स्थानीय लोगों की **सहायता** की जरूरत है। 2. इस चैरिटी शो का उद्देश्य गरीब लोगों की **सहायता करना** है।
99.	help desk	(n) – **सहायता डेस्क**	The visitors can collect first hand information from the help desk.	आगंतुक **सहायता डेस्क** से प्रारंभिक जानकारी ले सकते हैं।
100.	helpful	(adj) – **उपयोगी**	The following information may be helpful to the beneficiaries.	निम्नलिखित जानकारी लाभार्थियों के लिए **उपयोगी** हो सकती है।
101.	helipad	(n) – हेलिपैड	The helipad is under construction.	हेलीपैड का निर्माण कार्य जारी है।
102.	helper	(n) – मददगार	The office hired five helpers to finish the work.	कार्यालय ने काम पूरा करने के लिए पांच मददगारों को काम पर रखा।
103.	helping hand	(n) – **सहायक**	The expert needs a helping hand for correspondence.	विशेषज्ञ को पत्राचार के लिए एक **सहायक** की जरूरत है।
104.	helpless	(adj) - **असहाय**,	The Authority was quite helpless in this	प्राधिकारी इस मामले में काफी

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		लाचार, **बेबस**	matter.	**असहाय** था।
105.	helpline	(n) – **सहयोग सेवा, हेल्पलाइन**	The police department has launched help line for lodging complaints.	पुलिस विभाग ने शिकायत दर्ज कराने के लिए **हेल्पलाइन** शुरू की है।
106.	hence	(adv) - **इसलिए**	Hence a new policy for banking sector will be required soon.	**इसलिए** बैंकिंग क्षेत्र के लिए जल्द ही नई नीति की आवश्यकता होगी।
107.	henceforth	(adv) - **अब से**, **आगे से**, **इसके बाद**	Henceforth, all staff will need to display identity card before entering the office building.	**अब से** सभी कर्मचारियों को कार्यालय भवन में प्रवेश करने से पहले पहचान पत्र दिखाने होंगे।
108.	herbicide	(n) – शाकनाशी	According to the report too much use of herbicides could damage the ecosystem.	रिपोर्ट के मुताबिक बहुत ज्यादा शाकनाशी के उपयोग से पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है।
109.	herald	(n) – 1. **सूत्रपात**, **घोषणा**, **संदेश**, **आगाज** (v) – 2. **संदेश देना**, **घोषणा करना**	1. The Government has claimed that the rise in the share index is the herald of economic recovery. 2. The Prime Minister's speech heralds a change of policy.	1. सरकार ने दावा किया है कि शेयर सूचकांक में बढ़ोत्तरी आर्थिक सुधार का **सूत्रपात** है। 2. प्रधानमंत्री का भाषण नीति परिवर्तन का **संदेश देता** है।
110.	hereabouts	(adv) - **आस-पास**	There are not many households hereabouts of the project site.	परियोजना स्थल के **आस-पास** ज्यादा घर नहीं हैं।
111.	hereafter	(adv) – **आगे**, इसके बाद, इसके पश्चात्	The explanation of this formula is given hereafter.	इस सूत्र की व्याख्या **आगे** दी गई है।
112.	hereby	(adv) - इसके द्वारा, एतद् द्वारा,	We, hereby, agree to the conditions of this contract.	हम इसके द्वारा इस अनुबंध की शर्तों से सहमत हैं।
113.	hereditary	(adj)- 1. वंशागत, आनुवंशिक 2. पैतृक	1. The candidate is not suffering from any hereditary disease. 2. The hereditary property will be divided among the claimant as per the law.	1. उम्मीदवार किसी भी आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित नहीं है। 2. कानून के अनुसार पैतृक संपत्ति दावेदारों के बीच विभाजित की जाएगी।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
114.	herein	(adv)- **इस में**, **यहां, इस कारण**	No party is willing to compromise and the problem lies herein.	कोई भी पक्ष समझौता करने को तैयार नहीं है और **इस कारण** समस्या आ रही है।
115.	hereinabove	(adv) - **इसमें इसके पहले**, **इसमें इसके ऊपर**	The company described hereinabove was the contractor for the said project.	**इसमें इसके ऊपर** वर्णित कंपनी को इस परियोजना के कार्यान्वयन का दायित्व सौंपा गया था।
116.	hereinafter	(adv) - इसमें इसके बाद	This contract is between DDA (hereinafter referred to as the vendor) and PNB (hereinafter referred to as the purchaser).	यह अनुबंध डीडीए (**इसमें इसके बाद** विक्रेता के रूप में उल्लेख किया गया है) और पीएनबी (**इसमें इसके बाद** क्रेता के रूप में उल्लेख किया गया है) के बीच है।
117.	hereinbefore	(adv) - इसमें इससे पहले, इसमें इससे पूर्व	The rule mentioned hereinbefore shall be also applicable to the autonomous bodies.	इसमें इससे पहले उल्लिखित नियम स्वायत्त निकायों पर भी लागू होगा।
118.	herein below	(adv) - **इसमें इसके नीचे**, **यहां नीचे**	The rates quoted herein below are applicable to the financial year 2013-14 only.	**इसमें इसके नीचे** उद्धृत दरें केवल वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए लागू हैं।
119.	hereinto	(adv) – **यहां पर**	The matter discussed hereinto may be forwarded to the committee for consideration.	**यहाँ पर** जिस विषय पर चर्चा हुई उसे समिति के विचार के लिए भेजा जाए।
120.	hereof	(adv) – **का**, की, **से संबंधित**	This Agreement shall commence on the date of signature hereof.	यह समझौता हस्ताक्षर होने **के** दिन से लागू होगा।
121.	hereto	(adv) – **इसके साथ**	A copy of the document is hereto appended.	दस्तावेज की प्रति **इसके साथ** संलग्न है।
122.	heretofore	(adv) – **इससे पहले**, **अभी तक**, **अब तक**	In recent years heretofore consumers have become conscious of their rights.	हाल के वर्षों में उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति **पहले** की तुलना में सजग हुए हैं।
123.	hereunder	(adv) - 1. इसके नीचे 2. एतदधीन	The terms specified hereunder shall be used for the purpose of this contract only.	इसके नीचे निर्दिष्ट की गई शर्तों का केवल इस संविदा के प्रयोजन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।
124.	hereupon	(adv)- **इसके बाद**, **इस**	Hereupon, the	**इसके बाद**, समिति भंग की जाती

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		पर	committee is dissolved.	है।
125.	herewith	(adv) - इसके साथ	A copy of the report is enclosed herewith for your information.	इसके साथ रिपोर्ट की प्रति आपकी जानकारी के लिए संलग्न है।
126.	heritage	(n) – दाय, विरासत	We must preserve our cultural heritage.	हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करनी चाहिए।
127.	hierarchical	(adj) – 1. पदानुक्रमिक 2. सोपानिक	The chart provides a detail of hierarchical system in the organization.	सारणी में संगठन का पदानुक्रमिक ढांचा विस्तार से दिया गया है।
128.	hierarchy	(n) – 1. पदानुक्रम 2. सोपानिकी	The DOPT has sought for the details of promotional hierarchy of the technical posts of the office.	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने कार्यालय के तकनीकी पदों के पदोन्नति पदानुक्रम के विवरण की मांग की है।
129.	high	(adj) – 1. **उच्च** 2. **अधिक** 3. **ऊँचाई** (adv) –4. **ऊँचा**	1. Economic reform is high priority on the agenda. 2. Official reports said casualties were high. 3. Waves of up to 40 metres high were recorded during tsunami. 4. The company should not be afraid to aim high in production.	1. कार्यसूची में आर्थिक सुधार को **उच्च** प्राथमिकता दी गई है। 2. आधिकारिक रिपोर्ट में हताहतों की संख्या **अधिक** बताई गई। 3. सुनामी के दौरान 40 मीटर **ऊँचाई** तक लहरों के उठने के रेकार्ड दर्ज किए गए। 3. कंपनी को उत्पादन के लक्ष्य को **उच्च** रखने में डरना नहीं चाहिए।
130.	high and dry	(adj) – **असहाय, लाचार**	The company has been left in a high and dry situation due to financial crisis.	वित्तीय संकट के कारण कंपनी की स्थिति **असहाय** हो गई है।
131.	higher authority	(n) – उच्चतर प्राधिकारी	The matter should be taken up with the higher authority for approval.	इस मामले को अनुमोदन के लिए उच्चतर प्राधिकारी के समक्ष रखा जाना चाहिए।
132.	higher education	(n) – उच्च शिक्षा, उच्चतर शिक्षा	The committee has suggested reforms in the higher education.	समिति ने उच्च शिक्षा में सुधारों का सुझाव दिया है।
133.	highest bid	(n) – उच्चतम बोली	The company has quoted the highest bid for the land.	कंपनी ने जमीन के लिए उच्चतम बोली लगाई है।
134.	high capacity	(n) – **उच्च क्षमता**	The company plans to expand its high capacity power plant.	कंपनी अपने **उच्च क्षमता** वाले बिजली संयंत्र का विस्तार करना चाहती है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
135.	high command	(n) – **आला कमान**	The decision has been taken by the high command.	यह निर्णय **आलाकमान** ने लिया है।
136.	high commission	(n) – **उच्चायोग**	The high commission is looking after the progress in this regard.	**उच्चायोग** इस संबंध में प्रगति पर नज़र रख रही है।
137.	high flier	(n) – अतिसफल व्यक्ति	The hard labour and dedication to the work made the scientist a high flier.	कठिन परिश्रम और कार्य के प्रति समर्पण ने वैज्ञानिक को अतिसफल व्यक्ति बनाया।
138.	high court	(n) – **उच्च न्यायालय**	The high court has taken cognizance of this matter.	**उच्च न्यायालय** ने इस मामले का संज्ञान लिया है।
139.	high grade	(n)- उच्च कोटि, **उच्च श्रेणी**	The company has decided to import high–grade coal from Australia.	कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया से उच्च कोटि का कोयला आयात करने का फैसला किया है।
140.	high income group	(n) – उच्च आय वर्ग	The income tax slab has not been changed for the high income group.	उच्च आय वर्ग के लिए आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
141.	high level	(adj) - उच्च स्तरीय	A high level investigation has been ordered for the incident of fraud.	इस धोखाधड़ी की घटना के लिए उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।
142.	high level committee	(n) – **उच्च स्तरीय समिति**	A high level committee has been set up to recommend safeguards for such type of industrial accidents.	इस प्रकार की औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए सुरक्षा उपायों की सिफारिश करने वास्ते एक **उच्च स्तरीय समिति** का गठन किया गया है।
143.	high level decision	(n) - उच्च स्तरीय निर्णय	It is a high level decision and the office is not competent to reconsider it.	यह उच्च स्तरीय निर्णय है और कार्यालय इस पर पुनर्विचार करने के लिए सक्षम नहीं है।
144.	high level delegation	(n) – **उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल/शिष्ट मंडल**	A high level delegation from the neighboring country has arrived to discuss the border issue.	पड़ोसी देश से एक **उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल** सीमा मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आया है।
145.	highlight	(n) – 1. **महत्व** (v) – 2. **प्रकाश डालना, उजागर करना**	1. The Prime Minister's visit has provided the real highlight of the	1. प्रधानमंत्री की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को वास्तविक **महत्व** मिला है। 2. इस सर्वेक्षण से कामकाजी

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			bilateral relations. 2. The survey highlighted the needs of working women.	महिलाओं की जरूरतें उजागर हुईं।
146.	highlighter	(n) – **उजागर करने वाला**, उजागरी	The incident is a highlighter to the problem of child labour.	यह बाल श्रम की समस्या को **उजागर करने वाला** घटना है।
147.	highlights	(n)- **मुख्य अंश**, मुख्य बातें, प्रमुख आकर्षण, मुख्य विशेषताएं	The highlights of the debate will be shown on TV tonight.	आज रात टीवी पर बहस का **मुख्य अंश** दिखाया जाएगा।
148.	highly developed	(adj) - **अत्यधिक विकसित**	The highly developed technique has been adopted in this project.	इस परियोजना में **अत्यधिक विकसित** तकनीक अपनाया गया है।
149.	highly paid job	(n) - **उच्च वेतन - नौकरी**, उच्च वेतन कार्य	The Chief Executive Officer is a highly paid job.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी **उच्च वेतन- नौकरी** है।
150.	highly placed	(adj) - उच्चस्थ, उच्च पदस्थ	The accountability of the highly placed officials is higher than others.	उच्च पदस्थ अधिकारियों की जवाबदेही दूसरों की तुलना में अधिक होती है।
151.	highly sensitive	(adj) - **अति संवेदनशील**, **अत्यंत संवेदनशील**	Please, take utmost care in this regard as the matter is highly sensitive.	चूंकि मामला **अति संवेदनशील** है इसलिए इस संबंध में अत्यंत सावधानी बरतें।
152.	highly skilled	(adj) - **अतिकुशल**	The highly skilled professionals were engaged in this project.	**अतिकुशल** पेशेवर इस परियोजना से जुड़े हुए थे।
153.	highness	(n) – 1. **महामहिम** 2. **उच्चता***	1. His highness the King of Bhutan was the chief guest of the Republic Day Parade. 2. The highness of the presentation has made the documentary film very effective and communicative.	1. **महामहिम** भूटान नरेश गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। 2. प्रस्तुति की **उच्चता** के कारण वृत्तचित्र बहुत प्रभावी और संप्रेषणीय बन गया है।
154.	high official	(n) - उच्च पदाधिकारी	Some high officials of the Railway have been rushed to the accident site.	रेलवे के कुछ **उच्च पदाधिकारी** दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं।
155.	high power	(n) - उच्चाधिकार	A high power	इस संबंध में उपाय सुझाने के लिए

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
	committee	समिति	committee has been constituted to suggest measures in this regard.	एक उच्चाधिकार समिति गठित की गई है।
156.	high powered committee	(n) - उच्चाधिकार प्राप्त समिति	The next meeting of the high powered committee has been scheduled in July, 2014.	उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अगली बैठक जुलाई, 2014 में निर्धारित है।
157.	high pressure	(n) - **उच्च दाब/दबाव**, अत्यधिक दबाव	The rain will be followed by warmer weather as areas of high pressure move in.	**उच्च दाब** के क्षेत्र बनने के कारण बारिश के बाद मौसम उमस भरा बना रहेगा।
158.	high price	(n) – **ऊंची कीमत**	Due to high price of crude oil in the international market, the prices of petroleum products have been hiked.	अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की **ऊंची कीमत** के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।
159.	high priority	(n) - उच्च प्राथमिकता	The Government has made the scheme a high priority.	सरकार ने इस योजना को उच्च प्राथमिकता दी है।
160.	high profile	(n) – **उच्च स्तर** (adj)- **उच्च स्तरीय**	1. The officer needs to maintain a high profile in his profession. 2. There was a high-profile military presence in the gulf.	1. अधिकारी को अपने पेशे में **उच्च स्तर** बनाए रखने की जरूरत है।2. खाड़ी में **उच्च स्तरीय** सैन्य उपस्थिति थी।
161.	high school	(n)- उच्च विद्यालय, हाई स्कूल	The Government has a plan to open more high schools in rural areas.	सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक उच्च विद्यालय खोलने की योजना बनाई है।
162.	high taxation	(n) - उच्च कराधान	The members of the committee were against the high taxation in the import sector.	समिति के सदस्य आयात के क्षेत्र में उच्च कराधान के खिलाफ थे।
163.	high-tech	(adj) - **उच्च तकनीकयुक्त**	The Ministry has cleared the high-tech power project at last.	अंततः मंत्रालय ने **उच्च तकनीकयुक्त** बिजली परियोजना को मंजूरी दे दी है।
164.	high time	(n) - **उपयुक्त समय**	It is high time to start the project.	परियोजना शुरू करने के लिए यह **उपयुक्त समय** है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
165.	highway	(n) - राजमार्ग	The new highway will reduce the driving time by four hours.	नए राजमार्ग से गंतव्य तक पहुंचने का समय चार घंटे कम हो जाएगा।
166.	highway division	(n) - राजमार्ग प्रभाग	The highway division has moved a proposal for widening the highways.	राजमार्ग प्रभाग ने राजमार्गों को चौड़ा करने के लिए प्रस्ताव दिया है।
167.	hill allowance	(n) - पहाड़ भत्ता, पर्वतीय स्थान भत्ता	The hill allowance has been increased by 25%.	पहाड़ भत्ता में 25% की वृद्धि की गई है।
168.	hill station	(n) - पर्वतीय स्थान, पहाड़ी स्थान	The hill station is being developed as a tourist destination.	पर्वतीय स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।
169.	Hindi Teaching Scheme	(n) - हिंदी शिक्षण योजना	One Hindi Pradhyapak has been posted under Hindi Teaching Scheme.	हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत एक हिंदी प्राध्यापक को तैनात किया गया है।
170.	hindi version	(n) - हिंदी रुपांतर, हिंदी अनुवाद	The hindi version of the report is being prepared.	रिपोर्ट का हिंदी रुपांतर तैयार किया जा रहा है।
171.	hindrance	(n) - बाधा, अड़चन	The floods have been a major hindrance to relief efforts.	राहत प्रयासों में बाढ़ प्रमुख बाधा रही है।
172.	hire	(n) –1. **किराया**, भाड़ा (v) – 2. **किराए पर लेना**, भाड़े पर लेना 3. **काम पर रखना**	1. The cost includes the hire of the hall. 2.The office has hired five cabs for local tour. 3. The Data Entry Operators have been hired on short-term contracts.	1. लागत में हॉल का **किराया** भी शामिल है। 2. कार्यालय ने स्थानीय दौरे के लिए पांच कारें भाड़े पर रखी है। 3. डेटा एंट्री ऑपरेटरों को अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर **काम पर रखा गया** है।
173.	hire and fire policy	(n) - रखो-निकालो नीति	The company has adopted the hire and fire policy in place of regular employment in lower level.	कंपनी ने निचले स्तर पर नियमित रोजगार के स्थान पर रखो-निकालो नीति अपनाई है।
174.	hire charges	(n) – **किराया**, भाड़ा	The payment of hire charges should be as per prescribed norms.	**किराए** का भुगतान निर्धारित मानदंडों के अनुसार होना चाहिए।
175.	hire-purchase	(n) - किराया-खरीद	The employees may buy car/scooter on hire purchase.	कर्मचारी किराया-खरीद पर कार/ स्कूटर का क्रय कर सकते हैं।
176.	hiring	(n) - 1. काम पर रखना 2. भाड़े पर लेना	The hiring of security staff is under consideration.	सुरक्षा कर्मचारियों को काम पर रखने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
177.	hiring and firing	(n) - रखना-निकालना	The Manager is responsible for hiring and firing to the labourbers.	प्रबंधक मजदूरों को काम पर रखने और निकालने के लिए जिम्मेदार होता है।
178.	historical monument	(n) - ऐतिहासिक स्मारक	The Archeological Survey of India takes care of historical monuments.	भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल करता है।
179.	history	(n) - इतिहास	The history of freedom movement should be incorporated in primary education too.	स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को प्राथमिक शिक्षा में शामिल किया जाना चाहिए।
180.	history sheet	(n) - इतिवृत्त	The history sheet of the power plant has been prepared.	बिजली संयंत्र का इतिवृत्त तैयार कर लिया गया है।
181.	history sheeter	(n) - **कुख्यात अपराधी**	The police have arrested all the history sheeters to maintain law and order in the city.	शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सभी **कुख्यात अपराधियों** को गिरफ्तार किया है।
182.	hoarding	(n) - 1. जमाखोरी 2. विज्ञापन पट्ट	1. Hoarding is creating shortage of food grains in the market. 2. The Municipal Corporation has removed all the unauthorized advertising hoardings from public places.	1. जमाखोरी से बाजार में खाद्यान्न की कमी पैदा हो रही है। 2. नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों से सभी अनधिकृत विज्ञापन पट्ट हटा दिए हैं।
183.	hold(OFFICE)	(v) –**पद पर बने रहना**, (पद) ग्रहण करना	The Minister will hold the office till the pleasure of the President.	राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत मंत्री **पद पर बने रहेंगे**।
184.	hold back	(pv) - रोकना	Farmers have hold back product in the hope that prices will rise.	किसानों ने कीमतों में वृद्धि की उम्मीद में उत्पाद को अपने पास रोक रखा है।
185.	hold good	(v) – मान्य होना, लागू होना	The rules shall hold good from the date of its publication in the gazette.	ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।
186.	holding	(n) - 1. जोत 2. शेयर पूंजी 3. **संपत्ति**	1. The average holding of the	1. इस गांव में किसानों की औसत जोत 3 एकड़ सूचित की गई है। 2.

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		(adj) – 4. धारण	farmers in the village has been reported 3 acres. 2. The government has decided to sell its 21% holding in the company. 3. The company sold more than half its holdings. 4. The holding capacity of the reservoir has been increased.	सरकार ने कंपनी में अपनी 21% शेयर पूंजी को बेचने का फैसला किया है। 3. कंपनी ने अपनी आधी से अधिक **संपत्ति** बेच दी। 4. जलाशय की धारण क्षमता बढ़ा दी गई है।
187.	holding company	(n) - **नियंत्रक कंपनी**	The company became holding company by virtue of holding more than 50% of its shares.	कंपनी अपने शेयरों का 50% से अधिक धारण करने के आधार पर **नियंत्रक कंपनी** बन गई।
188.	holding operation	(n)- **स्थिर रखना, यथावत्**	The rest of the campaign was a holding operation.	अभियान का बाकी हिस्सा **यथावत्** था।
189.	holdout	(n) – **बाधक**, बाधा डालना	Terrorism has been the holdout in trying to negotiate an end to the dispute.	आतंकवाद बातचीत के माध्यम से विवाद को खत्म करने की कोशिश में **बाधक** रहा है।
190.	hold over	(pv) - स्थगित करना, रोक लेना, उठा रखना	It is advisable to hold over the meeting to a later time.	बैठक को भविष्य के लिए स्थगित करना उपयुक्त होगा।
191.	holiday	(n) - अवकाश	The Government has declared holiday on 14th April.	सरकार ने 14 अप्रैल को अवकाश घोषित किया है।
192.	holiday entitlement	(n) - **अवकाश पात्रता**, अवकाश हकदारी	The holiday entitlement is often more complex since actual holiday provisions often depends on company contracts.	चूंकि वास्तविक अवकाश प्रावधान अक्सर कंपनी के संविदा पर निर्भर करता है, इसलिए **अवकाश पात्रता** प्रायः अधिक जटिल होता है।
193.	holiday home	(n) - अवकाश गृह	The CPWD has constructed holiday homes for Central Government employees in various tourist places.	केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न पर्यटक स्थलों में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए अवकाश गृहों का निर्माण किया है।
194.	holiday pay	(n) - अवकाश वेतन	The employee is entitled for holiday	कर्मचारी अवकाश वेतन का हकदार है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			pay.	
195.	holiday resort	(n) - अवकाश सदन, अवकाश सैरगाह	Holiday resorts are being developed by the Tourism Department to attract foreign tourists.	विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग अवकाश सदन तैयार कर रहा है।
196.	holistic approach	(n) - **समग्र दृष्टिकोण**, संपूर्णतावादी दृष्टिकोण	A holistic approach should be adopted to address the crisis.	इस संकट से निपटने के लिए **समग्र दृष्टिकोण** अपनाया जाना चाहिए।
197.	homage	(n) - श्रद्धांजलि	The memorial was erected in homage to the war heroes.	युद्ध नायकों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में यह स्मारक बना था।
198.	home	(n) – **घर**, गृह	The aim of the scheme is to provide homes to the homeless people.	इस योजना का उद्देश्य बेघर लोगों को **घर** प्रदान करना है।
199.	homeland	(n) – **वास भूमि**	Many refugees have been forced to flee their homeland due to war.	युद्ध के कारण अनेक शरणार्थियों को अपनी **वास भूमि** से पलायन को मजबूर होना पड़ा है।
200.	homeless	(adj) – **बेघर, निराश्रित**	The scheme has been set up to help homeless people.	**बेघर** लोगों की मदद के लिए यह योजना शुरू की गई है।
201.	home address	(n) - **घर का पता**	Please, verify the home address of the concerned employee from his service book.	कृपया संबंधित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका से उसके **घर के पते** की पुष्टि करें।
202.	home delivery service	(n) – **घर पहुंच सेवा**	The company has launched a home delivery service for selling its products.	कंपनी ने अपने उत्पादों की बिक्री के लिए **घर पहुंच सेवा** शुरू की है।
203.	home district	(n) - गृह जिला	The Minister has left for his home district.	मंत्री अपने गृह जिले के लिए रवाना हो गए हैं।
204.	home guard	(n)- **गृह रक्षा, होमगार्ड, नगर रक्षक,**	The home guards battalion has been deployed in the disturbed area along with armed forces.	अशांत क्षेत्र में सशस्त्र बलों के साथ गृह रक्षा वाहिनी तैनात की गई है।
205.	home industry	(n) - गृह उद्योग	The home industries should be encouraged for promoting self employment.	स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए गृह उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
206.	home loan	(n) - **आवास ऋण**, **गृह**	The employee has	कर्मचारी ने **आवास ऋण** के लिए

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
		ऋण	applied for home loan.	आवेदन दिया है।
207.	home page	(n) - **मुख पृष्ठ**	The information is available on the home page of the departmental website.	विभागीय वेबसाइट के **मुख पृष्ठ** पर यह जानकारी उपलब्ध है।
208.	home town	(n) - गृह नगर	The home town may be changed once during the entire service period.	संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान गृह नगर एक बार बदला जा सकता है।
209.	homicide	(n) – **हत्या**, मानव-हत्या	The police arrived at the scene of the homicide.	पुलिस **हत्या** स्थल पर पहुंची।
210.	honest	(adj) - ईमानदार	The Police Commissioner has praised the honest officers.	पुलिस आयुक्त ने ईमानदार अधिकारियों की प्रशंसा की है।
211.	honesty	(n) - **ईमानदारी**	The police officer has been rewarded for his honesty.	पुलिस अधिकारी को **ईमानदारी** के लिए पुरस्कृत किया गया है।
212.	honorarium	(n) - मानदेय	The competent authority has sanctioned honorarium to the officers engaged in the research project.	सक्षम प्राधिकारी ने अनुसंधान परियोजना से जुड़े अधिकारियों को मानदेय स्वीकृत किया है।
213.	honorary	(adj) - मानद	The post of treasurer is a purely honorary position.	कोषाध्यक्ष का पद विशुद्ध रूप से मानद पद है।
214.	honorary degree	(n) - मानद उपाधि	The university has given honorary degree to the well known social activist.	विश्वविद्यालय ने सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता को मानद उपाधि प्रदान की है।
215.	honorary member	(n) - मानद सदस्य	All the honorary members of the council were present in the meeting.	परिषद के सभी मानद सदस्य बैठक में उपस्थित थे।
216.	honorary secretary	(n) - मानद सचिव	The honorary secretary of the association has resigned from his post.	संगठन के मानद सचिव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।
217.	honorific	(adj) -1. सम्मानसूचक 2. सम्मान पद	The famous environmentalist of Uttarakhand was given the honorific	उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् को "पर्यावरण मित्र" का सम्मानसूचक खिताब दिया गया।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			title of "Paryavaran Mitra".	
218.	honour	(n) – 1. सम्मान (v) - 2. सम्मान करना 3. (चेक) सकारना	1. The stadium was named in honour of the great hockey player Dhyanchand. 2. The scientist was honoured with the "Bharat Ratna".	1. स्टेडियम का नाम महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के सम्मान में उनके नाम पर रखा गया। 2. वैज्ञानिक को "भारत रत्न" से सम्मानित किया गया।
219.	honourable	(adj) -1. माननीय 2. **सम्मानजनक**, सम्मानपूर्ण	1. The Honourable Members are requested to take their seats. 2. The officer retired after completing a long and honourable career in the Government Service.	1. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी सीटों पर बैठ जाएं। 2. अधिकारी सरकारी सेवा में एक लंबे और **सम्मानजनक** कैरियर पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए।
220.	honours	(n) - 1. सम्मान 2. (शिक्षा) प्रवीण	1. The Soldiers body were buried with full military honours. 2. The candidate posses a Bachelor Degree with Honours.	1. सैनिकों के पार्थिव शारीर को पूरे सैनिक सम्मान के साथ दफनाया गया। 2. उम्मीदवार के पास स्नातक प्रतिष्ठा की उपाधि है।
221.	horizontal communication	(n) - समस्तरीय संप्रेषण	The horizontal communication should be maintained in order to ensure the updating of information.	जानकारी को अद्यतन बनाए रखने के लिए समस्तरीय संप्रेषण बरकरार रखना चाहिए।
222.	horizontal filling system	(n) - पड़ी फाइल पद्धति	The horizontal filing system has been adopted in the office.	कार्यालय में पड़ी फाइल पद्धति अपनाई गई है।
223.	horse trading	(n) - **खरीद-फरोख्त**	The Election Commission has raised objection regarding the practice of horse trading in the politics.	चुनाव आयोग ने राजनीति में **खरीद-फरोख्त** के चलन के बारे में आपत्ति उठाई है।
224.	horticulture	(n)-1. बागवानी, उद्यान-कृषि 2. औद्यानिकी, उद्यानविज्ञान	The Horticulture Department looks after the maintenance of its parks.	बागवानी विभाग अपने उद्यानों का रखरखाव करता है।
225.	hospitalize	(v) - **अस्पताल में भर्ती करवाना/करना**	Eight people were hospitalized after the road accident.	सड़क दुर्घटना के बाद आठ लोगों को **अस्पताल में भर्ती किया गया**।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
226.	hospitalization	(n) - अस्पताल में भर्ती होना/करना	The insurance company will bear the expense of hospitalization of its policy holders.	बीमा कंपनी अपने पॉलिसी धारकों के **अस्पताल में भर्ती** के दौरान होने वाले व्यय का वहन करेगी।
227.	hospitality	(n) - आतिथ्य	The Rashtrapati Bhavan witnessed an evening of stimulating talk and warm hospitality.	राष्ट्रपति भवन उत्साहजनक बातचीत और सौहार्दपूर्ण आतिथ्य भरी शाम का गवाह रहा।
228.	hospitality allowance	(n) - आतिथ्य भत्ता	The hospitality allowance will be paid on monthly basis.	आतिथ्य भत्ते का भुगतान मासिक आधार पर किया जाएगा।
229.	hospital leave	(n) - **अस्पताल छुट्टी**, अस्पताली छुट्टी	The employee has been granted 15 days hospital leave.	कर्मचारी को 15 दिन की **अस्पताल छुट्टी** मंजूर की गई है।
230.	host	(n) – 1. आतिथेय, मेजबान (v) – 2. **मेजबानी करना**	1. Brazil has been chosen to be host of the 2016 Olympic games. 2. India is going to host the next World Cup.	1. ब्राजील को 2016 ओलिंपिक खेलों का मेजबान चुना गया है। 2. भारत अगले विश्व कप की **मेजबानी करने** जा रहा है।
231.	host computer	(n) - **मुख्य कंप्यूटर, होस्ट कंप्यूटर**	All the computers have been connected with the host computer via intra-net.	सभी कंप्यूटरों को इंट्रानेट के माध्यम से **मुख्य कंप्यूटर** के साथ जोड़ा गया है।
232.	host country	(n) - **मेजबान देश**	The host country will be responsible for security and safety of the delegation of the member countries.	**मेजबान देश** सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा और संरक्षा के लिए जिम्मेदार होगा।
233.	hostage	(n) - **बंधक**	The hijackers kept one passenger as a hostage.	अपहरणकर्ताओं ने एक यात्री को **बंधक** बना लिया।
234.	hostage crisis	(n) - **बंधक संकट**	The hostage crisis was solved by the mediator.	मध्यस्थ ने **बंधक संकट** का हल निकाला।
235.	hostel	(n)- छात्रावास, आवास, होस्टल	The trainees can stay at hostel on payment of prescribed charges.	प्रशिक्षणार्थी निर्धारित किराए का भुगतान कर छात्रावास में रह सकते हैं।
236.	hostile	(adj) -1. विरोधी 2. शत्रुतापूर्ण	1. One of the members was hostile to the proposal. 2.	1. सदस्यों में से एक प्रस्ताव के विरोधी थे। 2. पड़ोसी देश ने धीरे-

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			The neighboring country has gradually relaxed its hostile attitude.	धीरे अपने शत्रुतापूर्ण रवैये को कम किया है।
237.	hostile witness	(n)- **टूटा गवाह, पक्ष द्रोही साक्षी**	The advocate has questioned and cross-examined the hostile witness.	अधिवक्ता ने **टूटे गवाह** से पूछताछ और जिरह की|
238.	hostility	(n) - **शत्रुता**	Both sides wanted a cessation of hostility.	दोनों पक्ष **शत्रुता** की समाप्ति चाहते थे।
239.	hours of business	(np) - **कारोबार समय**	No visitors are allowed in the bank after the hours of business.	**कारोबार समय** के बाद आगंतुकों को बैंक में आने की अनुमति नहीं है।
240.	hours of employment	(np) – **कार्य समय**, काम के घंटे, कार्य घंटे	The hours of employment should not be more than eight hours.	**कार्य समय** आठ घंटे से अधिक नहीं होने चाहिए।
241.	house arrest	(n) - **नजरबंद**	The political activist has been kept under house arrest for his violent activities.	राजनीतिक कार्यकर्ता को उसकी हिंसक गतिविधियों के कारण घर में **नजरबंद** रखा गया है।
242.	house building advance	(n) - गृह निर्माण अग्रिम	The employee has applied for a house building advance.	कर्मचारी ने गृह निर्माण अग्रिम के लिए आवेदन किया है।
243.	house journal	(n) - गृह पत्रिका	The house journal is being published regularly.	गृह पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित की जा रही है।
244.	house keeping	(n) - गृह प्रबंधन	The house keeping should take care of the guests.	गृह प्रबंधन को मेहमानों का ध्यान रखना चाहिए।
245.	house owner	(n) - मकान मालिक, गृह-स्वामी	The house owners need to submit their possession certificates by 30th April.	मकान मालिकों को 30 अप्रैल तक अपना कब्जा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
246.	house rent	(n) - मकान किराया	The receipts of house rent should be attached with the prescribed form.	मकान किराया की रसीदें निर्धारित प्रपत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए।
247.	house rent allowance	(n) - मकान किराया भत्ता	The house rent allowance is applicable as per prescribed norms.	निर्धारित मानदंडों के अनुसार मकान किराया भत्ता लागू है।
248.	house tax	(n) - गृहकर	The house tax should be deposited by 30th	30 जून तक गृह कर जमा किया

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			June.	जाना चाहिए।
249.	housing	(n) – आवास, आवासन	There is a shortage of affordable housing in the mega cities.	बड़े शहरों में किफायती आवास की कमी है।
250.	housing complex	(n) - **आवासीय परिसर**, आवासीय संकुल	The Urban Development Ministry has moved a proposal of new housing complexes for the BPL families.	शहरी विकास मंत्रालय ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए नए **आवासीय परिसरों** का प्रस्ताव दिया है।
251.	housing industry	(n) - **आवास उद्योग**	Now-a-days, the housing industry faces a slow down.	आजकल, **आवास उद्योग** में मंदी है।
252.	housing loan	(n) - **आवास ऋण**	The rate of interest on housing loan has been increased by 0.25%.	**आवास ऋण** पर ब्याज की दर 0.25% बढ़ा दी गई है।
253.	housing policy	(n) - **आवास नीति**	The committee has emphasized for formulation of new housing policy.	समिति ने नई **आवास नीति** तैयार करने पर बल दिया है।
254.	housing project	(n) - **आवास परियोजना**	The DDA has launched new housing projects.	दिल्ली विकास प्राधिकरण ने नई **आवास परियोजनाएं** शुरू की है।
255.	housing scheme	(n) - **आवास योजना**	The Urban Development Ministry has approved new housing schemes to cater the shortage of housing in urban areas.	शहरी विकास मंत्रालय ने शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी को पूरा करने के लिए नई **आवास योजना** को मंजूरी दी है।
256.	housing society	(n) - आवास समिति	The DDA has allotted land to the registered housing societies.	दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पंजीकृत आवास समितियों को जमीन आबंटित की है।
257.	hue and cry	(n) - हल्ला	A hue and cry went up from the striking union members.	यूनियन के हड़ताली सदस्यों ने हल्ला किया।
258.	humane	(adj)-**मानवीय**, मानवोचित, सहृदय, सहृदयतापूर्ण	These regulations ensure the humane treatment of all war prisoners.	ये विनियम सभी युद्ध बंदियों के साथ **मानवीय** व्यवहार सुनिश्चित करते हैं।
259.	humanitarian grounds	(n) - मानवीय आधार	The prisoner has appealed for his release on	कैदी ने मानवीय आधार पर अपनी रिहाई के लिए अपील की है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			humanitarian ground.	
260.	human activity	(n) - **मानव गतिविधि, मानव क्रियाकलाप**	The satellite image reveals some human activities in the disputed island.	उपग्रह से प्राप्त छवि विवादित द्वीप में कुछ **मानव गतिविधियों** को उजागर करती है।
261.	human capital	(n) - **मानव पूंजी**	We have to ensure the development of our human capital through training to make them more competitive.	हमें प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी **मानव पूंजी** के विकास को सुनिश्चित करना होगा ताकि उन्हें और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।
262.	human resource	(n) - **मानव संसाधन**	The company is keen to provide better opportunity to its human resource.	कंपनी अपने **मानव संसाधन** को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए उत्सुक है।
263.	human resource development	(n)- **मानव संसाधन विकास**	The programme is focused on human resource development in rural areas.	यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में **मानव संसाधन विकास** पर केंद्रित है।
264.	human resource management	(n) - मानव संसाधन प्रबंधन	The human resource management is a major issue of the discussion in the Board Meeting.	बोर्ड की बैठक में चर्चा का प्रमुख मुद्दा मानव संसाधन प्रबंधन है।
265.	human rights	(n) - मानवाधिकार	The Human Rights Commission has blamed the police for violation of human rights.	मानवाधिकार आयोग ने मानव अधिकारों के उल्लंघन के लिए पुलिस को दोषी ठहराया है।
266.	human rights activist	(n)- **मानवाधिकार कार्यकर्ता**	The human rights activists have organized a campaign to spread awareness about the fundamentals of human rights.	**मानवाधिकार कार्यकर्ताओं** ने मानव अधिकारों के बुनियादी उसूलों के बारे में जागरूकता फैलाने का अभियान चलाया है।
267.	human trafficking	(n) - **मानव दुर्व्यापार**	The police have arrested two persons engaged in human trafficking.	पुलिस ने **मानव दुर्व्यापार** में लगे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।
268.	humiliation	(n) - अपमान, अनादर	The police suffered public humiliations due to Nirbhaya incident.	पुलिस को निर्भया कांड की वजह से सार्वजनिक अपमान सहना पड़ा।
269.	hunger strike	(n) - भूख हड़ताल	The protesters were on hunger strike for 5	प्रदर्शनकारी 5 दिनों के लिए भूख हड़ताल पर थे।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usage in English	Usage in Hindi
			days.	
270.	hutment	(n) - **अस्थायी मकान**, अस्थायी इमारत	The office has been shifted to the hutment.	कार्यालय को **अस्थायी मकान** में स्थानांतरित किया गया है।
271.	hygiene	(n) - 1. स्वास्थ्यकारिता 2. स्वास्थ्यविज्ञान	The Health Department has criticized poor hygiene standards in hospitals.	स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में खराब स्वास्थ्यकारिता मानकों की आलोचना की है।
272.	hyperinflation	(n) - **अति मुद्रास्फीति**	The economists have expressed their concern over the hyperinflation.	अर्थशास्त्रियों ने **अति मुद्रास्फीति** पर अपनी चिंता व्यक्त की है।
273.	hypothecation	(n) – मालबंधन, आडमान	The hypothecation of the property is being considered by the bank.	बैंक संपत्ति के माल्बंधन पर विचार कर रहा है।
274.	hypothecator	(n) - **मालबंधन कर्ता**	The bank is the hypothecator for the repayment of the money borrowed by the company.	बैंक कंपनी द्वारा लिए गए उधार की अदायगी के लिए **मालबंधन कर्ता** है।
275.	hypothesis	(n) – **परिकल्पना**	The report rejects the hypothesis about unemployment contributing to crime.	रिपोर्ट इस **परिकल्पना** को खारिज करती है कि बेरोजगारी अपराध के लिए जिम्मेदार है।
276.	hygienic condition	(n) - स्वास्थ्यकर दशा या स्थिति	The Government has expressed concern over the poor hygienic condition of the slums.	सरकार ने झुग्गी बस्तियों की खराब स्वास्थ्यकर दशा पर चिंता व्यक्त की है।

I

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	idea	(n) -विचार	This is a good idea to disburse subsidy and scholarships through direct cash transfer in the account.	खाते में प्रत्यक्ष नकदी अंतरण के माध्यम से आर्थिक सहायता और छात्रवृत्ति वितरण का **विचार** अच्छा है।
2.	ideal	(n) - 1. आदर्श (adj) - 2. आदर्श	1. Mahatma Gandhi lived up to his high ideals of truth and non-violence. 2. The account Officer is the ideal candidate for the job.	1. महात्मा गाँधी ने सत्य और अहिंसा के अपने उच्च **आदर्शों** के अनुसार जीवन जिया। 2. लेखा अधिकारी इस नौकरी के लिए **आदर्श** उम्मीदवार है।
3.	identical	(adj) - एक जैसा,एक-सा, समरुप, समान	Both the parties have almost identical manifestos.	दोनों पार्टियों के घोषणा पत्र लगभग **एक जैसे** हैं।
4.	identical case	(n) - **समान मामला, इसी तरह का मामला,** एक-सा मामला	The precedence of an identical case may be put in file.	**इसी तरह के मामले** का पूर्व उदाहरण फाइल में प्रस्तुत करें।
5.	identical representation	(n) - समान अभ्यावेदन	This rule applies to all the identical representations.	यह नियम सभी **समान अभ्यावेदनों** पर लागू होता है।
6.	identical scale (of pay)	(n) - समान वेतनमान	The 6th pay commission has recommended for identical pay scales for same rank of employees.	छठे वेतन आयोग ने एक रैंक के कर्मचारियों के समान पद के लिए **समान वेतनमान** की सिफारिश की है।
7.	identification	(n) - पहचान*, शिनाख्त*	The video footage of the incident has been seen for identification of the culprit.	अपराधी की **पहचान** के लिए घटना का वीडियो फुटेज देखा गया है।
8.	identification mark	(n) - पहचान चिह्न, शिनाख्त चिह्न	The candidate should mention his two identification marks in the application.	उम्मीदवार आवेदन में अपने दो **पहचान चिह्नों** का उल्लेख करे।
9.	identification number	(n) - पहचान-संख्या*	Each worker has been given one identification number.	प्रत्येक कामगार को एक **पहचान-संख्या** दी गई है।
10.	identity	(n) - पहचान	The police are trying to discover the identity of the offender.	पुलिस अपराधी की **पहचान** करने की कोशिश कर रही है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
11.	identity card	(n) - पहचान-पत्र	The employee submitted the attested photocopy of his service identity card to get a SIM card.	कर्मचारी ने सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए अपने सेवा **पहचान-पत्र** की सत्यापित फोटोप्रति प्रस्तुत की।
12.	identity certificate	(n) - पहचान प्रमाणपत्र	The Section Officer issued identity certificates to the employees on contract basis.	अनुभाग अधिकारी ने संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को **पहचान प्रमाणपत्र** जारी किया।
13.	idle capacity	(n) - **बेकार क्षमता*,** अप्रयुक्त क्षमता*	The Manager has motivated the workers to give their best reducing the idle capacity of the office.	प्रबंधक ने कामगारों को बेहतर से बेहतर काम करने के लिए प्रेरित कर कार्यालय की **बेकार क्षमता** को कम किया।
14.	idle resources	(n) - **बेकार संसाधन**, अप्रयुक्त संसाधन	In the absence of adequate technology, vast deposits of thorium in India have been just idle resources.	समुचित प्रौद्योगिकी के आभाव में भारत में थोरियम के विशाल भंडार **बेकार संसाधन** के रूप में पड़े हुए हैं।
15.	ignorance	(n) - **जानकारी न होना, नासमझी*,** अनभिज्ञता*	Widespread ignorance of disease in poor countries makes the problem all the more serious.	गरीब देशों में इस बीमारी के प्रति व्यापक स्तर पर **जानकारी न होने** से समस्या और गंभीर हो गई है।
16.	ignorance of law	(n) - **कानून की जानकारी न होना,** कानून की अनभिज्ञता, विधि की अनभिज्ञता*	Ignorance of law cannot be the pretext to get away from the punishment.	**कानून की जानकारी न होना** सजा से बचने का बहाना नहीं हो सकता।
17.	ignore	(n) - उपेक्षा करना, नजरअंदाज करना	The employee deliberately ignored his duty.	कर्मचारी ने जानबूझ कर अपने कर्तव्य की **उपेक्षा की**।
18.	illegal	(n) - **गैर- कानूनी,** अवैध	The builder's occupation on the land was illegal.	बिल्डर का भूमि पर कब्जा **गैर-कानूनी** था।
19.	illegal construction	(n) - अवैध निर्माण	The state government took serious action against illegal construction.	राज्य सरकार ने **अवैध निर्माण** के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।
20.	illegal gratification	(n) - **घूस,** अवैध परितोषण	The police booked the contractor for offering illegal gratification to the	पुलिस ने ठेकेदार पर इंजीनियर को **घूस** देने का मामला दर्ज किया।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			engineer.	
21.	illegal immigrant	(n) - अवैध आप्रवासी	USA has taken up strong measures to check the illegal immigrants.	अमेरिका ने **अवैध आप्रवासियों** को देश में आने से रोकने के लिए कठोर उपाय किए हैं।
22.	illegal operations	(n) - **गैर- कानूनी काम**,अवैध कार्य	The company has been booked for illegal operations.	**गैर-कानूनी काम** के लिए कम्पनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।
23.	illegal practice	(n) - अवैध आचरण, अवैध कार्य-व्यवहार	The official was served on notice for illegal practice.	कर्मचारी को उसके **अवैध आचरण** के लिए नोटिस दिया गया।
24.	illegal strike	(n.)**गैर-कानूनी हड़ताल*,** अवैध हड़ताल*	The employees had to call off their illegal strike.	कर्मचारियों को अपनी **गैर-कानूनी हड़ताल** वापस लेनी पड़ी।
25.	illegible	(adj) - **न पढ़ने लायक**, अपाठ्य	The old document was illegible.	पुराना दस्तावेज **पढ़ने लायक नहीं** था।
26.	illegitimate	(adj) - 1. अवैध 2. अधर्मज (संतान)	1. The election was dismissed as illegitimate by the opposition. 2. His illegitimate son could not be given shares in his property.	1. विरोधी दल ने चुनाव को **अवैध** ठहराया। 2. उसके **अवैध** पुत्र को उसकी संपत्ति में हिस्सा नहीं दिया जा सका।
27.	illegitimate action	(n) - **गैर- कानूनी कार्रवाई***, अवैध कार्रवाई*	The court took a strong note of the illegitimate action of the police.	न्यायालय ने पुलिस की **गैर-कानूनी कार्रवाई** को बहुत ही गंभीरता से लिया।
28.	ill feeling	(n) - दुर्भावना*	The officer had done this act with ill feeling.	अधिकारी ने **दुर्भावना** से यह कार्य किया था।
29.	illicit	(adj) - अवैध	The illicit affairs of the leader ruined his political career.	**अवैध** सम्बन्धों के कारण नेता का राजनैतिक भविष्य समाप्त हो गया।
30.	illiteracy	(n) - निरक्षरता*	The developing countries have still high rates of illiteracy.	विकासशील देशों में **निरक्षरता** की दर अभी भी बहुत अधिक है।
31.	ill-mannered(ill-behaved)	(adj) - अशिष्ट, बेअदब	The ill-mannered official was given a written warning by his immediate officer.	**अशिष्ट** कर्मचारी को उसके आसन्न अधिकारी द्वारा लिखित चेतावनी दी गई।
32.	illogical	(adj) - तर्कहीन	All his opinions recorded in the file	फाइल में दर्ज उसके सारे विचार **तर्कहीन** हैं।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			are illogical.	
33.	ill treatment	(n) - **बुरा बर्ताव,** दुर्व्यवहार	The officer was served on a show-cause for his ill-treatment with the subordinate staff.	अधिकारी को अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ **बुरा बर्ताव** करने के लिए कारण-बताओ नोटिस दिया गया।
34.	illustrated	(adj) - 1. **उदाहरण के साथ,** सोदाहरण 2. सचित्र	1 . The illustrated description of the case was quite convincing.	मामले का **उदाहरण के साथ** किया गया वर्णन पूर्णतः आश्वस्त करने वाला था।
35.	illustration	(n) - 1. 2उदाहरण. चित्र, **सचित्र**	1. The matter was presented with an illustration. 2. The presentation of the project was displayed with illustration.	1.विषय को **उदाहरण** के साथ प्रस्तुत किया गया। 2. परियोजना का **सचित्र** प्रस्तुतीकरण किया गया ।
36.	ill will	(n) - **दुर्भावना,** वैमनस्य	The ill will of the members prevented them from reaching a consensus.	आपसी **दुर्भावना** के कारण सदस्यों में सहमति न हो सकी।
37.	image	(n) - 1. छवि* 2. प्रतिमा* 3. प्रतिबिंब, छाया*	The advertisements are intended to improve the company's image.	इन विज्ञापनों का उद्देश्य कम्पनी की **छवि** में सुधार करना है।
38.	imbalance	(n) - असंतुलन	Attempts are being made to redress the imbalance between our import and export figures.	हमारे देश के आयात और निर्यात के बीच का **असंतुलन** दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।
39.	immaterial	(adj) - **तुच्छ**, **असार**, **नगण्य**, सारहीन, तत्वहीन	The cost of the work is immaterial.	कार्य की लागत **नगण्य** है।
40.	immature	(adj) - अपरिपक्व	His immature decisions proved fatal to the party.	उसके **अपरिपक्व** निर्णय दल के लिए घातक सिद्ध हुए।
41.	immediate	(adj) - 1. आसन्न 2. तत्काल	1. He submitted his leave application to the immediate officer. 2. This order comes into force with immediate effect.	1. उसने **आसन्न** अधिकारी को अपनी छुट्टी का आवेदन दिया। 2. यह आदेश **तत्काल** प्रभाव से लागू होता है।
42.	immediate action	(n) - तत्काल कार्रवाई*	Immediate action may be taken in this regard.	इस संबंध में **तत्काल कार्रवाई** की जाए।
43.	immediate employer	(n) - आसन्न	The No Objection Certificate may be	**आसन्न नियोक्ता** द्वारा

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		नियोक्ता	issued by the immediate employer.	अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया जाए।
44.	immediately preceding	(adj) - ठीक पिछला, ठीक पहले	The report of the immediately preceding month may be submitted by the second week of the next month.	**ठीक पिछले** माह की रिपोर्ट अगले माह के दूसरे सप्ताह तक प्रस्तुत की जाए।
45.	immediately preceding year	(n) - ठीक पिछला वर्ष	The expenditure of the immediately preceding year may be adjusted in the current year.	**ठीक पिछले वर्ष** के व्यय को अगले वर्ष में समायोजित किया जाए।
46.	immediate officer	(n) - आसन्न अधिकारी	The annual confidential report may be submitted to the immediate officer by 15th April of the year.	वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट वर्तमान वर्ष के अप्रैल माह की पन्द्रह तारीख तक **आसन्न अधिकारी** को सौंप दी जाए।
47.	immigrant	(n) - आप्रवासी	America has passed a new law checking the flow of immigrants.	अमेरिका ने **आप्रवासियों** को आने से रोकने के लिए नया कानून पारित किया है।
48.	immigration authority	(n) - आप्रवास प्राधिकारी	The immigration authority has ensured strict regulation of immigration laws.	**आप्रवास प्राधिकारी** ने आप्रवास कानून का सख्ती से विनियमन सुनिश्चित किया है।
49.	immigration clearance	(n) - आप्रवास अनापत्ति, आप्रवास अनुमति	The officer on tour to foreign countries has to take immigration clearance from the embassy.	विदेश यात्रा पर गए अधिकारी को राजदूतावास से **आप्रवास अनापत्ति** लेनी होती है।
50.	immigration laws	(n) - **आप्रवास कानून**, आप्रवास विधि	The illegal immigrants were booked for breaking immigration laws.	**आप्रवास कानून** तोड़ने के कारण गैर-कानूनी आप्रवासियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए।
51.	immigration service	(n) - आप्रवास सेवा*	The employees were given immigration service by the concerned consulate.	कर्मचारियों को संबंधित कांसुलेट द्वारा **आप्रवास** सेवा दी गई।
52.	immigration visa	(n) - आप्रवास वीज़ा	The person may contact the Indian embassy for an immigration visa.	**आप्रवास वीजा** के लिए भारतीय दूतावास से सम्पर्क करें।
53.	immoral	(adj) - अनैतिक	It is an immoral act not to provide relief	पीड़ितों को समय पर राहत नहीं पहुँचाना एक **अनैतिक** कार्य है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			to the victims in time.	
54.	immoral act	(n) - अनैतिक कार्य	The officer was given written warning for his immoral act.	कर्मचारी को उसके **अनैतिक कार्य** के लिए लिखित चेतावनी दी गई।
55.	immovable	(adj) - अचल	The government officials may mention their immovable property in their APRs.	सरकारी कर्मचारी अपने ए.पी.आर. में अपनी **अचल** सम्पत्ति का ब्योरा दें।
56.	immovable property	(n) - अचल संपत्ति*	It is mandatory to inform the office about the purchase of the immovable property.	**अचल सम्पत्ति** के क्रय के संबंध में कार्यालय को सूचित करना अनिवार्य है।
57.	immune	(adj) - 1. **मुक्त,** उन्मुक्त, 2. **रक्षित, बेअसर,** प्रतिरक्षित (रोग से)	1. The diplomats are immune to arrest in the foreign country. 2. The virus has got immune to the antibiotics.	1. विदेश में राजनयिक गिरफ्तारी से **मुक्त** हैं। 2. यह वाइरस जीवरोधी (एंटीबायोटिक) दवाओं से **बेअसर** हो चुका है।
58.	immunity	(n) - 1. उन्मुक्ति*, 2. प्रतिरक्षा* (रोग से)	1. The MPs have got immunity in the house to the arrest warrant. 2. The BCG vaccine provides immunity in children with the disease.	1. सांसदों को गिरफ्तारी के वारंट से सदन में **उन्मुक्ति** प्राप्त है। 2. बी.सी.जी. टीका बच्चों को रोग से **प्रतिरक्षा** प्रदान करता है।
59.	impact	(n) - प्रभाव	The impact of the scheme is quite perceptible.	योजना का **प्रभाव** बिल्कुल स्पष्ट है।
60.	impartial	(adj) - निष्पक्ष	The judgment of CAT was quiet impartial in nature.	कैट का निर्णय बिल्कुल **निष्पक्ष** था।
61.	impartiality	(n) - निष्पक्षता*	The officer's impartiality and cordial nature made him popular with the employees.	अधिकारी अपनी **निष्पक्षता** और सौहार्दपूर्ण प्रकृति के कारण कर्मचारियों में लोकप्रिय हो गया।
62.	impartial judgement	(n) - निष्पक्ष निर्णय	The Judges are expected to give impartial judgment.	न्यायाधीशों से **निष्पक्ष निर्णय** की उम्मीद है।
63.	impeachment	(n) - महाभियोग	The vice-president may be removed only by impeachment.	उपराष्ट्रपति को केवल **महाभियोग** द्वारा हटाया जा सकता है।
64.	impediment	(n) - अड़चन*,	The scheme was	योजना बिना किसी **बाधा** के

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		बाधा*	implemented without any impediment.	लागू की गई।
65.	imperative	(adj) - **निहायत जरूरी, अनिवार्य,** लाजिमी	It is quite imperative that the report may be submitted in time.	समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना **निहायत जरूरी** है।
66.	impersonation	(n) - **फर्जी शख्सीयत,** प्रतिरूपण	It was a clear case of impersonation.	यह स्पष्ट रुप से **फर्जी शख्सीयत** का मामला था।
67.	implement	(v) - **लागू करना,** कार्यान्वित करना, परिपालन करना	The scheme was implemented successfully.	योजना सफलता पूर्वक **लागू की** गई।
68.	implementation	(n) - **लागू किया जाना,** कार्यानवयन, परिपालन	With successful implementation of the scheme, the conditions of the poor had improved.	योजना को सफलता पूर्वक **लागू किए जाने** के कारण गरीबों की स्थिति में सुधार हुआ।
69.	implicate	(v) - फंसाना	It is clear that the innocent person has been implicated in the case.	यह स्पष्ट है कि निर्दोष व्यक्ति को इस मामले में **फंसाया** गया है।
70.	implication	1. (n) - निहितार्थ 2. पहलू	1. The officer took note of different implications of the decision. 2. The implication of the statement is quite explicit.	1. अधिकारी ने फैसले के अलग-अलग **पहलुओं** का जायजा लिया। 2. बयान का **निहितार्थ** काफी स्पष्ट है।
71.	implicit	(adj) - निहित, अंतर्निहित	This fact was implicit in the statement of the applicant.	यह तथ्य प्रार्थी के बयान में **निहित** था।
72.	implied	(adj) - निहित	It was implied in his reply that the employee would carry out the job.	कर्मचारी के उत्तर में यह **निहित** था कि वह अपना काम करेगा।
73.	implied consent	(n) - निहित सहमति*	The officer gave his implied consent to help in the case.	अधिकारी ने मामले में मदद करने के लिए अपनी **निहित सहमति** दे दी ।
74.	import	(n) - 1. आयात 2. **अर्थ,** अभिप्राय	1. The government wants to control import so as to regulate the prices. 2. It is not difficult to understand the full import of this statement.	1. सरकार कीमतों को विनियमित करने के लिए **आयात** पर नियंत्रण करना चाहती है। 2. इस बयान का पूरा **अर्थ** समझना मुश्किल नहीं है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
75.	important	(adj) - महत्वपूर्ण	It is important to accomplish the task in time.	यह कार्य समय पर पूरा करना **महत्वपूर्ण** है।
76.	imported stores	(n) - आयातित माल	The imported stores were kept in the warehouse near the port.	**आयातित माल** बंदरगाह के पास गोदाम में रखा गया था।
77.	importer	(n) - आयातक	The importer has to pay the custom duties as applicable.	**आयातक** को यथा लागू सीमा-शुल्क का भुगतान करना है।
78.	import licence	(n) - आयात लाइसेंस	The import licenses were issued to the bonafide importers.	वास्तविक आयातकों को **आयात लाइसेंस** जारी किए गए।
79.	impose	(v) - **लगाना,** अधिरोपित करना	The curfew has been imposed in the disturbed area.	अशांत क्षेत्र में कर्फ्यू **लगाया गया** है।
80.	imposition	(n) - **लगाना**, अधिरोपण	Imposition of new tax on fuel has come into force with immediate effect.	ईंधन पर **लगाया गया** नया कर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।
81.	impost	(n) - **चुंगी***, महसूल	The traders have to pay imposts as per the rules.	व्यापारियों द्वारा नियमानुसार **चुंगी** देय है।
82.	impound	(v) - **जब्त करना, कुर्क करना,** परिबद्ध करना	The police impounded the car just after the accident.	पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद कार को **जब्त कर** लिया।
83.	impounding authority	(n) - **जब्ती अधिकारी,** परिबंधन प्राधिकारी	The impounding authority acted on the order of the court.	**जब्ती अधिकारी ने** अदालत के आदेश पर काम किया।
84.	impracticable	(adj) - अव्यावहारिक	It is impracticable for each member to be consulted on every occasion.	हर अवसर पर प्रत्येक सदस्य के साथ परामर्श किया जाना **अव्यावहारिक** है।
85.	impression	(n) - 1. प्रभाव 2. छाप*	1. The trainer made a good impression on the trainees. 2. The police took the impressions of fingerprints of the culprit.	1. ट्रेनर ने प्रशिक्षुओं पर अच्छा **प्रभाव** डाला 2. पुलिस ने अपराधी की उंगलियों के **छाप** ली।
86.	impressive	(adj) - **प्रभावशाली,** प्रभावोत्पादक	The performance of the team was quite impressive.	उनका प्रदर्शन काफी **प्रभावशाली** था।
87.	imprest	(n) - **पेशगी*, ** अग्रदाय*	A permanent imprest is kept in the office to	कार्यालय में आकस्मिक जरुरतों को पूरा करना के लिए स्थायी

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			meet the exigencies.	**अग्रदाय** रखा जाता है।
88.	imprest account	(n) - अग्रदाय लेखा	The DDO has to maintain the imprest account.	डीडीओ को **अग्रदाय लेखा** का रखरखाव करना होता है।
89.	imprest amount	(n) - अग्रदाय राशि*	A permanent imprest amount is kept in every office to meet the exigencies in the office.	प्रत्येक कार्यालय में आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थायी **अग्रदाय राशि** रखा जाता है।
90.	imprest holder	(n) - अग्रदायधारी-	The commercial officer is the imprest holder of the office.	वाणिज्य अधिकारी कार्यालय के **अग्रदाय-धारी हैं**।
91.	imprisonment	(n) - कारावास	The convict was given five years imprisonment.	अपराधी को पांच साल के **कारावास** की सजा दी गई।
92.	improper	(adj) - अनुचित	The act of the official was improper and against the rules.	कर्मचारी का कार्य **अनुचित** और नियम विरुद्ध था।
93.	improve	(v) - 1. सुधार करना, सुधारना 2. समुन्नत करना	1. The official was advised to improve his performance. 2. He has improved his grade by performing well.	1. कर्मचारी को अपने निष्पादन में **सुधार** लाने की सलाह दी गई। 2. उसने अच्छा निष्पादन करके अपने ग्रेड में **सुधार** किया है।
94.	improvement	(n) - 1. सुधार 2. समुन्नति*	1. There is still a liitle scope of improvement in the performance. 2. The officer was deeply impressed with the improvement of his subordinate.	1. निष्पादन में अभी **सुधार** की कुछ गुंजाइश भी है। 2. अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारी की **समुन्नति** से काफी प्रभावित हुए।
95.	improver	(n) - **सुधारक,** सुधार प्रवण	The role of the improvers in ameliorating the condition of the poor has been appreciated.	गरीबों की हालत में सुधार करने के काम में **सुधारकों** के योगदान की सराहना की गई है।
96.	improvisation	(n) - कामचलाऊ व्यवस्था, तात्कालिक, व्यवस्था	The office has done some improvisations in accomplishing the task in time.	कार्यालय ने कार्य को समय पर पूरा करने के लिए कुछ **कामचलाऊ** व्यवस्था की है।
97.	improvise	(v). काम चलाना, तात्कालिक व्यवस्था करना	The officer improvised in such a way as was useful to get the work done in time.	अधिकारी ने काम को समय के भीतर पूरा करने के लिए **तात्कालिक** व्यवस्था की।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
98.	improvised device	(n) - जुगत*	In the absence of modern technology, Indian farmers use improvised device in farming.	आधुनिक तकनीक के अभाव में भारतीय किसान खेती के काम में **जुगत** लगाते हैं।
99.	imputation	(n) - **आरोप,** लांछन, अभ्यारोपण	The official vehemently denied all imputations.	कर्मचारी ने सभी **आरोपों** से जोरदार ढंग से इनकार किया।
100.	impute	(v) - ,लांछन लगाना अभ्यारोपित करना	The officer was imputed with false charges.	अधिकारी पर झूठे आरोप **अभ्यारोपित किए** गए।
101.	in abeyance	(adv) - **स्थगित,** प्रास्थगित	The matter was kept in abeyance.	मामले को **स्थगित** रखा गया ।
102.	inability	(n) - अयोग्यता*, असमर्थता*	The inability of the district administration in providing relief in time to the affected people aggravated the situation all the more.	पीड़ितों को समय पर राहत मुहैया कराने में जिला प्रशासन की **असमर्थता** के कारण परिस्थिति और भी गंभीर हो गई।
103.	inaccessible	(adj) - 1. **पहुँच से बाहर, अगम**, दुर्गम, पहुंच से परे, अगम्य 2. **अनुपलब्ध (उपलब्ध नहीं),** अप्राप्य	1. Due to heavy flood, relief materials could not be provided to people in inaccessible areas. 2. Internet facility is still inaccessible to the majority of the population.	1. बाढ की गंभीर समस्या के कारण, **अगम** क्षेत्रों में लोगों तक राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जा सकी। 2. आबादी के अधिकांश भाग के लिए अभी भी इंटरनेट सुविधा **उपलब्ध नहीं** है।
104.	inadmissible	(adj) - अस्वीकार्य (**स्वीकार्य नहीं**), अग्राह्य	The Children Education Allowance is inadmissible to more than two children.	संतान शिक्षा भत्ता दो से अधिक बच्चों के लिए **स्वीकार्य नहीं** है।
105.	in advance	(adv) - पहले से, अग्रिम रूप से	The payment was made in advance.	भुगतान **अग्रिम रूप से** किया गया था ।
106.	inadvertence	(n) - **भूल***, असावधानी*, अनवधानता*	Due to inadvertence of the clerk the name of one successful candidate was misspelled on the final list.	लिपिक की **भूल** के कारण अंतिम सूची में एक सफल उम्मीदवार का नाम गलत लिखा गया था।
107.	Inadvertent	(adj) - **असावधान, अनवधान**	On account of inadvertent omission of the surname of the official, the payment of the bill was	एक **अनवधान** चूक के कारण अधिकारी का उपनाम छूट जाने की वजह से बिल का भुगतान रोक दिया गया।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			withheld.	
108.	inadvertently	(adv) - **भूलवश,** असावधानी से, अनवधानता से	The clerk in the Despatch Section sent the letter inadvertently leaving the enclosure behind.	प्रेषण अनुभाग के लिपिक ने **भूलवश** बिना संलग्नक के ही पत्र भेजा दिया।
109.	inapplicable	(adj) - **लागू नहीं, लागू न होने वाला, लागू न होने योग्य,** अप्रयोज्य	The rule is inapplicable to the foreign service.	यह नियम विभागेत्तर सेवा पर **लागू नहीं** है।
110.	inauguration	(n) - उद्घाटन	After the inauguration of the Three months Translation Training programme, the trainees were briefed about the course.	त्रैमासिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के **उद्घाटन** के बाद, प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्यक्रम के विषय में बताया गया।
111.	incapacitated	(adj) - 1. अक्षम 2. अशक्त	1. The scheme helped out the industrial units, which were incapacitated by lack of capital 2. The official took voluntary retirement after being incapacitated by sickness.	1. इस योजना ने पूंजी की कमी के कारण **अक्षम** औद्योगिक इकाइयों की मदद की। 2. कर्मचारी ने बीमारी के कारण **अशक्त** होने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली।
112.	in camera	(adv) - बंद कमरे में	The disciplinary proceedings of the case were held in camera.	मामले से संबंधित अनुशासनात्मक कार्यवाही बंद कमरे में आयोजित की गई।
113.	incentive	(n) - 1. **राहत, रियायत** 2. **प्रोत्साहन** (adj) - 3. प्रोत्साहक	1. The Manager announced incentives for the workers. 2. The small and medium scale industries have been hugely benefited by these incentive schemes.	1. प्रबंधक ने श्रमिकों के लिए **प्रोत्साहन** की घोषणा की। 2. लघु और मध्यम उद्योगों को इन **प्रोत्साहक** योजनाओं से बड़ा लाभ मिला है।
114.	incentive bonus	(n) - प्रोत्साहन बोनस	The Management has decided to announce incentive bonus for the hard working employees.	प्रबंधन ने परिश्रमी कर्मचारियों के लिए **प्रोत्साहन बोनस** की घोषणा करने का निर्णय लिया है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
115.	incidence of pension	(n) - पेंशनभार	The Ministry of Finance has earmarked the amount to be paid as the incidence of Pension in the current financial year.	वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में **पेंशनभार** के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि के लिए निधि चिह्नित की है।
116.	incidental	(adj) - 1. **संबंधित, जुड़ा हुआ,** प्रासंगिक (adv) - 2**. प्रसंगवश, संयोगवश, संयोग से, अनुषंगिक, आकस्मिक**	1. The road will bring other incidental advantages also. 2. The discussion on this point was just incidental as it was not on the agenda of the meeting.	1. सड़क से अन्य **संबंधित लाभ** भी प्रप्त होंगे। 2. यह मुद्दा बैठक के कार्यवृत में नहीं था, अतएव इस पर चर्चा सिर्फ **प्रसंगवश** हुई।
117.	incidental charges	(n) - **आकस्मिक शुल्क**, **आनुषंगिक प्रभार**, प्रासंगिक शुल्क	While on tour, the officer has to pay the incidental charges, such as taxi fare personally in the absence of the office vehicle.	अधिकारी को दौरे पर कार्यालय-वाहन के अभाव में टैक्सी किराया जैसे **आकस्मिक शुल्कों** का भुगतान स्वयं करना होगा।
118.	incidental order	(n) - **संबंधित आदेश,** प्रासंगिक आदेश	In an incidental order CAT has directed the department to finalize the seniority list of the LDCs.	एक **संबंधित आदेश** में कैट ने विभाग को अवर श्रेणी लिपिकों की वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप देने का निदेश दिया है।
119.	incite	(v) - भड़काना, उकसाना, उद्दीप्त करना (विधि)	The persons accused of inciting the crowds for violence were arrested.	हिंसा के लिए भीड़ को उकसाने के आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।
120.	inclination	(n) - झुकाव, रुझान, प्रवृति*	Some analysts say that the American foreign policy has an inclination to Isareal in the Middle East.	कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी विदेश नीति का मध्य पूर्व में इजराइल के प्रति झुकाव है।
121.	inclusion	(n) - समावेश	With inclusion of three more regional languages in the eight schedule of the Constitution, the total number of the schedule languages has gone to 22.	संविधान की आठवीं अनुसूची में तीन और क्षेत्रीय भाषाओं के समावेश से अनुसूचित भाषाओं की कुल संख्या 22 हो गई हैं।
122.	inclusive charge	(n) - **सर्वसमावेशी प्रभार**, समावेशी	The official shall get the refund of transportation cost	कर्मचारी को स्थानांतरण पर अपने निजी सामान को भेजने के लिए

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		प्रभार	with all inclusive charges for sending his personal effects on transfer.	परिवहन लागत के साथ संपूर्ण समावेशी प्रभार की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
123.	incognito	(adj) - 1. **गुप्त,** अज्ञात (adv) - 2. गुप्त रूप से	1. The incognito visit of the police inspector left the absconding accused surprised. 2. To escape from the British, Shubhashji left the country incognito.	1. पुलिस निरीक्षक के **गुप्त** दौरे से फरार अपराधी हैरान रह गया। 2. अंग्रेजों से बच निकलने के लिए शुभाषजी ने गुप्त रूप से देश छोड़ दिया ।
124.	income	(n) - आय	The particulars of the annual income of the government servant may be recorded in the Form 16.	सरकारी कर्मचारी की वार्षिक आय के विवरण फार्म-16 में दर्ज किए जाएं।
125.	income tax	(n) - आय कर	The income tax of the official may be deducted from the monthly salary.	कर्मचारी के आयकर की कटौती मासिक वेतन से की जाए।
126.	Income tax clearance	(n) - **आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र**, आय कर बेबाकी प्रमाणपत्र	The income tax clearance may be issued to the officials, who are not liable to pay income tax as per the Form 16.	फार्म 16 के अनुसार, जो कर्मचारी आयकर के भुगतान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, उसे **आयकर समाशोधन प्रमाणपत्र** जारी किया जा सकता है।
127.	Income tax return	(n) - आयकर विवरणी	The income tax return may be filed online also.	आय कर रिटर्न ऑनलाइन भी फाइल किया जा सकता है।
128.	incoming	(adj) - 1. **आनेवाला,** आवक 2. **आगत,** आगंता	1. The incoming letter may be sent first to the receipt and despatch section. 2. The incoming Manager is to take over the charge today.	**आनेवाला** पत्र पहले प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग को भेजा जाए। 2. **आगत** प्रबंधक आज कार्यभार ग्रहण करने वाले हैं।
129.	incompatible	(n) - **असंगत,** बेमेल	New computer softwares have been found incompatible with the old computers.	नए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पुराने कंप्यूटर के साथ **असंगत** पाए गए हैं ।
130.	incompetency	(n) - अक्षमता	The incompetency of the Manager led this company to a loss.	प्रबंधक की **अक्षमता** के कारण इस कंपनी को नुकसान हुआ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
131.	incomplete	(adj) - अपूर्ण, अधूरा	The incomplete application shall be summarily rejected.	**अपूर्ण** आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
132.	inconclusive	(adj) - **परिणाम नहीं निकलना, निर्णय नहीं निकलना, बेनतीजा,** अनिर्णीत, अनिर्णायक	The research has so far proved inconclusive.	अनुसंधान अब तक **अनिर्णीत** रहा है।
133.	incongruous	(adj) - असंगत, बेतुका	In this technical age, traditional methods of keeping accounts are incongruous.	इस तकनीकी युग में लेखा अनुरक्षण के पारंपरिक तरीके **असंगत** हो चुके हैं।
134.	inconsistency	(n) - **विसंगति,** असंगति	The court has asked to investigate the alleged inconsistencies in the evidence.	अदालत ने साक्ष्य में कथित **विसंगतियों** की जांच करने का आदेश दिया है।
135.	inconvenience	(n) - असुविधा	The inconvenience caused to you is regretted.	**असुविधा** के लिए खेद है।
136.	incorporated	(adj) - 1. **शामिल,** समाविष्ट, सम्मिलित 2. निगमित	1. The new sections have been incorporated in the act. 2. The company has now been incorporated.	1. अधिनियम में नई धाराएं **शामिल** की गई हैं। 2. कंपनी अब **निगमित** हो चुकी है।
137.	incorrect	(adj) - गलत, अशुद्ध	There will be minus marking for incorrect answers.	**गलत** जवाब के लिए अंक कटेंगे।
138.	incredible	(adj) - **अतुल्य,** अविश्वसनीय	The advertisement of incredible India has attracted the foreign tourists on a large scale.	**अतुल्य** भारत के विज्ञापन ने विदेशी पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया है।
139.	increment	(n) - वेतनवृद्धि	The annual increment is given in the month of July.	वार्षिक **वेतन वृद्धि** जुलाई के महीने में दी जाती है।
140.	increment Certificate	(n) - वेतनवृद्धि प्रमाणपत्र	The increment certificate may be issued and a copy of the same may be enclosed in the personal file of the official.	**वेतनवृद्धि प्रमाणपत्र** जारी कर उसकी एक प्रति कर्मचारी की निजी फाइल में संलग्न की जाए।
141.	incriminate	(v) - अपराध में	There was not	अधिकारी को **अपराध में फंसाने**

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		फंसाना	enough evidence to incriminate the official.	के लिए पर्याप्त सबूत नहीं था।
142.	incumbent	(n) - 1. पदधारी, पदस्थ, **2. जिम्मेदारी*, उत्तरदायित्व, कर्तव्य** (adj) - 2. **वर्तमान (पदधारी), पदधारी, पदस्थ**	1. It is incumbent upon all the employees to raise the production of the company. 2. The incumbent Manager must have specialization in IT.	1. कंपनी का उत्पादन बढ़ाने की **जिम्मेदारी** सभी कर्मचारियों की है। 2. **पदस्थ** प्रबंधक के लिए आई. टी. में विशेषज्ञता अनिवार्य है।
143.	incumbrance	(n) - 1. **बाधा** 2. **ऋणभार, विलंगम** भार,	1. The old equipments in the office are a great incumbrance in efficient discharge of duties. 2. The property should be free from incumberance.	1. कार्यालय में उपकरणों का पुराना होना क्षमतापूर्वक कार्य निष्पादन में एक बड़ी **बाधा** है। 2. संपत्ति **ऋणभार** से मुक्त होनी चाहिए।
144.	indebtedness	(n) - कर्जदार होना/रहना, ऋणग्रस्तता*	The official's habitual indebtedness has seriously affected his work.	कर्मचारी की **कर्जदार रहने** की आदत से उसका कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है।
145.	indefinite	(adj) - **अनिश्चित, अनियत, तय नहीं**	Officer gave indefinite answer.	अधिकारी ने **अनिश्चित** जवाब दिया।
146.	indefinite period	(n) - **अनिश्चित समय, अनिश्चित काल,** अनिश्चित अवधि	The curfew has been enforced in the disturbed area for an indefinite period.	अशांत क्षेत्र में **अनिश्चित काल** के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।
147.	indemnify	(n) - **भरपाई करना,** क्षतिपूर्ति करना	The contract indemnifies the clients against loss of earnings.	अनुबंध में ग्राहकों को आय की हानि के प्रति **भरपाई करने** की व्यवस्था है।
148.	indemnity bond	(n) - क्षतिपूर्ति बंधपत्र , क्षतिपूर्ति बांड	The customer has to give the indemnity bond while applying for a loan.	ग्राहक को ऋण के लिए आवेदन देते समय **क्षतिपूर्ति बांड** भरना पड़ता है।
172.	organization	(n) – 1 संगठन 2 आयोजन	The World Trade Organization implement with the global rules of trade between nations.	विश्व व्यापार संगठन राष्ट्रों के बीच व्यापार संबंधी वैश्विक नियमों को लागी करता है।
173.	organizational climate	(n) – संगठन परिवेश	**Organizational climate** has a major influence on the performance of employees.	कर्मचारियों के प्रदर्शन पर **संगठनात्मक परिवेश** का बहुत प्रभाव पड़ता है ।
174.	organizational structure	(n) – संगठनात्मक संरचना	**Organizational structure** is a system used to define a hierarchy within an organization.	**संगठनात्मक संरचना** किसी संगठन के भीतर पदानुक्रम को परिभाषित करने की प्रणाली है
175.	organization and methods (O&M)	(n) – संगठन एवं पद्धधति*	Work relating to Organization and Methods in Central Government Office is given in detail in the office procedure manual.	केंद्र सरकार के कार्यालय के **संगठन और पद्धधति** से संबंधित प्रक्रिया कार्यालय प्रक्रिया नियमपुस्तक में विस्तार से दी गई है।
176.	organization and system	(n) – संगठन और तंत्र	Chairman's initiative made **organization and system** more efficient.	अध्यक्ष की पहल से **संगठन और तंत्र** और अधिक कार्यकुशल हो गया।
177.	organization chart	संगठन चार्ट	The **organization chart** placed at the website is updated regularly.	वेबसाइट पर दिया गया **संगठन चार्ट** नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है
178.	organization pyramid	(n) – संगठन पिरामिड	Authority and decision-making power are concentrated at the top of the **organization pyramid**.	प्राधिकार और निर्णय लेने की शक्ति एक **संगठन पिरामिड** के शीर्ष पर केंद्रित रहती है।
179.	Organization theory	(n) – संगठन सिद्धांत	Same type of **organization theory** concepts do not apply to all types of	**संगठन सिद्धांत** की एक ही प्रकार की अवधारणा सभी उद्योगों में सब प्रकार के संगठनों पर लागू

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			organizations in all industries.	नहीं होती।
180.	organize	(v)- 1 आयोजित करना 2 ***व्यवस्थित करना,*** संगठित करना	The school **organized** a seminar on disaster management.	स्कूल ने आपदा प्रबंधन पर एक संगोष्ठी **आयोजित** की।
181.	organizer	(n) – 1 आयोजक 2 संगठनकर्ता	The **organizer** had expected large gathering to attend the concert.	**आयोजक** का अनुमान था कि संगीत सभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे।
182.	organizing committee	(n) – आयोजन समिति*	The arrangements for the conference were made by the local **organizing committee**.	सम्मेलन की व्यवस्था स्थानीय **आयोजन समिति** ने की।
183.	organizing secretary	(n) – आयोजन मंत्री, आयोजन सचिव	The **organizing secretary** monitored the arrangements for the event.	**आयोजन सचिव** ने कार्यक्रम की व्यवस्था की निगरानी की।
184.	oriental	(adj.)- ***पूर्वीय,*** प्राच्य	1. Adyar Library and Research Centre has gradually grown into a research centre in **oriental** studies. 2. In many western Universities of Indian culture is taught under the **oriental** studies department.	1. अड्यार लाइब्रेरी और रिसर्च सेंटर धीरे - धीरे **प्राच्य** अध्ययन का अनुसंधान केंद्र बन गया है। 2. पश्चिमी देशों के कई विश्वविद्यालयों में भारतीय संस्कृति को **प्राच्य** विद्या विभाग के अंतर्गत पढ़ाया जाता है।
185.	orientation	(n) – अभिविन्यास (v)- ***उन्मुख होना, अभिमुख होना/करना***	The company needs to develop a stronger **orientation** towards marketing of its products.	कंपनी को अपने उत्पादों के विपणन के लिए सशक्त रूप से **उन्मुख** होने की आवश्यकता है।
186.	orientation course	(n) – ***अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम,*** अभिविन्यास पाठ्यक्रम,	The organization prepared a two day **orientation course** for the new employees.	संगठन ने नए कर्मचारियों के लिए दो दिन का **अभिमुखीकरण पाठ्यक्रम** तैयार किया।
187.	orientation training/programme	(n) ***अनुस्थापन प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम,*** प्रशिक्षण/कार्यक्रम,	Employee **orientation training** is crucial for new hires	कर्मचारी **अनुस्थापन *प्रशिक्षण*** नए कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
188.	oriented	(n) – ***अभिमुख,*** अभिविन्यस्त उन्मुख	Modern education should be future oriented.	आधुनिक शिक्षा भविष्य की ओर उन्मुख होनी चाहिए।
189.	original	(adj.)-1 मूल प्रति* 2 मूल, मौलिक, प्रारंभिक	1. The **original** documents were retained by the bank. 2.The painting is an **original** by Hussain.	1. दस्तावेज़ों की **मूल प्रतियां** बैंक के पास रखी हैं। 2.यह हुसैन की **मौलिक** पेंटिंग है।
190.	original copy	(n) – मूल प्रति*	The original copy of 'The Constitution of India' is the prized possession of Sarada Vilas Educational Institution.	भारत के संविधान' की मूल प्रतियां सरदा विलास शैक्षणिक संस्थान की अमूल्य संपत्ति है।
191.	original cost	(n) – प्रारंभिक लागत*, मूल लागत	Original cost is the cost associated with acquiring an asset.	प्रारंभिक लागत किसी परिसंपत्ति के अधिग्रहण के साथ जुड़ी लागत है।
192.	original deed	(n) – मूल विलेख	The original deed if held by a mortgage company,will stay with the mortgage company until the house is paid off.	यदि मूल विलेख बंधक कंपनी के पास है तो वह मकान का भुगतान होने तक बंधक कंपनी के पास रहेगा।
193.	original department	(n) – मूल विभाग	From the point of view of decentralization original department has been bifurcated into three departments.	विकेंद्रीकरण के उद्देश्य से मूल विभाग को तीन विभागों में बाँट दिया गया है।
194.	original document	(n) – मूल दस्तावेज	An Original document submitted to the office will be returned to the applicant when no longer required.	कार्यालय को प्रस्तुत मूल दस्तावेज आगे आवश्यकता न होने पर आवेदक को लौटा दिया जाएगा।
195.	original member	(n) – मूल सदस्य	India was an original Member of the United Nations from 24 October 1945.	भारत 24 अक्टूबर 1945 से संयुक्त राष्ट्र का मूल सदस्य है।
196.	original sale deed	(n) – मूल विक्रय विलेख मूल बैनामा	The bank had to pay a heavy compensation for losing the original sale deed of the property.	संपत्ति का मूल बैनामा खो देने के कारण बैंक को भारी मुआवजे का भुगतान करना पड़ा था।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
197.	Orphanage	(n) – अनाथालय	Well being of the children is the prime concern for the administrator of the orphanage.	अनाथालय के व्यवस्थापक के लिए बच्चों का कल्याण चिंता का प्रमुख विषय है।
198.	ostensible owner	(n) – दृश्यमान स्वामी	The man living in the house is the ostensible owner only, the real owner lives abroad.	घर में रहने वाला व्यक्ति केवल दृश्यमान स्वामी है, असली मालिक विदेश में रहता है।
199.	other backward classes(OBC)	(n) – अन्य पिछड़े वर्ग	Leader of some castes have given representation to include their castes in the list of other backward classes.	कुछ जातियों के नेताओं ने अपनी जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कराने के लिए अभिवेदन दिए है।
200.	outbreak	(n) – 1 अचानक आरंभ 2 भड़क उठना 3 विद्रोह	Measures to prevent the possible outbreak of malaria in the tsunami -affected area were discussedin the meeting.	बैठक में सुनामी प्रभावित क्षेत्र में मलेरिया के अचानक आरंभ होने को रोकने के उपायों की चर्चा की गई।
201.	outdoor patient	(n) – बाह्य रोगी	Outdoor patients are entertained in the hospital from 9.00 a.m. to 1.00 p.m.	बाह्य रोगी विभाग में रोगियों को सुबह 9.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक देखा जाता है
202.	Out-depot	(n) – बाहरी डिपो	The out-depot is used for overnight stopover location for the trains.	बाहरी डिपो को रात में रेलगाड़ी को ठहराने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।
203.	outfit allowance	(n) – परिधान भत्ता	An officer shall draw Outfit Allowance for not more than eight occasions during his entire career.	कोई भी अधिकारी अपने पूरे कैरियर के दौरान सिर्फ आठ बार परिधान भत्ता आहरित करेगा।
204.	outgoing dak	(n) – जावक डाक* भेजी गई डाक*, भेजी जाने वाली डाक*	Distribution Section is charged with the responsibility of receipt, issue and distributionof all incoming and outgoing dak	वितरण अनुभाग को सभी आवक और भेजी जाने वाली क डाक की प्राप्ति, जारी करने और वितरण की जिम्मेदारी दी गई है।
205.	outgoing member	(n) – निर्गामी सदस्य	A farewell party was given for the outgoing members of the board of directors	निदेशक मंडल के निर्गामी सदस्यों के लिए एक विदाई पार्टी दी गई।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
206.	outgoing file	(n) – जावक फाइल*	The outgoing file was sent to the despatch section.	जावक फ़ाइल प्रेषण अनुभाग को भेजी गई।
207.	Outhouse	(n) – ***उपभवन,*** उपगृह	The Minister turned his outhouse into his office.	मंत्री ने उपभवन को अपना कार्यालय बना लिया।
208.	Outlay	(n) – परिव्यय	Capital outlay of the company is highest in the field.	कंपनी का पूंजी परिव्यय क्षेत्र में सबसे ज्यादा है।
209.	Outlet	(n) – 1 निकास, निर्गम 2 विक्रय, केंद्र, रिटेल आउटलेट	Khadi Bhandar has opened its outlet at many places.	खादी भंडार ने कई स्थानों पर अपना विक्रय केंद्र खोल दिया है।
210.	Outline	(n) – रुपरेखा* (v)- रेखांकित करना	The mayor outlined his plan to clean up the town's image.	महापौर ने शहर की छवि को सुधारने करने के लिए अपनी योजना को रेखांकित किया।
211.	Outlook	(n) – दृष्टिकोण	People with positive outlook are more successful in life.	सकारात्मक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति जीवन में अधिक सफल रहते है।
212.	outlying areas	(n) – बहिर्वर्ती क्षेत्र* बाहरी क्षेत्र* बाहर स्थित	Regional Plan includes provision of transport linkages amongst settlements in the outlying areas of NCR.	क्षेत्रीय योजना में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर स्थित बस्तियों में परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध कराना शामिल है।
213.	out of court	(n) – न्यायालय-बाह्य न्यायालय से बाहर	The company opted for an out of court settlement	कंपनी ने न्यायालय से बाहर समझौता करना पसंद किया।
214.	out of date	(n) – 1 गतावधिक 2 अप्रचलित बेकार	Sanction was accorded for replacement of all out-of-date computers in the office.	कार्यालय में लगे सभी गतावधिक कंप्यूटरों को बदलने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।
215.	out of order	(n) – 1 खराब, चालू नहीं 2 अव्यवस्थित	The Fax machine is out of order and won't be repaired until tomorrow.	फैक्स मशीन खराब है और कल तक उसकी मरम्मत नहीं हो पाएगी।
216.	out of pocket(expenses)	(n) – जेब से खर्च	Out-of-Pocket costs are medical expenses paid by the	जेब से खर्च चिकित्सा पर किया जाने वाला ऐसा खर्च है जिसका

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			consumerhimself.	भुगतान उपभोक्ता द्वारा स्वयं किया जाता है।
217.	out of print	(n) – अप्राप्य	An exhibition of rare out of print books was organized by the archives.	अभिलेखागार ने दुर्लभ अप्राप्य पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित की।
218.	out of stock	(n) – स्टॉक में नहीं, स्टॉक-बाह्य (v) – समाप्त होना, खत्म होना	All the supplies could not be procured as some of the items were out-of-stock.	सभी सामग्री नहीं खरीदी जा सकी क्योंकि कुछ वस्तुएं स्टॉक में नहीं थीं।
219.	out of turn	(adj.) – बिन बारी	The promotion to meritorious officer was granted out of turn.	योग्य अधिकारी को पदोन्नति बिन बारी के प्रदान की गई थी।
220.	out of turn allotment	(n) – बिन बारी आबंटन	The accommodation was an out of turn allotment on medical grounds.	आवास का बिन बारी आबंटन चिकित्सीय कारणों से किया गया था
221.	out of work	(adj.) – रोजगारहीन, बेरोज़गार	A number of people have been out of work due to recession.	मंदी की वजह से बहुत से लोग बेरोज़गार हो गए हैं।
222.	out placement	(n) – अन्यत्र स्थानन, अन्य स्थानों पर, और जगहों पर	Though the company was downsizing it helped the former employees through outplacement.	यद्यपि कंपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर रही थी, उसने पूर्व कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर भेजकर मदद की।
223.	outpost	(n) – सीमा चौकी*	The area was monitored by a police outpost set up on the outskirts of the city.	शहर के बाहरी इलाके में स्थापित पुलिस की सीमा चौकी से क्षेत्र पर नजर रखी जा रही थी।
224.	output	(n) – उत्पादन, उत्पाद; निर्गत	Government statistics show a big drop in industrial output for ten years.	सरकारी आँकड़ों के अनुसार पिछले दस वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में भारी गिरावट आई है।
225.	output bonus	(n) – उत्पादन बोनस	The company pays its employees a large portion of its income as output bonus.	कंपनी अपने कर्मचारियों को अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा उत्पादन बोनस के रूप में बांट देती है।
226.	outright purchase	(n) – एकमुश्त खरीद*	The Defence Ministry has made an outright purchase of 40 aircrafts.	रक्षा मंत्रालय ने 40 वायुयानों की एकमुश्त खरीद की है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
227.	outsource	(n) - बाह्य स्रोत, बहिःस्रोत, बाहरी एजेंसियां*/व्यक्ति	The house-keeping work has been outsourced.	कार्यालय की साफ सफाई का कार्य बाहरी एजेंसी से कराया जा रहा है।
228.	out sourcing	(n) – बहिःस्रोतन (v) - बाहरी एजेंसियां/व्यक्तियों से कार्य करवाना	Outsourcing is an effective cost-saving strategy when used properly	यदि ठीक से प्रयोग किया जाए तो बहिःस्रोतन लागत में बचत की प्रभावी रणनीति है।
229.	outstanding	(adj) – 1 बकाया 2 बाकी 3 उत्कृष्ट, असाधारण	1. The outstanding bill should be paid within 10 days. 2. The employee's performance was outstanding.	1. बकाया बिल का भुगतान 10 दिन के भीतर कर दिया जाना चाहिए। 2. कर्मचारी का कार्य-निष्पादन असाधारण था।
230.	outstanding advance	(n) – बकाया अग्रिम	Any outstanding advance has to be settled before grant of new advance.	नया अग्रिम लेने से पहले पिछले बकाया अग्रिम का निपटान किया जाना चाहिए।
231.	outstanding balance	(n) – बाकी शेष, बकाया शेष	The customer was asked to pay the outstanding balance within fifteen days.	ग्राहक से बकाया शेष का भुगतान पंद्रह दिन के भीतर करने को कहा गया।
232.	outstation	(n) – बाह्य स्थान, राज्य/नगर से बाहर	Of the total number of challaned vehicles, 52% were outstation vehicles.	चालान किए गए वाहनों की कुल संख्या में से 52% शहर से बाहर के वाहन थे।
233.	outstation allowance	(n) – बाह्य स्थान भत्ता	Outstation Allowance can be claimed for overnight stay only .	बाह्य स्थान भत्ते का दावा रातभर बाहर रहने पर ही किया जा सकता है।
234.	Outvote	(v) -अधिक मतों से पराजित करना	The new leader outvoted the old one.	नए नेता ने पुराने नेता को अधिक मतों से पराजित कर दिया।
235.	outward register	(n) – जावक रजिस्टर	An outward register for goods should keep records of all despatched consignments in chronological order.	भेजे गए समस्त माल का रिकॉर्ड माल जावक रजिस्टर में कालक्रम के अनुसार रखा जाना चाहिए।
236.	Outward return	(n) – जावक विवरणी*	Outward return gives a clear picture of dispatched goods.	जावक विवरणी से प्रेषित माल का एक स्पष्ट ब्योरा मिल जाता है।
237.	out worker	(n) – बाह्य कर्मी,	Since a number of	कारखाने के कई श्रमिकों के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		बाहरी कर्मचारी	workers of the factory were absent the employer hired outworkers.	अनुपस्थित होने के कारण नियोक्ता ने बाहरी कर्मचारियों को काम पर रखा।
238.	ovation	(n) – अभिनंदन	The musical performance received a standing ovation.	संगीत प्रस्तुति का सभी ने खड़े होकर अभिनंदन किया।
239.	over-achiever	(n) – लक्ष्य से अधिक कार्य करने वाला	Overachievers will be rewarded with bonus.	लक्ष्य से अधिक कार्य करने वालों को बोनस दिया जाएगा।
240.	over-age	(adj.)– 1 अधिक आयु का (n) - 2 अधिवयस्	He was a couple of months over-age for this job.	इस काम के लिए उसकी आयु कुछ माह अधिक थी।
241.	overall	(adj.) - समस्त, समग्र, कुल, कुल मिलाकर	1. The Managing Director asked for an overall picture of the business. 2.Overall the position of the company is not good	1. प्रबंध निदेशक ने व्यवसाय का एक समग्र आकलन प्रस्तुत करने को कहा। 2. कुल मिलाकर कंपनी की हालत ठीक नहीं है।
242.	overall charge	(n) – समग्र प्रभार	After transfer of the Manager the deputy Manager was left with the overall charge.	प्रबंधक के स्थानांतरण के बाद उप प्रबंधक को समग्र प्रभार सौंप दिया गया।
243.	overall deficit	(n) – ***कुल घाटा,*** समग्र घाटा	Overall deficit of the company is more than that of last year.	कंपनी का कुल घाटा पिछले वर्ष के घाटे से अधिक है।
244.	over-assessment	(n) – अधिनिर्धारण	The company had to go to the court for over-assessment of its property tax.	संपत्ति कर के अधिनिर्धारण के कारण कंपनी को अदालत में जाना पड़ा।
245.	over billing	(n) – बढ़ा हुआ बिल	Corrupt officers resort to overbilling.	भ्रष्ट अधिकारी बढ़े हुए बिल बनाते हैं।
246.	overbridge	(n) – उपरिपुल	The new overbridge eased the traffic on the route.	नए उपरिपुल के कारण मार्ग पर यातायात कम हो गया।
247.	overcharge	(n) – अधिप्रभार	A billing error resulted in a lot of customers being overcharged.	बिलिंग में त्रुटि के कारण बहुतसे ग्राहकों को अधिप्रभार का भुगतान करना पड़ा।
248.	overcrowding	(n) – भीड़-भाड़, अति भीड़*	Overcrowding may cause a number of health problems.	भीड़-भाड़ के कारण स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो सकती हैं।
249.	overdue	(adj.)-1 अतिदेय 2	The equipment has	उपकरण के बदले जाने की मांग

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		अतिशोध्य 3 पुराना, खड़ा	been long overdue for change.	पुरानी है।
250.	overdue payment	(n) – अतिदेय भुगतान	The client was advised to settle the overdue payment to avoid disconnection of electricity.	बिजली का कनेक्शन कटने से बचाने के लिए ग्राहक को सलाह दी गई कि वह अतिदेय भुगतान का निपटारा कर दे ।
251.	overestimate	(v)- अधिप्राक्कलन, अत्यनुमान, अधिक आंकना	The contractors had over estimated the capacity of workers hence the work got delayed.	ठेकेदारों ने श्रमिकों की क्षमता को अधिक आंका था इसलिए काम में देरी हो गई।
252.	overhauling	(n) – 1 पूरी मरम्मत* 2 **पूर्ण परिवर्तन/फेरबदल आमूल-चूल परिवर्तन, पूर्ण बदलाव** पूरी मरम्मतपूर्व जांच*,	1. The factory needs a complete overhauling. 2. Party plans an overhaul of its social policy	1. कारखाने में पूरी मरम्मत की जरूरत है। 2. पार्टी अपनी सामाजिक नीति में पूर्ण परिवर्तन करने की सोच रही है।
253.	overhead charge	(n) – उपरिप्रभार, ऊपरी खर्च	The cost escalated due to unprecedented overhead charges.	अनपेक्षित उपरिप्रभार के कारण लागत में वृद्धि हुई।
254.	overhead expenses	(n) – उपरिव्यय, ऊपरी खर्च	The company lowered the costs by reducing its overhead expenses	कंपनी ने अपने ऊपरी खर्च को कम करके लागत कम की।
255.	overhead projector	(n) – उपरि प्रक्षेपित्र	The school has installed overhead projectors in every classroom.	स्कूल की हर कक्षा में उपरि प्रक्षेपित्र लगाए गए हैं।
256.	overinvoicing	(n) – अधिबीजकन	Constant changes in projects can result in under or over-invoicing	परियोजनाओं में लगातार परिवर्तन के कारण कम बीजकन या अधिबीजकन हो सकता है।
257.	overlapping	(n) – अतिव्याप्ति*	The program was designed so that the second phase of development is overlapping the first.	कार्यक्रम इस तरह डिजाइन किया गया था कि विकास के दूसरे चरण की पहले पर अतिव्याप्ति है।
258.	overleaf	(n) – दूसरे पृष्ठ पर (पृष्ठ के) दूसरी ओर	The changes are explained in detail overleaf.	परिवर्तनों के बारे में पृष्ठ के दूसरी ओर विस्तार से बताया गया हैं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
259.	overmanning	(n) – अधिकार्मिकन, अधिक कार्मिक रखना	overmanning often re sults in productivity losses.	अधिक कार्मिक रखने के कारण अकसर उत्पादकता में घाटा होता है।
260.	overpaid	(adj.)- अधिदत्त	The company credited the overpaid amount to his account.	कंपनी ने अधिदत्त राशि को उसके खाते में क्रेडिट कर दिया।
261.	over-payment	(n) – अधिक भुगतान, अधिक दी गई	The employee refunded the overpayment to the office.	कर्मचारी ने अधिक भुगतान को कार्यालय को वापस कर दिया।
262.	over population	(n) – 1 अधिक जनसंख्या*, 2 संख्याधिक्य	Overpopulation is an important cause of many problems.	अधिक जनसंख्या कई समस्याओं का एक महत्वपूर्ण कारण है।
263.	over-qualified	(adj.)-अधि-अर्हताप्राप्त, आवश्यकता से अधिक अर्हताप्राप्त	Over-qualified people earning meager salaries leads to brain drain	अधि-अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को कम वेतन मिलना प्रतिभा पलायन का मुख्य कारण है।
264.	over-representation	(n) – बहुप्रतिनिधित्व	The over-representation of people with no administrative background will result in the failure of the committee.	बिना किसी प्रशासनिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के अधिक प्रतिनिधित्व का परिणाम समिति की विफलता होगा।
265.	overriding	(adj.)- **सबसे ज्यादा, सबसे अधिक,** अधिभावी, अध्यारोही, सर्वोपरि	Overriding concern is to raise the standards of state education	सबसे ज्यादा चिंता का विषय राज्यों में शिक्षा का गिरता हुआ स्तर है।
266.	overriding priority	(n) – **सर्वोपरि प्राथमिकता*, सबसे बड़ी प्राथमिकता***, अधिभावी प्रथामिकता*	Environmental protection is the country's overriding priority.	पर्यावरण संरक्षण देश की ***सबसे बड़ी*** प्राथमिकता है।
267.	over-rule	(v) - उलटना, विरुद्ध व्यवस्था देना	A higher court can overrule the decisions of lower court.	ऊपरी अदालत निचली अदालत के फैसले को उलट सकती हैं
268.	over run	(n) – लंघन, सीमा से अधिक बढ़ना	The Officer was stunned to discover cost overruns of at least a lakh.	अधिकारी लागत में कम से कम एक लाख का अतिलंघन देखकर दंग रह गया।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
269.	overseas allowance	(n) – समुद्रपार भत्ता, विदेश भत्ता	Overseas allowance is exempt from Income –tax .	विदेश भत्ता आयकर से छूटप्राप्त है।
270.	overseas pay	(n) – समुद्रपार वेतन, विदेश वेतन	He was advised to open an NRE account to transfer his overseas pay.	विदेश वेतन स्थानांतरित करने के लिए उन्हें एन.आर.ई खाता खोलने की सलाह दी गई।
271.	oversight	(n) – चूक*, ***भूल***	The mistake happened due to an oversight of the employee.	यह गलती कर्मचारी की भूल के कारण हुई।
272.	overtime	(n) – समयोपरि, अतिरिक्त समय	In this office the overtime allowance has been restricted to three hours in a day.	इस कार्यालय में समयोपरि एक दिन में तीन घंटे के लिए सीमित कर दिया गया है।
273.	overtime allowance	(n) – समयोपरि भत्ता	Overtime allowance is payable if the employee is required by the employer to work over the possible limit of working hours.	यदि नियोक्ता द्वारा कर्मचारी से कार्य घंटों की निर्धारित सीमा से ऊपर काम कराया जाता है तो समयोपरि भत्ता देय होगा।
274.	overtime pay	(n) – समयोपरि वेतन	Overtime pay is calculated at a hourly rate at one and a half times the normal pay.	समयोपरि वेतन की गणना सामान्य वेतन से डेढ़ गुना प्रति घंटे की दर से की जाती है।
275.	overvaluation	(n) – अधिमूल्यन, अधिक मूल्य	The company was served a show cause notice for over-valuation of capital equipment for its power projects.	बिजली परियोजनाओं के लिए पूंजीगत उपकरणों के अधिमूल्यन के कारण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।
276.	over-work	(n) – कार्याधिक्य	His illness was a result of over-work.	उनकी बीमारी का कारण कार्याधिक्य था।
277.	over-writing	(n) – अधिलेखन, लिखे पर लिखना	Banks do not accept cheques from their customers with an overwriting.	बैंक ग्राहकों से अधिलेखन वाले चेक स्वीकार नहीं करते।
278.	owner-occupier	(n) – स्वामी अधिभोगी	Claim for owner-occupier tax rates should be submitted at the time when the owner has moved into the property.	स्वामी अधिभोगी कर दरों के लिए दावा उसी समय पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए जब मालिक संपत्ति का उपयोग शुरु कर दे।
279.	ownership	(n) – स्वामित्व	Ownership of property may be	संपत्ति का स्वामित्व, निजी,

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			private, collective, or common.	सामूहिक, या सामान्य हो सकता है।
280.	owner's risk	(n) – मालिक का जोखिम	All the vehicles parked here are at owner's risk.	यहां पार्क किए गए सभी वाहन मालिक के जोखिम पर हैं।
281.	owning authority	(n) – स्वामी प्राधिकारी, मालिक प्राधिकारी	No objection certificate need to be issued by the owning authority.	अनापत्ति प्रमाणपत्र स्वामी प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाता है।
282.	owning department	(n) – स्वामी विभाग	The owning department permitted extension in the tenure of the deputationist.	स्वामी विभाग ने प्रतिनियुक्त कर्मचारी का कार्यकाल बढ़ाने की अनुमति दी।
283.	oral warning	(n) – मौखिक चेतावनी*	Since it was a minor offense, the employee was let off with an **oral warning.**	कर्मचारी का अपराध मामूली होने के कारण उसे **मौखिक चेतावनी** देकर छोड़ दिया गया।

P

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	package	(n) - पैकेज, संपुट	1. The Government has announced a relief **package** for riot victims. 2. The **package** prepared for farmers is awaiting approval of parliament. 3. He is working in a Multinational Company on a **package** of 10 Lacs.	1. सरकार ने दंगा पीड़ितों के लिए राहत **पैकेज** की घोषणा की है। 2. किसानों के लिए तैयार किया गया **प्रस्ताव** संसद के अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहा है। 3. वह 10 लाख रू के **वार्षिक वेतन** पर बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी कर रहा है।
2.	package benefits	(n) - पैकेज हितलाभ, संपुट हितलाभ	For employees, a **package benefit** can help plan for old age and unexpected events.	कर्मचारियों के लिए **पैकेज हितलाभ** से वृद्धावस्था और अप्रत्याशित घटनाओं के लिए पूर्व तैयारी करने में मदद मिल सकती है।
3.	package deal	(n) - पैकेज सौदा, संपुट सौदा	Tourists prefer **package deal** to negotiating with hotel and transports people separately.	पर्यटक होटल और परिवहन की व्यवस्था करने वाले लोगों से अलग से बातचीत करने की तुलना में **पैकेज सौदा** करना पसंद करते हैं।
4.	packer	(n) - पैकर	Fragile articles are packed individually by professional **packers**.	नाजुक वस्तुओं को व्यवसायिक **पैकरों** द्वारा अलग-अलग पैक किया जाता है।
5.	packet	(n) - पुलिंदा, पैकेट	The postman has delivered a sealed **packet**.	डाकिए ने एक सीलबंद **पैकेट** सौंपा है।
6.	packing	(n) - पैक करना, बांधना	**Packing** of fragile material should be done with due care.	नाजुक सामान **को पैक करते** समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।
7.	packing and marking	(n) - पैक करना और चिह्न लगाना	**Packing and marking** of export consignments should be done carefully.	निर्यात माल को **पैक करने** और चिह्न लगाने का काम सावधानी से किया जाना चाहिए।
8.	packing list	(n) - पैकिंग-सूची*	The **packing list** should include food	**पैकिंग सूची** में खाद्य पदार्थ

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			pockets.	भी शामिल किए जाने चाहिए।
9.	pact	(n) - समझौता	The two parties agreed on electoral **pact**.	दोनों दल चुनावी **समझौते** के लिए सहमत हो गए।
10.	pagination	(n) - पृष्ठ-संख्या डालना, पृष्ठ-संख्यांकन,	The **pagination** of this file is incomplete.	इस फाईल में **पृष्ठ-संख्या डालने** का कार्य अपूर्ण है।
11.	paid	(n) - 1. प्रदत्त 2. **वैतनिक**, सवेतन 3. भुगतान किया, चुकता	The number of volunteers outnumbers **paid** staff in the relief work.	राहत कार्य में स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की संख्या **वैतनिक** स्टाफ से अधिक है।
12.	paid-up capital	(n) - प्रदत्त पंजी*	The **paid- up capital** of the company is 1 crore.	कंपनी की प्रदत्त पूंजी 1 करोड़ रुपए है।
13.	painstaking	(adj) - 1. अति परिश्रमी 2. कष्टसाध्य	After years of **painstaking** research a cure was found for the disease.	वर्षों के **कष्टसाध्य** शोध के बाद बीमारी का इलाज ढूंढ लिया गया।
14.	pamphlet	(n) - ***पत्रक,*** पुस्तिका*, पैम्फ्लेट	This **pamphlet** contains important information about the project.	इस **पत्रक** में परियोजना के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं हैं।
15.	panel	(n) - नामिका*, पैनल	A **panel** of experts has looked at the proposal.	विशेषज्ञों का एक **पैनल** इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।
16.	panic	(n) - आतंक, खलबली	The whole nation is in a state of **panic** following the attacks.	पूरा देश हमलों के बाद आतंक के साए में है।
17.	paper	(n) - 1. कागज 2. पत्र, कागज-पत्र 3. लेख 4 समाचार-पत्र 5. प्रश्न-पत्र 6. ***पर्चा*** 7. ***शोध-पत्र***	1. The scholar presented his **paper** in the conference. 2. The **paper** was approved by the academic committee.	1. विद्वान ने सम्मेलन में अपना **पर्चा** प्रस्तुत किया। 2. **शोध-पत्र** का अनुमोदन अकादमिक समिति द्वारा किया गया।
18.	paper seal	(n) - कागजी मुहर	**Put paper seal** on the document.	दस्तावेज पर **कागजी मुहर** लगाएं।
19.	paper work	(n) - **कागजी कार्यवाही***, कागजी कामकाज	The police was given order to complete the **paperwork** immediately.	पुलिस को **कागजी कार्यवाही** तुरंत पूरी करने के लिए आदेश दिए गए।
20.	para	(n) - पैरा	Please read **para** 3 of	किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
	(paragraph)		the statement before coming to any conclusion.	पूर्व वक्तव्य के **पैरा** 3 को पढ़ लें।
21.	paradigm	(n) - रुपावली* 2. **विशिष्ट उदाहरण, विशिष्ट नमूना** 3. (adj) - **आमूल (परिवर्तन)**	1. Gandhi ji remained the **paradigm** of what a leader should be. 2. This software is a **paradigm** of programmes used in e-governance. 3. E-governance has brought about a **paradigm** shift in the working of the administration.	1. एक नेता कैसा होना चाहिए गांधी जी इसके **विशिष्ट उदाहरण** हैं। 2. यह सॉफ्टवेयर कार्यक्रम ई - गवर्नेंस के क्षेत्र में **विशिष्ट नमूना** है। 3. ई-गवर्नेंस ने प्रशासन के कामकाज में **आमूल** परिवर्तन कर दिया है।
22.	paradox	(n) - विरोधाभास	There is **paradox** in the statement of the accused.	अभियुक्त के वक्तव्य में **विरोधाभास** है।
23.	paragraphing	(n) - पैरा बनाना	Effective **paragraphing** is a central skill in academic writing.	अकादमिक लेखन में प्रभावी पैरा बनाना महत्वपूर्ण कौशल है।
24.	parallel	(n) - ***समकक्ष***, ***समान***, समांतर	1. This is an achievement without **parallel** in modern times. 2. There are no **parallels** between these two cases.	1. वर्तमान समय में इसके **समकक्ष** कोई उपलब्धि नहीं है। 2. ये दोनों मामले समान नहीं हैं।
25.	paralyse	(n) - ठप करना, ठप होना	The airport is still **paralysed** by the strike.	हवाई अड्डा अभी भी हड़ताल से ठप पड़ा है।
26.	paramedical service	(n) - पराचिकित्सा सेवा*	In emergency ambulance drivers are trained to give **paramedical service**.	आपात स्थिति में, एम्बुलेंस चालकों को **पराचिकित्सा सेवा** देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।
27.	paramilitary forces	(n) - अर्धसैनिक बल	Rescue searches by the army and **paramilitary forces** have continued today.	सेना और **अर्धसैनिक बलों** ने बचाव-खोज कार्य आज भी जारी रखा है।
28.	paramount	(adj) - 1. ***सर्वोपरि***, परमोच्च 2. परम	1. The welfare of the child must always be the court's **paramount**	1. बच्चे का कल्याण हमेशा अदालत का **सर्वोपरि** विचार होना चाहिए। 2. परियोजना

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			consideration. 2. This is of **paramount** importance for the office to complete the project in time.	को समय पर पूरा करना कार्यालय के लिए **परम** आवश्यक है।
29.	parasite	(n) - परजीवी	**Parasites** can cause disease in humans.	**परजीवी** मानव में बीमारी का कारण बन सकता है।
30.	parcel	(n) - पार्सल	The anonymous **parcel** was opened in the presence of bomb squad.	अनाम **पार्सल** को बमरोधी दस्ते की उपस्थिति में खोला गया।
31.	pardon	(n) - 1. क्षमा* (v) - 2. क्षमा करना	He was granted a presidential **pardon**.	उसे राष्ट्रपति ने **क्षमा** प्रदान की।
32.	Parent	(n) - 1. माता या पिता 2. मूल	1. Children under fourteen should be accompanied by a **parent**. 2. Each unit including the **parent** company is facing financial crisis.	1. चौदह साल तक के बच्चों को **माता-पिता** के साथ जाना चाहिए। 2. मूल कंपनी सहित प्रत्येक इकाई वित्तीय संकट झेल रही है।
33.	parentage	(n) - जनकता*, माता-पिता	The birth certificate left no doubt as to her **parentage**.	जन्म प्रमाण-पत्र से उसके **माता-पिता** के संबंध में कोई संदेह नहीं रहा।
34.	parental	(adj) - 1. माता-पिता की 2. पैतृक	He is living in **parental** house.	वह **पैतृक** मकान में रह रहा है।
35.	parent office	(n) - मूल कार्यालय	The **parent office** of the company is located in New Delhi.	कंपनी का **मूल कार्यालय** नई दिल्ली में स्थित है।
36.	parents	(n) - माता-पिता	His **parents** are living with him.	उसके **माता-पिता** उसके साथ रह रहे हैं।
37.	par-excellence	(n) - ***सर्वोत्तम,*** सर्वोत्कृष्ट	The manager is **par excellence** in his field.	प्रबंधक अपने क्षेत्र में **सर्वोत्तम** है।
38.	Parity	(n) - **बराबरी***, समता*, समानता*	1. Conservative society does not believe in **parity** between man and woman. 2. Women have yet to achieve wage or occupational **parity** in many fields.	1. रूढिवादी समाज स्त्री और पुरूष की **बराबरी** में विश्वास नहीं करता । 2. अभी भी महिलाओं को कई क्षेत्रों में मजदूरी या व्यवसाय के मामले में **समता** प्राप्त करनी है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
39.	parity of exchange	(n) - विनिमय समता*	The **parity of exchange** was duly interpreted by the judge.	न्यायाधीश ने **विनिमय समता** की विधिवत् व्याख्या की।
40.	parity price	(n) - समता कीमत*	The **parity price** depends on demand and supply of the commodity.	**समता कीमत** माल की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती है ।
41.	parliament	(n) - संसद*	The legislation is expected to be passed in the next session of **parliament**.	विधेयक **संसद** के अगले सत्र में पारित हो जाने की उम्मीद है.
42.	parliamentary	(n) - संसदीय	The questionnaire duly filled in is required to be submitted to **Parliamentary** Committee.	**संसदीय** समिति के समक्ष प्रश्नावली विधिवत् भरकर प्रस्तुत करना आवश्यक है।
43.	Parole	(n) - पैरोल*	The prisoner was granted **parole** because of the illness of his wife.	कैदी को पत्नी की अस्वस्थता के कारण **पैरोल** दी गई।
44.	Part	(n) - 1. **खंड**, भाग, अंश 2. भूमिका* 3. पुर्जा	1. **Part** file is not in the usable condition. 2. Every citizen should take part in building of the nation.	1. खंड फाइल प्रयोग किए जाने की स्थिति में नहीं है। 2. प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी **भूमिका** का निर्वाह करना चाहिए।
45.	part delivery	(n) - अंश-सुपुर्दगी*	The company refused to accept the **part delivery** of the consignment.	कम्पनी ने माल की **अंश-सुपुर्दगी** लेने से इंकार कर दिया।
46.	part file	(n) - खंड फाइल*, खंड मिसिल*, खंड संचिका*	Since it was an urgent matter, a **part-file** was opened to take approval of the Director.	मामला अत्यंत आवश्यक था, इसलिए **खंड फाइल** खोलकर निदेशक का अनुमोदन लिया गया.
47.	Partial	(n) - 1. आंशिक 2. पक्षपातपूर्ण	The university has granted **partial** remission of fees for overseas students.	विश्वविद्यालय ने विदेशी विद्यार्थियों के लिए शुल्क में **आंशिक** छूट प्रदान की है।
48.	partial disability	(n) - आंशिक अशक्तता*	The candidate qualified for help on the grounds of **partial disability**.	अभ्यर्थी को **आंशिक अशक्तता** के कारण सहयता प्रदान की गई।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
49.	partiality	(n) - पक्षपात	The employee union has alleged that there was **partiality** on the part of administration in making requitment.	कर्मचारी यूनियन ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि भर्ती के मामले में **पक्षपात** किया गया था।
50.	partial modification	(n) - आंशिक आशोधन	**Partial modifications** were suggested before implementation of the policy.	नीति के क्रियान्वयन से पहले उसके **आंशिक आशोधन** का सुझाव दिया गया।
51.	participant	(n) - **प्रतिभागी**, सहभागी	The invitations were sent to all the **participants**.	सभी **प्रतिभागियों** को निमंत्रण भेजे गए।
52.	participate	(v) - भाग लेना	Day scholars may **participate** in this competition.	अनिवासी छात्र इस प्रतियोगिता में **भाग ले** सकते हैं।
53.	participation	(n) - **प्रतिभागिता***, सहभागिता*	The department distributed handbills calling for better **participation** of youths.	विभाग ने युवकों की बेहतर **प्रतिभागिता** के लिए इश्तहार वितरित किए।
54.	particular	(adj) - **विशिष्ट**, विशेष, ख़ास	This Plan is a particular example of the success against all odds.	यह योजना सारी कठिनाइयों के बावजूद सफलता पाने का **विशिष्ट** उदाहरण है।
55.	particulars	(n) - ब्योरा, विवरण	The brief **particulars** of the pending cases may be attached.	लंबित मामलों का संक्षिप्त **ब्योरा** संलग्न किया जाए।
56.	partition	(n) - विभाजन, बंटवारा	Gandhiji was against the **partition** of the country.	गांधी जी देश के **विभाजन** के खिलाफ थे।
57.	partner	(n) - ***सहयोगी;*** साझेदार, भागीदार	Both the **partners** are running the business successfully.	दोनों **सहयोगी** सफलतापूर्वक व्यवसाय चला रहे हैं।
58.	partnership	(n) - साझेदारी*, भागीदारी*	It was a joint venture under public- private-**partnership**.	यह सार्वजनिक-निजी **साझेदारी** के तहत एक संयुक्त उद्यम था ।
59.	part payment	(n) - आंशिक भुगतान	**Part payment** was made before the delivery of the consignment.	माल की सुपुर्दगी से पहले **आंशिक भुगतान** किया गया।
60.	part-time	(adj) - अंशकालिक	The office will make economies by	कार्यालय कुछ **अंशकालिक** कामगारों की सेवा लेकर बचत

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			employing a few **part-time** workers.	करेगा।
61.	part-time employment	(n) - अंशकालिक रोजगार	Central Government employees cannot take up any **part-time employment**.	केंद्र सरकार के कर्मचारी **अंशकालिक रोजगार** नहीं कर सकते।
62.	Party	(n) - 1. पक्ष, पक्षकार 2. पार्टी*, दल 3 प्रीति भोज	1. A third **party** agreement is required in this matter. 2 The **party** has launched a vigorous campaign against inflation. 3The search **party** had to hack its way through the jungle.	1. इस मामले में अन्य पक्ष/तृतीय **पक्ष** करार जरूरी है । 2 इस **पार्टी** ने मुद्रास्फीति के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया है। 3 खोजी **दल** को जंगल काटकर अपने लिए रास्ता बनाना पड़ा था।
63.	party in power	(n) - सत्तारूढ़ दल	The **party in power** is taking strong decisions for the betterment of the country.	**सत्तारूढ दल** देश में सुधार के लिए कठोर निर्णय ले रहा है।
64.	par value	(n) - सममूल्य	The shares were purchased by the company at **par-value**.	कम्पनी ने **सममूल्य** पर शेयर खरीदे।
65.	Pass	(n) - 1. पास 2. पार जाना, गुजरना 3. उत्तीर्ण, सफलता* 4. दर्रा (v) - 5. (विधेयक) पारण करना 6. पारित करना	1. The visitor showed his **pass** at the gate. 2. Rohtang **pass** is the gateway to the Leh, Laddakh. 3. The candidates are required to **pass** the written examination. 4. India's support was vital to **pass** the resolution in the UN.	1. आगंतुक ने द्वार पर अपना **पास** दिखाया। 2. रोहतांग **दर्रा** लेह, लद्दाख के लिए प्रवेश द्वार है। 3. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में **उत्तीर्ण** होना जरूरी है। 4. संयुक्त राष्ट्र संघ में इस प्रस्ताव को **पास** करने में भारत का समर्थन महत्वपूर्ण था।
66.	passage	(n) - 1. **पारित होना**, मार्ग, गली*, गलियारा 2. अंश, उद्धरण 3 यात्रा* 4 यात्रा व्यय	1. The bill is now guaranteed an easy **passage** through the parliament. 2. The Ministry bears the cost of **passage** of the deputed officer and his family.	1. अब विधेयक का संसद में **पारित होना** निश्चित है। 2. प्रतिनियुक्त कर्मचारी और उसके परिवार का **यात्रा व्यय** मंत्रालय वहन करता है।
67.	pass-book	(n) - पासबुक*	Photocopy of the **pass-book** account	विदेश यात्रा की अनुमति

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			for last six months should be submitted while seeking permission for foreign travel.	मांगते समय **पासबुक** की पिछले छह मास के खाते की फोटोप्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए।
68.	passenger	(n) - **सवारी***, यात्री	1. There are five **passangers** in the Taxi. 2. The **passengers** may keep their luggage in the cloak room.	1. टैक्सी में पांच **सवारी** हैं। 2. **यात्री** अपना सामान क्लॉक रूम में रख सकते हैं।
69.	passenger manifest	(n) - सवारी सूची*, यात्री सूची*	After the train accident, **passenger manifest** was scrutinized to assess the number of casualties.	रेल दुर्घटना के बाद हताहतों कि संख्या का अनुमान लगाने के लिए **यात्री सूची** की जांच की गई।
70.	passive	(adj) - निष्क्रिय	The Ex-Minister has openly been criticized for his **passive** role.	पूर्व मंत्री की **निष्क्रिय** भूमिका के लिए उसकी खुलकर आलोचना की गई है।
71.	passport	(n) - पार-पत्र, पासपोर्ट	Affix your **passport** size photograph on the application form.	आवेदन-पत्र पर अपना **पासपोर्ट** आकार का फोटोग्राफ लगाएं।
72.	password	(n) - पासवर्ड, संकेत शब्द	The default **passwords** have been installed on the computers.	कंप्यूटरों पर डिफ़ॉल्ट **पासवर्ड** डाले गए।
73.	past service	(n) - पूर्व सेवा, पिछली नौकरी*	The employee requested the department to count his **past service** for grant of promotion.	कर्मचारी ने पदोन्नति देने के लिए अपनी **पूर्व सेवा** की गणना किए जाने का अनुरोध किया।
74.	Patent	(n) - पेटेन्ट, एकस्व	The company has applied for the **patent** of the product	कम्पनी ने उत्पाद के **पेटेन्ट** के लिए आवेदन किया है।
75.	patent and design	(n) - एकस्व और अभिकल्प	**Patent and design** of the product were approved in the meeting.	उत्पाद के **एकस्व और अभिकल्प** को बैठक में अनुमोदित किया गया।
76.	paternity leave	(n) - पितृत्व अवकाश	The increase in **paternity leave** has been welcomed by the employees.	**पितृत्व अवकाश** बढ़ाए जाने का कर्मचारियो ने स्वागत किया है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
77.	patrolling	(v) - गश्त लगाना	During the curfew, guards could be seen **patrolling** everywhere.	कर्फ्यू के दौरान गार्ड हर तरफ **गश्त लगाते** दिखाई देते थे।
78.	Patron	(n) - 1. संरक्षक 2. ग्राहक	The new Director is a **patron** of arts.	नए निदेशक कला के **संरक्षक** हैं।
79.	patronage	(n) - संरक्षण	The architecture attained new heights under the **patronage** of Mughals.	मुगलों के **संरक्षण** में वास्तुकला उन्नति के शिखर पर थी।
80.	Pattern	(n) - 1. प्रतिमान, प्रतिरुप 2. **सांचा**	Many of the sentences **patterns** in English and Hindi are the same.	अंग्रेजी और हिंदी के कई वाक्य **सांचे** एक से हैं।
81.	paucity	(n) – कमी*, अभाव	The **paucity** of funds was a deterrent in the implementation of the scheme.	निधि का **अभाव** योजना लागू करने में रुकावट था।
82.	Pay	(n) - वेतन	The 6th **pay** commission has upgraded the pay scales of the teachers.	छठे **वेतन** आयोग ने शिक्षकों के वेतनमान का उन्नयन किया है।
83.	payable	(n) - देय	The interest **payable** for the financial year has been calculated.	वित्त वर्ष की अवधि के लिए **देय** ब्याज की गणना कर ली गई है।
84.	pay and allowances	(n) - वेतन तथा भत्ते	The committee will recommend a raise in **pay and allowance** of teachers.	समिति अध्यापकों के **वेतन तथा भत्तों** में बढ़ोतरी की सिफारिश करेगी।
85.	pay bill	(n) - वेतन बिल	The **paybill** has been sent to the pay and accounts office.	**वेतन बिल** को भुगतान तथा लेखा कार्यालय भेज दिया गया है।
86.	pay certificate	(n) - वेतन प्रमाण-पत्र	He was asked to furnish **his pay certificate** for grant of loan.	ऋण स्वीकृत करने के लिए उससे **वेतन प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करने को कहा गया।
87.	pay day	(n) - वेतन दिवस	The **pay day** has been fixed to be the last day of the month.	माह का अंतिम दिन **वेतन दिवस** के रूप में निर्धारित किया गया है।
88.	payee	(n) - आदाता, पाने	The **payee** of the cheque must endorse	**आदाता** चेक के पीछे अवश्य

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		वाला	on the back.	हस्ताक्षर करे।
89.	Payer	(n) - भुगतानकर्ता, अदाकर्ता	The **payer** should request a receipt for the payments made.	**भुगतानकर्ता** द्वारा किए हुए भुगतान की रसीद मांगी जानी चहिए।
90.	pay increase	(n) - वेतन बढ़ोतरी*	Employees in corporate sector in India can expect a 10% **pay increase** on average this year.	भारत में कारपोरेट क्षेत्र के कर्मचारी इस वर्ष औसतन 10% तक **वेतन बढ़ोतरी** की आशा कर सकते हैं।
91.	payment	(n) - भुगतान, अदायगी*	The final **payment** would be made after the date of maturity of the insurance policy.	बीमा पॉलिसी की परिपक्वता की तारीख के बाद अंतिम **भुगतान** किया जाएगा।
92.	payment in cash	(n) - नकद भुगतान	**Payment in cash** has been made to seller.	विक्रेता को **नकद भुगतान** किया गया है।
93.	pay negotiations	(n) - वेतन वार्ता	The management is in the process of conducting **pay negotiations**.	प्रबंधन **वेतन वार्ता** कर रहा है।
94.	pay off	(v) - चुकता करना	The employee was asked to **pay off** his loan before being relieved for deputation.	प्रतिनियुक्ति के लिए कार्यभार मुक्त किए जाने से पहले कर्मचारी से उसका ऋण **चुकता करने** के लिए कहा गया।
95.	pay order	(n) - अदायगी आदेश	The institute has asked the new recruits to furnish the security in form of a **pay order**.	संस्थान ने नव नियुक्त कर्मचारियों से **अदायगी आदेश** के रूप में प्रतिभूति जमा कराने को कहा है।
96.	pay package	(n) - 1. अदायगी पैकेज 2. **वेतन पैकेज**, वेतन संपुट	The multinational companies are attracting youngsters with hefty **pay packages**.	बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारी **वेतन पैकेज** से युवाओं को आकर्षित कर रही हैं।
97.	pay review	(n) - वेतन समीक्षा*	The seventh pay commission would conduct a pay review of all the employees.	सातवें वेतन आयोग में सभी कर्मचारियों की **वेतन समीक्षा** की जाएगी।
98.	pay roll	(n) - वेतनपत्रक	Five new employees are added in this month's **pay roll**.	इस माह के **वेतनपत्रक** में 5 नए कर्मचारियों के नाम जोड़े

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
				गए हैं।
99.	pay-scale	(n) - वेतनमान	Translators association has submitted a representation to seventh pay commission to revise their **pay scale**.	अनुवादक एसोसिएशन ने अनुवादकों के **वेतनमान** को संशोधित करने के लिए सांतवें वेतन आयोग को प्रतिवेदन दिया है।
100.	pay-slip	(n) - वेतन पर्ची*	Detail of various items of pay is displayed in the **pay-slip**.	वेतन की विभिन्न मदों का ब्यौरा **वेतन पर्ची** में प्रदर्शित किया गया है।
101.	Peak	(n) - ऊंचाई, शीर्ष, शिखर	This month production has reached a new **peak**.	इस महीने उत्पादन एक नई **ऊंचाई** पर पहुंचा है।
102.	peak-hours	(n) - व्यस्ततम समय	There will be a heavy traffic in central Delhi during **peak hours**.	यातायात के **व्यस्ततम समय** में मध्य दिल्ली में भारी यातायात मिलेगा।
103.	peak season	(n) - व्यस्ततम अवधि*	It is difficult to get rail reservation during summer holiday **peak season**.	ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की **व्यस्ततम अवधि** में रेल आरक्षण पाना मुश्किल है।
104.	pecuniary	(adj) - **आर्थिक**, धन-संबंधी	The project should be handled in such a way that it should not result in a **pecuniary** loss to the Government.	परियोजना का संचालन इस तरह से किया जाना चाहिए कि सरकार को **आर्थिक** नुकसान न हो।
105.	penal action	(n) - दांडिक कार्रवाई*	**Penal action** is approved for errant employee.	दोषी कर्मचारी के खिलाफ **दांडिक कार्रवाई** का अनुमोदन किया गया है।
106.	penal code	(n) - दंड-संहिता*	Some of the provisions of Indian **penal code** are outdated as they were formulated long ago.	भारतीय **दंड-संहिता** के कुछ प्रावधान पुराने पड़ गए हैं क्योंकि उन्हें बहुत पहले तैयार किया गया था।
107.	penal interest	(n) - **दांडिक ब्याज,** दडं-स्वरुप ब्याज	Payment of installment after due date will invite **penal interest**.	देय तिथि के बाद किस्त का भुगतान करने पर **दांडिक ब्याज** का भुगतान करना होगा।
108.	penalize	(v) - दंडित करना	The errant employee was **penalized** for his	दोषी कर्मचारी को अनुशासनहीनता के लिए

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			indiscipline.	**दंडित किया गया**।
109.	penal rent	(n) - **दांडिक किराया**, दंड-स्वरूप किराया	For non – payment of rent on time the employee was charged with **penal rent** for one month.	समय पर किराए का भुगतान न करने पर कर्मचारी को एक महीने का **दंड -स्वरूप** किराया देना पड़ा।
110.	penalty	(n) - 1. दंड 2. अर्थदंड, जुर्माना 3. शास्ति*	The penalty was imposed for late payment of fees.	फीस देर से जमा करने पर **जुर्माना** लगाया गया।
111.	pending	(adj) - 1. लंबित अनिर्णीत, रुका हुआ 2. तक, पर्यंत	A lot of work is **pending** in the administration sector for the want of staff.	स्टाफ की कमी के कारण प्रशासन अनुभाग में बहुत सा कार्य **लंबित** है।
112.	pending case	(n) - लंबित मामला, अनिर्णीत मामला, रुका मामला	A large no of **pending cases** reflects lack of efficiency of the department.	बड़ी संख्या में **लंबित मामलों** से विभाग की कार्यकुशलता में कमी का पता चलता है।
113.	pending decision	(n) - निर्णय होने तक	**Pending decision** of the CAT, existing seniority list will be in operation.	कैट का **निर्णय आने तक,** वर्तमान वरिष्ठता सूची लागू रहेगी।
114.	pen-down strike	(n) - कलम-रोको हड़ताल	Employee Union has threatened **pen - down strike** if their demands are not met.	कर्मचारी संघ ने मांगें न माने जाने पर **कलम-रोको हड़ताल** की धमकी दी है।
115.	pension	(n) - पेन्शन	**Pension** papers of the retiring employee are to be prepared on priority basis.	सेवानिवृत्त कर्मचारी के **पेंशन** पेपर प्राथमिकता आधार पर तैयार किए जाने हैं।
116.	pensionable	(adj) - पेन्शनी	**Pensionable** age for the Central Government employee is 60 years.	सरकारी कर्मचारियों की **पेन्शनी** आय 60 वर्ष है।
117.	pensionary benefits	(n) - पेन्शन-हितलाभ	**Pensionary benefits** are to be given to employees with at least 20 years of continuous service.	**पेन्शन-हितलाभ** केवल उन कर्मचारियों को देय होगा जिन्होंने 20 वर्ष लगातार सेवा पूरी कर ली हो।
118.	pensioner's half	(n) - पेन्शनभोगी की अर्धिका*	In case, pensioner wants to receive his pension from another state, **pensioner's**	यदि पेन्शनभोगी अपनी पेन्शन किसी दूसरे राज्य से प्राप्त करना चाहता है तो

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			half will be forwarded to another state complying due process.	**पेन्शनभोगी की अर्धिका** विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित राज्य को भेजी जाएगी।
119.	pension payment order	(n) - पेन्शन अदायगी आदेश	**Pension payment order** should be prepared before the date of retirement of the employee.	**पेन्शन अदायगी आदेश** कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से पहले तैयार कर लेना चाहिए।
120.	peon book	(n) - चपरासी-बही*	Signature of the receiving clerk should be taken on the **peon book**.	**चपरासी-बही** पर प्राप्तकर्ता लिपिक के हस्ताक्षर लिए जाने चाहिए।
121.	per annum	(adj) - प्रतिवर्ष, वार्षिक, सालाना	The **per annum** income of the company is Rs 10 crore.	कंपनी की **सालाना** आय 10 करोड़ रुपए है।
122.	per capita income	(n) - प्रति व्यक्ति आय	The development schemes have resulted in increase of **per capita income** of the state.	विकास स्कीमों के परिणामस्वरूप राज्य की **प्रति व्यक्ति आय** में बढ़ोतरी हो गई है।
123.	percent	(n) - प्रतिशत*, फीसदी*	1. Literacy rate has risen to around 95 **percent** in Kerala. 2. Ten **percent** increase is expected in the per annum income of the company.	1. केरल में साक्षरता दर लगभग 95 **प्रतिशत** तक पहुंच गयी है। 2. कंपनी की वार्षिक आय में दस **प्रतिशत** वृद्धि होने की आशा है।
124.	percentage	(n) - 1. प्रतिशतता* 2. प्रतिशत दर*	**Percentage** of the literate people is increasing in the state.	राज्य में साक्षर लोगों की **प्रतिशतता** बढ़ रही है।
125.	percentage point	(n) - प्रतिशतता अंक	For admission in Delhi University in science stream only **percentage point** in science subjects will be counted.	दिल्ली विश्वविद्यालय में विज्ञान विषय में प्रवेश के लिए केवल विज्ञान संबंधी विषयों के **प्रतिशतता अंकों** की गणना की जाएगी।
126.	perennial	(adj) - 1. चिरस्थायी 2. बारहमासी*	1. Contentment is **perennial** source of pleasure. 2. Brahamputra is a **perennial** river.	1. संतोष आनंद का **चिरस्थायी** स्रोत है। 2. ब्रहमपुत्र **बारहमासी** नदी है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
127.	perennial staff	(n) - चिरस्थायी स्टाफ	Forest guard is **perennial staff** in the forest department.	वन विभाग में वन रक्षक **चिरस्थायी स्टाफ** होता है।
128.	perforce	(adv) - जबरदस्ती*, बलात्	Employee s Union officials have entered in the meeting **per force**.	कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी बैठक में **बलात** घुस गए।
129.	performance	(n) - 1. निष्पादन 2. पालन	**Performance** can be assessed on the basis of standard criteria.	मानक मानदंडों के आधार पर **निष्पादन** का मूल्यांकन किया जा सकता है।
399.	restriction	(n) - प्रतिबंध, रोक*	1. The associations have demanded for lifting the restriction on deputation allowance completely. 2. The committee imposed new financial restrictions on private companies.	1.कुछ एसोसिएशनों ने प्रतिनियुक्ति भत्ते पर से पूर्ण रूप से **प्रतिबंध** हटाने की मांग की है। 2. समिति ने निजी कंपनियों पर नए वित्तीय **प्रतिबंध** लगाए।
400.	restrictive trade practices	(n) - प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार	The Commissioner shall initiate investigations into alleged restrictive trade practices .	आयुक्त कथित **प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार** की जांच शुरु करेगा।
401.	result-oriented work	(n) - परिणामोन्मुख कार्य	The objective of the scheme is to promote result-oriented work culture in the office.	इस योजना का उद्देश्य कार्यालय में **परिणामोन्मुख कार्य** संस्कृति को बढ़ावा देना है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
402.	resume	(n) - 1. सार-वृत्त (v) - 2. पुन: आरंभ करना पुन: शुरू करना 3. पुनर्ग्रहण करना	1. The Officer-in-Charge of Establishment is required to submit the resume of action taken. 2. The work on the project shall resume after obtaining necessary approval. 3. The Dealing Assistant of the Section has resumed duty after availing the leave.	1. स्थापना के प्रभारी अधिकारी को की गई कार्रवाई का **सार-वृत्त** प्रस्तुत करना होगा। 2.आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद परियोजना पर कार्य **पुनः प्रारंभ किया** जाएगा। 3. अनुभाग के संबंधित सहायक ने छुट्टियों के पश्चात कार्यभार **पुनः ग्रहण** कर लिया है।
403.	resummon	(v) - पुन:सम्मन करना	The court ordered to ***resummon*** the witnesses and cross-examine them.	न्यायालय ने गवाहों को **पुनः समन करने** और उनकी प्रति-परीक्षा करने का आदेश दिया।
404.	resumption	(n) - 1. पुनरारंभ 2. पुनर्ग्रहण	1. Both countries are now hoping for resumption of diplomatic relations. 2. The promotion is to be granted only from the date of resumption of duty on return from leave.	1.दोनों देश अब राजनयिक संबंध **पुनः आरंभ** होने की आशा कर रहे हैं। 2. पदोन्नति छुट्टी से लौटने पर कार्यभार **पुनःग्रहण** करने की तारीख से ही दी जाएगी।
405.	retailer	(n) - खुदरा व्यापारी	Stationery items can be purchased from a retailer.	लेखन- सामग्री की मदें **खुदरा व्यापारी** से खरीदी जा सकती हैं।
406.	retail price	(n) - खुदरा कीमत*	Wholesale price is always cheaper to retail price.	थोक कीमत **खुदरा कीमत** से हमेशा कम होती है।
407.	retain	(v) - 1. प्रतिधारित करना, रखे रहना 2. रोके रखना	1. It's increasingly difficult to recruit and retain good staff. 2. A Government servant who has acquired a lien on a *post retains* a lien on that *post even while on deputation.*	1.अच्छे स्टाफ को भर्ती करना और **रोके रखना** अत्यंत कठिन होता जा रहा है। 2.किसी पद पर धारणाधिकार प्राप्त करने वाला सरकारी कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर रहने के दौरान भी उस पद पर धारणाधिकार **रखता** है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
408.	retention	(n) - **बनाए रखना,** प्रतिधारण,	1.The Commission recommend retention of the existing rate of HRA in A-1. cities 2. Retention of accommodation to retiring or retired officers owning houses should not be allowed.	1.आयोग ने ए -1. शहरों में मकान किराया भत्ते की मौजूदा दर **बनाए रखने** की सिफारिश की। 2.सेवानिवृत्त हो रहे या हो चुके जिन सेवानिवृत्त अधिकारियों के पास स्वयं का मकान है, उन्हें आवास के **प्रतिधारण** की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।
409.	retention price	(n) - प्रतिधारण कीमत	The difference between the retention price and the maximum retail price of urea was paid as subsidy.	यूरिया की **प्रतिधारण कीमत** और अधिकतम खुदरा कीमत के बीच के अंतर का भुगतान अनुदान के रूप में किया गया।
410.	retired	(adj) - सेवा-निवृत्त, निवृत्त	1. The APAR dossiers of a retired employee may be retained for a period of five years after the date of his retirement. 2. This facility should also be extended to the retired postal employees.	**1. सेवानिवृत्त** कर्मचारी की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट का डोजियर उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात पांच वर्ष की अवधि के लिए रखा जा सकता है। 2. यह सुविधा **सेवानिवृत्त** डाक कर्मचारियों पर भी लागू की जानी चाहिए।
411.	retirement	(n) - सेवा-निवृत्ति, निवृत्ति	1. The retiring Reporting officer may be allowed to give the report on his subordinates within one month of his retirement. 2. If a request for retirement is received, it should be processed under the relevant rules and orders for retirement issued as early as possible.	1. सेवानिवृत्त होने वाले रिपोर्टिंग अधिकारी को अपने अधीनस्थों को संबंध में अपनी रिपोर्ट **सेवानिवृत्ति** के एक माह के भीतर देने की अनुमति दी जा सकती है। 2. यदि **सेवानिवृत्ति** के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हो, तो इस पर संगत नियमों और आदेशों के अधीन कार्रवाई की जानी चाहिए और यथासंभव शीघ्र **सेवानिवृत्ति** का आदेश

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
				जारी किया जाना चाहिए।
412.	retirement benefits	(n) - सेवा-निवृत्ति हितलाभ	The Government offers various retirement benefits to its employees as a measure of social security for their old age.	सरकार अपने कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में उनकी वृद्धावस्था के लिए विभिन्न **सेवानिवृत्ति हितलाभ** प्रदान करती है।
413.	retiring age	(n) - सेवा-निवृत्ति आयु*	At present the normal ***retiring age*** of central government employees is 60 years.	वर्तमान में केंद्र सरकार के कर्मचारियों की **सेवानिवृत्ति आयु** 60 वर्ष है।
414.	retiring pension	(n) - सेवा-निवृत्ति पेन्शन*, निवृत्ति पेन्शन*	A retiring pension shall be granted also to a Government servant who retires before attaining the age of Superannuation.	ऐसे सरकारी सेवक को भी **सेवा-निवृत्ति पेंशन** प्रदान की जाएगी जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से पहले सेवानिवृत्त होता है।
415.	retiring room	(n) - विश्राम कक्ष, **आराम कक्ष**	The passengers will be able to book *retiring rooms* 60 days in advance	यात्री 60 दिन पहले **आराम कक्ष** बुक कर सकेंगे।
416.	retoucher	(n) - अनुशोधक	The vacant post of retoucher shall be filled soon.	**अनुशोधक** का रिक्त पद शीघ्र भरा जाएगा।
417.	retraining	(n) - पुन: प्रशिक्षण	The office has introduced a five day retraining programme for employees.	कार्यालय ने पांच दिवसीय **पुनः प्रशिक्षण** कार्यक्रम आरंभ किया है।
418.	retrenenched staff	(n) - छंटनीकृत स्टाफ	The Government has made sufficient provisions to re-employ the retrenched staff.	सरकार ने **छंटनीकृत** स्टाफ को पुनः नियोजित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं।
419.	retrenchment	(n) - छंटनी*	The retrenched employees would be entitled to retrenchment benefits as provided under the relevant rules and orders.	छंटनी किए गए कर्मचारी संगत नियमों और आदेशों के अधीन यथा उपबंधित **छंटनी** लाभों के हकदार होंगे।
420.	retrial	(n) - पुनर्विचारण,	The judge ordered a	न्यायाधीश ने नए साक्ष्यों के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		पुनःविचारण	retrial because new evidences come to light.	सामने आने के कारण **पुनःविचारण** का आदेश दिया।
421.	retrieval	(n) - पुन: प्राप्ति*	A proper file numbering system is essential for easy identification, and retrieval of documents .	दस्तावेजों की आसान पहचान और **पुनःप्राप्ति** के लिए समुचित फाइल नंबर प्रणाली आवश्यक है।
422.	retrospective	(adj) - **भूतलक्षी,** पूर्वव्यापी,	Prior approval of Finance Minister shall be required if posts are created from retrospective date.	यदि पदों का सृजन **पूर्वव्यापी** तारीख से किया जाता है तो वित्त मंत्री का पूर्व अनुमोदन लेना अपेक्षित होगा।
423.	retrospective effect	(n) - **भूतलक्षी प्रभाव,** पूर्वव्यापी प्रभाव,	The benefits shall be available to all Central Government employees with retrospective effect.	ये लाभ केंद्र सरकार के सभी कर्मचरियों को **भूतलक्षी प्रभाव** से उपलब्ध होंगे।
424.	**retrospectively**	**(adv) - पूर्वव्यापी प्रभाव से, भूतलक्षी प्रभाव से**	The new rule shall apply retrospectively.	नया नियम **पूर्वव्यापी प्रभाव से** लागू होगा।
425.	return	(n) - 1. विवरणी* 2. प्रतिलाभ 3. प्रतिफल (v) - 4. निर्वाचित करना 5. उत्तर 6. वापसी*, वापस करना, लौटना	1. All periodical reports and returns relating to each section will be reviewed at the level of Joint Secretary. 2. The rate of return on government securities is very low.	1.प्रत्येक अनुभाग से संबंधित सभी आवधिक रिपोर्टों और **विवरणियों** की समीक्षा संयुक्त सचिव के स्तर पर की जाएगी। 2.सरकारी प्रतिभूतियों पर **प्रतिलाभ** की दर बहुत कम है।
426.	return journey	(n) - वापसी यात्रा*	The fare for return journey shall also be reimbursable as per entitlement of the official.	**वापसी यात्रा** किराए की प्रतिपूर्ति कर्मचारी की हकदारी के अनुसार की जाएगी।
427.	return of post	(n) - वापसी डाक*	The employee is required to send the reply by return of post.	कर्मचारी को **वापसी डाक** से उत्तर भेजना होगा।
428.	revalidation	(n) - पुन: विधिमान्यकरण	Each revalidation shall be for a period of five years from the	प्रत्येक **पुनः विधिमान्यकरण** पिछले पुनः विधिमान्यकरण की

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			date of expiry of the previous revalidation.	तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए होगा।
429.	Revaluation	(n) - **पुनःमूल्यांकन**, पुनर्मूल्यांकन, पुनर्मूल्यन	The candidates desirous of revaluation of their answer Books may apply within a period of 4.5. days from the date of issue of this circular.	अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के **पुनःमूल्यांकन** के इच्छुक उम्मीदवार इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 4.5. दिन की अवधि के भीतर आवेदन कर सकते हैं।
430.	revenue	(n) - राजस्व	The share of tax revenues in the total revenue receipt has been predominant.	कुल **राजस्व** प्राप्ति में **राजस्व** कर का हिस्सा सबसे अधिक है।
431.	revenue duty	(n) - राजस्व शुल्क	The work of collecting revenue duty was completed within prescribed time.	**राजस्व शुल्क** एकत्र करने का कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरा कर लिया गया था।
432.	revenue expenditure	(n) - राजस्व व्यय, राजस्व खर्च	Expenditure on pay and allowances and pensions impact the revenue expenditure of the Government	वेतन और भत्तों तथा पेंशन पर होने वाले व्यय का सरकार के **राजस्व व्यय** पर प्रभाव पड़ता है।
433.	revenue stamp	(n) - रसीदी टिकट*	Affixing revenue stamp is necessary for all the payments exceeding Rs. 5.000.	5.000 रुपए से अधिक राशि के सभी भुगतानों के लिए **रसीदी टिकट** लगाना आवश्यक है।
434.	reverse	(adj) - 1. **विपरीत**, उल्टा 2. उत्क्रम 3. प्रतिलोम, (v) - **उलट देना, पलट देना**	1. Providing subsidy will have reverse effect on economy. 3. The Appellate Court reversed the decision.	1.आर्थिक सहायता देने का अर्थव्यवस्था पर **विपरीत** प्रभाव पड़ेगा। 2.अपील न्यायालय ने निर्णय को **पलट दिया**।
435.	reverse order	(adj) - उल्टा क्रम	Reversion of the ad hoc appointees should take place strictly in the reverse order of seniority.	तदर्थ आधार पर नियुक्त कर्मचारियों का प्रत्यावर्तन वरिष्ठता के ठीक **उल्टे क्रम** में ही किया जाना चाहिए।
436.	reverse organization chart	(n) - उत्क्रम संगठन चार्ट,	The reverse organization chart signifies the idea that the most important employees are those	**उत्क्रम संगठन चार्ट** इस विचार को दर्शाता है कि सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी वे हैं जो

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			who are normally at the bottom of the hierarchy.	सामान्यतः पदानुक्रम में निचले स्तर पर होते हैं।
437.	reverse pyramid	(n) - उल्टा पिरामिड	1.The reverse pyramid in an organization is just opposite to the traditional model. 2. The reverse pyramid model provides no stagnation at the entry level.	1.संगठन में **उल्टा पिरामिड** परंपरागत मॉडल के ठीक विपरीत है। **2. उल्टा पिरामिड** मॉडल में प्रवेश स्तर पर गतिरोध नहीं होता है।
438.	reversion	(n) - प्रत्यावर्तन	Reversion became inevitable when the regular incumbent on the post joined the office.	पद पर नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने से **प्रत्यावर्तन** अपरिहार्य हो गया।
439.	reverted	(adj) - प्रत्यावर्तित	A probationer reverted or discharged from service during or at the end of the period of probation shall not be entitled to any compensation.	परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसके समाप्त होने पर **प्रत्यावर्तित** या सेवा से हटाया गया परिवीक्षाधीन कर्मचारी किसी भी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।
440.	review	(n) - 1. समीक्षा* (n) - 2. पुनर्विलोकन (v) - समीक्षा करना (v) - पुनर्विलोकन करना	1. The case is subject to judicial review. 2. The office shall review the terms and conditions of the contract. 3. The President has power to review any order under the CCS (CCA) - Rules, 1965 including an order of exoneration.	1.यह मामला न्यायिक **समीक्षा** के अध्यधीन है। 2.कार्यालय संविदा की शर्तों और निबंधनों की **समीक्षा** करेगा। 3.राष्ट्रपति को केंद्रीय सिविल सेवा (व.नि.और अ.) - नियम,1965 के अधीन दोषमुक्ति के आदेश सहित किसी भी आदेश का **पुनर्विलोकन करने** की शक्ति प्राप्त है।
441.	review board	(n) - **समीक्षा बोर्ड,** समीक्षा मंडल,	The office shall implement all the recommendations of the review board.	कार्यालय **समीक्षा बोर्ड** की सभी सिफारिशें लागू करेगा।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
442.	review committee	(n) - समीक्षा समिति*	The administrative ministry concerned may constitute a review committee on a permanent basis or ad-hoc basis.	संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय **समीक्षा समिति** का गठन स्थायी आधार या तदर्थ आधार पर कर सकता है।
443.	revise	(v) - 1. पुनरीक्षित करना, दोहराना 2. परिशोधित करना,	1. The government has decided to revise its policy. 2. In the revised scheme, the date of annual increments, in all cases, will be the first of July.	1. सरकार ने अपनी नीति को **पुनरीक्षित** करने का निर्णय लिया है। 2. **परिशोधित** स्कीम के अनुसार सभी मामलों में वार्षिक वेतन वृद्धि की तारीख पहली जुलाई होगी।
444.	revised agenda	(n) - **पुनरीक्षित कार्यसूची***, परिशोधित कार्यसूची*	The revised agenda for the meeting has been approved by the chairman.	अध्यक्ष ने बैठक के लिए **पुनरीक्षित कार्यसूची** अनुमोदित कर दी है।
445.	revised budget	(n) - परिशोधित बजट	The revised budget will be placed before the board meeting for approval.	**परिशोधित बजट** बोर्ड बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।
446.	revised budget estimate	(n) - परिशोधित बजट प्राक्कलन	The Finance Ministry proposed an increase in funds for rural development schemes in the revised budget estimates	वित्त मंत्रालय ने **परिशोधित बजट प्राक्कलन** में ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए निधि बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।
447.	revised edition	(n) - परिशोधित संस्करण	Based on the recommendations of the Inter-departmental Committee, the Department will soon bring out a revised edition of the Manual.	अंतर्विभागीय समिति की सिफारिशों के आधार पर विभाग शीघ्र ही मैनुअल का **परिशोधित संस्करण** प्रकाशित **करेगा**।
448.	revised estimate	(n) - परिशोधित प्राक्कलन, संशोधित प्राक्कलन	The authority concerned has approved the revised estimate for	संबंधित प्राधिकारी ने कंप्यूटर की खरीद के लिए **परिशोधित प्राक्कलन** को अनुमोदित कर

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			purchasing of computer.	दिया है।
449.	revised rule	(n) - परिशोधित नियमावली*	The *Revised* Rules ha s been sent to the Ministry of Law for further action.	**परिशोधित नियम** की फाइल अगली कार्रवाई के लिए विधि मंत्रालय भेजी गई है।
450.	revised tender	(n) - परिशोधित निविदा*	The office shall soon float a revised tender for its proposed renovation work.	कार्यालय अपने प्रस्तावित नवीनीकरण कार्य के लिए शीघ्र ही **परिशोधित निविदा** जारी करेगा।
451.	revision	(n) - 1. परिशोधन 2. पुनरीक्षण, दोहराना,	Recommendations relating to revision of rates of various allowances shall also apply to the cadre of Divisional Accountant.	विभिन्न भत्तों की दरों में **परिशोधन** से संबंधित सिफारिशें प्रभागीय लेखाकारों के संवर्ग पर भी लागू होंगी।
452.	revision committee	(n) - पुनरीक्षण समिति*	The revision committee shall look into the matter and submit its report within prescribed time.	**पुनरीक्षण समिति** मामले की पड़ताल करेगी और अपनी रिपोर्ट निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करेगी।
453.	revision of pay scale	(n) - 1. वेतनमान पुनरीक्षण 2. वेतनमान परिशोधन	The recommendations relating to revision of pay scales and pension shall be implemented retrospectively.	**वेतनमान पुनरीक्षण** और पेंशन से संबंधित सिफारिशें पूर्वव्यापी प्रभाव से कार्यान्वित की जाएंगी।
454.	revival	(n) - 1. पुनरुज्जीवन 2. पुन:प्रवर्तन,	All proposals concerning revival or restructuring of public sector undertakings should be first referred to the committee.	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के **पुनरुज्जीवन** या पुनर्गठन से संबंधित मामले पहले समिति को भेजे जाएंगे।
455.	revocable	(adj) - प्रतिसंहरणीय	This permit is ***revocable*** and subject to modification by the State.	यह परमिट **प्रतिसंहरणीय** है और राज्य द्वारा आशोधन के अध्यधीन है।
456.	revocation	(n) - प्रतिसंहरण	The order passed by	1. दंड अधिरोपित,आशोधित या

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			the Director in respect to imposition, modification or revocation on the punishment shall be final.	**प्रतिसंहरण** करने से संबंधित मामलों में निदेशक के आदेश अंतिम होंगे।
457.	revoke	(v) - **वापस लेना,** प्रतिसंहरण करना	An order of suspension made under this rule shall continue to remain in force until it is revoked by the competent authority.	इस नियम के अधीन किया गया निलंबन आदेश तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा **वापस** नहीं लिया जाता है।
458.	revolutionary change	(n) - क्रांतिकारी परिवर्तन	Rapid and revolutionary changes in technology have created an information-centric global economy.	प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र और **क्रांतिकारी परिवर्तनों** ने सूचना-केंद्रित वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण किया है।
459.	revolving fund	(n) - परिक्रामी निधि*	A revolving fund has no expiry date.	**परिक्रामी निधि** की कोई समाप्ति तारीख नहीं होती है।
460.	reward	(v) - 1. **पुरस्कृत करना,** पारितोषिक 2. प्रतिफल	The Commission wishes to bring in a work culture in the Government that will reward performance.	आयोग सरकार में ऐसी कार्य संस्कृति लाना चाहता है जो कार्यनिष्पादन को **पुरस्कृत** करे।
461.	reward review	(n) - पारितोषिक समीक्षा*	A reward review was published in the newspaper.	समाचार पत्र में **पारितोषिक समीक्षा** प्रकाशित हुई ।
462.	reward scheme	(n) - **पुरस्कार योजना*,** पारितोषिक योजना*	A new Reward Scheme for motivating officers introduced by the office.	अधिकारियों को प्रेरित करने के लिए कार्यालय द्वारा नई **पुरस्कार योजना** आरंभ की गई है।
463.	right	(n) - 1. अधिकार 2. सही	1.The competent authority has the absolute right to retire any Government employee as per provisions of Rules. 2. Leave cannot be claimed as a right.	1.सक्षम प्राधिकारी को, किसी सरकारी कर्मचारी को नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवानिवृत्त करने का पूर्ण **अधिकार** है। 2. छुट्टी का **अधिकार** के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
464.	rightful claimant	(n) - साधिकार दावेदार	The verification of caste-status of employee is necessary so that the benefit of reservation should reach to the rightful claimants.	कर्मचारी की जाति की स्थिति का सत्यापन करना आवश्यक है जिससे आरक्षण का लाभ **वास्तविक दावेदारों** के पास पहुंच सके।
465.	Right to Information Act	(n) - सूचना अधिकार अधिनियम	Any citizen of India who desires to obtain any information under the Right to Information Act, 2.005. may make a request to the Public Information Officer in writing .	भारत का कोई भी नागरिक जो **सूचना अधिकार अधिनियम,** 2005 के अधीन कोई सूचना प्राप्त करना चाहता है, वह जन सूचना अधिकारी को लिखित में अनुरोध कर सकता है।
466.	rigid	(adj) - **कड़ा**, अनम्य, कठोर	It is not appropriate to fix a rigid limit for the purpose of recovery of advance.	अग्रिम की वसूली के प्रयोजन के लिए **कड़ी** सीमा तय करना उपयुक्त नहीं है।
467.	rigid rules	(n) - कठोर नियम	***Rigid rules*** cannot be laid down in these matters.	इन मामलों में **कठोर नियम** निर्धारित नहीं किए जा सकते हैं।
468.	rigorous imprisonment	(n) - **सश्रम/कठिन कारावास**, कठोर कारावास	The accused got the *rigorous imprisonment* of seven years.	अभियुक्त को सात वर्ष के **कठोर कारावास** की सजा हुई।
469.	ring railway	(n) - रिंग रेलवे	Delhi *Ring Railway* is part of the Delhi Suburban Railway services.	दिल्ली **रिंग रेलवे** दिल्ली उपनगरीय रेल सेवा का हिस्सा है।
470.	riot	(n) - बलवा, **दंगा**	1. All efforts are being made on part of the government to tackle the problem of communal riots. 2. The Central Reserve Police Force has been deployed at the riot prone areas.	1.सांप्रदायिक **दंगों** की समस्या को रोकने के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। 2.**दंगे** की संभावना वाले क्षेत्रों में केंद्रीय आरक्षी बल की तैनाती की गई है।
471.	rise and fall	(n) - उतार-चढ़ाव	The ***rise and fall*** of interest *rates*, can impact sale and	ब्याज दरों में **उतार-चढ़ाव** वाणिज्यिक अचल संपत्ति के

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			purchase of commercial real estate in a big way.	क्रय-विक्रय को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता हैं।
472.	risk	(n) - जोखिम,**खतरा**	1. In case an inherent element of risk exists, the Government may consider extending free insurance cover to this category. 2. Polluted water supplies are a risk to public health.	1.**जोखिम** तत्व निहित होने की स्थिति में, सरकार इस श्रेणी के लिए निःशुल्क बीमा सुरक्षा प्रदान करने पर विचार कर सकती है। 2.प्रदूषित जल आपूर्ति जन स्वास्थ्य के लिए **खतरा** है।
473.	risk purchase	(n) - जोखिम-खरीद*	The non-completion of the risk purchase within the prescribed period may lead to extra expenditure.	निर्धारित अवधि के भीतर **जोखिम-खरीद** पूरी नहीं करने से व्यय में अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
474.	rival	(n) - प्रतिद्वंद्वी; विरोधी	1. He finished the race ahead of his main rival. 2. Attempts have been made to do away with the ambiguity in the provisions to avoid rival interpretations.	1.उसने अपने मुख्य **प्रतिद्वंद्वी** से पहले दौड़ समाप्त कर ली। 2.प्रावधानों में अस्पष्टता समाप्त करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनकी परस्पर **विरोधी** व्याख्या न की जा सके।
475.	roadman	(n) - सड़क कर्मी	The roadman shall carry out its duties in the manner prescribed in the rules.	सड़ककर्मी अपने कार्यों को नियमों में निर्धारित रीति में निष्पादित करेगा।
476.	road-mileage	(n) - 1. (सड़क) - मील भत्ता 2. (सड़क) - मील दूरी	Road mileage only for the actual distance of road journey shall be admissible.	सड़क यात्रा की वास्तविक दूरी के लिए ही (**सड़क**) - **मील भत्ता** स्वीकार्य होगा।
477.	road transport	(n) - सड़क परिवहन	*Road transport plays a vital role in the development of the economy.*	**सड़क परिवहन** अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
478.	roadway	(n) - सड़क मार्ग	A divided highway has two or more roadways.	किसी विभाजित राजमार्ग में दो या दो से अधिक **सड़क मार्ग** होते हैं।
479.	roadways	(n) - रोडवेज,सड़क	The r*oadways* play a crucial role in	भारत के विभिन्न भागों को

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
		परिवहन	connecting the different parts of *India.*	जोड़ने में सड़क परिवहन की भूमिका महत्वपूर्ण है।
480.	robot	(n) - रोबोट	Nowadays, Robots are being used in a variety of ways from manufacturing to distribution.	आजकल, **रोबोट** का उपयोग विनिर्माण से लेकर वितरण तक कई तरह से किया जा रहा है।
481.	role	(n) - भूमिका	1.The Government plays a principal role in facilitating and regulating the various economic activities. 2.The media play a major role in influencing people's opinions.	1. सरकार विभिन्न आर्थिक कार्यकलापों को सुकर बनाने और विनियमित करने में मुख्य **भूमिका** निभाती है। 2. मीडिया लोगों की राय को प्रभावित करने में मुख्य **भूमिका** निभाता है।
482.	role playing	(n) - भूमिका निर्वहन,	There is general consensus that role playing stimulates students participation.	इस बात में आम सहमति है कि **भूमिका निर्वहन** छात्रों की भागीदारी बढ़ाता है।
483.	roll	(n) - 1. पंजी 2. नामावली 3. फर्द 4. (v) - लपेटना	Complete and up-to-date character rolls of all the eligible officers are required.	सभी पात्र अधिकारियों की पूर्ण और अद्यतन चरित्र **पंजी** आवश्यक है।
484.	rolling plan	(n) - प्रवाही आयोजना*, **प्रवाही योजना***	**1. The strategy of rolling plan was adopted during the Prime Ministership of Morarji Desai.** 2. The main advantage of the rolling plans is that they are flexible.	1.मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री काल के दौरान **प्रवाही आयोजना** की कार्यनीति अपनाई गई थी। 2.**प्रवाही योजनाओं** का मुख्य लाभ यह है कि उनमें लचीलापन होता हैं।
485.	roll number	**(n) - अनुक्रमांक,** पंजी क्रम, रोल नंबर	The section shall allot roll numbers to candidates appearing for the examination.	यह अनुभाग परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को **अनुक्रमांक** आबंटित करेगा।
486.	Roman figures	(n) - रोमन अंक	Sporting events are often numbered using *Roman figures.*	खेल प्रतियोगिताओं में प्रायः **रोमन अंकों** का प्रयोग किया जाता है।
487.	room	(n) - कक्ष, कमरा	Other suggestions in regard to women	महिला कर्मचारियों से संबंधित

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			employees include provision of rest rooms and refreshment rooms at the work place.	अन्य सुझावों में कार्य स्थल में विश्राम **कक्ष** और जलपान **कक्ष** का प्रावधान करना शामिल है।
488.	roster	(n) - रोस्टर	There is no need for maintaining any separate formal roster register for ad hoc promotions.	तदर्थ पदोन्नति के लिए औपचारिक **रोस्टर** रजिस्टर रखने की आवश्यकता नहीं है।
489.	roster copying	(n) - रोस्टर नकल	Prior permission of competent authority is necessary for roster copying.	**रोस्टर नकल** के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक है।
490.	rotation	(n) - क्रमावर्तन	1.The relative seniority of direct recruits and of promotees shall be determined according to the rotation of vacancies between available direct recruits and promotes. 2. The committee is chaired by all the members in rotation.	1.सीधी भर्ती से नियुक्त और पदोन्नत कर्मचारियों की सापेक्ष वरिष्ठता का निर्धारण उपलब्ध सीधी भर्ती से नियुक्त और पदोन्नत कर्मचरियों के बीच रिक्तियों के **क्रमावर्तन** के अनुसार किया जाएगा। 2.समिति की अध्यक्षता सभी सदस्यों द्वारा **क्रमावर्ती** रूप में की जाएगी।
491.	rotation duty	(n) - क्रमावर्ती ड्यूटी*	The establishment section shall prepare a rotation duty chart of the staff.	स्थापना अनुभाग कर्मचारियों का क्रमावर्ती ड्यूटी चार्ट तैयार करेगा।
492.	rotation work	(n) - क्रमावर्ती कार्य	The staff has been suitably posted for rotation work.	**क्रमावर्ती कार्य** के लिए कर्मचारियों की उचित रूप में तैनाती की गई है।
493.	rough	(adj) - 1. कच्चा 2. रुखा, रुक्ष 3. मोटा	1.The section shall prepare a rough estimate of expenditure. 2.It's best to work in rough first, and then finalise it.	1.अनुभाग व्यय का **मोटा** अनुमान तैयार करेगा। 2.पहले **कच्चा** काम करना और फिर उसे अंतिम रूप देना सबसे अच्छा होता है।
494.	rough draft	(n) - कच्चा मसौदा	The Dealing Assistant submitted a rough draft of the	संबंधित सहायक ने अधिकारी को पत्र का **कच्चा मसौदा** प्रस्तुत

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			letter to the officer.	किया।
495.	rough copy	(n) - कच्ची नकल*	It is the rough copy of the letter to be issued by the office.	यह कार्यालय से जारी किए जाने वाले पत्र की **कच्ची नकल** है।
496.	roughly	(adv) - **लगभग,** मोटे तौर पर	1. The average charge for this additional insurance coverage is roughly Re. 100 a day. 2. There were roughly 200 people.	1.इस अतिरिक्त बीमा सुरक्षा के लिए औसत प्रभार **मोटे तौर पर** 1 रुपया प्रतिदिन है। 2. वहां **लगभग** 200 लोग थे।
497.	rounding off	(v) - पूर्णांकित करना	All payments under these orders will be rounded off to the nearest rupee.	इन आदेशों के अधीन सभी भुगतानों को निकटतम रुपए तक **पूर्णांकित किया** जाएगा।
498.	route	(n) - मार्ग	The concession will be admissible by the shortest route from the last place of duty of the Government servant to his home town.	यह रियायत सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के अंतिम स्थान से उसके गृह नगर तक सबसे छोटे **मार्ग** के लिए स्वीकार्य होगी।
499.	routine	(adj) - नेमी	The allowance shall not be admissible if only work of a routine nature is performed throughout the year.	यदि वर्ष भर **नेमी** स्वरूप के कार्य का ही निष्पादन किया जाता है तो यह भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।
500.	routine note	(n) - नेमी नोट	The department will open subject-wise files each year in which such routine notes will be kept.	विभाग प्रत्येक वर्ष विषय-वार फाइल खोलेगा जिसमें ऐसे **नेमी** नोट रखे जाएंगे।
501.	routine test	(n) - नेमी परीक्षण	This guideline covers the technical requirements for setting-up the test facilities for conducting routine test of equipment.	इन दिशा-निर्देशों में उपकरणों के **नेमी परीक्षण** के लिए परीक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए तकनीकी आवश्यकताएं शामिल की गयी हैं ।
502.	royalty	(n) - रॉयल्टी*, स्वामिस्व	1. Licence fee and royalty charges are fixed with reference to number of stations.	1.लाइसेंस शुल्क और **रॉयल्टी** शुल्क स्टेशनों की संख्या के संदर्भ में तय किए जाते हैं।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			2. The amount of royalty shall also be taken into account for the purpose of income tax.	**2.रॉयल्टी** की राशि को भी आयकर के प्रयोजन के लिए हिसाब में जोड़ा जाएगा।
503.	rubber stamp	(n) - **मोहर*,** रबड़-मोहर*	The receipts issued by the office shall be signed and rubber stamped by the authority concerned.	कार्यालय द्वारा जारी रसीदों पर संबंधित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और **रबड़-मोहर** लगाई जाएगी।
504.	rude	(adj) - **रूखा,** अशिष्ट, अभद्र	The employee shall not use rude or indecorous language in his representation.	कर्मचारी अपने अभ्यावेदन में **अशिष्ट या अभद्र** भाषा का प्रयोग नहीं करेगा।
505.	rule	(n) - 1. नियम (v) - 2. विनिर्णय करना 3. व्यवस्था देना, **निर्णय/फैसला देना**	1. The term pension is not specifically defined under these Rules. 2. The court ruled that laws passed by the assembly should remain valid. 3. The court will rule on the legality of the action. 4. The judge ruled in favour of the plaintiff.	1.इन **नियमों** के अंर्तगत पेंशन शब्द को विनिर्दिष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। 2.न्यायालय ने विनिर्णय किया है कि असेंबली द्वारा पारित विधि वैध रहेगी। 3.न्यायालय कार्रवाई की वैधता पर **विनिर्णय करेगा।** 4.न्यायाधीश ने वादी के पक्ष में **निर्णय दिया**।
506.	ruler	(n) - 1. शासक 2. रेखनी*	Rulers are used to measure things and to draw straight lines.	**रेखनी** का प्रयोग वस्तुओं का माप करने और सीधी रेखाएं खींचने के लिए किया जाता है।
507.	rules and regulations	(n) - नियम-विनियम	It is obligatory to strictly adhere to the prescribed rules and regulations made for the welfare and development of weaker sections of the society.	समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और विकास के लिए बनाए गए **नियम-विनियमों** का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है।
508.	rules of business	(n) - कार्य-संचालन नियमावली*	The allocation of work, amongst the Chairman and Members of the	आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों में कार्य का आबंटन **कार्य-संचालन नियमावली** के आधार

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			Commission has been decided on the basis of rules of business.	पर किया गया है।
509.	ruling	(n) - 1. विनिर्णय 2. व्यवस्था	The court will make its ruling on the case next week.	न्यायालय इस मामले पर अपना **विनिर्णय** अगले सप्ताह देगा।
510.	ruling party	(n) - **सत्तारूढ़ दल,** शासक दल	The ruling party in a parliamentary system is the political party or coalition with the majority in parliament.	संसदीय प्रणाली में **सत्तारूढ़ दल** संसद में बहुमत वाला राजनीतिक दल या गठबंधन होता है।
511.	rummage	(v) - **छानबीन करना** (n) - छानबीन*	The employee rummaged the almirah for the document.	कर्मचारी ने दस्तावेज के लिए अलमारी की **छानबीन** की ।
512.	rumour	(n) - अफवाह	The administration alerted the public about the rumour of outbreak of communal riot.	प्रशासन ने सांप्रदायिक दंगा फैलने की **अफवाह** के बारे में जनता को सतर्क कर दिया।
513.	runaway	(adj) - भगोड़ा	The police arrested the runaway accused.	पुलिस ने **भगोड़े** अपराधी को गिरफ्तार कर लिया ।
514.	running commentary	(n) - आंखों देखा हाल, चल वृत्तांत, चल-विवरण	*The Running Commentary of the Proceedings of the National Republic Day Function at Raj Path New Delhi was also relayed from all these* Stations.	राज पथ नई दिल्ली में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह की कार्यवाही का **आंखों देखा हाल** इन सभी स्टेशनों से भी प्रसारित किया गया।
515.	running contract	(n) - चालू संविदा*, चालू ठेका	The Procurement Officer shall invite quotations for goods etc. and enter into running contracts with suppliers.	प्रापण अधिकारी सामान आदि के लिए निविदा आमंत्रित करेगा और आपूर्तिकारों से **चालू संविदा** करेगा।
516.	running repairs	(n) - चालू मरम्मत*	This workshop is meant for carrying out the running repairs and maintenance to the machinery and equipment available onboard the vessels .	यह कार्यशाला जहाज पर उपलब्ध मशीनरी और उपकरणों की **चालू मरम्मत** और रखरखाव करने के लिए है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
517.	running staff	(n) - चालक स्टाफ	Running staff includes only those whose duties are directly connected with the task of moving trains.	**चालक स्टाफ** में केवल वे कर्मचारी शामिल हैं जिनके कार्य चलती रेलगाड़ी से सीधे संबद्ध हैं।
518.	running summary of facts	(n) - तथ्यों का क्रमिक सार	A running summary of facts will be prepared and placed on the file in a separate folder in every case.	प्रत्येक मामले में **तथ्यों का क्रमिक सार** तैयार किया जाएगा और उसे अलग फोल्डर में फाइल में रखा जाएगा।
519.	rural	(adj) - ग्राम, ग्रामीण, देहाती	This Ministry's main objective is to alleviate rural poverty and ensure improved quality of life for the rural population especially those below the poverty line.	इस मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य **ग्रामीण** निर्धनता में कमी लाना और विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे की **ग्रामीण** जनसंख्या के जीवन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करना है।
520.	rural area	(n) - ग्रामीण क्षेत्र	Banks should use modern technology to extend banking facilities to rural areas without opening branches.	बैंको को **ग्रामीण क्षेत्रों** में शाखाएं खोले बिना बैंकिंग सुविधाएं पंहुचाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए।
521.	rural development plan	(n) - ग्राम विकास आयोजना*, **ग्रामीण विकास योजना**	Rural Development plan aims to provide infrastructural facilities in rural areas.	**ग्रामीण विकास योजना** का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है।
522.	rural industry	(n) - ग्रामीण उद्योग	Rural industries face a tough task in procuring and storing raw materials.	**ग्रामीण उद्योगों** को कच्चे माल की खरीद और भंडारण में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
523.	rural upliftment	(n) - ग्रामोत्थान	All State Governments are implementing various socio-economic developmental schemes for rural	सभी राज्य सरकारें **ग्रामोत्थान** के लिए विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक योजनाएं कार्यान्वित कर रहीं है।

S. No.	Words	Hindi Synonyms	Usages in English	Usages in Hindi
			upliftment .	
524.	rurbanization	(n) - ग्रागरीकरण (ग्राम-नगरीकरण) -	*Rurbanization* is a process of rural transformation.	**ग्रागरीकरण** (ग्राम-नगरीकरण) - ग्राम परिवर्तन की प्रक्रिया है।
525.	rush hours	(n) - अतिव्यस्त समय, अतिव्यस्त घंटे	Candidates are advised to download their Admit card as soon as possible to avoid problem during the ***rush hours*** on website.	अभ्यर्थियों को यथाशीघ्र अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की सलाह दी जाती है ताकि उन्हें वेबसाइट पर **अतिव्यस्त समय** के दौरान आने वाली समस्या न हो।
526.	rustication	(n) - **निष्कासन,** विनिष्कासन	After the expiry of the period of *rustication* the student will be eligible to seek admission in any institution.	**विनिष्कासन** की अवधि समाप्त होने के बाद छात्र किसी भी संस्था में प्रवेश लेने के लिए पात्र हो जाएगा।
527.	rural works progamme	(n) - ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम	The rural works programme was initiated to utilise to the fullest extent possible the manpower resources of the country.	**ग्रामीण निर्माण कार्यक्रम** देश के जनशक्ति संसाधनों का यथासंभव अधिकतम सीमा तक उपयोग करने के लिए आरंभ किया गया था।

S

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
1.	sabbatical leave	(n)- **अनुसंधान सह दक्षता वृत्ति छुट्टी*,** सबैटिकल छुट्टी*	The Sabbatical Leave is admissible to the academic staff.	**अनुसंधान सह दक्षता वृत्ति छुट्टी** अकादमिक स्टाफ के लिए स्वीकार्य है।
2.	sabotage	(n)- 1 तोड़-फोड़, भितरघात (v)- विफल करना, ध्वंस करना,	1. The train derailment may be an act of sabotage. 2. Protesters tried to sabotage the peace talks.	(n)- ट्रेन के पटरी से उतरने के पीछे तोड़फोड़ की आशंका है। (v)- प्रदर्शनकारियों ने शांति वार्ता को विफल करने की कोशिश की।
3.	saboteur	(n)- **ध्वंसक, तोड़फोड़ करने वाला,** भितरघाती	Saboteurs blew up a small section of the rail track.	**ध्वंसकों** ने रेल ट्रैक के एक छोटे हिस्से को उड़ा दिया ।
4.	sack	(v)- 1. निकाल देना, बर्खास्त करना 2. **ध्वस्त करना, लूटपाट करना**	1. The company sacked the corrupt employees. 2. The invading army sacked the city.	1. कंपनी ने भ्रष्ट कर्मचारियों को निकाल दिया। 2. आक्रमणकारी सेना ने शहर में लूटपाट की।
5.	safe	(adj)-1. सुरक्षित, संरक्षित, भयरहित **2. शुद्ध 3. सही** (n)- तिजोरी	1. The security forces keep the country safe from terrorist attacks. 2. The government has provided safe drinking water in schools. 3. It is safe to say that teaching quality has improved in schools. (n)- The files have been kept in a safe in the section.	1. सुरक्षा बल देश को आतंकवादी हमलों से सुरक्षित रखते हैं। 2. सरकार ने स्कूलों में **शुद्ध** पेय जल उपलब्ध कराया है। 3. यह कहना **सही** होगा कि स्कूलों में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हुआ है । (n)- फाइलों को अनुभाग में एक तिजोरी में रखा गया है।
6.	safe and secure	(adj)- सुरक्षित और संरक्षित	The valuables may be kept in the bank locker safe and secure.	मूल्यवान वस्तुओं को बैंक लॉकर में सुरक्षित और संरक्षित रखा जाए।
7.	safely	(adv)- **सुरक्षित रूप से**	The plane landed safely.	विमान **सुरक्षित रूप से** उतरा।
8.	safe custody	(n)- **सुरक्षित अभिरक्षा**	The important documents are kept in the safe custody of the Manager.	महत्वपूर्ण दस्तावेज मैनेजर की **सुरक्षित अभिरक्षा** में रखे गए हैं।
9.	safe deposit vault	(n)- संरक्षित जमा	Many hotels offer the service of safe	कई होटल ग्राहकों को संरक्षित

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		कक्ष	deposit vault to the customers.	जमा कक्ष की सेवा प्रदान करते हैं।
10.	safeguard	(v)- **संरक्षा करना** , **सुरक्षोपाय करना** (n)- **सुरक्षोपाय**, संरक्षण, संरक्षोपाय	1. The international summit has decided to safeguard the ozone layer. 2. The Scheduled Tribes in India have been provided safeguards in the constitution.	(v)- अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन ने ओजोन परत की **संरक्षा करने** का निर्णय लिया है। (n)- भारत की अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान में **सुरक्षोपायों** की व्यवस्था की गई है।
11.	safeguarding	(n)- **सुरक्षित रखना,** संरक्षित रखना	The government has adopted some measures for safeguarding the interest of the weaker section of the society.	सरकार ने समाज के कमजोर वर्ग के हितों की **सुरक्षा** के लिए कुछ प्रभावी उपाय किए हैं।
12.	safe keeping	(n)- संरक्षा में रखना	The documents are in the safe keeping of the office.	दस्तावेज कार्यालय की संरक्षा में रखे गए हैं।
13.	safety	(n)- सुरक्षा, संरक्षा, क्षेम	The report suggests some effective measures to improve safety on aircraft.	रिपोर्ट में विमान पर सुरक्षा में सुधार के लिए कुछ प्रभावी उपायों के सुझाव दिए गए हैं।
14.	safety appliance	(n)- **सुरक्षा साधन**, संरक्षा साधन	Safety appliances have been installed in the office to avert any mishap from fire.	आग से किसी भी तरह की दुर्घटना से बचने के लिए कार्यालय में **सुरक्षा साधन** स्थापित किए गए हैं।
15.	safety certificate	(n)- **सुरक्षा प्रमाणपत्र,** संरक्षा प्रमाणपत्र	The course of Safety Certificate imparts safety knowledge to the trainees.	**सुरक्षा प्रमाणपत्र** के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की जाती है।
16.	safety device	(n)- **सुरक्षा युक्ति,** संरक्षा युक्ति, **निरापद युक्ति**	The passengers may use safety device on board.	यात्री जहाज पर उपलब्ध **सुरक्षा युक्ति** का उपयोग कर सकते हैं।
17.	safety regulations	(n)- **सुरक्षा विनियम,** संरक्षा विनियम	India follows safety regulations of international standard in the field of nuclear energy.	भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर के **सुरक्षा विनियमों** का पालन करता है।
18.	safe working	(n)-**सुरक्षित कार्य-**	The safe working	कार्यालय में **सुरक्षित कार्य-**

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
	conditions	**स्थिति, काम की सुरक्षित दशाएं,** काम की संरक्षित दशाएं	conditions may be provided in the office.	**स्थिति** उपलब्ध कराई जाए।
19.	salaried	(adj)- वेतनभोगी, वैतनिक	The salaried persons may reduce their tax liabilities by savings under 80C.	वेतनभोगी 80 सी के अंतर्गत बचत करके अपनी कर- देयता कम कर सकते हैं ।
20.	salaried class	(n)- वेतनभोगी वर्ग	The salaried class bears most of the tax burden.	वेतनभोगी वर्ग सबसे अधिक कर-भार वहन करता है।
21.	salaried job	(n)- वैतनिक कार्य	Most of the government jobs are salaried jobs.	सरकारी नौकरियों में से अधिकांश वैतनिक कार्य हैं।
22.	salary	(n)- वेतन	The employees must get their salary at the end of the month.	कर्मचारियों को महीने के अंत में वेतन अवश्य मिल जाना चाहिए।
23.	salary cheque	(n)- वेतन चेक	The salary cheques should be sent in time.	वेतन चेक समय पर भेजे जाने चाहिए।
24.	salary deductions	(n)- वेतन कटौतियां	While preparing salary bill, the salary deductions of the employees must be kept in account.	वेतन बिल तैयार करते समय कर्मचारियों की वेतन कटौतियां अवश्य ध्यान में रखी जाएं ।
25.	salary differential	(n)- **वेतन -अंतर,** वेतन विभेद	The public-private *salary differential in India* is to be investigated.	भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में **वेतन -अंतर** की जांच होनी चाहिए|
26.	salary review	(n)- वेतन समीक्षा	The employees union has requested for salary review in the organization.	कर्मचारी संघ ने संगठन में वेतन समीक्षा के लिए अनुरोध किया है।
27.	salary structure	(n)- वेतन संरचना	After implementation of the recommendations of the 6th CPC, a new salary structure has been introduced.	छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के बाद नई वेतन संरचना शुरू हुई है।
28.	sale	(n)- बिक्री, विक्रय	The sale of the motor cars has gone up this year.	मोटर कारों की बिक्री इस साल बढ़ी है।
29.	sale account	(n)- बिक्री-लेखा	The sale account of the company has been audited.	कंपनी के बिक्री-लेखा की लेखा परीक्षा की गई है।
30.	sale analysis	(n)- बिक्री विश्लेषण	The sale analysis of	कंपनी के बिक्री विश्लेषण से पता

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			the company shows higher rate of production this year.	चलता है कि इस साल उत्पादन दर में वृद्धि हुई है।
31.	sale deed	(n)- बैनामा, विक्रय विलेख	The seller has to be physically present for executing the *sale deed*.	विक्रेता को बैनामा करने के लिए स्वयं उपस्थित होना है।
32.	sale department	(n)- बिक्री विभाग	The customers may contact the sale department for purchasing new handsets.	ग्राहक नए हैंड-सेटों की खरीद के लिए बिक्री विभाग से संपर्क करें।
33.	sale letter	(n)- बिक्री पत्र	The sale letter has complete details of the deal.	बिक्री पत्र में सौदे का पूरा विवरण है।
34.	sale proceeds	(n)- बिक्री-आय	The amount accrued from the sale proceeds of the property is taxable.	संपत्ति की बिक्री से होनेवाली बिक्री-आय की राशि कर योग्य है।
35.	sale promotion	(n)- **बिक्री को बढ़ावा, बिक्री में बढोत्तरी**, बिक्री-वर्धन	The management has devised some new methods for sale promotion.	प्रबंधन ने **बिक्री को बढ़ावा** देने के लिए कुछ नए तरीके सोचे हैं।
36.	sale tax	(n)- बिक्री कर	It is mandatory to pay the sales tax at the time of purchase.	खरीद के समय बिक्री कर का भुगतान करना अनिवार्य है।
37.	sale value	(n)- बिक्री-मूल्य, कीमत, विक्रय-मूल्य,	The sale value of the property has been high due to escalation of cost in real estate.	रियल एस्टेट में लागत बढ़ने से संपत्ति की कीमत ऊंची चल रही है।
38.	salient	(adj)- प्रमुख, मुख्य	The salient points of the document have been summarized.	दस्तावेज़ के मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।
39.	salvage	(n)- 1. **बचाव**, उद्धारण 2 बचाया हुआ माल 3 कबाड़ (v)-1**. मलबे से प्राप्त करना**	(n)- 1. The divers showed exemplary courage in the salvage of the wrecked tanker. 2. An exhibition has been organized of the salvage from the shipwreck. 3. The house was	(n)- 1. गोताखोरों ने दुर्घटनाग्रस्त टैंकर का **बचाव** करने में अनुकरणीय साहस दिखाया। 2. दुर्घटनाग्रस्त जहाज़ से बचाए गए माल की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। 3. कबाड़ का उपयोग कर घर बनाया गया। (v)- 1. जांचकर्ताओं ने **मलबे से**

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		2. संभालना, बचाना	built using the salvage. (v)- 1. The investigators studied flight recorders salvaged from the wreckage. 2. The timely submission of the report salvaged the situation.	**प्राप्त** उड़ान रिकार्डर का अध्ययन किया। 2. रिपोर्ट को समय पर प्रस्तुत करने से स्थिति **संभली**।
40.	salvage operation	(n)- **बचाव अभियान, बचाना**	The salvage operation was started soon after the shipwreck.	जहाज़ दुर्घटना के तत्काल बाद **बचाव अभियान** शुरू किया गया।
41.	salvage and scrap	(n)- कबाड़ और रद्दी	The salvage and scrap is recycled for industrial use.	कबाड़ और रद्दी का औद्योगिक उपयोग के लिए पुनःप्रसंस्करण किया जाता है।
42.	sample	(n)- नमूना, प्रतिदर्श	The manager checked some samples of the product.	प्रबंधक ने उत्पाद के कुछ नमूनों की जाँच की।
43.	sample checking	(n)- नमूना जांच, प्रतिदर्श जांच	The product was approved after sample checking.	नमूना जाँच के बाद उत्पाद अनुमोदित किया गया ।
44.	sample survey	(n)- नमूना सर्वेक्षण, प्रतिदर्श सर्वेक्षण	In the sample survey, the water bottles of some companies were found contaminated.	नमूना सर्वेक्षण में कुछ कंपनियों की पानी की बोतलें दूषित पाई गईं।
45.	sampling	(n)- नमूना चयन, प्रतिचयन, प्रतिदर्श चयन	After sampling, the product was recommended for mass production.	नमूना चयन के बाद उत्पाद के बड़े पैमाने पर उत्पादन की सिफारिश की गई।
46.	sanatorium	(n)- आरोग्यधाम	The sanatorium has been provided with good facilities to take care of the sick-persons with chronic diseases.	आरोग्यधाम में जीर्ण रोगों से बीमार व्यक्तियों की देखभाल के लिए अच्छी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।
47.	sanction	(n)- 1. **स्वीकृति*,** संस्वीकृति*, मंजूरी* 2. **अनुमति** 3. **प्रतिबंध,**	1. The purchase will require the sanction of the Head of the Department. 2. The government has refused to sanction a further cut	(n)- 1. इस खरीद के लिए विभागाध्यक्ष की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। 2. सरकार ने ब्याज दरों में और कटौती की **अनुमति** देने से इनकार कर दिया है।

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
		अनुशास्ति* (v)- **स्वीकृत करना**	in interest rates. 3. The economic sanctions have been lifted. (v)- The applied leave has been sanctioned.	3. आर्थिक **प्रतिबंध** उठा लिए गए हैं। (v)- अवेदित छुट्टी **स्वीकृत की गई** है ।
48.	sanctioned budget	(n)- **स्वीकृत बजट,** संस्वीकृत बजट	The department has a sanctioned budget of Rs. 25 crores.	विभाग का **स्वीकृत बजट** 25 करोड़ रुपए हैं।
49.	sanctioned budget estimate	(n)- **स्वीकृत बजट अनुमान**,संस्वीकृत बजट अनुमान, संस्वीकृत बजट प्राक्कलन	The Ministry of Home Affairs has conveyed the sanctioned budget estimate of the department.	गृहमत्रांलय ने विभाग के लिए **स्वीकृत बजट अनुमान** सूचित कर दिया है।
50.	sanctioned project	(n)- **स्वीकृत परियोजना,** संस्वीकृत परियोजना, मंजूर परियोजना	The department implemented the sanctioned projects within stipulated time.	विभाग ने निर्धारित समय के भीतर स्वीकृत परियोजनाओं को कार्यरूप दिया।
51.	sanctioned strength	(n)- **स्वीकृत कर्मचारी संख्या**, संस्वीकृत कार्मिक संख्या	Two posts of translators are vacant as per the sanctioned strength of the Ministry.	मंत्रालय की **स्वीकृत कर्मचारी संख्या** के अनुसार अनुवादकों के दो पद रिक्त हैं।
52.	sanctioning authority	(n)- **स्वीकृतिदाता प्राधिकारी**, संस्वीकृतिदाता प्राधिकारी	The sanctioning authority has sanctioned the leave of the employee.	**स्वीकृतिदाता प्राधिकारी** ने कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत कर दी है।
53.	sanctioning order	(n)- **स्वीकृति आदेश**, मंजूरी आदेश	The copy of sanctioning order of the tour programme is enclosed herewith.	दौरा-कार्यक्रम के **स्वीकृति आदेश** की प्रति इसके साथ संलग्न है।
54.	sanctity	(n)- 1. पवित्रता* 2. गरिमा	1. The sanctity of the worship places of all religions must be protected. 2. The court upheld	1. सभी धर्मों के पूजा-स्थलों की पवित्रता की रक्षा अवश्य की जानी चाहिए। 2. अदालत ने मानव जीवन की

S.N.	Words	Meanings	Usage in English	Usage in Hindi
			the sanctity of human life.	गरिमा बरकरार रखी।
55.	sanctuary	(n)- 1. अभयारण्य 2. शरणस्थल	1. But for the safety provided in the sanctuary, some rare species of birds would have been disappeared. 2. The church became a sanctuary for thousands of people who fled the civil war.	1. यदि अभयारण्य में सुरक्षा प्रदान नहीं की गई होती तो पक्षियों की कुछ दुर्लभ प्रजातियां गायब हो गई होतीं। 2. गृह युद्ध से भागे हजारों लोगों के लिए चर्च एक शरणस्थल बन गया।
56.	sandwich course	(n)- मध्यवर्ती पाठ्यक्रम	Some universities have introduced sandwich course to ensure both theoretical and practical experience.	कुछ विश्वविद्यालयों ने सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार का अनुभव सुनिश्चित करने के लिए **मध्यवर्ती पाठ्यक्रम** शुरू किया है।
57.	sane	(adj)- स्वस्थचित्त	The criminal was declared sufficiently sane to stand trial.	मुकदमे की सुनवाई में शामिल होने के लिए आपराधी को पर्याप्त स्वस्थचित्त घोषित किया गया।
58.	sanitary	(adj)- सफाई का, स्वास्थ्य, स्वच्छ	Sanitary conditions of the city are appalling.	शहर की सफाई की स्थिति भयावह है।
17	vary	(v.)-1. **परिवर्तन करना**, **फेर-बदल करना** 2. बदलना 3. अंतर होना	1. The price of petrol varies in different cities. 2. The company allows the employee to vary their working hours.	1 पैट्रोल की कीमत अलग-अलग शहरों में **बदल जाती** है। 2. कंपनी कर्मचारियों को अपने काम के समय में **परिवर्तन** करने की छूट देती है।
18	vendor	(n.)- विक्रेता	The government has made it mandatory for the stamp vendors to keep the records ready for inspections.	सरकार ने स्टांप **विक्रेताओं** के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे जांच के लिए अपने रिकार्ड तैयार रखें ।
19	venture	(n.)-1. **उद्यम**, नवोद्यम 2. **जोखिम भरा**	1. It was a joint venture under public-private-partnership. 2. The soldier took up	1. यह सार्वजनिक और निजी साझेदारी के तहत एक संयुक्त **उद्यम** था। 2. उस सैनिक ने

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		काम जोखिमपूर्ण कार्य (v.)- 3. **जोखिम उठाना, साहस करना**	a risky venture in the sea in search of victims of the submarine accident. 3. He ventured into the market when the rates were going down.	पनडुब्बी- दुर्घटना के शिकार लोगों की खोज में समुद्र में जाने का **जोखिम भरा काम** किया। 3. बाजार में जब भाव गिर रहे थे तब उसने निवेश करने का **साहस किया** ।
20	venue	(n.)- स्थान , स्थल	The officials reached the venue of the meeting in time.	कर्मचारीगण बैठक आयोजित होने के **स्थान** पर समय से पहुंच गए।
21	veracity	(n.)- **सत्यनिष्ठा***, **सत्यता***, सत्यवादिता*, **सच्चाई***	There was no doubt about the veracity of the evidence.	साक्ष्य की **सत्यता** के विषय में कोई शंका नहीं थी ।
22	verbal	(adj.)- 1. **शाब्दिक** 2. मौखिक	1. Before interpretation verbal meaning should be clear. 2. There was a verbal agreement between the two parties.	1. व्याख्या से पहले अर्थ स्पष्ट होने चाहिए। 2. दोनों पक्षों के बीच **मौखिक** समझौता था।
23	verdict	(n.)- 1. **फैसला, निर्णय 2. अंतिम मत,** अधिमत	1. The court has delivered the verdict in favour of the employees. 2. The investigators have given their verdict on the issue.	1. न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में **फैसला** सुनाया ।2. जांचकर्ताओं ने इस मुद्दे पर अपना **अंतिम** मत दे दिया है।
24	verification	(n.)- सत्यापन	It is quite imperative to have original documents for verification.	**सत्यापन** के लिए दस्तावेजों की मूल प्रति अनिवार्य है ।
25	verify	(V.)- सत्यापित करना, सत्यापन करना	The Principal verified the candidature of the candidates.	प्रधानाचार्य ने आवेदक की उम्मीदवारी का **सत्यापन** किया।
26	vernacular	(n.) देशी, स्थानिक भाषा	The Government has planned to promote the vernaculars of the country in local administration.	सरकार ने स्थानीय प्रशासन में **देशी** भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है।
27	version	(n)-1. रुपांतर 2.	1. It was the second version of the same	1. यह पुरानी रिपोर्ट का दूसरा

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		पाठ 3. अनुवाद 4. **वक्तव्य,** विवरण	report. 2. The Hindi version of the report shall follow. 3. The novel was published in different versions. 4. People were satisfied with the official version of the incident.	**रूपांतरण** है। 2. इस रिपोर्ट का हिंदी **पाठ** बाद में भेजा जाएगा। 3. इस उपन्यास के विभिन्न भाषाओं में **अनुवाद** प्रकाशित किए गए । 4. लोग घटना के संबंध में आधिकारिक **वक्तव्य** से सहमत थे ।
28	versus	(prep.)- 1. बनाम **2. के प्रति, के बदले में**	The court has delivered the judgment in the case of the Reliance India company versus the Union of India.	न्यायालय ने रिलायंस इंडिया कंपनी **बनाम** भारत संघ के मामले में अपना निर्णय दे दिया है।
29	vest	(v.)- 1. **प्रदान करना** 2. निहित होना	1. The Manager vested the powers to the Deputy Manager to deal with the case. 2. The Parliament is vested with the powers to legislate.	1. प्रबंधक ने उप प्रबंधक को इस मामले को निपटाने की शक्तियां **प्रदान की** हैं। 2. विधान बनाने की शक्ति संसद में **निहित है**।
30	vested interest	(n.)- **स्वार्थ,** निहित स्वार्थ, निहित हित,	Today, some people work only with vested interest.	आजकल, कुछ लोग मात्र **निहित स्वार्थ** के लिए काम करते हैं।
31	vet	(v.) जांच करना, पुनरीक्षण करना	The Hindi Officer vetted the translation.	हिंदी अधिकारी ने अनुवाद की **जांच की**।
32	veteran	(adj.)-1. **अनुभवी,** ज्ञानवृद्ध 2. वयोवृद्ध 3. पूर्व सैनिक	1.As he is a veteran in the field of games and sports, his recommendations may prove to be of great importance. 2. Some members of the party came to see the veteran leader. 3. The Defence Minister also met with veteran Army Officers to take their views on modernization of the army.	1. खेल के क्षेत्र में **अनुभवी** होने के कारण, उनकी सिफारिशें अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती हैं। 2. पार्टी के कुछ सदस्यगण **वयोवृद्ध** नेता को देखने के लिए आए। 3. रक्षामंत्री ने सेना के आधुनिकीकरण के बारे में **पूर्व सैन्य** अधिकारियों के भी विचार लिए ।
33	via	(prep.)- 1. **के रास्ते से,** रास्ता **2. के**	1. The Under Secretary went to Mumbai via Pune on	1. अवर सचिव निरीक्षण दौरे पर पुणे **के रास्ते** मुंबई गए। 2.

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		माध्यम से, द्वारा	inspection tours. 2. Translators can send their work via internet.	अनुवादक इंटरनेट **के माध्यम से** अपना कार्य भेज सकते हैं ।
34	viability	(n.)-1. सक्षमता* 2. लाभ प्रदता* 3. व्यवहार्यता*	1. There is little doubt about the viability of the scheme in creating job opportunities for the people.2. Due to the financial viability of the joint venture, both the companies decided to continue it. 3. The viability of the project may kindly be ascertained.	1. रोजगार के अवसरों का निर्माण करने में इस योजना की **सक्षमता** में कोई संदेह नहीं है। 2. संयुक्त उद्यम की आर्थिक **लाभप्रदता** की दृष्टि से, दोनों कंपनियों ने इसे जारी रखने का निर्णय लिया। 3. परियोजना की **व्यवहार्यता** निश्चित करने की कृपा करें ।
35	viable	(n)- 1. सक्षम 2. व्यवहार्य 3. लाभप्रद	1. In this age of free economy, private enterprises prove more viable than before. 2. The project was not viable in an area of high terrain. 3. The new venture proves financially viable for the company.	1. स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के इस युग में, निजी उपक्रम पहले से अधिक **सक्षम** हैं। 2. यह परियोजना ऊंचे पठारी इलाके में **व्यवहार्य** नहीं है। 3. नए उपक्रम कंपनी के लिए **लाभप्रद** सिद्ध हुए।
36	vice	(n.)-1.(पदनाम) उप 2. व्यसन 3. के स्थान पर	1. He is the vice chairman of the committee. 2. The welfare Officer may help such employees as are willing to get rid of their vices of drinking alcohol.	1. वे इस समिति के **उपाध्यक्ष** हैं। 2. कल्याण अधिकारी उन कर्मचारियों की सहायता करेंगे जो अपने **व्यसनों** को छोड़ना चाहते हैं।
37	vicinity	(n.) 1. **आस- पास,** 2. निकटता*, नजदीकी* 3. आस- पड़ोस	1.The different buildings of the office must be situated in the same complex to be in close vicinity to each other. 2.The office is in the immediate vicinity of the station.	1.कार्यालय के विभिन्न भवनों का **निकटता** की दृष्टि से एक ही परिसर में होना आवश्यक है। 2. कार्यालय स्टेशन के **आस-पास** है।
38	vicious circle	(n.)-दुश्चक्र	There is a vicious circle of poverty and	देश के विभिन्न भागों में गरीबी

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			illiteracy in the different parts of the country.	और अशिक्षा का **दुश्चक्र** है।
39	victimise	(v.)-1. पीड़ित करना, तंग करना, **सताना**	The government shall not allow the victimization of the poor.	सरकार गरीब लोगों को **पीड़ित करने** की अनुमति किसी को नहीं देगी ।
40	video conferencing	(n.)- **वीडियो सम्मेलन,** दृश्य दूरसंलाप	The representatives expressed their views through video - conferencing.	प्रतिनिधियों ने **वीडियो सम्मेलन** के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए ।
41	view	(n.)- **1. विचार, मत,** दृष्टि*, दृश्य **(v) -2. देखना, अवलोकन करना**	1. In the officer's view, this was a case of carelessness. 2. He viewed this matter with all seriousness.	1. अधिकारी के **विचार** से यह मामला लापरवाही का था। 2. उसने पूरी गंभीरता से इस मामले को **देखा**।
42	viewpoint	(n)- 1. दृष्टिकोण 2. **मत**	1. In the view point of the court, this is the case of violation of the fundamental rights. 2. The Comptroller Auditor General has expressed his presumptive viewpoints.	1. न्यायालय के **दृष्टिकोण** से पूरा मामला मूल अधिकार-हनन का बनता है। 2. नियंत्रक ने अनुमान के आधार पर अपना **मत** व्यक्त किया।
43	vigilance	(n)- सतर्कता*	The case was referred to the vigilance department.	यह मामला **सर्तकता** विभाग को भेजा गया है।
44	vigorous	(adj.)- 1. जोरदार, कठोर, कठिन **2. भरपूर 3. व्यापक, प्रबल**	1. The experts expressed vigorous supports for the new economic policies. 2. The committee made vigorous efforts to prepare the report in time. 3.The party has launched a vigorous campaign against inflation.	1. विशेषज्ञों ने आर्थिक नीतियों का **जोरदार** ढंग से समर्थन किया। 2. समिति ने समय पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए **भरपूर** प्रयास किए। 3. पार्टी ने मुद्रास्फीति के विरुद्ध **व्यापक** अभियान चलाया है।
45	vindictive	(adj)- 1. **प्रतिशोधात्मक** 2.प्रतिशोधी	1. The spokesperson accused the opposition of being vindictive. 2. His comments are vindictive.	1. प्रवक्ता ने विपक्ष पर **प्रतिशोधी** होने का आरोप लगाया। 2. उनकी टिप्पणी **प्रतिशोधात्मक** हैं ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
46	vindictively	(adv.)- 1. **बदले की भावना से, प्रतिशोध से**	The workers acted vindictively in reaction to the strict action by the Manager.	प्रबंधक की सख्त कार्रवाई की प्रतिक्रिया में कामगारों ने **बदले की भावना** से कार्रवाई की।
47	violate	(v.)**1. उल्लंघन करना** 2. अतिक्रमण करना 3. **भंग करना**	1. The neighbouring country was accused of violating the agreement.2. The Chinese army was accused of violating the Line of Control. 3. The court has ordered not to violate one's privacy. 4. The state government has issued a strict order not to violate the sanctity of places of worship.	1. पड़ोसी देश पर करार का **उल्लंघन करने** का आरोप लगाया गया । 2. चीनी सेना पर नियंत्रण रेखा का **अतिक्रमण करने** का आरोप था। 3 . अदालत ने किसी की निजता **भंग** न करने का आदेश दिया है। 4 . राज्य सरकार ने पूजा स्थलों की पवित्रता को **भंग** न **करने** के लिए सख्त आदेश जारी किया है ।
48	violence	(n.)- 1. हिंसा* 2. **जबरदस्ती*, बलप्रयोग**	1. India has always stood firmly against violence. 2. The people should not be dislocated from the project site by violence.	1. भारत ने **हिंसा** का हमेशा ही दृढ़ता से विरोध किया है। 2. लोगों को **बल प्रयोग** द्वारा परियोजना स्थल से विस्थापित न किया जाए।
49	virtue	(n.)- 1. सद्गुण 2. **विशेषता*** 3. आधार	1. The official was highly praised on account of his virtues. 2. The Instructor explained the virtues of computer application. 3. He was selected for the job by virtue of his long experience.	1. कर्मचारी की उसके **सदगुणों** के कारण अत्यधिक प्रशंसा की गई । 2. प्रशिक्षक ने कंप्यूटर अनुप्रयोग की **विशेषताओं** के बारे में समझाया। 3. उन्हें अपने लंबे अनुभव के **आधार** पर नौकरी के लिए चुना गया।
50	vision	(n.)-1. **दूरदृष्टि*,दृश्य** 2. दृष्टि* 3. भविष्य दृष्टि*4. संदृश्य	1. The candidate must have normal vision. 2. Vision is must for introducing a new plan. 3. The colourful parade in the Republic day ceremony was a vision to be cherished.	1 . उम्मीदवार की आंखों की **दृष्टि** सामान्य होनी चाहिए। 2. नई योजना की शुरूआत के लिए दूरदृष्टि बहुत जरूरी है। 3 . गणतंत्र दिवस समारोह में रंगारंग परेड का **दृश्य** स्मृति में संजोने लायक था ।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
51	visionary	(adj)- **दूरदर्शी, स्वप्नद्रष्टा,** भविष्यद्रष्टा, भविष्यदर्शी	As a true visionary, he led the freedom struggle with the weapons of truth and non- violence.	एक सच्चे **दूरदर्शी** के रूप में उन्होंने सत्य और अहिंसा के हथियारों से आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया ।
52	visit	(v.)-1. **दौरा करना, यात्रा करना,** आना - जाना 2. **देखने के लिए जाना** (n.)- 3. भेंट, मुलाकात, आगमन, अभ्यागमन, परिदर्शन 4. दौरा	1. The school inspector visited the school. 2. The French President visited the Taj. 3. He paid a visit to the Prime Minister. 4. The Prime Minister was on his maiden visit to China.	1.विद्यालय निरीक्षक ने स्कूल का **दौरा किया**। 2 . फ्रांस के राष्ट्रपति ताजमहल **देखने के लिए गए।** 3. उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ **भेंट** की। 4.प्रधानमंत्री चीन के अपने पहले **दौरे** पर गए।
53	visual	**1.** (adj.)- **दृश्य 2.** (n.)- दृश्य	1. He produced some photographs in the court as visual records. 2. The Officer showed some visuals to explain the special features of the project.	1. उसने **दृश्य** रिकॉर्ड के रूप में अदालत में कुछ तस्वीरें प्रस्तुत की। 2. अधिकारी ने परियोजना की विशेषताओं की व्याख्या करने के लिए कुछ **दृश्य** दिखाए।
54	vital	(adj)-1. **अनिवार्य** 2. (औषधि) जीवनाधार 3. महत्वपूर्ण 4. आवश्यक	1.Proper maintenance of records is vital for the success of the Right to lnformation Act. 2. The vitamins, vital for life, may be supplied by the CGHS dispensaries. 3.It is vital to keep the records up to date for submission to the Head of the Office. 4. India's support was vital to pass the resolution in the UN.	1. अभिलेखों का उचित रखरखाव सूचना के अधिकार की सफलता के लिए **महत्वपूर्ण** है। 2. जीवन के लिए **अनिवार्य** विटामिनों की सीजीएचएस औषधालयों द्वारा आपूर्ति की जाए। 3. कार्यालय प्रमुख को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए इसे अद्यतन बनाए रखना **आवश्यक** है । 4 . संयुक्त राष्ट्र संघ में इस प्रस्ताव को पास करने में भारत का समर्थन **महत्वपूर्ण** था।
55	vital modification	(n.)- **महत्वपूर्ण बदलाव,** महत्वपूर्ण आशोधन	Some vital modifications were made in the bill after intensive discussion.	गहन चर्चा के बाद बिल में कुछ **महत्वपूर्ण बदलाव** किए गए।
56	vocabulary	(n.)-	The official has been	कर्मचारी की अच्छी **शब्दावली**

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		शब्दावली*,शब्द-भंडार	praised for his good vocabulary and apt usage.	और उपयुक्त शब्द प्रयोग के लिए प्रशंसा की गई ।
57	vocation	(n.)- 1. पेशा, व्यवसाय, वृत्ति 2. **योग्यता***	1. He became a clerk, but he has a vocation for teaching. 2. She did her job with a true sense of her vocation.	1. वह एक क्लर्क बना, लेकिन उसमें शिक्षक बनने की **योग्यता** है। 2.उसने अपने **पेशे** के लिए सच्ची कर्तव्यनिष्ठा से काम किया ।
58	vogue	(n.)- **लोकप्रियता*** प्रचलन **(adj.)- प्रचलित**	1. Despite the vogue for the new designs and patterns, articles were purchased in the hostel as per the approval accorded before. 2. The officials may prefer to the usages in vogue.	1. नए डिजाइन और पैटर्न की **लोकप्रियता** के बावजूद, छात्रावास में पूर्व अनुमोदन के अनुसार ही सामान खरीदे गए। 2. कर्मचारी **प्रचलित** प्रयोग को तरजीह दें।
59	void	(n.)-1. **अभाव,** शून्य (adj.)-2. **रद्द 3. खाली, रिक्त**	1. His retirement created a void in the office. 2. The agreement was declared void by both the countries. 3. A bridge was made over the void between the two hills to connect two villages.	1. उनकी सेवानिवृत्ति से कार्यालय में उनका **अभाव** खटकता है। 2.दोनों देशों ने समझौते को **रद्द** घोषित किया। 3. दो गांवों को जोड़ने के लिए दो पहाड़ियों के बीच **खाली** जगह पर पुल बनाया गया।
60	volume	(n.)- 1. खंड, जिल्द* 2. मात्रा*, परिमाण 3. आयतन	1. This may refer to the second volume of the Fundamental Rules book. 2. The volume of the oil container may kindly be ascertained.	1. इसके लिए मूल नियम पुस्तक का दूसरा **खंड** देखें।2. कृपया इस तेल कंटेनर का **आयतन** ज्ञात करें।
61	voluminous	(adj.)-1. विशाल, विशालकाय 2. **भारी (मात्रा में)**	1. The rule book was too voluminous to be read in short time. 2. He got the voluminous support of the people in his constituency.	1. इस **विशाल** नियम पुस्तक को इतने कम समय में नहीं पढ़ा जा सकता।2. उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों का **भारी** समर्थन मिला ।
62	voluntary	(adj.)- स्वैच्छिक	Officer has taken voluntary retirement.	अधिकारी ने **स्वैच्छिक** सेवानिवृत्ति ले ली है।

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
63	volunteer	(n.)- 1.स्वयंसेवक (v.) 2. **सेवा देना**	1. Hundreds of volunteers reached the flood affected area to help the people. 2. He volunteered his service for the successful implementation of the Adult education.	1. सैकड़ों **स्वयंसेवक** लोगों की मदद करने के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए। 2. उसने प्रौढ़ शिक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वेच्छा से अपनी **सेवा दी** ।
64	vote	(n.) मत, वोट (v.) मत देना, वोट देना	1. People have cast their votes in the election. 2. The ruling party was voted to power again.	1. लोगों ने चुनाव में **वोट** डाले। 2. लोगों ने सत्तारूढ़ पार्टी को फिर से सत्ता में लाने के लिए **वोट** दिया।
65	vote of censure	(n.)- निंदा प्रस्ताव	The opposition brought a vote of censure against the government.	विपक्ष सरकार के खिलाफ **निंदा प्रस्ताव** लाया।
66	vote of thanks	(n.) धन्यवाद प्रस्ताव	He proposed vote of the thanks to the Chairman.	उन्होंने अध्यक्ष के प्रति **धन्यवाद प्रस्ताव** पेश किया।
67	vote on account	(n.)-लेखानुदान	The vote on account was passed in the parliament.	संसद में **लेखानुदान** पारित किया गया ।
68	voting	(n.)-1.मतदान (adj.)- 2. मतदान	1. Two candidates reached in the last round of voting. 2. The voting machines were sent to the polling booths.	1 . दो उम्मीदवार **मतदान** के अंतिम दौर में पहुंच गए। 2 . वोटिंग मशीनें **मतदान** केंद्रों में भेजी गईं।
69	voting right	(n.) मताधिकार, मतदान का अधिकार	Only the adult persons have the voting right.	केवल वयस्क व्यक्तियों को **मतदान का अधिकार** है ।
70	voucher	(n.) - वाउचर	The bill vouchers were enclosed in support of the statement of expenditure.	व्यय के विवरण के समर्थन में बिल **वाउचर** संलग्न किए गए।
71	vulgar	(adj)- अशिष्ट, अभद्र	They were strictly told not to make vulgar remarks in the office.	उन्हें कार्यालय में **अभद्र** टिप्पणी करने से सख्ती से मना किया गया ।
72	vulnerable	(adj.)-1. **कमजोर** 2.	1. This scheme is meant for the poor	1. यह योजना समाज के गरीब

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		जोखिम भरा, अरक्षित 3. **भेद्य**, सुभेद्य	and vulnerable sections of the society. 2. The pension funds may kindly be not invested in the schemes vulnerable to risk. 3. As the frontier post was quite vulnerable, it was replenished with adequate arms and ammunitions.	और **कमजोर** वर्ग के लिए है। 2. कृपया पेंशन निधि को **जोखिमवाली** योजनाओं में निवेश न करें। 3. सीमांत पोस्ट **भेद्य** होने के कारण, वहां उचित मात्रा में अस्त्र- शस्त्रों की आपूर्ति की गई।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	wage	(n) - 1. ***तनख्वाह***, मजदूरी* 2. वेतन (v) - **युद्ध छेड़ना, लड़ाई छेड़ना, अभियान छेड़ना**	The State Governments are authorised to fix the minimum **wages** in their states.	राज्य सरकारें अपने राज्यों में न्यूनतम **मजदूरी** नियत करने के लिए अधिकृत हैं।
2.	wage board	(n) - 1. वेतन बोर्ड 2. मजदूरी बोर्ड	Minimum wages set for the working journalists were reviewed by the **Wage board**.	**वेतन बोर्ड** ने कार्यरत पत्रकारों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा की।
3.	wage ceiling	(n) - ***वेतन की अधिकतम सीमा***, मजदूरी की अधिकतम सीमा*	**Wage ceiling** for the executives of the public undertakings has been raised.	सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यपालकों के **वेतन की अधिकतम सीमा** बढ़ा दी गई है।
4.	wage floor	(n) - ***वेतन की निम्न सीमा, मजदूरी की निचली सीमा***, मजदूरी की निम्न सीमा*	Trade Unions are demanding increase in the **wage floor**.	मजदूर संघ **वेतन की निचली सीमा** बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।
5.	wage policy	(n) - मजदूरी नीति*	The **wage policy** of the Government has undergone many changes in the last two decades.	पिछले दो दशकों में भारत सरकार की **मजदूरी नीति** में बहुत परिवर्तन हुए हैं।
6.	waiting list	(n) - प्रतीक्षा-सूची*	The administrative Ministries / Departments / Offices are not required to prepare a **waiting list** for appointment on compassionate ground.	प्रशासनिक मंत्रालयों / विभागों / कार्यालयों के लिए अनुकंपा आधार पर नियुक्ति की **प्रतीक्षा सूची** तैयार करना आवश्यक नहीं हैं।
7.	waive	(v) - **स्थगित करना,** अधित्याग करना, छोड़ देना	1. The Government has **waived** the decision for one month. 2. The ambassador **waived** his right to diplomatic immunity	1. सरकार ने निर्णय एक महीने के लिए **स्थगित कर दिया** है। 2. राजदूत ने अपना राजनयिक उन्मुक्ति का अधिकार **छोड़ दिया** और दंड

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			and paid fine.	का भुगतान किया।
8.	want	(n) - 1. आवश्यकता* 2. अभाव, कमी*	The art gallery closed down for **want** of funding.	आर्ट गैलरी को वित्त पोषण के **अभाव** में बंद कर दिया गया।
9.	warning	(n) - 1. चेतावनी* (v) - 2. **(खतरे की) सूचना देना** 3. **चेतावनी देना, सावधान करना**	1. The statutory **warning** is printed on all tobacco products. 2. The metrological department **warned** people of the ensuing storm. 3. The vehicles were **warned** about the danger ahead.	1. सभी तंबाकू-उत्पादों पर वैधानिक **चेतावनी** छापी जाती है। 2. मौसम विभाग ने लोगों को आने वाले तूफान की **चेतावनी दी**। 3. वाहनों को आगे के खतरे के बारे में **सावधान किया गया**।
10.	warrant	(n) - वारंट, अधिपत्र	The **warrant** may be exercised until 90 days after its issue date.	जारी करने की तारीख से 90 दिन के भीतर **वारंट** पर कार्रवाई की जा सकती है।
11.	warranty	(n) - ***आश्वासन,*** वारंटी*, आश्वस्ति	The machinery shall be maintained free of charge by the supplier during its ***warranty*** period.	**वारंटी** अवधि के दौरान आपूर्तिकार मशीनरी का नि:शुल्क रखरखाव करेगा।
12.	wasteful expenditure	(n) - ***फिज़ूलखर्च,*** अपव्यय, व्यर्थ खर्च	The government has taken special measures to curb **wasteful expenditure** on foreign visits of the officers.	सरकार ने अधिकारियों की विदेश यात्रा के संबंध में **फिज़ूलखर्च** रोकने के लिए विशेष कदम उठाए हैं।
13.	watch and ward	(n) - पहरा व निगरानी*	The Establishment section shall ensure **watch and ward** and proper upkeep of the Office Building.	स्थापना अनुभाग कार्यालय भवन का **पहरा व निगरानी** और उचित रखरखाव सुनिश्चित करेगा।
14.	watchdog	(n) - प्रहरी, हितप्रहरी	The media works as a **watchdog** on the functioning of the government.	मीडिया सरकार के कामकाज के **प्रहरी** के तौर पर काम करता है।
15.	waterways	(n) - जलमार्ग	The government has increased the budget allocation for development of	सरकार ने **जलमार्गों** के विकास के लिए बजट आबंटन में वृद्धि की है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			waterways.	
16.	ways and means	((n) - ***तरीके,*** उपाय, अर्थोपाय	1. The Ministry of Railway has decided to constitute an expert committee to recommend **ways and means** to modernize Indian Railways. 2. The government will have to find **ways and means** to reduce the fiscal deficit.	1. रेल मंत्रालय ने भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के **तरीकों** के बारे में सिफारिश करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया है। 2. सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने के **उपाय** खोजने होंगे।
17.	wear and tear	(n) - 1. टूट-फूट* 2. घिसाई*	Provision should be made in the budget for **wear and tear**.	बजट में **टूट-फूट** के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए।
18.	weed out	(v) - 1. छँटाई करना 2. निराई करना	The Section shall **Weed out** the old and obsolete records in the presence of a competent officer.	अनुभाग सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पुराने और प्रयोग में न आने वाले रिकार्ड की **छंटाई करेगा**।
19.	weaker section	(n) - ***कमजोर तबका,*** दुर्बल वर्ग, *कमजोर* वर्ग	The Food Security Bill is primarily meant for **weaker section** of the society.	खाद्य सुरक्षा बिल मुख्य रूप से समाज के ***कमजोर*** **तबके** के लिए हैं।
20.	weight	(n) - 1. ***वजन,*** भार, तोल 2. ***बोझ*** 3. महत्व, बल 4. बाट	1. Passengers are allowed to carry only 20 kg. **weight** during air travel. 2. The government exchequer will not be able to shoulder the **weight** of subsidies. 3. The government is giving equal **weight** to education and nutrition of children.	1. वायुयान में यात्रियों को केवल 20 किलो **वजन** ले जाने की अनुमति है। 2. राजकोष आर्थिक सहायता का **बोझ** नहीं सह पाएगा। 3. सरकार बच्चों की शिक्षा और पोषण दोनों को बराबर **महत्व** दे रही है।
21.	welcome	(n) - 1. ***आवभगत******,** ***सत्कार,*** स्वागत, (v) - 2. स्वागत करना	1. The chief guest was very happy with his **welcome**. 2. The President of the committee received a warm **welcome**. 3. Economists have **welcomed** the decision to raise	1. मुख्य अतिथि अपने **सत्कार** से बहुत प्रसन्न हुए। 2. समिति के अध्यक्ष का गर्मजोशी से **स्वागत** किया गया। 3. अर्थशास्त्रियों ने ब्याज की दरों को बढ़ाने के

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			interest rates.	निर्णय का **स्वागत किया** है।
22.	welfare	(n) - ***भलाई***, कल्याण	1. Department of Personnel and Training is the nodal office of the Central Government in all service matters including **welfare** of Central Government Employees. 2. Administration's top priority is **welfare** of the poor.	1. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के **कल्याण** सहित सभी सेवा मामलों में केन्द्र सरकार का नोडल कार्यालय है। 2. गरीबों का **कल्याण** प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
23.	welfare measures	(n) - कल्याणकारी उपाय	A number of **welfare measures** have been introduced by the Government for its employees.	सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए अनेक **कल्याणकारी उपाय** शुरू किए गए हैं।
24.	welfare state	(n) - कल्याणकारी राज्य	The **welfare state** is also responsible for providing health care facilities to all its citizens.	**कल्याणकारी राज्य** का उत्तरदायित्व अपने सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भी है।
25.	well of the house	(n) - **सदन के बीच, सदन कुंड**	Members shouting slogans entered in the **well of the house**.	सदस्य नारे लगाते हुए **सदन के बीच** आ गए।
26.	well-qualified	(n) - 1. ***सुयोग्यता प्राप्त,*** सुअर्हता प्राप्त 2. सुयोग्य	There is a shortage of **well-qualified** staff in the institutions situated in rural areas.	ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित संस्थानों में **सुयोग्य** स्टाफ की कमी है।
27.	well-versed	(n) - **निपुण,** सुप्रवीण	The Executive Assistant should be graduate and **well-versed** in office work and use of modern office equipment including computers.	कार्यकारी सहायक स्नातक होना चाहिए तथा कार्यालय के काम में और कंप्यूटर सहित आधुनिक कार्यालय उपकरणों का उपयोग करने में **निपुण** होना चाहिए।
28.	whereabouts	(n) - ***पता-ठिकाना,*** ठौर-ठिकाना, अता-पता,	Retirement/death gratuity may be paid to the family after one year, in case an official's **whereabouts** are not	कर्मचारी का **पता-ठिकाना** ज्ञात नहीं होने की स्थिति में, उसके सेवानवृत्ति/मृत्यु उपदान का भुगतान एक वर्ष

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			known.	बाद उसके परिवार को किया जा सकता है।
29.	whip	(n) - 1. (पद) सचेतक 2. (आदेश) सचेतिका (v) - 3. ***उत्तेजित करना*** , **उकसाना**	1. The primary role of the Chief **Whip** is to secure the Government's majority in votes on its legislative and policy programs in the assembly. 2. Rioters **whiped** the emotions of the public.	1. मुख्य **सचेतक** की प्राथमिक भूमिका विधानसभा में अपने विधायी तथा नीतिगत कार्यक्रमों के संबंध में सरकार के लिए बहुमत जुटाना है। 2. दंगा करने वालों ने जनता की भावनाओं को **उकसाया**।
30.	whistleblower	(n) - **अग्रचेतक**	Penalty was imposed on official who tried to victimise **whistleblower**.	**अग्रचेतक** को पीड़ित करने वाले अधिकारी को दण्ड दिया गया।
31.	white paper	(n) - श्वेत पत्र	The Government would bring out a **White Paper** on the status of all ongoing irrigation projects in the State.	सरकार राज्य में चल रही सभी सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति पर **श्वेत पत्र** लाएगी।
32.	whole time	(n) - पूर्णकालिक	A **whole time** Government servant should not be allowed to accept any part-time employment whether under Government or elsewhere.	**पूर्णकालिक** सरकारी कर्मचारी को अंशकालिक रोजगार, चाहे वह सरकार में हो या अन्यत्र, स्वीकार करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ।
33.	widow	(n) - विधवा*	The **widow** of a deceased government servant is entitled to family pension in accordance with the Rules.	मृत सरकारी सेवक की **विधवा** नियमों के अनुसार परिवार पेंशन के लिए हकदार है।
34.	widower	(n) - विधुर	The officer, who is a **widower**, may accompany his nearest kith and kin at his foreign posting to look after him.	**विधुर** अधिकारी अपनी देखभाल के लिए विदेश में तैनाती के स्थान पर अपने निकटतम संबंधी को साथ ले जा सकता है।
35.	wild life	(n) - वन्यजीव,	The Government is taking steps to protect	सरकार भारत में **वन्य जीवों**

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		वन्यप्राणी	**wild life** in India.	के संरक्षण के लिए उपाय कर रही है।
36.	wilful	(adj) - ***इरादतन,*** जानबूझकर	Disciplinary action will be taken against the **willful** disobedience of the orders.	आदेशों के **इरादतन** उल्लंघन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
37.	wind-up	(n) - ***बंद करना,*** समापन, समेटना	Continuous losses have forced the Government to **wind-up** the sick units.	लगातार घाटे के कारण सरकार को अलाभकारी इकाइयों को **बंद करना** पड़ा।
38.	wing	(n) - 1. (भवन) स्कंध, (सेना) विंग* 2. (विभाग) पक्ष 3. पंख, पर	1. The maternity ward will be shifted in the new **wing** of the hospital. 2. Maintenance **wing** of the army is responsible for the upkeep of spares.	1. प्रसूति कक्ष अस्पताल के नए **स्कंध** में स्थानांतरित किया जाएगा। 2. पुर्जों की देखभाल की जिम्मेदारी सेना के रख-रखाव **विंग** की है।
39.	winner	(n) - विजेता	The **winner** of the debate competition of Rajbhasha Pakhwara will get a cash award of Rupees 2,000.	राजभाषा पखवाड़े में वाद-विवाद प्रतियोगिता के **विजेता** को 2,000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।
40.	wipe out	(v) - ***दूर करना, समाप्त करना,*** मिटा देना, सफाया कर देना	Transparency in working helps in **wiping out** corruption.	कामकाज में पारदर्शिता से भ्रष्टाचार को **दूर करने** में मदद मिलती है।
41.	wireless	(n) - बेतार, बिना तार का	The **wireless** communication revolution is bringing fundamental changes to data networking and telecommunication.	**बेतार** संचार क्रांति डेटा नेटवर्किंग और दूरसंचार के क्षेत्र में मौलिक परिवर्तन ला रहा है।
42.	wise	(adj) - ***समझदार,*** बुद्धिमान	It is not **wise** to initiate important projects without proper approval.	उचित अनुमोदन के बिना महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आरंभ नहीं करना **समझदारी** नहीं है।
43.	withdrawal	(n) - 1. वापसी* 2. प्रत्याहरण 3.	1. **Withdrawal** from the GPF may be allowed as per rules.	1. सामान्य भविष्यनिधि से **आहरण** की अनुमति

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		आहरण, निकासी*, निकालना	2. **Withdrawal** of forces from both sides will help restoring peace at the border.	नियमानुसार दी जाए। 2. दोनों पक्षों की सेना की **वापसी** से सीमा पर शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।
44.	withdrawal slip	(n) - ***रुपया निकालने की पर्ची** *, ***आहरण पर्ची** *, निकासी पर्ची*	The Establishment Section shall maintain a record of the **withdrawal slips.**	स्थापना अनुभाग **आहरण पर्चियों** का रिकॉर्ड रखेगा।
45.	withhold	(v) - रोक लेना, विधारित करना	If the Head of the Department considers it necessary to **withhold** the requisite permission, he should inform the Commission accordingly.	यदि विभागाध्यक्ष अपेक्षित अनुमति को **रोकना** आवश्यक समझता है, तो उसे तदनुसार आयोग को सूचित करना चाहिए।
46.	within	(n) - अंदर, अंतर्गत	The provision for review **within** ninety days was applicable to all types of suspensions.	सभी प्रकार के निलंबन के मामले में 90 दिन के **अंतर्गत** समीक्षा किए जाने का प्रावधान लागू होता है।
47.	without delay	(n) - ***बिना देरी के, तत्काल***, अविलंब,	Problem of fiscal deficit needs to be addressed **without delay**.	राजकोषीय घाटे की समस्या का **तत्काल** समाधान किए जाने की आवश्यकता है।
48.	withstand	(v) - सहन करना	The economy will not be able to **withstand** the pressure of subsidies.	अर्थव्यवस्था आर्थिक सहायता का बोझ **सहन** नहीं कर पाएगी।
49.	witness	(n) - ***गवाह,*** साक्षी*,	The key **witness** of the case is untraceable.	मामले का मुख्य **गवाह** लापता है।
50.	work culture	(n) - कार्य संस्कृति*	A positive **work culture** leads to increased productivity and better employee morale.	सकारात्मक **कार्य संस्कृति** से उत्पादकता में वृद्धि होती है और कर्मचारियों का मनोबल बेहतर होता है।
51.	worker	(n) - 1. ***मजदूर,*** कामगार, कर्मकार ***2. कार्यकर्ता***	1. **Workers** will get bonus on Diwali. 2. The party **workers** gathered at the Jantar	1. दीवाली पर **मजदूरों** को बोनस मिलेगा। 2. पार्टी **कार्यकर्ता** विरोध प्रदर्शन के

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			mantar for protest.	लिए जंतर मंतर पर इकट्ठे हुए थे।
52.	work force	(n) - कार्यबल	The strength of the **work force** needs to be increased to finish the work in stipulated time.	काम को नियत समय में पूरा करने के लिए **कार्यबल** की संख्या बढ़ानी होगी।
53.	working	(n) - 1. कार्य*, कार्यप्रणाली*, कार्यचालन (adj) - 2. (पदनाम) कार्यवाहक 3. कामचलाऊ 4. व्यावहारिक 5. कार्यसाधक 6. कामकाजी	1. The **working** of the organisation continued unhampered despite the absence of the Head of the office. 2. Adequate knowledge of administration is necessary to understand the **working** of an organization. 3. In the absence of supervisor the **working** supervisor is looking after his responsibilities. 4. No Central Government employee possessing a **working** knowledge of Hindi may ask for an English translation of any document in Hindi except in the case of documents of legal or technical nature. 5. **Working** women rely on crèches for childcare.	1. कार्यालय प्रमुख की अनुपस्थिति के बावजूद संस्था का **कार्य** निर्बाध रूप से चलता रहा। 2. किसी भी संगठन की **कार्य प्रणाली** को समझने के लिए प्रशासन की पर्याप्त जानकारी होनी आवश्यक है। 3. पर्यवेक्षक की अनुपस्थिति में **कार्यवाहक** पर्यवेक्षक उसके उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहा है। 4. केंद्र सरकार का हिंदी का **कार्यसाधक** ज्ञान प्राप्त कर्मचारी, हिंदी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का हो। 5. **कामकाजी** महिलाएं अपने बच्चों की देखभाल के लिए शिशु सदन पर निर्भर करती हैं।
54.	working committee	(n) - कार्यकारिणी समिति*, कार्य समिति*	The Chairman has called an emergency meeting of the **working committee.**	अध्यक्ष ने **कार्यकारिणी समिति** की आपात बैठक बुलाई है।
55.	working conditions	(n) - कार्य स्थितियां*	The striker employees are demanding higher pay and better	हड़ताली कर्मचारी अधिक वेतन और बेहतर **कार्य स्थितियों** की मांग कर रहे हैं।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
			working conditions.	
56.	working group	(n) - कार्य समूह, कार्य दल	The commission has set up a special **working group** to solve the problem.	आयोग ने समस्या से निपटने के लिए एक विशेष **कार्य दल** गठित किया है।
57.	working hours	(n) - कार्य-समय, काम के घंटे	Inquiries related to new scheme can be made on telephone during normal **working hours**.	नई योजना से संबंधित जानकारी सामान्य **काम के घंटों** के दौरान टेलीफोन पर मांगी जा सकती है।
58.	working knowledge	(n) - 1. कार्यसाधक ज्ञान 2. व्यावहारिक ज्ञान	1. All the staff not having **working knowledge** of Hindi should be trained in Hindi workshops. 2. The job requires a **working knowledge** of Computers.	1. हिंदी का **कार्यसाधक ज्ञान** न रखने वाले सभी कर्मचारियों को हिंदी कार्यशालाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। 2. इस कार्य के लिए कंप्यूटर का **व्यावहारिक ज्ञान** आवश्यक है।
59.	working order	(n) - चालू हालत	The telephone instrument is not in **working order**.	टेलीफोन उपकरण **चालू हालत** में नहीं है।
60.	workload	(n) - 1. कार्यभार 2. काम का बोझ	Management is looking at the ways of even distribution of the **workload** among departments.	प्रबंधन विभागों के मध्य **कार्यभार** समान रूप से बाँटने के तरीकों पर विचार कर रहा है।
61.	works	(n) - 1. निर्माण, निर्माण कार्य, संकर्म 2. कृति* 3. कारखाना	1. No **works** shall be commenced until administrative approval has been obtained from the appropriate authority. 2. Annual repair consists of those **works**, like white washing, distempering etc. which are carried out annually.	1.उपयुक्त प्राधिकारी से प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही **निर्माण कार्य** प्रारंभ किया जाएगा। 2. वार्षिक मरम्मत में वे **संकर्म** शामिल हैं जो वार्षिक रूप से किए जाते हैं जैसे सफेदी करना, डिस्टैंपर लगाना आदि।
62.	workshop	(n) - 1. (शैक्षिक) कार्यशाला* 2.	1. The office held a number of **workshops** and	1. कार्यालय ने कर्मचारियों के लिए कई **कार्यशालाओं** और

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
		वर्कशॉप, कर्मशाला *	seminars for the employees. 2. The **workshop** is open on all working days.	संगोष्ठियों का आयोजन किया। 2. **कर्मशाला** सभी कार्य दिवसों में खुली है।
63.	work study	(n) - कार्य अध्ययन	Staff Inspection Unit has been entrusted with the work of carrying out **work study** of this office.	स्टाफ निरीक्षण यूनिट को इस कार्यालय का **कार्य अध्ययन** करने का कार्य सौंपा गया है।
64.	worsen	(v) - और बिगड़ जाना, बदतर होना	These options would actually **worsen** the economy and add to the fiscal deficit.	इन विकल्पों से अर्थव्यवस्था की स्थिति और **बिगड़ेगी** तथा राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।
65.	worth	(n) - 1. मूल्य, महत्व 2. योग्यता* 3. उपयोगिता*	1. It is difficult to estimate the current **worth** of the company. 2. Good interview enables candidates to prove their **worth**. 3. The new computer system has proved its **worth**.	1. कंपनी के मौजूदा **मूल्य** का अनुमान लगाना मुश्किल है। 2. अच्छे साक्षात्कार में उम्मीदवारों को अपनी **योग्यता** सिद्ध करने का मौका मिलता है। 3. नई कंप्यूटर प्रणाली ने अपनी **उपयोगिता** सिद्ध कर दी है।
66.	worthless	(adj) - बेकार	The Section shall prepare a list of all **worthless** items and dispose of them after obtaining proper approval.	अनुभाग सभी **बेकार** वस्तुओं की सूची तैयार करेगा और उचित अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उनका निपटान करेगा।
67.	worthy	(adj) - 1. योग्य, गुणसंपन्न, सुयोग्य	A number of the report's findings are **worthy** of note.	इस रिपोर्ट के अनेक निष्कर्ष नोट करने **योग्य** हैं।
68.	writ	(n) - रिट*	A social organization filed a **writ** in the court to make wearing helmets compulsory.	एक स्वयंसेवी संस्था ने हेलमेट पहनना अनिवार्य कराने के लिए अदालत में **रिट** दायर की।
69.	writ petition	(n) - रिट याचिका*	The applicant declares that he has not filed any **writ petition** or suit regarding the matter before any court or any other Bench of the Tribunal.	आवेदक घोषणा करता है कि उसने किसी न्यायालय या अधिकरण की किसी अन्य खंडपीठ के समक्ष इस मामले में कोई **रिट याचिका** या वाद दायर नहीं किया है।

S. No.	Words	Hindi Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
70.	write off	(v) - बट्टे खाते डालना	Government urged the banks to **write off** debt owed by poor farmers.	सरकार ने गरीब किसानों के ऋण को **बट्टे खाते डालने** के लिए बैंकों से आग्रह किया।
71.	wrong	(n) - 1. अन्याय (adj) - 2. दोष 3. गलत, दोषपूर्ण	1. It is a **wrong** practice to buy cheap goods for office use. 2. The insurance company should not be held liable for the **wrongs** of one of its agents. 3. The letter was delivered to the **wrong** address.	1. कार्यालय के उपयोग के लिए सस्ती वस्तुएं खरीदना **गलत** बात है। 2. अपने किसी एजेंट की **गलती** के लिए बीमा कंपनी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए। 3.पत्र **गलत** पते पर दिया गया था।
72.	wrong-doer	(n) - दोषकर्ता	For good governance, there is a need to identify the **wrong-doers** and improve the processes and systems in the government.	सुशासन के लिए, **दोषकर्ताओं** की पहचान करने और सरकारी प्रक्रियाओं और प्रणालियों में सुधार करने की आवश्यकता है।
73.	wrongful	(adj) - दोषपूर्ण, सदोष,	If any **wrongful** payment is made to a Government servant, it shall be recovered as per the prescribed Rule.	यदि सरकारी कर्मचारी को कोई **दोषपूर्ण** भुगतान किया जाता है तो इसकी वसूली निर्धारित नियम के अनुसार की जाएगी।

X

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	Xerox copy	(n) - **छाया प्रति*,** फोटो प्रति*	The **xerox copies** of the certificates may be enclosed with the application.	आवेदन के साथ प्रमाणपत्रों की **छाया प्रतियां** भी सलंग्न करें।

Y

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	yard	(n) - 1. यार्ड 2. गज 3. अहाता	1. The train has been sent in the **yard**. 2. The office is just a few **yards** away from the metro station. 3. The employees are not permitted to play cards in the **yard** in front of the office building.	1. रेल **यार्ड** में भेजी गई है। 2. कार्यालय मैट्रो स्टेशन से कुछ ही **गज** दूर है। 3. कर्मचारियों को कार्यालय भवन के सामने **अहाते** में ताश खेलने की अनुमति नहीं है।
2.	yardstick	(n) - मानदंड, मापदंड	The personality of that employee is considered to be the **yardstick** of honesty.	उस कर्मचारी के व्यक्तित्व को ईमानदारी का **मानदंड** समझा जाता है।
3.	year	(n) - वर्ष, साल	The confidential reports of all the employees of the **year** 2012-13 have been prepared.	सभी कर्मचारियों की **वर्ष** 2012-13 की गोपनीय रिपोर्ट तैयार की गई है।
4.	yearly	(adv) - वार्षिक, सालाना	The Department must examine the outcome of its schemes on a **yearly** basis.	विभाग अपनी योजनाओं के परिणाम की **वार्षिक** आधार पर जांच करे।
5.	yield	(n) - 1. **आय*** प्राप्ति*, लब्धि* 2. उपज*, पैदावार* (v) - 3. **प्राप्ति होना, उपजना, पैदावार होना**	1. The annual **yield** from the investment will increase more than 10%. 2. The **yield** of this field is below normal.	1.निवेश से वार्षिक **आय** में 10% से अधिक वृद्धि होगी। 2. इस खेत की **उपज** सामान्य से कम है।

Z

S. No.	Words	Meaning	Usage in English	Usage in Hindi
1.	zero cost	(n) - शून्य लागत*	The Government has decided to disburse scholarships through electronic transfer system at **zero cost**.	सरकार ने **शून्य लागत** पर इलेक्ट्रॉनिक अंतरण प्रणाली के माध्यम से छात्रवृत्ति वितरित करने का निर्णय लिया है।
2.	zero hour	(n) - 1. शून्य काल, 2. **आक्रमण समय**, **निर्णायक समय**	The opposition parties raised questions about the scam during the **zero hour**.	विपक्षी दलों ने घोटाले के बारे में **शून्य काल** के दौरान प्रश्न उठाए।
3.	zero interest	(n) - 1. शून्य ब्याज, 2. **बिना ब्याज**	1. The state government has started the scheme of giving loans to the poor farmers at **zero interest**. 2. The Government is providing loans to the members of the Scheduled Casts on **zero interest**.	1. राज्य सरकार ने गरीब किसानों को **शून्य ब्याज** पर ऋण देने की योजना शुरू की है। 2. सरकार अनुसूचित जाति के सदस्यों को **बिना ब्याज** के ऋण प्रदान कर रही है।
4.	zero tolerance	(n) - **बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करना,** शून्य सहनशीलता*	India has urged all the nations at UN summit to have **zero tolerance** for terrorism.	भारत ने संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में सभी देशों से आग्रह किया है कि आतंकवाद को **बिल्कुल बर्दाश्त न** किया जाए।
5.	zonal	(n) - आंचलिक	The **zonal** meeting was held in Kolkata to review the progress of the implementation of the Official Languages policy.	राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए कोलकाता में **आंचलिक** बैठक आयोजित की गई ।
6.	zone	(n) - अंचल, ज़ोन	In order to ensure effective implementation of the policy, the implementation offices across the country have been divided into different **zones**.	नीति का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, देश भर में कार्यान्वयन कार्यालयों को विभिन्न **अंचलों** में विभाजित किया गया है ।